SSC (GD)
सामान्य हिन्दी

(SSC GD) के लिए "Syllabus" पर आधारित संपूर्ण पुस्तक

लेखक
अंकित भाटी सर

विशेष सहयोगी
कौशिन्दर सिंह, ओमकार भाटी

सम्पादक
Shokendra Panwar,
राहुल कुमार

प्रकाशक:
Rojgar Publication
(A Unit of Rojgar Coaching Center)
(प्रकाशक एवं वितरक)
Bilaspur, Greater Noida
Gautam Budh Nagar
UP. 203202
Email: rojgarwithankit@gmail.com
Mobile : 9818489147

ISBN – 978-81-965448-2-9

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन
भारतीय कॉपीराइट के अंतर्गत इस पुस्तक में समाहित समस्त सामग्री (टाईटल–डिजाइन, अन्दर का मैटर आदि) के सर्वाधिकार 'Rojgar Publication' के पास सुरक्षित हैं, इसके लिए कोई व्यक्ति/संस्था/समूह इस पुस्तक की पाठ्य सामग्री को आंशिक या पूर्ण रूप से तोड़–मरोड़कर या किसी अन्य भाषा में प्रकाशित नहीं कर सकता। उल्लंघन करने वाले कानूनी तौर पर हर्जे–खर्चे व हानि के जिम्मेदार स्वयं होंगे। न्यायिक क्षेत्र नोएडा होगा।

Distributor :
Rohit General Store
Bilaspur, Greater Noida
Mobile : 9557571762

प्रस्तावना

प्रिय बालकों/बालिकाओं

जैसा कि आप सभी को विदित है कि "SSC GD -2023" की विज्ञप्ति शीघ्र ही प्रस्तावित है। विज्ञप्ति के माध्यम से 50000 + (लगभग) पद आने की संभावनाएँ हैं, इतने सारे पद वास्तव में रोजगार की अपार संभावनाएँ लेकर आने वाले हैं। इस भर्ती में अपना स्थान सुनिश्चित करने के लिए आप सभी को अभी से कठिन परिश्रम तथा सटीक रणनीति से मेहनत शुरू कर देनी चाहिए क्योंकि इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता कि गत वर्षों में SSC की प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ गया है। ऐसे में उच्च गुणवत्ता वाला कंटेंट साथ ही सही मार्गदर्शन आपकी सफलता में सहायक सिद्व हो सकता है।

गत वर्ष 2022 में SSC GD की हमारी चारो किताबों की प्रतिक्रिया आज भी अवर्णनीय है। इन किताबों के सरल व सुगम कंटेंट ने SSC GD परीक्षा में सफलता के नए मानक स्थापित किए हैं। विगत वर्षो की परीक्षा के टॉपर्स ने RWA की SSC GD BOOK का अभूतपूर्व योगदान का उल्लेख किया। इसी कड़ी में इस वर्ष भी SSC GD की चार किताबों में से एक हिन्दी बुक आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं।

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी SSC GD BOOKS का प्रारुप, गत वर्ष 2022 की किताबों की तरह रखा गया है जिसमें SSC GD 2022 के सभी प्रश्नों को शामिल करके सरल व सुगम भाषा में व्याख्यात्मक हल दिया गया है।

मेरा सपना पंक्ति में खड़े अंतिम विद्यार्थी तक शिक्षा की पहुँच तथा रोजगार सुनिश्चित करने का है, इसी दिशा में हम कार्य कर रहे हैं। यह किताब आपकी सफलता में सहायक सिद्ध होगी। अंत में एक प्रेरणादायक पंक्ति, जो प्रत्येक विद्यार्थी जीवन की संघर्षपूर्ण यात्रा में सबल प्रदान करने का काम करेगी।

"खुद से हार जाऊं वो अलग बात है,
वरना झुकने वाला इंसान नही हूँ मैं,
मुसीबतों से कह दो दिशा बदल लें,
क्योंकि रुकने वाला इंसान नहीं हूँ मैं"

शुभकामनाओं सहित
अंकित भाटी
(Rojgar with Ankit)

विषय-सूची

1.	विलोम शब्द	5-21
2.	पर्यायवाची या समानार्थी शब्द	22-35
3.	मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ	36-54
4.	वाक्यांश के लिए एक शब्द	55-68
5.	अनेकार्थक शब्द एवं शब्द युग्म	69-75
6.	शुद्ध -अशुद्ध	76-86
7.	वाक्य शुद्धि	87-98
8.	रिक्त स्थान	99-109
9.	प्रतिस्थापन	110-119
10.	संज्ञा एवं सर्वनाम	120-123
11.	क्रिया, काल एवं वाच्य	124-128
12.	लिंग, वचन एवं कारक	129-133
13.	विशेषण एवं अव्यय	134-139
14.	वाक्य रचना	140-144
15.	गद्यांश	145-162
	प्रैक्टिस सेट्स: 1-5	163-172

1 विलोम शब्द

विलोम का अर्थ होता है उल्टा – जब किसी शब्द का उल्टा या विपरीत अर्थ दिया जाता है तो उस शब्द को विलोम शब्द कहा जात है अर्थात् एक –दूसरे के विपरीत या उल्टा अर्थ देने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं। इसे विपरीतार्थक शब्द भी कहते हैं ।

❖ **विलोम शब्द बनाने के नियम–**

1. लिंग परिवर्तन से

जैसे – लड़का–लड़की, राजा–रानी, वर–वधू।

2. उपसर्ग से

जैसे – मान–अपमान, स्वस्थ–अस्वस्थ, आस्था–अनास्था।

3. अलग जाति के शब्दों से

जैसे – आजाद–गुलाम, आगे–पीछे, कड़वा–मीठा,

4. नञ् समास के पद बनाकर

जैसे – आदि–अनादि, सनाथ–अनाथ।

उदाहरण

1. 'सम्मुख' का विलोम होगा–

(a) उन्मुख (b) प्रमुख
(c) मुख (d) विमुख

व्याख्या – सम्मुख का विलोम शब्द विमुख होता है।

सम्मुख का वाक्य में प्रयोग – मेरे सम्मुख ही यह घटना घटी थी।

विमुख – अपने विचारों से लोगों को असहमत होता देख वह सबसे विमुख हो गया।

2. दिए गए शब्द का विलोम चुनिए–

सम

(a) निष्काम (b) सार्थक
(c) विषम (d) कुकाम

व्याख्या – सम का विलोम शब्द विषम है।

सम का अर्थ होता है – एक ही, अभिन्न, एक सा या सदृश

विषम का अर्थ होता है – असमान (जैसे–विषम गति)

3. निम्न में कौन सा गलत युग्म है–

(a) जाग्रत–सुषुप्त (b) निष्काम–सकाम
(c) करुण–निष्ठुर (d) राग–रंग

व्याख्या – राग का विलोम–विराग, ईर्ष्या, नफरत आदि होते हैं।

रंग का विलोम शब्द बेरंग होता है।

4. दिए गए शब्द का विलोम चुनें–

प्रहार

(a) रक्षा (b) प्रतिरक्षा
(c) विहार (d) समास

व्याख्या – प्रहार का अर्थ होता है आघात, वार, चोट या मार आदि।

जैसे – प्रहार का विलोम रक्षा होता है।

राम ने मोहन पर डंडे से प्रहार किया।

5. संधि का विलोम होगा।

(a) दुराग्रह (b) आग्रह
(c) विग्रह (d) समास

व्याख्या – संधि का विलोम विग्रह या विच्छेद होता है। वर्णों को मिलाकर लिखना संधि कहलाता है। शब्दों को अलग–अलग करके लिखना विच्छेद या विग्रह कहलाता है।

6. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।

आहत

(a) अनाहत (b) हत
(c) क्षत (d) विक्षत

व्याख्या – आहत का विलोम अनाहत होता है।

आहत का अर्थ होता है – घायल या चोट लगना।

दूसरे अर्थों में – किसी की बात से अपमानित होना।

जैसे – राम, मोहन की बात सुनकर बहुत आहत हुआ।

7. लुप्त का विलोम शब्द होगा–

(a) जाग्रत (b) सुप्त
(c) व्यक्त (d) लिप्त

व्याख्या – लुप्त का विलोम शब्द – प्रकट या प्रत्यक्ष होता है।

यहाँ लुप्त का विलोम शब्द व्यक्त होगा।

8. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।

अनुयायी

(a) विरोधी (b) आगत
(c) बहारी (d) निर्वात

व्याख्या – अनुयायी का विलोम विरोधी होता है। अनुयायी का अर्थ होता है अनुसरण करने वाला, अनुचर, चेला या शिष्य।

9. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।

सहित

(a) असीम (b) विहीन
(c) विमुख (d) असहित

व्याख्या – सहित का विलोम विहीन होता है। सहित का अर्थ होता है समेत, साथ (जैसे–पत्नी समेत आना, सामान सहित चला गया)

10. दिए गए शब्द का विलोम चुने।

आदर

(a) निरादर (b) अपमान
(c) सम्मान (d) सादर

व्याख्या – आदर का विलोम निरादर होता है। आदर का आशय सम्मान या इज्जत, सत्कार आदि से है। निरादर का अर्थ– किसी का अपमान करना।

11. दिए गए शब्द का विलोम चुनें–

आचार

(a) अनाचार (b) व्यवहार
(c) प्रचार (d) विचार

व्याख्या – आचार का विलोम शब्द अनाचार होता है। आचार – जो धर्म और नीति से चले, अनाचार–धर्म और नीति के विरूद्ध।

12. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।

आविर्भाव

(a) आनिर्भाव (b) तिरोभाव
(c) प्रादुर्भाव (d) निर्भाव

व्याख्या – आविर्भाव का विलोम तिरोभाव होता है। आविर्भाव का अर्थ प्रकट होना या उत्पत्ति आदि होता है। तिरोभाव का अर्थ अदृश्य हो जाना या छिपाव आदि होता है।

13. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।

उत्तीर्ण

(a) अनुत्तीर्ण (b) वित्तीर्ण
(c) अवत्तीर्ण (d) अक्तीर्ण

व्याख्या – उत्तीर्ण का विलोम अनुत्तीर्ण होता है। जैसे–मोहन परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया और सोहन अनुत्तीर्ण हो गया।

14. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।

जागृति

(a) तृप्ति (b) सुषुप्ति
(c) स्तुति (d) निवृत्ति

व्याख्या – जागृति का विलोम सुषुप्ति होता है। जागृति का अर्थ जागरूकता या सतर्कता से है। सुषुप्ति का अर्थ सोये होने की अवस्था, प्रगाढ़ निद्रावस्था से है।

15. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।

शुक्ल

(a) पीत (b) नील
(c) श्वेत (d) कृष्ण

व्याख्या – शुक्ल का विलोम कृष्ण होता है। हिन्दू कैलेंडर में एक माह को 30 दिनों में बाँटा गया है। 15 दिन के एक पक्ष को शुक्ल पक्ष तथा बाकी बचे 15 दिन को कृष्ण पक्ष कहते हैं।

शब्द		विलोम
•	अतिवृष्टि	अनावृष्टि
•	अक्षम	सक्षम
•	अधम	उत्तम
•	अभिज्ञ	अनभिज्ञ
•	अर्पण	ग्रहण
•	अथाह	छिछला
•	अनाथ	सनाथ
•	अपव्यय	मितव्यय
•	अधुनातन	पुरातन
•	अगम	सुगम
•	अनुरक्ति	विरक्ति
•	आध्यात्मिक	भौतिक
•	आकुंचन	प्रसारण
•	आमिष	निरामिष
•	आलोक	तिमिर
•	इहलोक	परलोक
•	इतिश्री	श्रीगणेश
•	इति	अथ
•	ईश	अनीश
•	ईश्वर	अनीश्वर
•	ईड़ा	निन्दा
•	उत्तम	अधम
•	उत्थान	पतन

शब्द	विलोम
उर्वर	बंजर
उद्गम	विलय
उन्मूलन	रोपण
उल्लास	विषाद
उज्ज्वल	धूमिल
उत्कृष्ट	निकृष्ट
कृतज्ञ	अकृतज्ञ / कृतघ्न
कुकृति	सुकृति
कर्मण्य	अकर्मण्य
करुण	निष्ठुर
कपूत	सपूत
क्षुद्र	विशाल,महान
खेचर	भूचर
गोचर	अगोचर
गूढ़	प्रकट, अगूढ़
गुरु	लघु
गहन	विरल
ग्रस्त	मुक्त
घना	विरल, छितरा
जाग्रत	सुषुप्त
जड़	चेतन
झंझा	तूफान
ढीठ	विनम्र
तामसिक	सात्विक
तुच्छ	महान्
त्वरि	मंथर
थोक	फुटकर / खुदरा
दण्ड	पुरस्कार
दाता	याचक
दुर्जन	सज्जन
दीर्घ	ह्रस्व, लघु
धवल	श्याम, कृष्ण
ध्वंस	निर्माण
धीरता	अधीरता
धृष्ट	विनीत या विनम्र
नीरस	सरस

शब्द	विलोम
प्रसारण	संकुचन
प्रतीची	प्राची
परा	अपरा
प्रायः	बहुधा
प्रज्ञा	अविवेक
बहिरंग	अन्तरंग
भूषण	दूषण
मृदुल	कठोर
मूर्त	अमूर्त
रागी	विरागी
अकेला	दुकेला
अगला	पिछला
अग्र	पश्च
अग्रज	अनुज
अति	न्यून
अत्यधिक	अत्यल्प
होनी	अनहोनी
अधिकता	अल्पता
अनिवार्य	वैकल्पिक, ऐच्छिक
अनुभव	अनुभवहीन
अनुलोम	प्रतिलोम, विलोम
अपकर्ष	उत्कर्ष
अपना	पराया
अपमान	सम्मान
अभिनंदनीय	निन्दनीय
अभिमानी	निराभिमानी
अभिव्यक्त	अनाभिव्यक्त
अमर	मर्त्य
अमावस्या	पूर्णिमा
अमीरी	गरीबी
अभ्यास	अनभ्यास
अमृत	विष
अर्जन	व्ययन
अर्थ	अनर्थ
अवकाश	अनवकाश
अवनि	अम्बर

शब्द	विलोम
अवसर	अनवसर
अश्लील	श्लील
असुविधा	सुविधा
अस्तित्व	अनस्तित्व
अस्वस्थ	स्वस्थ
अहंकार	अनहंकार
अहिंसा	हिंसा
आकाश	पाताल
आक्रमण	प्रतिरक्षा
आगत	अनागत
आगमन	प्रस्थान
आचार	अनाचार
आजादी	गुलामी
आडंबर	सादगी
आदान	प्रदान
आधुनिक	प्राचीन, पुराना
आनंद	विषाद, वेदना
आपत्ति	संपत्ति
आबाद	वीरान, बरबाद
आमदनी	खर्च
आयात	निर्यात
आराध्य	दुराराध्य
आराम	तकलीफ
आशीर्वाद	अभिशाप, शाप
आस्तिक	नास्तिक
आसान	मुश्किल
आरोह	अवरोह
आशीष	अभिशाप
स्याह	सफेद
आहूत	अनाहूत
इच्छा	अनिच्छा
इज्जत	बेइज्जती, बेइज्जत
ईमानदार	बेईमान
उग्र	सौम्य
उच्चरित	अनुच्चरित
उतार	चढ़ाव

शब्द	विलोम
उत्तरायण	दक्षिणायन
उत्तीर्ण	अनुत्तीर्ण
उत्पादक	अनुत्पादक
उदय	अस्त
उदार	अनुदार, कृपण
उद्भव	अवसान
उधम	आलस्य, विनय
उधार	नकद
उन्मत्त	अनुन्मत्त
उपकार	अपकार
उपयुक्त	अनुपयुक्त
उपमेय	अनुपमेय
उपलब्ध	अनुपलब्ध
उपस्थिति	अनुपस्थिति
ऊँचा	नीचा
ऋण	उऋण
एकता	अनेकता
एकेश्वरवाद	बहुदेववाद, सर्वेश्वरवाद
एड़ी	चोटी
ऐच्छिक	अनैच्छिक
ऐश्वर्य	अनैश्वर्य
औचित्य	अनौचित्य
कंजूस	शाहखर्च, दानी, उदार
कच्चा	पक्का
कनिष्ठ	ज्येष्ठ
कमजोर	तगड़ा, बलशाली
कर्कश	मधुर
कर्म	अकर्म
कलंकी	निष्कलंकी
कसा	ढीला
काज	अकाज
काबिल	नाकाबिल
कामयाब	नाकामयाब
काल	अकाल
कीर्ति	अपकीर्ति
कुटिल	सरल

शब्द	विलोम
कुप्रथा	सुप्रथा
कुमारी	विवाहिता
कुरूप	सुरूप
कृत	अकृत
कृत्रिम	अकृत्रिम, प्राकृत
कृपण	दाता
कृष्ण	शुक्ल, श्वेत
कोमल	कठोर
क्रय	विक्रय
क्रोध	क्षमा
क्षम	अक्षम
खंडन	मंडन
खंडित	अखंडित, अखंड
खरीदना	बेचना
खाली	भरा
खिला	मुरझाया
खुशमिजाज	बदमिजाज
खेद	प्रसन्नता
गणतंत्र	राजतंत्र
गण्य	अगण्य, नगण्य
गरल	सुधा
गहरा	छिछला
गीला	सूखा
गुणी	निर्गुणी
गुनाहगार	बेगुनाह
गुप्त	प्रकट
गृहस्थ	संन्यासी
गौरव	लाघव
ग्राम	नगर
घटित	अघटित
घात	प्रतिघात
घोषित	अघोषित
चंचल	अचंचल, स्थिर
चतुर	मूर्ख
चर	अचर
चरित्रवान	चरित्रहीन

शब्द	विलोम
चल	अचल
चिंतित	अचिंतित
चिरंतन	नश्वर
चुस्त	ढीला
चोर	साह, साधु
छली	निश्छली
छुटकारा	बंधन
जंगम	स्थावर
जय	पराजय
जल	थल
जल्द	देर
जागना	सोना
जानकार	अनजान
जाति	विजाति
जालिम	रहमदिल
जितेंद्रिय	अजितेंद्रिय
जीत	हार
जीवन	मरण
जेय	अजेय
ज्ञानी	मूढ़, अज्ञानी
ज्येष्ठ	कनिष्ठ
ज्वार	भाटा
तम	प्रकाश
तरूण	वृद्ध
ताजा	बासी
तिमिर	प्रकाश
तुकांत	अतुकांत
तुल्य	अतुल्य
त्रुटिपूर्ण	त्रुटिहीन
दंड	पुरस्कार
दक्षता	अदक्षता
दक्षिण	वाम, उत्तर
दयालु	निर्दय
दरिद्र	धनाढ्य, धनी
दलित	अदलित
दागी	बेदाग

शब्द		विलोम
•	दिलेर	कायर
•	दिवा	रात्रि
•	दुआ	बद्दुआ
•	दुखदायक	सुखदायक
•	दुराचार	सदाचार
•	दुर्गति	सुगति
•	दुर्बल	सबल
•	दुर्लभ	सुलभ
•	दुष्कर	सुकर
•	दुष्परिणाम	सुपरिणाम
•	दूरदर्शी	अदूरदर्शी
•	दृढ़	अदृढ़
•	देनदार	लेनदार
•	देव	दानव
•	देश	विदेश
•	देशभक्त	देशद्रोही
•	दोषी	निर्दोष
•	धनी	निर्धन
•	धूप	छाँव
•	नम्र	अनम्र
•	नरक	स्वर्ग
•	नवीन	प्राचीन
•	नागरिक	ग्रामीण
•	नामी	बदनाम
•	निकट	दूर
•	निडर	डरपोक
•	निंदा	प्रशंसा, स्तुति
•	निमंत्रित	अनिमंत्रित
•	नियमित	अनियमित
•	निरक्षर	साक्षर
•	निर्गुण	सगुण
•	निर्जीव	सजीव
•	निर्णीत	अनिर्णीत
•	निरर्थक	सार्थक
•	निर्दोष	सदोष
•	निर्बल	सबल

शब्द		विलोम
•	निर्लज्ज	सलज्ज
•	निष्काम	सकाम
•	निष्ठा	अनिष्ठा
•	नीचे	ऊपर
•	नूतन	पुरातन
•	नेकनामी	बदनामी
•	न्याय	अन्याय
•	हर्ष	विषाद
•	न्यून	अधिक
•	पंडित	मूर्ख
•	पक्ष	विपक्ष
•	पक्षपात	तटस्थता, निष्पक्षता
•	पठित	अपठित
•	पद्य	गद्य
•	पराजय	विजय
•	परमार्थ	स्वार्थ
•	परिचित	अपरिचित
•	परिणत	अपरिणत
•	परिमित	अपरिमित
•	परिश्रम	विश्राम
•	परिश्रमी	आलसी
•	परिहार्य	अपरिहार्य
•	परोक्ष	अपरोक्ष, प्रत्यक्ष
•	पर्याप्त	अपर्याप्त
•	पसंद	नापसंद
•	पाक	नापाक
•	पात्र	अपात्र
•	पाप	पुण्य
•	पार्थिव	अपार्थिव
•	पास	दूर
•	पुरस्कृत	दंडित
•	पूत	अपूत
•	पूर्ण	अपूर्ण, खाली, रिक्त
•	पेय	अपेय
•	प्रकाशित	अप्रकाशित
•	प्रखर	मंद

शब्द		विलोम
•	प्रगतिशील	अप्रगतिशील, दकियानूस
•	प्रचलित	अप्रचलित
•	प्रतिबद्ध	अप्रतिबद्ध
•	प्रतिष्ण	अप्रतिष्ण
•	प्रधान	गौण
•	प्रमाणित	अप्रमाणित
•	प्रलय	सृष्टि
•	प्रवेश	निकास
•	प्रशंसा	निंदा, भर्त्सना
•	प्रशिक्षित	अप्रशिक्षित
•	प्रश्न	उत्तर
•	प्रसार	संकोच
•	प्रस्तुति	अप्रस्तुति
•	प्राकृत	अप्राकृत
•	प्रातः	सांय
•	हार	जीत
•	प्रीति	द्वेष
•	प्रौढ़	अप्रौढ़
•	फलाहारी	अनाजी
•	फूल	काँटा
•	बंधन	मुक्ति, मोक्ष
•	बढ़िया	घटिया
•	बध्य	अबध्य
•	बर्बर	सभ्य
•	बाढ़	सूखा
•	बार–बार	कभी–कभी
•	बीमार	स्वस्थ
•	बुद्धिमान	बुद्धिहीन, निर्बुद्धि
•	बुराई	भलाई, अच्छाई
•	बेदम	दमदार
•	बोध्य	अबोध्य
•	ब्याहा	अनब्याहा, कुँआरा
•	भक्त	अभक्त
•	भक्ष्य	अभक्ष्य
•	भद्रता	अभद्रता
•	भरा	खाली, छूछा, रिक्त

शब्द		विलोम
•	भलाई	बुराई
•	भव्य	साधारण
•	भारी	हल्का
•	भिन्न	अभिन्न
•	भूत	भविष्य
•	भोगी	योगी
•	मंगल	अमंगल
•	मनुज	दनुज
•	मनुष्य	पशु
•	मलिन	निर्मल
•	महत्	लघु
•	महात्मा	दुरात्मा
•	मानव	दानव
•	मानवीय	अमानवीय
•	मित्र	शत्रु
•	मिलना	बिछुड़ना
•	मीठा	नमकीन, फीका
•	मुख	पृष्ठ
•	मुख्य	गौण
•	मुनाफा	घाटा, नुकसान
•	मुलायम	कड़ा, कठोर, सख्त
•	स्वतंत्र	परतंत्र
•	मूल्यवान	मूल्यहीन
•	मैत्री	अमैत्री
•	मोहित	अमोहित
•	मौन, मूक	वाचाल, मुखर
•	यश	अपयश
•	युद्ध	शान्ति
•	योग्यता	अयोग्यता
•	यौवन	वार्धक्य, बुढ़ापा
•	रचना	ध्वंस
•	रसीला	रसहीन, नीरस
•	राजा	रंक
•	हमदर्द	बेदर्द
•	रुक्ष	मृदु
•	रूपवान	कुरूप

शब्द	विलोम
रोना	हँसना
लगातार	रुक–रुककर
लचीला	कड़ा
लापरवाह	सावधान
लाभ	हानि
लायक	नालायक
लुभावना	घिनौना
लोकप्रिय	अलोकप्रिय
वफादार	बेवफा
वर	वधू
वसंत	पतझड़
वाकिफ	नावाकिफ
वाजिब	गैरवाजिब, नावाजिब
वास्तविकता	अवास्तविकता
विकारी	अविकारी
विकास	विनाश, ह्रास
विकृत	अविकृत
विज्ञ	अविज्ञ
विद्यमान	अविद्यमान
विनम्र	अविनम्र
विपद	संपद
विभक्त	अविभक्त
विराट	क्षुद्र
विवाहित	अविवाहित
विशेष	सामान्य, साधारण
विशेषज्ञ	अविशेषज्ञ
विश्वासी	अविश्वासी
विस्तृत	संकुचित, संक्षिप्त
वीर	कायर
वृष्टि	अनावृष्टि
वैज्ञानिक	अवैज्ञानिक
वैदिक	अवैदिक
व्यक्त	अव्यक्त
व्यग्र	अव्यग्र, अशांत
व्यवस्था	अव्यवस्था
व्यष्टि	समष्टि

शब्द	विलोम
व्यावहारिक	अव्यावहारिक
शत्रु	मित्र
स्वामी	दास, भृत्य, सेवक
शर्मदार	बेशर्म
शांति	अशांति
शालीन	धृष्ट
शीतल	उष्ण
शुद्धता	अशुद्धता
शुभ	अशुभ
शोक	हर्ष
शौच	अशौच
श्यामा	गौरी
श्रेष्ठता	अधमता
श्वेत	अश्वेत, श्याम
संकोच	असंकोच
संक्षेप में	विस्तार में
संघटन	विघटन
संतुष्ट	असंतुष्ट
संतोषी	असंतोषी
संदेह	विश्वास, निःसंदेह
संधि	विग्रह
संभव	असंभव
संयम	असंयम
संयोग	वियोग
संवृत्त	विवृत
सखा	शत्रु
सख्त	नरम
सजल	निर्जल
सटा	हटा
सत्कार	तिरस्कार
सदय	निर्दय
सदाशय	दुराशय
सद्भाव	दुर्भाव
सद्भावना	दुर्भावना

शब्द		विलोम
•	सबाध	निर्बाध
•	सम	असम, विषम
•	समय	असमय, कुसमय
•	समर्थक	विरोधी
•	समर्थन	विरोध
•	समान	असमान
•	समास	व्यास
•	समीप	दूर
•	समृद्धि	विनाश
•	सम्मुख	विमुख
•	सर्वत्र	कहीं–कहीं
•	सवाल	जवाब
•	सशस्त्र	निरस्त्र
•	सहमत	असहमत
•	सहित	रहित
•	सही	गलत
•	सुकर्म	दुष्कर्म
•	सूक्ष्म	विशाल
•	सुखी	दुखी
•	सुगति	दुर्गति
•	सुपथ	कुपथ
•	सुपुत्र	कुपुत्र
•	सुमार्ग	कुमार्ग
•	सृष्टि	प्रलय
•	सौभाग्य	दुर्भाग्य
•	स्थूल	सूक्ष्म

SSC GD के विगत वर्षों में पूछे गये प्रश्नों का संकलन

1. इस वाक्य के रिक्त स्थान पर रेखांकित शब्द का उपयुक्त विलोम शब्द कौन–सा होगा?
भारत मे कहीं <u>अतिवृष्टि</u> से बाढ़ आती है तो कहीं ..... से सूखा पड़ता है।
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I)
(a) सुवरिष्टि (b) अनावृष्टि
(c) वृष्टि (d) लघुवृष्टि

2. 'नव्या ने सुमति की बहुत भर्त्सना की'।
उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'भर्त्सना' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III)
(a) नव्या ने सुमति की बहुत बराई की।
(b) नव्या ने सुमति की बहुत आलोचना की।
(c) नव्या ने सुमति की बहुत प्रशंसा की।
(d) नव्या ने सुमति की बहुत निंदा की।

3. 'निरक्षर' शब्द का विलोम क्या होगा?
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)
(a) साक्षर (b) अनपढ़
(c) अपढ़ (d) महान

4. 'भारत देश के रहने वाले बहुत सारे लोग गौतम बुद्ध के अनुयायी थे।' वाक्य में प्रयुक्त 'अनुयायी' का विलोम शब्द है।
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II)
(a) विरोधी (b) पुजारी
(c) अनुगामी (d) प्रसंशक

5. वीर और साहसी पुरुष साधारण नहीं होते, अपितु ..... प्रतिभा से युक्त होते हैं। साधारण के विलोम शब्द से वाक्य पूर्ण करें।
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II)
(a) सामान्य (b) कठोर
(c) विलक्षण (d) बड़ी

6. 'आज हवा का वेग अत्यंत तीव्र है।'
उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'तीव्र' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III)
(a) आज हवा का वेग अत्यंत तेज है।
(b) आज हवा का वेग अत्यंत उग्र है।
(c) आज हवा का वेग अत्यंत मंद है।
(d) आज हवा का वेग अत्यंत प्रखर है।

7. अगले माह <u>वसंत</u> ऋतु प्रारंभ होगी।
रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) ठंडी (b) ग्रीष्म
(c) गरम (d) पतझड़

8. <u>सभ्य</u> व्यक्ति किसी का अपमान नहीं करते हैं।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I)

(a) भद्र (b) शील
(c) शालीन (d) असभ्य

9. 'राधा जब घर पहुँची तो दिवस खत्म हो चला था।' वाक्य में प्रयुक्त 'दिवस' का विलोम शब्द नहीं हैं–
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I)
(a) निशा (b) रजनी
(c) अवनि (d) रात्रि

10. 'अपना गुस्सा काबू में करो' शांत रहो।
निम्न में से किस विकल्प में उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'शांत' शब्द का विलोम नहीं दिया गया है?
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II)
(a) स्थिर (b) उत्तेजित
(c) उद्विग्न (d) अशांत

11. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'अग्रज' के सही विलोम शब्द का उपयोग हुआ है?
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III)
(a) मोहन मेरा ही आनूज है।
(b) मोहन मेरा अपना अनुज्य है।
(c) मोहन मेरा अनुज है।
(d) मोहन मेरा अनूज है।

12. प्रशंसनीय का विलोम होगा–
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) अभिनंदनीय (b) निंदनीय
(c) स्तुत्य (d) अनिंदनीय

13. आकाश में तारे निकले हुए हैं।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I)
(a) आसमान (b) पाताल
(c) उदर (d) वन

14. राहुल का बेटा उन्नति की ओर अग्रसर है।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II)
(a) अवनति (b) पदोन्नति
(c) अननति (d) अउन्नति

15. "यह उसके जीवन की प्रमुख घटना थी।" इस वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'प्रमुख' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III)
(a) यह उसके जीवन की गौण घटना थी।
(b) यह उसके जीवन की महत्वपूर्ण घटना थी।
(c) यह उसके जीवन की विशिष्ट घटना थी।
(d) यह उसके जीवन की क्षीण घटना थी।

16. विलोम शब्दों का निम्न मे से कौन–सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III)
(a) अपना–पराया (b) आस्था–अनास्था
(c) आकाश–पाताल (d) अग्नि–आग

17. प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) दीर्घ (b) परोक्ष
(c) समक्ष (d) ओक्षा

18. "राहुल के स्वभाव में क्रोध का भाव अधिक है।"
उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'क्रोध' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-II)
(a) राहुल के स्वभाव में घृणा का भाव अधिक है।
(b) राहुल के स्वभाव में क्षमा का भाव अधिक है।
(c) राहुल के स्वभाव में ईर्ष्या का भाव अधिक है।
(d) राहुल के स्वभाव में दया का भाव अधिक है।

19. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'निर्माण' के विलोम शब्द का प्रयोग हुआ है?
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-II)
(a) प्रकाश हमेशा तिमिर का नाश करता है।
(b) हमारे सामने वाला मकान जर्जर अवस्था में है।
(c) उत्तर भारत का मैदान एक समतल भूमि है।
(d) तरुण भारत संघ भारत का गैर सरकारी संगठन है।

20. "आकाश में तम का साम्राज्य था।"
उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'तम' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III)
(a) आकाश में तिमिर का साम्राज्य था।
(b) आकाश में प्रकाश का साम्राज्य था।
(c) आकाश में तारों का साम्राज्य था।
(d) आकाश में अंधकार का साम्राज्य था।

21. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का प्रयोग करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

ऊपर से सोने का स्वभाव स्थिर है जबकि वास्तव में वह ..... है।

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) चंचल (b) सूक्ष्म
(c) जागरण (d) अचल

22. इस साल व्यापार में बहुत लाभ हुआ।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन कीजिए।

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I)

(a) हानि (b) खतरा
(c) तकादा (d) फायदा

23. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का प्रयोग करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
यदि उन्नति उचित दिशा में न हो तो वह ..... का कारण बनती है।

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I)

(a) अवनति (b) दुराग्रह
(c) अपमान (d) अउन्नति

24. विकल्पों में दिए गए किस वाक्य में निम्न शब्द के सही विलोम शब्द का उपयोग हुआ है?
'अपमान'

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III)

(a) मुझे कार्यालय में बहुत सम्मान मिला।
(b) मुझे बहुत सामान मिला।
(c) मुझे कार्यालय में बहुत अनादर मिला।
(d) मुझे कार्यालय में बहुत मर्यादित किया गया।

25. "बाजार में अधिक कोलाहल था।"
उक्त वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'कोलाहल' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) बाजार में अधिक शोर थी।
(b) बाजार में अधिक हलचल थी।
(c) बाजार मे अधिक शांति थी।
(d) बाजार में अधिक लोग थे।

26. 'कौरवों के चक्रव्यूह के कारण अल्पायु में अभिमन्यु को वीरगति मिली।' वाक्य में प्रयुक्त 'अल्पायु' का विलोम शब्द होगा–

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I)

(a) लघुआयु (b) विरक्ति
(c) चिरंजीव (d) चिरायु

27. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम बताइए।
दिनकर समाज के लिए 'परमार्थ' का कार्य करता है।

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I)

(a) सेवक (b) सुकार्य
(c) निस्वार्थ (d) स्वार्थ

28. "गुरु हथौड़े से वह प्रहार कर रहा था।"
उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'गुरु' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II)

(a) भारी हथौड़े से वह प्रहार कर रहा था।
(b) बड़े हथौड़े से वह प्रहार कर रहा था।
(c) वजनदार हथौड़े से वह प्रहार कर रहा था।
(d) लघु हथौड़े से वह प्रहार कर रहा था।

29. इस पुष्प की सुगंध मनभावन है।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III)

(a) सुगंधि (b) आभा
(c) दुर्गंध (d) स्कंध

30. "पानीपत की लड़ाई में मराठों की पराजय हुई।"
उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'पराजय' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III)

(a) पानीपत की लड़ाई में मराठों की विजय हुई।
(b) पानीपत की लड़ाई में मराठों की शिकस्त हुई।
(c) पानीपत की लड़ाई में मराठों की हार हुई।
(d) पानीपत की लड़ाई में मराठों की अपकीर्ति हुई।

31. 'संपन्न को सब सुख प्राप्त हो जाते हैं और ..... सदा तरसता ही रह जाता है।'
'संपन्न' के विलोम शब्द से उक्त वाक्य पूर्ण करें।

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) वीर (b) अपंग
(c) विपन्न (d) शाही

32. 'वर्तमान समय में योग अत्यंत आवश्यक है।'
उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।

(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) योगी (b) भोग
(c) व्यायाम (d) मनोयोग

33. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में 'शाप' शब्द के लिए उचित विलोम का प्रयोग हुआ है?

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I)

(a) हम आपसे बहुत दूर हैं।
(b) हम प्रसन्न हैं।
(c) हम दुःखी हैं।
(d) आपके आशीर्वाद से हम कुशल हैं।

34. 'अविचल' का विलोम निम्न में से नहीं है।

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I)

(a) जड़ (b) विचल
(c) डाँवाडोल (d) ढुलमुल

35. बलराम विनय का <u>ज्येष्ठ</u> भाई है।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन कीजिए।

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-II)

(a) घनिष्ठ (b) प्रिय
(c) कनिष्ठ (d) बड़ा

36. 'असफल' का विलोम शब्द क्या होगा?

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-III)

(a) सफल (b) विगत
(c) निष्फल (d) विफल

37. 'अनुराग' का विलोम है–

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I)

(a) विराग (b) सुहाग
(c) वियोग (d) विहंग

38. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?
भारत विश्व का सबसे बड़ा <u>'लोकतंत्र'</u> है।

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II)

(a) जनता का शासन (b) जनता द्वारा शासन
(c) राजतंत्र (d) भ्रष्टतंत्र

39. निम्न वाक्य के रिक्त स्थान पर रेखांकित शब्द का उपयुक्त विलोम शब्द कौन–सा होगा?
<u>घृणा</u> को ..... से जीतो।

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-III)

(a) ईर्ष्या (b) प्रेम
(c) लोभ (d) गुस्से

40. निम्नलिखित में से किस वाक्य में दिए गए शब्द के सही विलोम शब्द का प्रयोग किया गया है?
'अंधकार'

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) कमरे में चाँदनी है।
(b) कमरे में धुआं फैला है।
(c) कमरे में रसायन फैल रहा है।
(d) कमरे में प्रकाश फैला हुआ है।

41. पिछले साल गाँव में भयानक <u>बाढ़</u> आई थी।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन कीजिए।

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-II)

(a) नदी (b) सूखा
(c) पानी (d) अकाल

42. आज <u>अमावस्या</u> की रात है।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-III)

(a) पूर्ण (b) एकादशी
(c) काली (d) पूर्णिमा

43. 'स्वजाति' के विपरीतार्थक शब्द का चयन कर निम्न वाक्य पूर्ण कीजिए।
..... व्यक्ति से नफरत न करें।

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) सुमति (b) प्रजाति
(c) विजाति (d) संपत्ति

44. रेखांकित शब्द के विलोम से दिए गए वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
उत्तम प्रकृति के लोग <u>सम्मानित</u> होते हैं किंतु दुष्ट. .....।

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) निर्लज्ज (b) असहनीय
(c) अपमानित (d) लांछित

45. सज्जन का सत्कार होता है और दुर्जन का ....।
सत्कार के विलोम शब्द से वाक्य पूर्ण करें।

(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-I)

(a) स्वागत (b) अपमान
(c) तिरस्कार (d) परिष्कार

46. जीवन में <u>उत्साह</u> बना रहना चाहिए।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के सही विलोम शब्द का चयन निम्न विकल्पों में से कीजिए।

(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-II)

(a) वित्साह (b) हतुत्साह
(c) निरुत्साह (d) प्रत्साह

47. हमें पाप से बचना चाहिए।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के सही विलोम शब्द का चयन निम्न विकल्पों में से कीजिए।
(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-II)
(a) पुण्य (b) कुपाप
(c) अपाप (d) दान

48. विकल्पों में से किस वाक्य में नीचे दिये गये शब्द के उपयुक्त विलोम शब्द का प्रयोग हुआ है?
'अवनति'
(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-III)
(a) भारत में आर्थिक उन्नति हो रही है।
(b) अपने देश में शारीरिक दुर्बलता हो रही है।
(c) भारत में आर्थिक विसंगति हो रही है।
(d) भारत में आर्थिक जागृति हो रही है।

49. 'मुनाफा' शब्द का विलोम क्या है?
(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) नफा (b) लाभ
(c) नुकसान (d) फायदा

50. 'महिला जब भाषण दे रही थी, उसकी आवाज में एक आकर्षण था।' निम्न में से कौन सा इस वाक्य में प्रयुक्त 'आकर्षण' शब्द का विलोम नहीं है?
(SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-II)
(a) विकर्षण (b) अनाकर्षण
(c) विपकर्षण (d) अपकर्षण

51. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का प्रयोग करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
दुराचार से व्यक्ति का ..... नष्ट हो जाता है।
(SSC GD 07 Feb. 2023, Shift-IV)
(a) यश (b) विचार
(c) फल (d) सदाचार

52. दानव का स्वरूप कुरूप है और ईश्वर का ....।
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति 'कुरूप' के विलोम शब्द से करें।
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-I)
(a) भोंडा (b) रूप
(c) सुंदर (d) स्वरूप

53. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में 'अनृत' शब्द के लिए उचित विलोम का प्रयोग हुआ है?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-II)
(a) वह बेहतर करता ळै।
(b) सत्य की विजय होती है।
(c) वह सुन्दर है।
(d) वह अपराधी है।

54. निम्न वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए शब्द के विकल्पों में दिए गए सही विलोम शब्द से कीजिए।
समुद्र का विस्तार ..... है। (ससीम)
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III)
(a) सीमा (b) अवलंबित
(c) असीम (b) अवशेष

55. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में 'आरम्भ' शब्द के लिए उचित विलोम का प्रयोग हुआ है?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-IV)
(a) हर व्यक्ति का अंत सुनिश्चित है।
(b) समय की कद्र करनी चाहिए।
(c) शिमला भारत में है।
(d) देश को श्रमजीवी लोगों की जरुरत है।

56. मनुष्य को जीवों का रक्षक बनना चाहिए।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के सही विलोम शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-IV)
(a) तक्षक (b) वधिक
(c) भक्षक (d) मारक

57. शालीन व्यक्ति का समाज में हमेशा सम्मान होता है और ..... का अपमान।
'शालीन' के विलोम शब्द से उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-II)
(a) धृष्ट (b) सुकुमार
(c) सौम्य (d) वृद्ध

58. 'अव्यवस्था' के लिए विलोम शब्द होगा–
(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-III)
(a) गड़बड़ (b) कुव्यवस्था
(c) सुव्यवस्था (d) अराजकता

59. 'उथला' शब्द का विलोम है।
(SSC GD 2021)
(a) गहरा (b) ऊँचा
(c) समतल (d) उभार

60. दिए गए शब्द का विलोम चुने।
(SSC GD 2021)
यश
(a) सुयश (b) अपयश
(c) नीरस (d) नीरव

61. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

निर्माण

(a) अहित (b) कोमल
(c) ध्वंस (d) निश्चित

62. दिए गए शब्द का विलोम चुने। **(SSC GD 2021)**

शुद्ध

(a) अशुद्ध (b) गलत
(c) विरुद्ध (d) पवित्र

63. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

क्रय

(a) निर्यात (b) अहित
(c) विक्रय (d) बंधन

64. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

उदय

(a) उत्तर (b) वाचाल
(c) निरस्त (d) अस्त

65. दिए गए शब्द का विलोम चुने। **(SSC GD 2021)**

अज्ञ

(a) विज्ञ (b) अनुज
(c) आस्था (d) आज्ञा

66. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

स्थूल

(a) अग्रज (b) स्थिर
(c) अस्थिर (d) सूक्ष्म

67. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

स्नेहसिक्त

(a) स्नेहरिक्त (b) स्नेहकर्ता
(c) स्नेहभक्त (d) स्नेहकाल

68. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

आवरण

(a) अनावरण (b) वैयाकरण
(c) पर्यावरण (d) अकरणीय

69. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

स्थावर

(a) संगम (b) नग्न
(c) जंगम (d) जंगल

70. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

ह्रस्व

(a) लघु (b) अहिंसा
(c) दीर्घ (d) रोना

71. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

जागरण

(a) सचेत (b) जागना
(c) निद्रा (d) अनिद्रा

72. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

अंधकार

(a) प्रकाश (b) सूर्योदय
(c) उजाला (d) कालिमा

73. हास का विलोम शब्द होगा– **(SSC GD 2021)**

(a) परिहास (b) रुदन
(c) गायन (d) उपहास

74. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

आदान

(a) विधान (b) प्रदान
(c) निधन (d) तिरोधान

75. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

अर्वाचीन

(a) पुरातन (b) पुराण
(c) प्राचीन (d) पुराना

76. श्वेत का विलोम शब्द होगा। **(SSC GD 2021)**

(a) उग्र (b) श्याम
(c) सफेद (d) नील

77. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

अत्यधिक

(a) अधिक (b) प्रभूत
(c) स्वल्प (d) अल्प

78. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2021)**

आहार

(a) निराहार (b) विहार
(c) उपहार (d) निरहार

79. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। (SSC GD 2021)

मूक
(a) गूंगा (b) विमुख
(c) वाचाल (d) खगोल

80. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। (SSC GD 2021)

व्योम
(a) पक्षी (b) राजा
(c) धरा (d) आकाश

81. कौन–सा विलोम युग्म सुमेलित नहीं है?, (SSC GD 2021)

(a) गरल–विरल (b) कृपण–दाता
(c) कोप–कृपा (d) गंभीर–अगंभीर

82. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। (SSC GD 2021)

आग्रह
(a) उपग्रह (b) दुराग्रह
(c) विग्रह (d) अनुग्रह

83. ताप का विलोम शब्द होगा– (SSC GD 2021)

(a) उष्ण (b) शीत
(c) संताप (d) पाप

84. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। (SSC GD 2021)

अनुयायी
(a) विरोधी (b) आगत
(c) बाहरी (d) निर्वात

85. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। (SSC GD 2021)

सुशील
(a) दुश्शील (b) अशील
(c) विशील (d) गतिशील

86. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। (SSC GD 2021)

जातीय
(a) सजातीय (b) अजातीय
(c) विजातीय (d) प्रजातीय

87. कृपण का विलोम शब्द होगा– (SSC GD 2021)

(a) कर्मठ (b) कठोर
(c) सरल (d) दाता

88. दिए गए शब्द का विलोम चुने। (SSC GD 2021)

द्रुत
(a) जड़ (b) अद्वैत
(c) मंथर (d) वेग

89. विशाल का विलोम शब्द होगा। (SSC GD 2021)

(a) क्षणिक (b) विकराल
(c) विराट (d) लघु

90. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। (SSC GD 2021)

निर्मल
(a) मैला (b) विमल
(c) गंदा (d) मलिन

91. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। (SSC GD 2021)

शोक
(a) शोभित (b) अशोभित
(c) विषाद (d) हर्ष

92. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। (SSC GD 2021)

प्रवेश
(a) निकास (b) द्वार
(c) प्रवृत्ति (d) प्रवर

93. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। (SSC GD 2021)

प्रचुर
(a) प्रचलित (b) अप्रचारित
(c) अप्रचुर (d) प्रचारित

94. 'निर्जीव' का विलोम शब्द होगा– (SSC GD 2021)

(a) सजीव (b) सहजीव
(c) अजीव (d) सगुण

95. 'श्रव्य' का विलोम शब्द होगा– (SSC GD 2021)

(a) अदृश्य (b) कटु
(c) दृश्य (d) अलौकिक

96. 'परुष' का विलोम शब्द होगा– (SSC GD 2021)

(a) आकर्षक (b) कठोर
(c) कोमल (d) कर्कश

97. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।
(SSC GD 2021)

लघु

(a) महान (b) सौम्य
(c) दाता (d) गुरु

98. दिए गए शब्द का विलोम शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

कर्कश

(a) कटु (b) मधुर
(c) मधुप (d) कड़वा

99. विकल्पों में से कौन–सा निम्न शब्द का विलोम नहीं है।
(SSC GD 2021)

कल्पित

(a) यथार्थ (b) अयथार्थ
(c) वास्तविक (d) अकल्पित

100. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।
(SSC GD 2021)

अधिकांश

(a) जीवांश (b) अल्पांश
(c) कमतर (d) बहुतायत

101. करुण का विलोम शब्द होगा–
(SSC GD 2021)

(a) कुरूप (b) वीर
(c) कृतघ्न (d) निष्ठुर

102. दिए गए शब्द का विलोम चुने।
(SSC GD 2021)

परकीय

(a) क्षत्रिय (b) लाघव
(c) दृश्य (d) स्वकीय

103. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।
(SSC GD 2021)

उर्वर

(a) ऊसर (b) नीरस
(c) उर्वरक (d) धुसर

104. 'निरर्थक' का विलोम शब्द चुनें।
(SSC GD 2021)

(a) समर्थक (b) सार्थक
(c) सफल (d) रक्षक

105. दिए गए शब्द का विलोम चुने।
(SSC GD 2021)

ऊपरलिखित

(a) पूर्वलिखित (b) स्वलिखित
(c) परलिखित (d) निम्नलिखित

106. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।
(SSC GD 2019)

साध्य

(a) असाध्य (b) वैद्य
(c) रोगी (d) संध्या

107. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।
(SSC GD 2019)

आधार

(a) निराधार (b) सूत्रधार
(c) निरपराध (d) मूसलाधार

108. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।
(SSC GD 2019)

एकल

(a) विरल (b) सामूहिक
(c) सरल (d) विफल

109. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।
(SSC GD 2019)

मांसाहारी

(a) निरंकारी (b) निराहार
(c) शाकाहारी (d) बलिहारी

110. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।
(SSC GD 2019)

आत्मघात

(a) आत्मविश्वास (b) आत्मबल
(c) आत्मज्ञान (d) आत्मरक्षा

111. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।
(SSC GD 2019)

अल्पायु

(a) अजर (b) दयालु
(c) दीर्घायु (d) घायल

112. त्याग का विलोम शब्द है।
(SSC GD 2019)

(a) विग्रह (b) अनिश्चित
(c) ग्रहण (d) परित्याग

113. 'सुमति' शब्द का विलोम है–
(SSC GD 2019)

(a) सम्मति (b) क्रूर
(c) कुमति (d) मूर्ख

114. 'विधि' शब्द का विलोम शब्द है।
(SSC GD 2019)

(a) निषेध (b) नकारात्मक
(c) दंड (d) निधि

115. 'धनवान' का विलोम शब्द चुने। **(SSC GD 2019)**

(a) किंकर (b) धनाढ्य
(c) अकिंचन (d) कंचन

116. 'गमन' का विलोम शब्द है। **(SSC GD 2019)**

(a) जाना (b) सचल
(c) चेतन (d) आगमन

117. दिए गए शब्द का विलोम चुनें। **(SSC GD 2019)**

अनिवार्य

(a) अधिकार (b) अनुकूल
(c) आवश्यक (d) वैकल्पिक

118. 'गरल' का विलोम शब्द चयन करें। **(SSC GD 2019)**

(a) शर्बत (b) सुधा
(c) रस (d) जल

119. 'पाश्चात्य' का विलोम शब्द है। **(SSC GD 2019)**

(a) प्रतीची (b) प्राची
(c) पौर्वात्य (d) एकार्थक

उत्तरमाला

1.	(b)	**2.**	(c)	**3.**	(a)	**4.**	(a)	**5.**	(c)	**6.**	(c)	**7.**	(d)	**8.**	(d)	**9.**	(c)	**10.**	(a)
11.	(c)	**12.**	(b)	**13.**	(b)	**14.**	(a)	**15.**	(a)	**16.**	(d)	**17.**	(b)	**18.**	(b)	**19.**	(a)	**20.**	(b)
21.	(a)	**22.**	(a)	**23.**	(a)	**24.**	(a)	**25.**	(c)	**26.**	(d)	**27.**	(d)	**28.**	(d)	**29.**	(c)	**30.**	(a)
31.	(c)	**32.**	(b)	**33.**	(d)	**34.**	(a)	**35.**	(c)	**36.**	(a)	**37.**	(a)	**38.**	(c)	**39.**	(b)	**40.**	(d)
41.	(b)	**42.**	(d)	**43.**	(c)	**44.**	(c)	**45.**	(c)	**46.**	(c)	**47.**	(a)	**48.**	(a)	**49.**	(c)	**50.**	(c)
51.	(d)	**52.**	(c)	**53.**	(b)	**54.**	(c)	**55.**	(a)	**56.**	(c)	**57.**	(a)	**58.**	(c)	**59.**	(a)	**60.**	(b)
61.	(c)	**62.**	(a)	**63.**	(c)	**64.**	(d)	**65.**	(a)	**66.**	(d)	**67.**	(a)	**68.**	(a)	**69.**	(c)	**70.**	(c)
71.	(c)	**72.**	(a)	**73.**	(b)	**74.**	(b)	**75.**	(c)	**76.**	(b)	**77.**	(c)	**78.**	(a)	**79.**	(c)	**80.**	(c)
81.	(a)	**82.**	(b)	**83.**	(b)	**84.**	(a)	**85.**	(a)	**86.**	(c)	**87.**	(d)	**88.**	(c)	**89.**	(d)	**90.**	(d)
91.	(d)	**92.**	(a)	**93.**	(c)	**94.**	(a)	**95.**	(c)	**96.**	(c)	**97.**	(d)	**98.**	(b)	**99.**	(b)	**100.**	(b)
101.	(d)	**102.**	(d)	**103.**	(a)	**104.**	(b)	**105.**	(d)	**106.**	(a)	**107.**	(a)	**108.**	(b)	**109.**	(c)	**110.**	(d)
111.	(c)	**112.**	(c)	**113.**	(c)	**114.**	(a)	**115.**	(c)	**116.**	(d)	**117.**	(d)	**118.**	(b)	**119.**	(c)		

2 पर्यायवाची या समानार्थी शब्द

परिभाषा

जो शब्द समान अर्थ के कारण दूसरे शब्दों का स्थान ग्रहण कर लेते हैं वे पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।

इनमें एक शब्द के लिए कई शब्दों का प्रयोग किया होता है या किया जा सकता है। किसी भी शब्द के लिए प्रयुक्त समान अर्थ देने वाले शब्द पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।

जैसे – 'कपड़ा'–वस्त्र, वसन, पट, चीर, पहरावा आदि।

आँख – दृग, लोचन, नेत्र, नयन आदि।

पर्यायवाची शब्दों को समानार्थी नाम से भी जाना जाता है।

उदाहरण–

1. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें– विष्णु

(a) तापस (b) गिरीस

(c) गोविंद (d) शंकर

व्याख्या – विष्णु के समानार्थी शब्द–नारायण, पीताम्बर, चक्रपाणि, जनार्दन, मुकुंद, गोविन्द, कमलाकांत, लक्ष्मीपति, उपेन्द्र, आदि होते हैं।

यहाँ विष्णु का समानार्थी गोविन्द होगा।

2. कमल का समानार्थी शब्द कौन–सा है

(a) पयोधर (b) पयोधि

(c) पयोद (d) पयोज

व्याख्या – कमल का समानार्थी शब्द पयोज होगा–कमल के अन्य समानार्थी शब्द–राजीव, अरविन्द, शतदल, सरोज, सरसिज, नलिन, पुष्कर, पंकज, नीरज, जलज, पुण्डरीक आदि है।

3. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द नम का पर्यायवाची नहीं है–

(a) गीला (b) भीगा

(c) आर्द्र (d) आर्द्रा

व्याख्या – दिए गए शब्दों में 'नम' का पर्यायवाची शब्द आर्द्रा नहीं होगा। शेष सभी शब्द गीला, भीगा, आर्द्र; नम के पर्यायवाची हैं।

4. हमें सूर्य नमस्कार करना चाहिए। रेखांकित शब्द का पर्यायवाची है?

(a) दिनकर (b) नरेश

(c) सारंग (d) कलाधर

व्याख्या – सूर्य के पर्यायवाची शब्द– रवि, दिवाकर, भास्कर, अंशुमाली, प्रभाकर, मार्तण्ड, भानु, दिनकर, आदि होते हैं।

यहाँ सूर्य का पर्यायवाची दिनकर है। नरेश–राजा का पर्यायवाची है। सारंग, धनुष का पर्यायवाची तथा कलाधर चाँद का पर्यायवाची है।

5. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें– कपड़ा

(a) चलन (b) वसन

(c) गगन (d) जंगल

व्याख्या – 'कपड़ा' का पर्यायवाची वसन है– कपड़ा के अन्य पर्यायवाची शब्द– वस्त्र, पट, चीर, पहरावा आदि हैं।

शब्द	पर्यायवाची
• **अंक**	संख्या, नंबर, क्रमांक, निशान, चिह्न, छाप, गोद, क्रोड, अंकवार।
• **अंग**	अवयव, भाग, हिस्सा, घटक, अंश, टुकड़ा, तन, देह, शरीर।
• **अंत**	इति, समाप्ति, आखीर, खात्मा, बस, किनारा, सिरा, अंचल, मरण, मृत्यु, मौत, स्वर्गवास, निधन, परिणाम, फल, अंजाम, नतीजा।
• **अमृत**	अमिय, पीयूष, अमी, सोम, सुधा, सुरभोग, जीवनोदक।
• **अर्जुन**	गुड़ाकेश, पार्थ, धनंजय, सव्यसाची।
• **अश्व**	घोड़ा, तुरंग, हय, बाजि, सैन्धव, घोटक, रविसुत।
• **असुर**	रजनीचर, निशाचर, दानव, दैत्य, राक्षस, दनुज, यातुधान, तमीचर।
• **अतिथि**	मेहमान, पाहुना, अभ्यागत, रिश्तेदार, नातेदार, आगन्तुक।

शब्द	पर्यायवाची
अतीत	पूर्वकाल, भूतकाल, विगत, गत/गुजरा हुआ, बीता हुआ।
अग्नि	आग, अनल, पावक, जातदेव, कृशानु, वैश्वानर, हुताशन।
अनुपम	सुंदर, अतुल, अपूर्व, अद्वितीय, अनोखा, अप्रतिम, अद्भुत, अनूठा, विलक्षण, विचित्र।
अपमान	अनादर, उपेक्षा, निरादर, बेइज्जती, अवज्ञा, तिरस्कार।
अभिज्ञ	जानकार, विज्ञ, परिचित, ज्ञाता।
अभिमान	गौरव, गर्व, नाज, घमंड, दर्प, स्वाभिमान, अस्मिता, अहं, अहंकार, अहमिका, मान, मिथ्याभिमान, दंभ।
अभिलाषा	कामना, मनोरथ, इच्छा, आकांक्षा, ईप्सा, चाह, लालसा, मनोकामना।
अंधा	नेत्रहीन, सूरदास, अंध, चक्षुविहीन।
अरण्य	जंगल, कांतार, विपिन, वन, कानन।
आकाश	नभ, अंबर, अन्तरिक्ष, आसमान, व्योम, गगन, दिव, द्यौ, पुष्कर, शून्य।
आँख	अक्षि, नैन, नेत्र, लोचन, दृग, चक्षु, विलोचन, दृष्टि।
आँगन	प्रांगण, बगर, अजिरा, अँगना, सहन।
अल्प	न्यून, थोड़ा, बहुत कम, अपर्याप्त।
आम	आम्र, रसाल, अमृतफल, अंब, फलश्रेष्ठ।
आरंभ	श्री गणेश, सूत्रपात, शुरूआत, बिस्मिल्लाह।
इंद्र	शक्र, सुरपति, देवराज, पुरंदर, शचीपति, अमरपति, देवेश, सुरेश।
इच्छा	अभिलाषा, कामना, चाह, मर्जी, ख्वाहिश।
ईश्वर	परमेश्वर, परमात्मा, प्रभु, ईश, जगदीश, दीनानाथ, भगवान्।
महक	परिमल, खुशबू, सौरभ।
ऐश्वर्य	वैभव, संपन्नता, समृद्धि (धन, संपत्ति)।
कंचन	सुवर्ण, स्वर्ण, सोना।
कन्या	कुमारी, कुमारिका, बालिका, किशोरी, बाला।
काँटा	कंटक, शूल, खार।
कामदेव	अनंग, कंदर्प मदन, मन्मथ, अदेह, मार, रतिपति।
किनारा	तीर, तट, कूल, बेलातट, पुलिन, छोर, सिरा, पर्यन्त।

शब्द	पर्यायवाची
केवट	मल्लाह, मांझी, नाविक, खेवट, धीवर।
केश	बाल, कुंतल कच, अलक, गेसू।
कोयल	पिक, कोकिल, श्यामा, मदनशलाका, कलघोष।
क्रोध	कोप, रोष, गुस्सा, अमर्ष, तैश।
कौआ	काक, काग, वायस, एकाक्ष।
खत	पत्र, चिट्ठी, पाती।
गंगा	भागीरथी, जाह्नवी, त्रिपथगा, सुरसरि, देवनदी, देवपगा।
गीदड़	सियार, शृंगाल, जंबुक।
घड़ा	घट, कलश, कुंभ, गागर।
बादल	घन, मेघ जलधर, वारिद, अंबुधर।
घर	गृह, सदन, निकेतन, धाम, निवास, स्थान, भवन, मंदिर, आगार, आलय, आवास, ओक, आशियाना, मकान, आपतन।
घृणा	घिन, जुगुप्सा, अरुचि, नफरत, वीभत्स।
चंद्रमा	चाँद, चन्द्र, हिमकर, विभाकर, तारापति, रजनीश, मयंक, इंदु, निशाकर, विधु।
चतुर	प्रवीण, पटु, होशियार, चालाक, विदग्ध।
चमक	आभा, दीप्ति, द्युति, कांति, जगमगाहट।
जल	पानी, नीर, तोय, वारि, सलिल, अंबु, उदक, पय, आब, धनरस, शम्बर, सर्वमुख, अमृत।
जिज्ञासा	उत्कंठा, उत्सुकता, कुतूहल।
जीभ	रसना, जबान, जिह्वा, रसज्ञा।
झंडा	पताका, ध्वज, निशान, केतु, केतन।
झूठ	असत्य, अनृत, मिथ्या, अतथ्य, वितथ्य।
परछाईं	झाईं, बिम्ब, प्रतिच्छाया, झलक।
शूल	तीस, कसक, दर्द।
कर	हाथ, हस्त, बाँह, पाणि, भुज, भुजा, शुल्क, महसूता, माल गुजारी।
किरण	कर, मरीचि, अंशु, रश्मि।
गणेश	महाकाय, भवानीनंदन, विनायक, एकदंत, गजानन, गणाधिप, लम्बोदर, गणपति, हेरम्ब, विघ्नविनाशक, गौरीपुत्र, मोदकप्रिय, मूषकवाहन।
ज्योति	प्रभा, प्रकाश, लौ, अग्निशिखा, आलोक।
तम	तिमिर, अंधकार, अँधेरा, तमिस्त्रा।

शब्द	पर्यायवाची
तलवार	असि, कृपाण, खड्ग, चन्द्रहास, करवाल, शम्शीर।
तारा	नखत, उडु, नक्षत्र, तारक।
तालाब	तड़ाग, सर, जलाशय, कासार, ताल, सरसी, पुष्कर, पोखर।
तेज	तीव्र, द्रुत, क्षिप्र।
तोता	शुक, कीर, सुआ, सुग्गा, रक्त तुण्ड, दाड़िमप्रिय।
द्विज	ब्राह्मण, ब्रह्मज्ञानी, वेदविद।
दीन	दरिद्र, अकिंचन, निर्धन, रंक, कंगाल।
दुःख	पीड़ा, व्यथा, कष्ट, क्लेश, वेदना, यातना, उद्वेग, खेद, विषाद, सन्ताप, क्षोभ, यन्तणा, संकट, शोक, उत्पीड़न।
दुर्गा	चण्डिका, सिंहवाहिनी, कालिका, कल्याणी, कुमारी, कामाक्षी, सुभद्रा, महागौरी, नारायणी, भगवती, महामाया, भवानी, चण्डी, शक्ति, दुर्गे।
मनीषी	पंडित, विद्वान, चिंतक।
देवता	देव, अमर, सुर, विबुध, आदित्य, निर्जर, गीर्वाण, त्रिदश, अमर्त्य।
द्रौपदी	कृष्णा, पांचाली, द्रुपदसुता, याज्ञसेनी।
नदी	सरिता, निर्झरिणी, तरंगिणी, पयस्विनी, लहरी, अपगा, निम्नगा, तरिणी, कल्लोलिनी, सरी।
नित्य	शाश्वत, अमर, अविनाशी, अमर्त्य, अनश्वर, सदा, सनातन, सर्वदा, सदैव, अहर्निश, प्रतिदिन, रोज, हमेशा।
नैसर्गिक	प्राकृतिक, स्वाभाविक, वास्तविक।
नौका	नाव, तरणी, डोंगी, पतंग, जलयान, तरी, बेड़ा, वनवाहन, नैया।
पंकिल	मैला, मलिन, मलिन, गंदला, गंदा।
पक्षी	विहग, खग, पंछी, द्विज, अण्डज, विहंग, पतंग, परिंदा चिड़िया, पखेरू।
पण्डित	सुधी, विद्वान, कोविद, विचक्षण, सुविज्ञ, ज्ञानी, बुध, धीर, मनीषी, प्राज्ञ।
पत्थर	संग, प्रस्तर, पाहन, शिला, पाषाण, अश्म।
पवन	वायु, समीर, हवा, मारूत, प्रकम्पन, समीरण, वात, प्रभंजन, प्राण, अनिल, बयार, पवमान।

शब्द	पर्यायवाची
पर्वत	भूधर, गिरि, शैल, नग, भूमिधर, मेरू, महीधर, अचल, पहाड़, तुंग।
पशु	जानवर, चौपाया, मवेशी, जन्तु, चतुष्पाद।
पुत्र	तनय, आत्मज, सुत, लड़का, बेटा, औरस, पूत।
पुत्री	तनया, आत्मजा, सुता, लड़की, बेटी, दुहिता।
पार्वती	उमा, गौरी, शिवा, भवानी, दुर्गा, गिरिजा, गिरिराज, कुमारी, सती, अम्बिका, शैल–सुता, ईश्वरी, आर्या, सर्वमंगला, चण्डी, अपर्णा।
प्रकाश	प्रभा, छवि, द्युति, ज्योति, चमक, रोशनी, दीप्ति, उजाला, आलोक।
पृथ्वी	भू, भूमि, अचला, धरा, धरित्री, वसुंधरा, वसुधा, अवनि, मेदिनी, मही, प्रहुभि, जगती, क्षोणी, क्षिति, वसुमती, बीजप्रसु, ईला।
फरजी	नकली, बनावटी, कृत्रिम, जाली।
फूल	कुसुम, सुमन, प्रसून, पुष्प, लतांत मंजरी, पुहुप।
बंदर	कपि, कपीश, हरि, शाखामृग, मर्कट।
बाण	तीर, तोमर, विशिख, शिलीमुख, नाराच, शर, इषु, सायक, आशुग।
बालिका	बाला, कन्या, बच्ची, लड़की।
बिजली	विद्युत, चपला, चंचला, सौदामिनी, तड़ित, दामिनी, शया, घनवल्ली, बीजुरी, क्षणप्रभा, काँचनवली।
ब्रह्मा	पितामह, स्वयंभू, चतुरानन, विरंचि, विधि, स्रष्टा, प्रजापति, कमलासन, हिरण्यगर्भ, हंसवाहन, लोकेश, कर्तार, सदानंद, अण्डज, गिरापति।
ब्राह्मण	विप्र, द्विज, भूसुर, भूदेव, महीसुर।
भ्रमर	मधुकर, मधुप, अलि, भृंग, भौंरा, षट्पद, मधुराज, मधुभक्षी।
मछली	झष, जल–जीवन, मीन, मत्स्य, शफरी।
महादेव	शिव, शम्भू, शंकर, महेश, गिरीश, चंद्रशेखर, नीलकण्ठ, त्रिलोचन, भूतनाथ, पशुपति, महेश्वरी, गिरिजापति, कपर्दी, वामदेव, कैलाशपति, शितिकंठ, रुद्र, त्रिपुरारी।
मार्ग	पथ, डगर, रास्ता, पंथ, सड़क, राह।

शब्द	पर्यायवाची
माँ	माई, अम्बिका, मातु, माता, मातरि, मैया, महतारी, अम्ब, जननी, जनयित्री, धात्री, प्रसू।
मित्र	मीत, सखा, यार, हमदम, सुहृद, दोस्त।
मुख	मुँह, मुखड़ा, चेहरा, आनन।
मुर्गा	तमचूक, ताम्रचूड़, कुक्कुट, अरुणशिखा।
मेघ	धराधर, घन, जलचर, वारिद, जीमूत, बादल, वारिधर, पयोद, पयोधर।
मेंढक	दादुर, भेक, शालूर, वर्षा–भू, मण्डूक, वर्षाप्रिय।
मोर	मयूर, केकी, कलापी, शिखी, ध्वजी, नीलकण्ठ, सारंग।
मोक्ष	मुक्ति, निर्वाण, कैवल्य, अपवर्ग, सद्गति, परमपद, परमधाम।
यती	संन्यासी, मुनि, वैरागी।
यमुना	कालिन्दी, अर्कजा, रवितनया, कृष्णा, कालगंगा, सूर्यसुता, भानुजा, तरणि तनूजा, अर्कसुता।
युवती	सुन्दरी, श्यामा, तरूणी, यौवनवती, रमणी, नवयौवना।
रंक	निर्धन, धनहीन, दरिद्र, कंगाल, अकिंचन।
रमणी	स्त्री, वनिता, नारी, औरत, वामा।
रावण	दशकंध, दशानन, लंकेश, लंकाधिपति, दैत्येन्द्र, दशकण्ठ, दशवदन।
राजा	नृप, नृपति, भूप, महीप, नरेश, नरपति, भूपति, नरेन्द्र, सम्राट, महिपति, पृथ्वीपति, पृथ्वीनाथ।
रात	निशीथ, रैन, रात्रि, रजनी, छपा, यामिनी, विभावरी, शर्वरी, तमी, त्रियामा, तमिस्त्रा, क्षणदा।
लक्ष्मी	श्री, कमला, रमा, पद्मा, हरिप्रिया, इंदिरा, समुद्रजा।
लज्जा	व्रीड़ा, संकोच, लाज, शर्म, हया।
लहर	तरंग, हिलोर, लहरी, उर्मि, प्रवाह, वेग, वीचि।
वंश	कुल, घराना, ख़ानदान।
वर्षा	पावस, बरसात, वर्षाकाल, चौमासा, बरखा, मेह, वृष्टि, बारिश।

शब्द	पर्यायवाची
वस्त्र	वसन, कपड़ा, अम्बर, चैल, चीर, पट।
विष्णु	गरुड़ध्वज, अच्युत, जनार्दन, चक्रपाणि, मुकुन्द, नारायण।
विवाह	ब्याह, पाणिग्रहण, परिणय, शादी, गठबंधन, निकाह, गठजोड़।
विष	ज़हर, गरल, माहुर, कालकूट, हलाहल।
वृक्ष	शाखी, पादप, द्रुम, विटप, पेड़, रूख तरु।
शत्रु	बैरी, रिपु, दुश्मन, अरि, विपक्षी, प्रतिपक्षी, प्रतिद्वन्द्वी।
संसार	विश्व, दुनिया, जग, जगत, जगती, इहलोक।
सर्प	अहि, भुजंग, मणिधर, विषधर, व्याल, फणी, उरग, पन्नग, साँप।
समुद्र	सिन्धु, सागर, जलधि, उदधि, पयोधि, पारावार, नदीश, पयोनिधि, वारीश, रत्नाकर, अर्णव, नीरनिधि, अब्धि, वारिधि, जलधाम, नीरधि, तोयनिधि।
सरस्वती	भारती, शारदा, वीणा, गिरा, ब्राह्मी, वीणापाणि, वागीश।
सिंह	शार्दूल, हरि, केहरी, केशरी, मृगराज, मृगेन्द्र, वनराज, व्याघ्र, केशी, नाहर, मृगारि, शेर।
सीता	भूमिजा, वैदही, जनकतनया, जानकी, रामप्रिया, जनकसुता।
सूअर	वराह, सूकर।
सूर्य	रवि, भानु, दिनकर, दिवाकर, भास्कर, प्रभाकर, सविता, पतंग, आदित्य, अर्क, कमलबंधु, हंस, दिनमणि।
सौम्य	नम्र, शांत, विनीत, शिष्ट, मिलनसार।
स्थावर	अटल, अचल, स्थिर, निश्चल, दृढ़।
स्वर्ग	द्यौ, देवलोक, सुरलोक, इन्द्रपुरी, बैकुण्ठ।
हंस	मराल, सरस्वतीवाहन, कलकंठ।
हनुमान	पवन कुमार, महावीर, रामदूत, मारुतिनंदन, आंजनेय, कपीश, पवनपुत्र, बजरंगबली, केशरीनंदन।
हाथी	हस्ती, गज, करी, कुंजर, द्विरद, नाग, दन्ती, कुम्भी, सिंधुर, मतंग, वितुण्ड, द्विप, वारण, गयंद।

शब्द	पर्यायवाची
• **हिमालय**	हिमगिरि, हिमपति, हिमाद्रि, नगराज, शैलेन्द्र, नगपति, गिरिराज।
• **हिरण**	मृग, सारंग, हरिण, सुरभी, कुरंग।
• **हिम**	तुषार, नीहार, बर्फ, तुहिन।
• **अधीर**	बेचैन, उद्विग्न, आकुल, व्यग्र, अशान्त, उतावला, बेताब।
• **अनंत**	असीम, अपरिमित, निस्सीम, अथाह।
• **अनुमान**	अटकल, अंदाजा, कयास, कूत, आकलन।
• **अमर**	अनश्वर, नित्य, सनातन, अविनाशी।
• **आक्षेप**	आरोप, अभियोग, दोषारोपण, लांछन।
• **आँसू**	अश्रु, नयनजल, नेत्रनीर, चक्षुजल।
• **आख्यान**	किस्सा, कहानी, वृत्तांत।
• **आडम्बर**	ढोंग, पाखंड, प्रपंच, दिखावा, स्वांग।
• **इशारा**	संकेत, इंगित।
• **ईर्ष्या**	डाह, द्वेष, कुढ़न, मत्सर, रश्क, हसद, जलन।
• **उजाला**	आलोक, प्रभा, ज्योति, विभा, द्योत।
• **उत्कंठा**	लालसा, उत्सुकता, अभिलाषा।
• **उचित**	उपयुक्त, वाजिब, मुनासिब, समुचित।
• **उत्तम**	उत्कृष्ट, बेजोड़, प्रकृष्ट, श्रेष्ठ।
• **उद्‌गम**	उद्‌भव, उत्पत्ति, आविर्भाव, प्रादुर्भाव।
• **उद्‌देश्य**	ध्येय, निमित्त, मकसद, प्रयोजन, हेतु, तात्पर्य, अभिप्राय।
• **उद्धार**	मुक्ति, निस्तार, छुटकारा, मोक्ष, त्राण।
• **उदास**	उन्मन, म्लान, खिन्न, विषादयुक्त।
• **उदासीन**	विरक्त, निर्लिप्त, अनासक्त।
• **उदाहरण**	दृष्टांत, नजीर, नमूना।
• **उपेक्षा**	उदासीनता।
• **उल्टा**	प्रतिकूल, प्रतिलोम, विलोम।
• **उल्लास**	आह्लाद, आनंद, हर्ष, प्रमोद, आमोद।
• **ऊसर**	अनुपजाऊ, सस्यहीन, बंजर।
• **ऊँचा**	बुलंद, उर्ध्व, उदात्त, उत्ताल।
• **ऋद्धि**	समृद्धि, संपन्नता, वैभव।
• **एकांत**	निर्जन, वीरान, सूना।
• **ओज**	बल, ताकत, दम, कांति।
• **कंचन**	स्वर्ण, सोना, हेम, कुंदन, हाटक, जातरूप।
• **कछुआ**	कूर्म, कमठ, कच्छप।

शब्द	पर्यायवाची
• **कटु**	कर्कश, रुक्ष, कठोर।
• **कठिन**	दुर्बोध, दुरूह, जटिल।
• **कबूतर**	कपोत, परेवा, पारावत।
• **कमल**	अरविंद, जलज, सरोज, पंकज, अंबुज, पुंडरीक, जलजात, नलिन।
• **कायर**	भीरू, कातर, डरपोक।
• **झगड़ा**	कलह, टंटा, तकरार, विवाद।
• **झुंड**	जत्था, गिरोह, पुंज, दल।
• **टेक**	अवलम्ब, आश्रय, सहारा।
• **टेढ़ा**	वक्र, कुटिल, तिरछा।
• **ठग**	वंचक, छली, फरेबी, छलिया।
• **डाकू**	लुटेरा, दस्यु, राहजन।
• **तंबू**	खेमा, डेरा, वितान, शामियाना।
• **तनिक**	लेशमात्र, रंचमात्र, किंचित।
• **तनु**	कृश, दुबला, कलेवर, काया, शरीर।
• **तुरंत**	तत्क्षण, शीघ्र।
• **तीखा**	प्रखर, तीक्ष्ण, पैना।
• **थकान**	श्रांति, क्लांति, शिथिलता।
• **दरवाजा**	पल्ला, कपाट, पट।
• **दरिद्र**	रंक, अकिंचन।
• **दवा**	आरोग्य, उपचार, औषधि।
• **दुर्जन**	खल, पिशुन, असंत, अधम, पामर, कुटिल, शठ, पतित।
• **दुर्गम**	दुस्तर, अगम्य, औघट।
• **दूत**	सफीर, प्रतिनिधि, चर।
• **धनुष**	चाप, शरासन, कोदण्ड, पिनाक, सांरग।
• **धवल**	श्वेत, उजला, निर्मल।
• **नग**	भूधर, गिरि, शैल, अद्रि, तुंग, धरणीधर।
• **नया**	नवीन, नूतन, अभिनव।
• **बर्बर**	असभ्य, अशिष्ट, उद्धत।
• **कुत्सित**	नीच, अधम, निकृष्ट।
• **खरा**	स्वच्छ, निर्मल।
• **खोज**	गवेषण, अन्वेषण।
• **गंभीर**	गूढ़, जटिल, दुरूह, क्लिष्ट।
• **चालाक**	चतुर, पटु, दक्ष, प्रवीण, नागर।
• **चुप**	अवाक्, मौन।
• **चोटी**	शिखर, शृंग, तुंग, शिरोबिन्दु।

शब्द	पर्यायवाची
छिद्र	सुराख, रंध्र।
छल	प्रपंच, फरेब, चकमा, झाँसा।
छात्र	शिष्य, अध्येता, शागिर्द, चेला।
छोह	ममता, स्नेह, प्रेम, प्रीति।
जनक	जनयिता, पिता, तात, वालिद।
जटिल	क्लिष्ट, पेचीदा।
जड़	अचेतन, स्थावर, अचर।
जवान	तरुण, किशोर, युवा।
जीत	फतह, विजय, जय।
ज्ञान	इल्म, बोध, जानकारी।
क्षय	यक्ष्मा, तपेदिक।
अधर्म	दुष्कर्म, अनाचार।
आदर्श	प्रतिमान, मानक।
आभूषण	आभरण, गहना, अलंकार, भूषण।
कुत्ता	सारमेय, सोनहा, शुनक, श्वान, कुक्कुर।
केला	कदली, भानुफल, काष्ठीला, रम्भा।
खिड़की	दरीचा, वातायन, झरोखा, गवाक्ष।
परतंत्र	पराधीन।
घी	घृत, नवनीत।
चूहा	गणेशवाहन, मूषक, आखु, उंदुर।
धूप	घाम, आतप, रविप्रभा।
धन	द्रव्य, संपदा, सम्पत्ति।
नियति	प्रारब्ध, भाग्य होनी, तकदीर।
बगीचा	उपवन, उद्यान, बाड़ी।
भय	त्रास, भीति।
यम	कीनाश, जीवितेश।
जहर	गरल, विष, हलाहल, कालकूट।
मुकुर	दर्पण, आरसी, शीशा, आईना।
मौलि	ललाट, मस्तक, माथा।
रक्षा	त्राण, हिफाजत।
रत	लिप्त, लीन, निमग्न।
रासभ	गर्दभ, खर, धूसर, शीतलावाहन, वैशाखनंदन।
लक्ष्मण	रामानुज, लखन, शेष।
प्रणय	प्रेम, अनुराग, प्रीति, अनुरक्ति।
लता	बल्ली, बल्लरी, बेल।
पंक्ति	कतार, शृंखला।

शब्द	पर्यायवाची
लाल	अरुण, सूर्य, लोहित, रक्त।
तनु	देह, तन, शरीर।
वसंत	ऋतुपति, मधुमास।
बाण	शर, सायक, शिलीमुख, आशुग, इषु, नाराच।
संकल्प	व्रत, प्रण, प्रतिज्ञा।
सखा	मित्र, सहचर, बन्धु।
समान	सदृश, तुल्य, सम।
समिति	मंडली, गोष्ठी।
सेवक	नौकर, भृत्य, परिचारक, दास, चाकर, किंकर, अनुचर।
मंथर	मंद, धीमा।
हंस	मराल, मुक्तभुक, मानसौक।
पंक	कीचड़, कर्दम, चहला।
पड़ोसी	प्रतिवेशी, समीपवर्ती, अंतिक।
पत्नी	भार्या, दारा, जाया, जोरू, वामा, परिणीता, कलत्र।
पत्ता	पत्र, दल, पर्ण, पल्लव, किसलय।
परुष	कठोर, निष्ठुर।
भगिनी	सहोदरा, अग्रजा, बहन।
फौज	लश्कर, कटक, अनीकिनी, कुमक, अनीक, चमू, सेना।
बहेलिया	लुब्धक, अहेरी, आखेटक।

SSC GD के विगत वर्षों के महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का संकलन

1. निम्न में से किस वाक्य में 'उत्कंठा' के सही पर्यायवाची शब्द का प्रयोग हुआ है?
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I)

(a) रघु में उत्साह की कमी है।
(b) नव्या में अब कोई लालसा शेष नहीं थी।
(c) लता ने अपनी उदारता का परिचय दिया।
(d) नेहा श्रेष्ठ गायिका है।

2. 'सरस्वती' के पर्यायवाची शब्द से वाक्य की पूर्ति कीजिए। प्रातःकाल _____ का स्तोत्र पढ़िए।
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I)

(a) शारदा (b) उमा
(c) कान्ता (d) धात्री

3. निम्न में से कौन–सा शब्द 'हाथ' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III)
(a) कर (b) पाणि
(c) बाहु (d) दन्त

4. निम्न में से कौन–सा शब्द 'कुबेर' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III)
(a) किन्नरपति (b) धनाधिप
(c) यक्षराज (d) मुनि

5. दिए गए विकल्पों में से कौन सा शब्द निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची नहीं है? 'रासबिहारी बोस दिल्ली 'षडयन्त्र' के मुख्य अभियुक्त थे।'
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) कुचक्र (b) साजिश
(c) साजिद (d) दुरभिसंधि

6. भगवान दिवाकर जीवनदायी हैं।
रेखांकित शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) शशि (b) अब्ज
(c) नयन (d) सूर्य

7. निम्न में से कौन सा 'जल' शब्द का पर्यायवाची है?
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) अंबुधि (b) नीरज
(c) वारिज (d) नीर

8. 'गंगा नदी भारत देश में हजारों लोगों की जीवनदायिनी है।' निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'गंगा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है।
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)
(a) सुरसरिता (b) देवपगा
(c) हंसजा (d) विष्णुपदी

9. सिंह की सवारी सबके बस की बात नहीं है। उस विकल्प का चयन कीजिए जो उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है।
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)
(a) मणि (b) सिंह
(c) वनराज (d) केसरी

10. 'स्वर्ग' का पर्यायवाची शब्द इनमें से क्या होगा?
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II)
(a) देवलोक (b) क्षितिज
(c) ब्रह्मांड (d) घो

11. निम्न में से किस वाक्य में 'गंगा' के सही पर्यायवाची शब्द का प्रयोग हुआ है?
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II)
(a) कालिंदी में स्नान करना फलदायक है।
(b) कालगंगा का जल बहुत पवित्र होता है।
(c) वेदवती का जल अत्यन्त पवित्र होता है।
(d) देवनदी का जल पवित्र होता है।

12. जिनका जीवन काँटों के बीच बीतता है वही _____ की चुभन सह सकते हैं। उक्त वाक्य के रिक्त स्थान को काँटे के पर्याय से पूर्ण कीजिए।
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III)
(a) बाण (b) शर
(c) शूल (d) कील

13. इनमें से कौन–सा शब्द 'अग्नि' का पर्यायवाची नहीं है?
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) अनल (b) अभंग
(c) हुताशन (d) पावक

14. 'अकस्मात' शब्द के लिए इनमें से उपयुक्त पर्यायवाची शब्द कौन–सा है?
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I)
(a) अचानक (b) अदृश्य
(c) अभंज (d) अनिवार्य

15. गर्मियों में गर्म हवा चलती है। उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I)
(a) सर (b) वासव
(c) गजराज (d) बयार

16. 'तुम्हारे चले जाने से मुझे बहुत दुख हुआ'। रेखांकित शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II)
(a) व्यथा (b) तापस
(c) ईप्सा (d) बेशर

17. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का दिए गये विकल्पों में से कौन–सा शब्द पर्यायवाची नहीं है? 'सरदार पटेल की प्रतिमा 'लोहे' की बनी है।'
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III)
(a) अयस (b) लाह
(c) लौह (d) आहन

18. निम्न में से किस वाक्य में 'कलह' के सही पर्यायवाची शब्द का प्रयोग हुआ है?
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III)
(a) राधा ने उन दोनों की सुलह कराई।
(b) सर्वत्र शांति छाई हुई है।
(c) रतन और मयंक के बीच कल विवाद हो गया।
(d) निशा का सुजय से कोई रिश्ता नहीं है।

19. दिए गए विकल्पों में से कौन सा शब्द निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची नहीं है– 'बच्चे को बच्चा बनकर ही समझ सकते हैं।'
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) बाल (b) बालक
(c) वायु (d) शिशु

20. 'भगवान इंद्र स्वर्ग के राजा हैं।'
उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'इंद्र' शब्द का पर्याय निम्न में से क्या है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I)
(a) सुरेश (b) खगेश
(c) माधव (d) इंदु

21. "यह घटना अद्भुत है।"
उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'अद्भुत' के स्थान पर उसके समानार्थी शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में नहीं किया गया है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II)
(a) यह घटना आश्चर्यजनक है।
(b) यह घटना विलक्षण है।
(c) यह घटना भयानक है।
(d) यह घटना अपूर्व है।

22. निम्न में से कौन–सा शब्द 'कमल' का पर्यायवाची है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II)
(a) नीरद (b) कंचन
(c) जलद (d) राजीव

23. निम्न में से कौन–सा शब्द 'बिजली' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II)
(a) चंचला (b) तटिनी
(c) दामिनी (d) तड़ित

24. मैं गेंदे की जगह नलिन के फूल देवी को अर्पित करूँगी। उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची क्या होगा?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III)
(a) जुही (b) कमल
(c) पुष्प (d) केसर

25. 'नाव' के पर्यायवाची शब्द से निम्न वाक्य पूर्ण कीजिए। नाविक _____ से नदी पार कराता है।
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) रेन (b) कश्ती
(c) रेत (d) तरु

26. 'भगवान विष्णु ने एक अवतार कूर्म के रूप में भी लिया था।' उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'कूर्म' शब्द का पर्याय क्या होगा?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) श्वान (b) कछुआ
(c) सिंह (d) सूकर

27. "सीमा की बात सुनकर जया को आश्चर्य हुआ।" उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'आश्चर्य' के स्थान पर उसके समानार्थी शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में नहीं किया गया है?
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I)
(a) सीमा की बात सुनकर जया को अचरज हुआ।
(b) सीमा की बात सुनकर जया को मनोरथ लगा।
(c) सीमा की बात सुनकर जया को विस्मय हुआ।
(d) सीमा की बात सुनकर जया को अचंभा हुआ।

28. निम्न में से क्या 'चंद्रमा' शब्द का पर्यायवाची है?
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I)
(a) अंशुमाली (b) दिनकर
(c) शशि (d) घोटक

29. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या होगा? 'कमजोर आदमी को एक ना एक रोग लगा रहता है।'
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I)
(a) व्याधि (b) अभिशाप
(c) वरदान (d) बहाना

30. निम्न में से किस वाक्य में 'खिन्न' के सही पर्यायवाची शब्द का प्रयोग हुआ है?
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-II)
(a) रंजन उसके प्रति अनासक्त था।
(b) राजीव आज बेहद प्रसन्न था।
(c) सुनैना ने मुक्त कंठ से उसकी प्रशंसा की।
(d) जया का मन उदास हो गया।

31. "आप अपने लक्ष्य तक अवश्य पहुँचेंगे।"
उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'लक्ष्य' के स्थान पर उसके

समानार्थी शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III)

(a) आप अपने अंत तक अवश्य पहुँचेंगे।

(b) आप अपने गंतव्य तक अवश्य पहुँचेंगे।

(c) आप अपने परिवार तक अवश्य पहुँचेंगे।

(d) आप अपने मार्ग तक अवश्य पहुँचेंगे।

32. 'किनारा' का पर्यायवाची शब्द इनमें से क्या होगा?

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III)

(a) पानी (b) तट

(c) तारिका (d) आलय

33. 'जंगल का राजा शेर होता है।' वाक्य में प्रयुक्त 'जंगल' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है–

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) कांतार (b) अयस

(c) विपिन (d) कानन

34. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का, विकल्पों में दिए गये शब्दों में से कौन–सा शब्द पर्यायवाची नहीं है? मेरे जीवन का यही एकमात्र 'लक्ष्य' है।

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) उद्देश्य (b) भवन

(c) मंजिल (d) निशाना

35. विकल्पों में दिए गए किस वाक्य में निम्न शब्द के सही पर्यायवाची शब्द का प्रयोग किया गया है? पंडित

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I)

(a) मनीशी मेरे द्वार पर आये हैं।

(b) मनिषी मेरे द्वार पर आये हैं।

(c) मनीषी मेरे द्वार पर आये हैं।

(d) मनीसी ज्ञान से पूर्ण हैं।

36. निम्न में से कौन–सा शब्द 'जानकी' का पर्यायवाची नहीं है?

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I)

(a) सूर्यसुता (b) वैदेही

(c) जनकसुता (d) सीता

37. "चारों ओर रात्रि का घोर अँधेरा छाया था।" उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'घोर' के स्थान पर उसके उचित समानार्थी शब्द का प्रयोग निम्न में किस वाक्य में किया गया है?

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II)

(a) चारों ओर रात्रि का गहरा अँधेरा छाया था।

(b) चारों ओर रात्रि का घनिष्ठ अँधेरा छाया था।

(c) चारों ओर रात्रि का घमासान अँधेरा छाया था।

(d) चारों ओर रात्रि का भयंकर अँधेरा छाया था।

38. निम्न में से कौन–सा शब्द 'पयोद' शब्द का पर्यायवाची शब्द है?

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II)

(a) जलधर (b) बारिश

(c) मलीन (d) सहचर

39. निम्न में से कौन–सा समूह 'गंगा' शब्द का पर्यायवाची समूह नहीं है?

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II)

(a) जाह्नवी, सुरसरि (b) सुरसरि, त्रिपथगा

(c) त्रिपथगा, सूर्यजा (d) भागीरथी, सुरसरि

40. "नमन का आरोग्य अच्छा है।" उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'आरोग्य' के स्थान पर उसके समानार्थी शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में नहीं किया गया है?

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II)

(a) नमन अस्वस्थ है।

(b) नमन तंदुरुस्त है।

(c) नमन का स्वास्थ्य अच्छा है।

(d) नमन की सेहत अच्छी है।

41. 'हिमाद्रि' का उपयुक्त पर्यायवाची शब्द क्या है?

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III)

(a) पर्वत (b) शैल

(c) हिम (d) हिमालय

42. 'लालकिला पूरे भारत में प्रख्यात एक ऐतिहासिक इमारत है।' ऊपर दिए वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची क्या होगी?

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) प्रसिद्ध (b) परिपूर्ण

(c) कुख्यात (d) पूर्ण

43. निम्नलिखित शब्द के सही वर्तनी वाले पर्यायवाची शब्द का चयन कीजिए।

'किरण'

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I)

(a) अंसु (b) रश्मि

(c) रस्मि (d) किरन

44. निम्न में से किस वाक्य में 'अचल' के सही पर्यायवाची शब्द का प्रयोग हुआ है?

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I)

(a) अस्थिरता उसके स्वभाव की विशेषता है।
(b) उसके चित्त की अवस्था दोलायमान थी।
(c) वह अपने निर्णय पर अटल रहा।
(d) शुभदा बहुत चंचल है।

45. 'जल ही जीवन है।'
उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II)
(a) दृग (b) हर
(c) मतंग (d) पानी

46. निम्न में से कौन–सा शब्द 'अर्जुन' शब्द का पर्यायवाची शब्द है?
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II)
(a) सव्यसाची (b) विनायक
(c) अमरपति (d) जगन्नाथ

47. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उसका पर्यायवाची शब्द विकल्पों में से कौन–सा होगा?
'अधिक मेहनत से उसके चेहरे पर क्लांति आ गई।'
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III)
(a) चमक (b) थकान
(c) पसीना (d) खुशी

48. विकल्पों में दिया गया कौन सा शब्द निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची नहीं है?
'आग में तप कर ही 'सोना' खरा होता है।'
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III)
(a) स्वर्ण (b) कनक
(c) कंचन (d) अयस

49. 'रामू बेहद गरीब है।'
उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के उपयुक्त पर्यायवाची शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) निबद्ध (b) निर्बाध
(c) निस्सार (d) निर्धन

50. इनमें से कौन–सा शब्द 'चंदन' का पर्यायवाची नहीं है?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-I)
(a) मलयज (b) नौध
(c) गंधराज (d) दारुसार

51. "संजय भारतीय मूल्यों का तिरस्कार करता है।" उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'तिरस्कार' के स्थान पर उसके समानार्थी शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III)
(a) संजय भारतीय मूल्यों को बदनाम करता है।
(b) संजय भारतीय मूल्यों की सराहना करता है।
(c) संजय भारतीय मूल्यों की प्रशंसा करता है।
(d) संजय भारतीय मूल्यों की उपेक्षा करता है।

52. निम्न में से कौन–सा शब्द 'राजा' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III)
(a) स्वर्गाधिपति (b) भूपति
(c) महीप (d) नरपति

53. 'दुर्योधन ने कुचक्र रचकर पांडवों को चौसर में हरा दिया।' निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'कुचक्र' का पर्यायवाची नहीं है?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III)
(a) अभिसंधि (b) दुरभिसंधि
(c) टोल (d) साजिश

54. निम्न में से कौन सा 'अमृत' शब्द का पर्यायवाची नहीं है?
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I)
(a) सुधा (b) सोम
(c) क्षीर (d) अमिय

55. 'यह हाथी विशालकाय है।'
उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I)
(a) सिंह (b) घोटक
(c) मृग (d) हस्ती

56. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त पर्यायवाची शब्द कौन–सा होगा?
'राम कुशल कारीगर है।'
(SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-II)
(a) चंचल (b) भुवन
(c) निपुण (d) अलक

57. प्रातःकाल में सूरज की किरणें मन को भाती हैं। उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
(SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-II)
(a) ईख (b) प्रभात
(c) जया (d) रश्मि

58. 'सारंग' निम्नलिखित में से किसका पर्यायवाची शब्द है?
(SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-III)

(a) सितार (b) हंस
(c) गधा (d) हिरण

59. गंगा का जल अत्यंत पावन है।
उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
(SSC GD 07 Feb. 2023, Shift-IV)
(a) मधु (b) देवा
(c) विभूति (d) देवनदी

60. 'इन्द्र' का पर्यायवाची शब्द इनमें से क्या होगा?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-I)
(a) शक्र (b) पंचबाण
(c) पिनाकी (d) मनोज

61. विकल्पों में दिए गए किस वाक्य में निम्न शब्द के पर्यायवाची का प्रयोग किया गया है?
'गणेश'
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-I)
(a) हमें गजानन की पूजा करनी चाहिए।
(b) हम पुरंदर की पूजा करते हैं।
(c) हमें पीताम्बर की अर्चना करनी चाहिए।
(d) हमें शशिशेखर की अर्चना करनी चाहिए।

62. 'विरंचि' के लिए समानार्थी शब्द चुनकर निम्न वाक्य पूर्ण कीजिए। राक्षस को _____ से वरदान मिला।
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-I)
(a) शंकर (b) ब्रह्मा
(c) गणेश (d) विष्णु

63. निम्न में से कौन–सा शब्द 'समुद्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द है?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-II)
(a) अम्बर (b) सागर
(c) वारिद (d) नीरज

64. निम्न में से 'सरस्वती' का पर्याय नहीं है–
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III)
(a) दामिनी (b) भारती
(c) शारदा (d) वागेश्वरी

65. 'भौंरे गाते गुनगुन गाना।' विकल्पों में दिया गया कौन सा शब्द उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'भौंरे' शब्द का पर्यायवाची नहीं है?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III)
(a) अलि (b) मधुप
(c) भ्रमर (d) शफरी

66. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में 'मोद' शब्द के लिए उचित पर्यायवाची का प्रयोग हुआ है?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-IV)
(a) उमेश को उम्मीद है।
(b) नौकरी मिलने पर वह हर्षित है।
(c) नरेश दुखी है।
(d) वह पढ़ता है।

67. इनमें से कौन–सा शब्द 'गंगा' का पर्यायवाची नहीं है?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-IV)
(a) विष्णुपदी (b) कालिंदी
(c) देवनदी (d) त्रिपथगा

68. निम्न में से किरण के पर्यायवाची शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-I)
(a) आभा (b) धूमकेतु
(c) प्रभा (d) ज्योति

69. 'आकाश में बिजली चमक रही है।'
उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
(SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-I)
(a) खनक (b) वासव
(c) चपला (d) धनद

70. 'सागर की तरह बड़ा होने का कोई महत्त्व नहीं अगर किसी की प्यास न बुझा सके।' वाक्य में प्रयुक्त 'सागर' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है–
(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-I)
(a) उदधि (b) वारिधि
(c) जगधि (d) जलधि

71. पुंडरीक और चंपा के पुष्प बहुत सुंदर होते हैं। उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'पुंडरीक' शब्द का पर्यायवाची क्या है?
(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-I)
(a) बेला (b) कमल
(c) जुही (d) गुलाब

72. सृष्टि के निर्माता ब्रह्मा हैं, तो विनाशक _____। 'शिव' के पर्याय से उक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-II)
(a) त्रिलोचन (b) मार्तण्ड
(c) लोकेश (d) विभु

73. दिए गए शब्द का समानार्थी शब्द चुनें।
(SSC GD 2021)

रंक

(a) वीरांगना (b) दरिद्र
(c) राजा (d) रक्त

74. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

सरस्वती

(a) धवल (b) ब्राह्मी
(c) शुचि (d) कान्ता

75. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

द्वार

(a) कर्मठ (b) कपट
(c) कपाट (d) सपाट

76. सुधा किसका पर्यायवाची है?
(SSC GD 2021)

(a) स्त्री (b) अमृत
(c) पृथ्वी (d) चंद्रमा

77. कौन–सा शब्द वायस का समानार्थी शब्द नहीं है?
(SSC GD 2021)

(a) काग (b) एकाक्ष
(c) काक (d) हरीत

78. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें
(SSC GD 2021)

राजा

(a) रत्नाकर (b) मयंक
(c) मुकुंद (d) महीप

79. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

विष्णु

(a) तापस (b) गिरीश
(c) गोविंद (d) शंकर

80. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

किरण

(a) अक्षि (b) अभ्र
(c) रश्मि (d) शक्र

81. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

गरमी

(a) मसृण (b) निदाघ
(c) दिवा (d) वासर

82. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

आँख

(a) वासव (b) दनुज
(c) दृग (d) अम्बु

83. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

पपीहा

(a) पपिहरा (b) पनही
(c) पन्नग (d) पय

84. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

नदी

(a) चंचल (b) त्रिपथगा
(c) लहरी (d) सरिता

85. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

पराग

(a) केशर (b) अनल
(c) पवन (d) पत्र

86. 'कमल' का समानार्थी शब्द कौन–सा है?
(SSC GD 2021)

(a) पयोधर (b) पयोधि
(c) पयोद (d) पयोज

87. 'विभूति' का पर्यायवाची क्या है?
(SSC GD 2021)

(a) शक्ति (b) संपदा
(c) सौंदर्य (d) विरासत

88. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।
'इन्द्र'
(SSC GD 2021)

(a) धनद (b) सोम
(c) वासव (d) पारिजात

89. दिए गए शब्द का समानार्थी शब्द चुनें।
(SSC GD 2021)

एकांत

(a) एकता (b) सहसा
(c) शून्य (d) अचानक

90. दिए गए शब्द का समानार्थी शब्द चुनें–
(SSC GD 2021)

धरती

(a) धज (b) मेदिनी
(c) आत्मजा (d) पुलिनवती

91. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

प्रधान

(a) मंत्री (b) नेता
(c) मुख्य (d) गौण

92. 'पहाड़' का पर्यायवाची है।
(SSC GD 2021)

(a) अचल (b) गिरीश
(c) अनंत (d) तुरंग

93. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें–
(SSC GD 2021)

पक्षी

(a) केकी (b) पन्नग
(c) खग (d) अलि

94. दिए गए शब्द के समानार्थी का चयन करें।
(SSC GD 2021)

हिमालय

(a) स्थिर (b) जगत
(c) सुरभि (d) नगराज

95. 'अनन्त' किसका पर्यायवाची है?
(SSC GD 2021)

(a) आकाश (b) समुद्र
(c) देव (d) पर्वत

96. दिए गए शब्द के सर्वाधिक उपयुक्त समानार्थी शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)

महीप

(a) सुरेश (b) दिनेश
(c) व्योमकेश (d) नरेश

97. दिए गए शब्द का समानार्थी शब्द बताइए–
(SSC GD 2021)

सरस्वती

(a) शारदा (b) पार्वती
(c) काली (d) चंडी

98. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें–
(SSC GD 2021)

बिजली

(a) दामिनी (b) यामिनी
(c) शर्वरी (d) अटवी

99. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें–
(SSC GD 2021)

आकाश

(a) अक्षि (b) यामिनी
(c) अतुल (d) अम्बर

100. दिए गए शब्द का समानार्थी शब्द बताइए–
(SSC GD 2021)

तलवार

(a) शर (b) खड्ग
(c) खद्योत (d) भाला

101. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करे–
(SSC GD 2019)

प्रख्यात

(a) शोषित (b) विमुख
(c) प्रसिद्ध (d) हस्ती

102. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें–
(SSC GD 2019)

'कुबेर'

(a) यक्षराज (b) गिरिराज
(c) महाराज (d) यमराज

103. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

आगंतुक

(a) अनोखा (b) आत्मज
(c) अतिथि (d) अनुचर

104. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

कृपण

(a) कंजूस (b) कृपा
(c) कृपाण (d) कृतज्ञ

105. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

किसलय

(a) विद्यालय (b) पुस्तकालय
(c) भोजन (d) नवपल्लव

106. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

पुलिन

(a) नवीन (b) कुलीन
(c) प्राचीन (d) कगार

107. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

कुंतल

(a) बाघ (b) बालू
(c) बाण (d) केश

108. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

हिम

(a) वायु (b) जल
(c) अग्नि (d) बर्फ

109. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

बादल

(a) घर (b) घन
(c) घट (d) आकाश

110. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

समुद्र

(a) परिमाण (b) मेघ
(c) नीरधि (d) परिधि

111. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें
(SSC GD 2019)

प्रकृति

(a) सृष्टि (b) संसार
(c) हरियाली (d) कुदरत

112. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

अभ्युदय

(a) इच्छा (b) आकांक्षा
(c) अवनति (d) उन्नति

113. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

बादल

(a) पानी (b) पयोधर
(c) पर्वत (d) पवन

114. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

गंगा

(a) यमुना (b) भागीरथी
(c) तटिनी (d) नदी

115. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

विश्व

(a) भूमि (b) पाताल
(c) धरती (d) संसार

116. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करे।
(SSC GD 2019)

चंद्रमा

(a) शशिकला (b) अनुराग
(c) रवि (d) शशि

117. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

जंगल

(a) उपवन (b) पतथर
(c) पय (d) कानन

118. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

पथ

(a) राह (b) पाथिक
(c) पंछी (d) भानु

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(a)	3.	(d)	4.	(d)	5.	(c)	6.	(d)	7.	(d)	8.	(c)	9.	(a)	10.	(a)
11.	(d)	12.	(c)	13.	(b)	14.	(a)	15.	(d)	16.	(a)	17.	(b)	18.	(c)	19.	(c)	20.	(a)
21.	(c)	22.	(d)	23.	(b)	24.	(b)	25.	(b)	26.	(b)	27.	(b)	28.	(c)	29.	(a)	30.	(d)
31.	(b)	32.	(b)	33.	(b)	34.	(b)	35.	(c)	36.	(a)	37.	(a)	38.	(a)	39.	(c)	40.	(a)
41.	(d)	42.	(a)	43.	(b)	44.	(c)	45.	(d)	46.	(a)	47.	(b)	48.	(d)	49.	(d)	50.	(b)
51.	(d)	52.	(a)	53.	(c)	54.	(c)	55.	(d)	56.	(c)	57.	(d)	58.	(d)	59.	(d)	60.	(a)
61.	(a)	62.	(b)	63.	(b)	64.	(a)	65.	(d)	66.	(b)	67.	(b)	68.	(c)	69.	(c)	70.	(c)
71.	(b)	72.	(a)	73.	(b)	74.	(b)	75.	(c)	76.	(b)	77.	(d)	78.	(d)	79.	(c)	80.	(c)
81.	(b)	82.	(c)	83.	(a)	84.	(d)	85.	(a)	86.	(d)	87.	(b)	88.	(c)	89.	(c)	90.	(b)
91.	(c)	92.	(a)	93.	(c)	94.	(d)	95.	(a)	96.	(d)	97.	(a)	98.	(a)	99.	(d)	100.	(b)
101.	(c)	102.	(a)	103.	(c)	104.	(a)	105.	(d)	106.	(d)	107.	(d)	108.	(d)	109.	(b)	110.	(c)
111.	(d)	112.	(d)	113.	(b)	114.	(b)	115.	(d)	116.	(d)	117.	(d)	118.	(a)				

3 मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

परिभाषा

आमतौर पर कुछ लोग मुहावरे को 'रोजमर्रा', बोलचाल' तर्जेकलाम या इस्तलाह भी कहते हैं। परंतु इनमें से किसी भी शब्द को **'मुहावरे'** के पूर्ण पर्यायवाची रूप में परिभाषित नहीं किया जा सकता है।

विभिन्न विद्वानों ने विभिन्न प्रकार से **'मुहावरे'** की परिभाषा दी है–

"हिन्दी–उर्दू में लक्षणा अथवा व्यंजना द्वारा सिद्ध वाक्यों को ही मुहावरा कहते हैं।" **– डॉ॰ उदय नारायण तिवारी**

"किसी भाषा की अभिव्यंजना के विशिष्ट रूप को मुहावरा कहते हैं।" **– ऑक्सफोर्ड कन्साइज डिक्शनरी**

"मुहावरा" शब्दों का वह क्रम या समूह है जिसमें सब शब्दों का अर्थ एक साथ मिलकर किया जाता है।" **– ए॰ एस॰ हॉर्नबी**

मुहावरे रूप की दृष्टि से पदबंध जैसे होते हैं किन्तु उनमें और साधारण पदबंध में बहुत अंतर होता है। मुहावरे के संतत प्रयोग के कारण अपने शब्दार्थ को छोड़कर विशेष रूप से भाषा जीवंत और प्रभावशाली प्रतीत होती है। इनके प्रयोग से भाषा में रोचकता रंजकता, प्रवाह व ललित्य के गुण का सृजन होता है।

'मुहावरा' शब्द अरबी भाषा से लिया गया है। जिस का अर्थ है अभ्यास हिन्दी भाषा में मुहावरों का प्रयोग भाषा को सुंदर प्रभावशाली, संक्षिप्त तथा सरल बनाने के लिए किया जाता है ये वाक्यांश होते हैं। इन का प्रयोग करते समय इनका शाब्दिक अर्थ न लेकर विशेष अर्थ लिया जाता है।

उदाहरण–

1. **रस्सी का साँप बनाना** – बात का बतंगड़ बनाना।
2. **रस्सी जल गई पर ऐंठन न गई** – सर्वनाश हो गया पर घमंड नहीं गया।
3. **राम मिलाई जोड़ी, एक अंधा एक कोढ़ी** – बराबर का मेल हो जाना।
4. **लंका में सब बावन गज के** – एक से बढ़कर एक।
5. **लातों के भूत बातों से नहीं मानते** – दुष्ट लोगों से कड़ाई से पेश आना पड़ता है।
6. **लाल गुदड़ी में नहीं छिपते** – उत्तम प्रकृति के लोगों का पता चल ही जाता है।
7. **लेना एक न देना दो** – किसी से कुछ मतलब न रखना।
8. **वहम की दवा लुकमान हकीम के पास भी नहीं है** – वहम सबसे बुरा रोग है।
9. **शक्ल चुड़ैल की, मिजाज परियों का** – बेकार का नखरा।
10. **शेरों का मुँह किसने धोया** – सामर्थ्यवान् के लिए कोई उपाय नहीं।
11. **सखी न सहेली, भली अकेली** – अकेले रहना अच्छा।
12. **सच्चा जाये रोता आये, झूठा जाए हँसता आये** – सच्चा दुखी।
13. **साँच को आँच नहीं** – सच्चे आदमी को कोई खतरा नहीं।
14. **साँप मरे न लाठी टूटे** – बिना बल प्रयोग के काम हो जाए।
15. **सावन हरे न भादों सूखे** – सदा एक सी दशा।
16. **सिर मुँडाते ही ओले पड़ना** – शुरू में ही विघ्न पड़ना।
17. **सौ दिन चोर के, एक दिन साह का** – सौ अपराध करे पर एक दिन फँस ही जाएगा।
18. **सौ सुनार की एक लोहार की** – निर्बल के मुकाबले बलवान का प्रभाव अधिक होता है।
19. **हथेली पर सरसों नहीं जमती** – कठिन काम इतनी जल्दी नहीं हो जाता।

SSC GD के परीक्षानुरूप महत्त्वपूर्ण मुहावरों का संकलन

1. **अंगूठा दिखाना** – इनकार करना
2. **अंधे की लकड़ी** – एकमात्र सहारा
3. **अंधे के आगे रोना** – व्यर्थ प्रयत्न करना

4. **अंधे के हाथ बटेर लगना** – अनायास ही मिलना
5. **अक्ल के पीछे लट्ठ लिए फिरना** – मूर्खतापूर्ण कार्य करना
6. **अक्ल का अंधा/अक्ल का दुश्मन** –महामूर्ख होना
7. **अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना** – आत्मप्रशंसा करना
8. **आँख मूँदना** – मर जाना/अनदेखी करना
9. **आँखों में धूल झोंकना** – धोखा देना
10. **आकाश पाताल एक करना** – कठिन परिश्रम करना
11. **अड़ियल टट्टू** – रुक–रुक कर काम करने वाला
12. **उँगली पर नचाना** – वश में रखना
13. **उड़ती चिड़िया पहचानना** – दूरदर्शी होना
14. **ऊधो का न लेना न माधो का देना** – किसी से किसी प्रकार का संबंध न रखना।
15. **एक ढेले से दो शिकार** – एक कार्य से दो उद्देश्यों की पूर्ति करना।
16. **औंधे मुँह गिरना** – पराजित होना
17. **ओले पड़ना** – विपत्ति आना।
18. **औकात पहचानना** – यह जानना कि किस में कितनी ताकत है।
19. **कलेजे पर पत्थर रखना** – धैर्य धारण करना
20. **कूपमण्डूक होना** – सीमित ज्ञान
21. **काँटों पर लेटना** – बेचैन होना
22. **काँटा दूर होना** – बाधा दूर होना
23. **कमर कसना** – तैयार होना
24. **कदम उखड़ना** – भाग खड़े होना
25. **कालिख पोतना** – बदनामी करना
26. **कंगाली में आटा गीला होना** – अभाव में और भी अभाव होना
27. **गागर में सागर भरना** – थोड़े में बहुत कुछ कहना
28. **चींटी के पर निकलना** – मरने के दिन निकट आना
29. **चोली दामन का साथ** – अत्यन्त निकटता
30. **चैन की बंशी बजाना** – मौज करना
31. **चिराग तले अँधेरा** – अपना दोष स्वयं दिखाई नहीं देता
32. **चोर की दाढ़ी में तिनका** – अपराधी सदैव सशंक रहता है
33. **चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना** – आश्चर्य होना
34. **घाट, घाट का पानी पीना** – बहुत अनुभव प्राप्त करना
35. **टूट पड़ना** – आक्रमण करना
36. **टेढ़ी खीर** – कठिन काम या बात
37. **ठन–ठन–गोपाल** – पैसा पास न होना
38. **तेली का बैल** – हर समय काम में लगे रहना
39. **दाहिना हाथ** – बहुत बड़ा सहायक होना
40. **जूतियों में दाल बाँटना** – अनबन होना
41. **धूप में बाल सफेद होना** – अनुभवहीन होना
42. **नाक में नकेल डालना** – वश में करना
43. **नाकों–चने चबाना** – बहुत तंग करना
44. **पाँव फूँक–फूँक कर रखना** – सतर्कता से कार्य करना
45. **फट पड़ना** – एक दम गुस्से में हो जाना
46. **बखिया उधेड़ना** – भेद खोलना
47. **बाँए हाथ का खेल** – अति सरल काम
48. **भैंस के आगे बीन बजाना** – बेसमझ आदमी को उपदेश देना
49. **भगीरथ प्रयत्न करना** – कठोर परिश्रम
50. **मुँह की खाना** – हार जाना/अपमानित होना
51. **मुँह पकड़ना** – बोलने न देना
52. **मुट्ठी गरम करना** – रिश्वत देना
53. **मिट्टी का माधो** – मूर्ख
54. **लंगोटी में फाग खेलना** – दरिद्रता में आनन्द मनाना
55. **लोहे के चने चबाना** – कठिनाइयों का सामना करना
56. **लाल पीला होना** – गुस्से में होना
57. **श्री गणेश करना** – कार्य आरम्भ करना
58. **साँप छछूँदर की गति होना** – असमंजस की दशा में होना
59. **सब्ज बाग दिखाना** – लालच देकर बहकाना
60. **हाथ–पाँव फूल जाना** – डर से घबरा जाना
61. **अँगूठा चूमना** – खुशामद करना, चापलूसी करना
62. **अँगूठा दिखाना** – इंकार करना

63. **आँसू पी जाना** – दुःख को छिपा लेना
64. **आँखे चार होना** – देखा–देखी होना या प्रेम होना
65. **आँखे थकना** – प्रतीक्षा में निराश होना
66. **आँख दिखाना** – क्रोध प्रकट करना
67. **आँखों का पानी ढल जाना** – लज्जारहित हो जाना
68. **आँखों मे चर्बी छाना** – घमण्डी होना
69. **आठ–आठ आँसू रोना** – विलाप करना
70. **आग में कूद पड़ना** – खतरा मोल लेना
71. **अंडे का शहजादा** – अनुभवहीन
72. **अपनी डफली आप बजाना** – अपने मन की करना
73. **आन रखना** – मान रखना
74. **आग उगलना** – क्रोध प्रकट करना
75. **आग में घी डालना** – झगड़ा बढ़ाना, क्रोध भड़काना
76. **आग पानी का बैर** – सहज बैर
77. **उल्लू सीधा करना** – अपना स्वार्थ साधना
78. **ऐड़ी चोटी का पसीना एक करना** – खूब परिश्रम करना
79. **कलम तोड़ना** – खूब लिखना, अनुपम रचना करना
80. **काँटों में घसीटना** – संकट में डालना
81. **करवटे बदलना** – बेचैन रहना
82. **काला अक्षर भैंस बराबर** – अनपढ़, निरा मूर्ख
83. **नीम हकीम खतरा–ए–जान** – अनुभवहीन व्यक्ति के हाथों काम बिगड़ सकता है।
84. **कोल्हू का बैल** – खूब परिश्रमी
85. **कटे पर नमक छिड़कना** – विपत्ति के समय और दुःख देना
86. **किस खेत की मूली** – अधिकार हीन, शक्तिहीन
87. **खटाई में पड़ना** – झमेले में पड़ा रहना
88. **खरी–खोटी सुनाना** – भला–बुरा कहना
89. **खून का प्यासा** – जान से मारने पर उतारू
90. **गुड़ गोबर करना** – बनाया काम बिगाड़ना
91. **गीदड़ भभकी** – मन में डरते हुए भी ऊपर से दिखावटी क्रोध करना
92. **गुरु घंटाल'**– बहुत चालाक
93. **गड़े मुर्दे उखाड़ना** – दबी हुई बात फिर से उभारना
94. **गूलर का कीड़ा** – सीमित दायरे में भटकना
95. **गुदड़ी का लाल** – गरीब के घर गुणवान का होना
96. **घोड़े बेचकर सोना** – बेफिक्र होकर सोना
97. **चार दिन की चाँदनी** – क्षणिक सुख
98. **चाँद पर थूकना** – किसी बड़े पुरुष पर कलंक लगाना
99. **चुल्लू भर पानी में डूब मरना** – अत्यन्त लज्जित होना
100. **चम्पत हो जाना** – भाग जाना
101. **चकमा देना** – धोखा देना
102. **छाती पर मूँग दलना** – कष्ट देना
103. **छाती पर पत्थर रखना** – असह्य दुःख को दिल मे दबा लेना
104. **छोटे मुँह बड़ी बात** – योग्यता से बढ़कर बोलना
105. **छाती पर साँप लोटना** – ईर्ष्या से हृदय जलना
106. **जमीन का पैरों तले से निकल जाना** – होश उड़ना।
107. **जलती आग में तेल डालना** – झगड़ा बढ़ाना
108. **जी का जंजाल होना** – अच्छा न लगना
109. **जी टूटना** – दिल टूटना
110. **जान पर खेलना** – प्राण संकट में डालना
111. **डींग हाँकना/शेखी बघारना** – बढ़–चढ़कर बातें करना
112. **तिल का ताड़ करना** – छोटी बात को बड़ी बनाना
113. **तेवर बदलना** – क्रोध करना
114. **तूती बोलना** – प्रसिद्ध होना, खूब चलना
115. **दूध के दाँत न टूटना** – अनुभव का न होना
116. **दायें–बायें देखना** – सावधान होना
117. **धरती पर पाँव न रखना** – घमंडी होना
118. **हींग लगे न फिटकरी रंग भी चोखा हो** – साधारण मेहनत से अच्छा काम कर लेना
119. **हाथ का दिया आड़े आए** – अपना कर्म ही फल देता है।
120. **धाक जमाना** – रोब दिखाना या होना
121. **नेकी और पूछ–पूछ** – बिना कहे ही भलाई करना
122. **नौ दो ग्यारह होना** – भाग जाना

123. **पानी–पानी होना** – अधिक लज्जित होना
124. **पानी–पानी करना** – लज्जित करना
125. **पानी में आग लगाना** – असंभव कार्य करना
126. **पोल खोलना** – रहस्य प्रकट करना
127. **पापड़ बेलना** – दुःख में दिन काटना
128. **पौ बारह होना** – खूब लाभ होना
129. **पीठ ठोंकना** – साहस बढ़ाना
130. **पीठ दिखाना** – पलायन करना
131. **फूला न समाना** – काफी खुश होना
132. **फूटी आँखों न भाना** – तनिक भी न सुहाना
133. **बगुला भगत** – कपटी व्यक्ति/ढोंगी व्यक्ति
134. **बहती गंगा में हाथ धोना** – समय का लाभ उठाना
135. **बगले झाँकना** – बचाव का रास्ता ढूँढ़ना
136. **बाग–बाग होना** – खुश होना
137. **बाँसो उछलना** – काफी खुश होना
138. **भीगी बिल्ली बनना** – लाचार होना
139. **भनक पड़ना** – उड़ती हुई खबर सुनना
140. **भाड़ झोंकना** – समय नष्ट करना
141. **मन फट जाना** – विराग होना
142. **मिट्टी के मोल बिकना** – बहुत सस्ता होना
143. **मीन–मेख करना** – व्यर्थ तर्क
144. **मैदान मारना** – विजय प्राप्त करना
145. **रंगा सियार** – ढोंगी
146. **लाल–पीला होना** – क्रोधित होना, रंज होना
147. **मुर्गी को तकवे का घाव भी बहुत है** – कमजोर आदमी थोड़ा सा कष्ट भी नहीं सह सकता।
148. **होश उड़ जाना** – घबरा जाना
149. **हक्का–बक्का रह जाना** – भौंचक रह जाना
150. **हवा लगना** – प्रभाव पड़ना
151. **हथियार डाल देना** – हार मान लेना
152. **हड़प जाना** – हजम कर जाना
153. **अंक भरना/लगाना** – गले लगाना, आलिंगन करना
154. **अंकुश न मानना** – ढिठाई करना
155. **अंग–अंग खिल उठना**– प्रसन्न हो जाना
156. **अंग–अंग ढीला होना** – फुर्ती न रहना
157. **अंग–अंग फूले न समाना** – बहुत आनंदित होना
158. **अंग टूटना** – थकावट से शरीर में दर्द होना
159. **अंग लगना** – ताकत देना
160. **अंगूठी का नगीना** – सजीला और सुंदर
161. **अंटी मारना** – चाल चलना
162. **अंडा फूट जाना** – भेद खुल जाना
163. **अंडे सेना** – घर में बेकार बैठे रहना
164. **अंधेर खाता** – अन्याय
165. **अंगार/अंगारे बरसना** – कड़ी धूप होना
166. **अंगारों पर पैर रखना** – जोखिम मोल लेना
167. **अंदर होना** – जेल में बंद होना
168. **अंधेर नगरी** – जहाँ धाँधली हो
169. **अँधेरे घर का उजाला** – इकलौता बेटा
170. **अँधेरे में रखना** – भेद छिपाना
171. **बोए पेड़ बबूल के आम कहाँ से होय** – जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल मिलेगा
172. **अक्ल पर पत्थर/परदा पड़ना** – समझ न रहना
173. **अटकले भिड़ाना** – उपाय सोचना
174. **अठखेलियाँ सूझना** – हँसी दिल्लगी करना
175. **बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम** – उम्र के हिसाब से चीज अच्छी लगती है।
176. **अंधा बनाना** – मूर्ख बनाकर धोखा देना
177. **अढ़ाई चावल की खिचड़ी अलग पकाना** – सबसे अलग सोच–विचार रखना
178. **अढ़ाई दिन की बादशाहत** – थोड़े दिन की शान–शौकत
179. **अधर में लटकना या झूलना** – दुविधा में पड़े रह जाना
180. **अन्न जल उठ जाना** – किसी जगह से चले जाना
181. **अन्न न लगना** – खा–पीकर भी मोटा न होना
182. **अपना–अपना राग अलापना** – अपनी ही बातें कहना
183. **अपना सा मुँह लेकर रह जाना** – लज्जित होना

184. **अपनी खाल में मस्त रहना** – अपनी दशा से संतुष्ट रहना

185. **अपनी खिचड़ी अलग पकाना** – अलग–थलग रहना

186. **अबे–तबे करना** – आदर से न बोलना

187. **अपने पैरों पर खड़ा होना** – स्वावलंबी होना

188. **अब–तब करना** – टाल देना

189. **आपे में न होना** – होश में न होना

190. **आँख आना** – आँख दुखना

191. **आँख उठाकर न देखना** – तिरस्कार करना

192. **आँख का काँटा** – शत्रु

193. **आँख का काजल** – अत्यंत प्रिय

194. **आँखें पथरा जाना** – आँखें थक जाना

195. **आँखों का काजल चुराना** – गहरी चोरी कर लेना

196. **आँखें फेर लेना** – प्रतिकूल होना

197. **बिन रोए तो माँ भी दूध नहीं पिलाती** – बिना यत्न किये कुछ भी नहीं मिलता।

198. **आँखों में खून उतरना** – गुस्से से आँखें लाल हो जाना

199. **आँखों में धूल झोंकना** – धोखा देना

200. **आँखों से गिरना** – आदर भाव घट जाना

201. **आँच न आने देना** – जरा सा भी कष्ट न होने देना

202. **आँचल पकड़ना** – सहारा लेना

203. **आँधी के आम** – सस्ती चीजें

204. **आँसू पोंछना** – ढाढस बँधाना

205. **आकाश कुसुम** – अनहोनी बात

206. **आग पर तेल छिड़कना** – और भड़काना

207. **आग पर पानी डालना** – झगड़ा मिटाना

208. **आग बबूला होना** – बहुत गुस्सा होना

209. **आग लगाकर तमाशा देखना** – झगड़ा पैदा करके खुश होना

210. **आगा–पीछा करना** – सोच में पड़ना

211. **आगे का पैर पीछे पड़ना** – किस्मत उल्टी होना

212. **आटे–दाल का भाव मालूम होना** – दुनियादारी का ज्ञान होना

213. **आसमान का टूट पड़ना** – अचानक विपत्ति आ पड़ना

214. **आसमान पर चढ़ा देना** – बहुत तारीफें करना

215. **आसमान सिर पर उठाना** – बहुत शोर करना

216. **आस्तीन का साँप** – विश्वासघाती मित्र

217. **इशारों पर नाचना** – किसी की इच्छाओं का तुरंत पालन करना

218. **ईंट से ईंट बजाना** – विनाश करना

219. **ईद का चाँद होना** – बहुत दिनों बाद दिखाई देना

220. **उधार खा बैठना** – हठ करना

221. **उधेड़–बुन में पड़ना/रहना** – सोच–विचार करते रहना

222. **उबल पड़ना** – एकदम गुस्सा हो जाना

223. **उल्टी गंगा बहाना** – उल्टा काम करना

224. **उल्टी माला फेरना** – अहित सोचना

225. **ऊँचे–नीचे पैर पड़ना** – बुराई में पड़ जाना

226. **एक घाट का पानी पीना** – एकता और सहनशीलता होना

227. **एक ही थाली के चट्टे–बट्टे** – एक जैसे चरित्र और विचार के लोग

228. **ओखली में सिर देना** – जोखिम मोल लेना

229. **औंधी खोपड़ी** – मूर्खता

230. **कंधे से कंधा छिलना** – भारी भीड़ होना

231. **कच्चा चिट्ठा खोलना** – सब भेद खोल देना

232. **कटे पर नमक छिड़कना** – दुःखी को और दुःखी करना

233. **कमर कसना** – तैयार हो जाना

234. **कलम का धनी** – अच्छा लेखक

235. **कलेजा मुँह को आना** – दुःख होना

236. **कलेजा ठंडा होना** – मन को शांति मिलना

237. **कलेजे पर साँप लोटना** – डाह से कुढ़ना

238. काँटे बिछाना – अड़चने पैदा करना

239. **बाप न मारे मेंढकी, बेटा तीरंदाज** – बड़े से छोटे का आगे निकल जाना।

240. **कागजी घोड़े दौड़ाना** – केवल लिखा–पढ़ी करते रहना

241. **काठ का उल्लू** – महा मूर्ख
242. **कान कतरना** – बहुत चालाक होना
243. **कान खोलना** – सावधान कर देना
244. **कान देना** – ध्यान से सुनना
245. **कान भरना** – चुगली करना
246. **काफूर होना** – गायब हो जाना
247. **काम तमाम करना** – मार डालना
248. **काला नाग** – खोटा या घातक व्यक्ति
249. **काले कोसो** – बहुत दूर
250. **किस दर्द या मर्ज की दवा** – काम के न होना
251. **कीचड़ उछालना** – निंदा करना
252. **कुँए में गिरना** – विपत्ति में पड़ना
253. **कुछ उठा न रखना** – कोई कसर न छोड़ना
254. **कूच कर जाना** – चले जाना–मर जाना
255. **कोई दम भर का मेहमान होना** – मरने के करीब होना
256. **कोर दबना** – दबाव में होना
257. **कोए उड़ाना** – घटिया काम करना
258. **कौड़ी–कौड़ी पर जान देना** – कंजूस होना
259. **बाँझ क्या जाने प्रसव की पीड़ा** – दुख को दुखी ही समझता है।
260. **खाक छानना** – मारा–मारा फिरना
261. **खाक में मिलाना** – नष्ट करना
262. **खुले हाथ** – उदारता से
263. **खून खौलना/उबलना** – जोश आना
264. **खून–पसीना एक करना** – कड़ी मेहनत करना
265. **खेत आना/रहना** – रणभूमि में मारा जाना
266. **खेल खेलना** – परेशान करना
267. **गंगा नहाना** – कठिन कार्य पूरा होना
268. **गठरी मारना** – सामान चुरा लेना
269. **गढ़ जीतना** – बहुत कठिन काम करना
270. **गले पड़ा ढोल बजाना** – सिर पर पड़ी जिम्मेदारी को मजबूरन पूरा करना
271. **गले मढ़ना** – जबरदस्ती सौंपना
272. **गहरा हाथ मारना** – बहुत कुछ हथिया लेना
273. **गाँठ में बाँधना** – खूब याद रखना
274. **गाजर मूली समझना** – तुच्छ समझना
275. **गाढ़े का साथी** – संकट का साथी
276. **गाल फुलाना** – रूठना
277. **गिरगिट की तरह रंग बदलना** – एक रंग–ढंग न रखना
278. **बड़े बोल का सिर नीचा** – जो घमंड करता है उसको नीचा देखना पड़ता है।
279. **गुल खिलाना** – कोई बखेड़ा खड़ा करना
280. **गूलर का फूल** – दुर्लभ वस्तु
281. **गोबर गणेश** – बिल्कुल बुद्धू
282. **घड़िया गिनना** – बेचैनी से प्रतीक्षा करना
283. **घर काटे खाना** – घर में कोई न होने से अकेलापन अखरना
284. **घर का न घाट का** – कहीं का नहीं
285. **घर फूँक तमाशा देखना** – अपनी हानि करके मोज उड़ाना
286. **घाव हरा करना** – भूले हुए दुख को याद दिलाना
287. **घास काटना** – फूहड़ काम करना
288. **घास छीलना** – व्यर्थ समय गँवाना
289. **घी के दिये जलाना** – खुशी मनाना
290. **घोघा बसंत** – मूर्ख
291. **चंडाल चौकड़ी** – निकम्मे बदमाश लोग
292. **चचा बनाकर छोड़ना** – मरम्मत करना
293. **चप्पा–चप्पा छान मारना** – हर जगह ढूँढ लेना
294. **चलता पुरजा** – चालाक और व्यवहार–कुशल
295. **चलता बनना** – खिसक जाना
296. **चल बसना** – मर जाना
297. **चाँदी का जूता** – घूस का धन
298. **चाँदी काटना** – खूब धन अर्जित करना
299. **चार चाँद लगना** – शोभा बढ़ाना
300. **चिकना घड़ा** – बेशर्म

301. **बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद** – अज्ञानी व्यक्ति गुणवान वस्तु की कद्र नहीं जानता
302. **चुल्लुओं लहू पीना** – बहुत परेशान करना
303. **चूड़ियाँ पहनना** – औरतों की तरह डरपोक होना
304. **चूना लगाना** – धोखा देना
305. **चूलें ढीली होना** – अंग–अंग शिथिल होना
306. **छक्का–पंजा भूलना** – कुछ भी याद न रहना
307. **छक्के छूटना** – बुद्धि चकरा जाना
308. **छप्पर फाड़कर देना** – बिना परिश्रम एकदम लाभ होना
309. **छाँह न छूने देना** – पास तक न आने देना
310. **जड़ खोदना/काटना** –समूल नष्ट करना
311. **जबान काट कर देना** – वादा करना
312. **जबान में लगाम न होना** – बेमतलब बोलते जाना
313. **जमीन आसमान का फर्क** – बहुत भारी अंतर
314. **जहर उगलना** – कड़वी बातें कहना
315. **जहर की पुड़िया** – झगड़ालू औरत
316. **जान में जान आना** – चैन मिलना
317. **जामे से बाहर होना** – अति क्रुद्ध होना
318. **जी खट्टा होना** – विरति होना/मन में वैराग पैदा होना
319. **जीती मक्खी निगलना** – जानते हुए भी धोखा खाना
320. **जी भर आना** – दुखी होना
321. **झाड़ू फेरना** – नष्ट करना
322. **टका–सा जवाब देना** – साफ इन्कार करना
323. **फलूदा खाते दाँत टूटे तो टूटे** – स्वाद के लिए नुकसान भी मंजूर है।
324. **टट्टी की आड़ में शिकार खेलना** – छिपे–छिपे किसी के विरूद्ध कुछ करना
325. **टट्टू पार होना** – काम निकल जाना
326. **टाँग अड़ाना** – बाधा पैदा करना
327. **टेढ़ी खीर** – कठिन काम
328. **ठीकरा फोड़ना** – दोष लगाना
329. **डकार जाना** – माल पचा जाना
330. **पेट में दाढ़ी होना** – छोटी सी उम्र में ही बहुत ज्ञान होना
331. **डेढ़ चावल की खिचड़ी पकाना** – बहुमत से अलग रहना
332. **ढाई घड़ी का आना** – अचानक मर जाना
333. **तख्ता उलटना** – सरकार बदलना
334. **तलवा खुजलाना** – यात्रा करने को होना
335. **तलवे चाटना** – खुशामद करना
336. **तारे गिनना** – रात में नींद न आना
337. **तीन पाँच करना** – टाल–मटोल करना
338. **तेवर चढ़ाना** – गुस्सा होना
339. **थूक कर चाटना** – वचन से फिरना
340. **दमड़ी के तीन होना** – सस्ते होना
341. **दम भरना** – दावा करना
342. **दाँत खट्टे करना** – हरा देना
343. **दाई से पेट छिपाना** – जानकार से बात छिपाना
344. **हीजड़े के घर बेटा हुआ** – असंभव बात।
345. **दाल का न गलना** – वश न चलना
346. **दिन में तारे दिखाई देना** – अजीब हालत होना
347. **दिन पहाड़ होना** – दिन काटे न कटना
348. **दिनों का फेर होना** – भाग्य का चक्कर
349. **दिल भर आना** – शोकाकुल होना
350. **दूज का चाँद होना** – बहुत दिनों बाद दिखाई देना
351. **हाथी के दाँत खाने के और दिखाने के और** – किसी के भीतर और बाहर में अंतर होना
352. **देवता कूचकर जाना** – घबरा जाना
353. **दो दिन के मेहमान** – जल्दी मरने वाला
354. **धज्जियाँ उड़ाना** – दुर्गति करना
355. **नकेल हाथ में होना** – वश में होना
356. **नब्ज पहचानना** – स्वभाव जानना
357. **नस–नस फड़क उठना** – बहुत उत्साहित होना
358. **नाक कटना** – बदनामी होना
359. **नाक रगड़ना** – गिड़गिड़ाना
360. **नाच नचाना** – मनचाही करवाना
361. **पंख न मारना** – पहुँच न होना

362. **अंजर–पंजर ढीला होना** – अंग अंग ढीला होना या बहुत थक जाना

363. **पगड़ी उछालना** – बेइज्जत करना

364. **पगड़ी बदलना** – पक्की मित्रता होना

365. **पट्टी पढ़ाना** – बुरी सलाह देना

366. **पलक लगना** – नींद आ जाना

367. **पसीना** – पसीना होना – बहुत थक जाना

368. **पानी का बुलबुला होना** – क्षणभंगुर होना

369. **पाँव उखड़ना** – हार कर भाग जाना

370. **पानी पी–पीकर कोसना** – गालियाँ बकते जाना

371. **पानी फेर देना** – बिगाड़ देना

372. **पुट्ठे पर हाथ न रखने देना** – पास न फटकने देना

373. **पेट का हल्का** – बात को अपने तक न रख सकने वाला

374. **प्राणों पर खेलना** – प्राणों की बाजी लगा देना

375. **बंदर घुड़की या भभकी** – प्रभावहीन धमकी

376. **बच्चों का खेल** – सरल काम

377. **फूलकर कुप्पा होना** – बहुत खुश या बहुत नाराज होना

378. **प्यासा कुएँ के पास जाता है** – जिसे जरूरत होती है वही दूसरों के पास जाता है।

379. **बड़े घर की हवा खाना** – जेल जाना

380. **बत्तीसी बंद होना** – चुप हो जाना

381. **बाएँ हाथ का खेल** – अति सरल काम

382. **बाजार गर्म होना** – काम धंधा तेज होना

383. **बात की बात में** – तुरंत

384. **बाल की खाल निकालना** –व्यर्थ का दोष निकालना

385. **बाल बाँका न कर सकना** – कुछ भी हानि न पहुँचा सकना

386. **पानी पीकर जात पूँछना** – काम करने के बाद उसके अच्छे–बुरे पहलुओं पर विचार करना।

387. **भेड़िया धसान होना** – देखा देखी करना

388. **मक्खियाँ मारना** – बेकार बैठना

389. **मजा किरकिरा होना** – आनन्द में विघ्न पड़ना

390. **मन के लड्डू** – खाना कल्पना करके प्रसन्न होना

391. **पैसा गाँठ का, जोरू साथ की** – अपने पास पैसा और पत्नी हो तो जीवन सुखी रहता है।

392. **मीठी छुरी चलाना** – विश्वासघात करना

393. **पूत सपूत तो काहे धन** संचै, पूत कपूत तो काहे धन संचै – धन का संचय अच्छा नहीं

394. **मुँह पर बसंत फूलना या खिलना** – भयभीत होना

395. **मुँह बनाना** – खीझ प्रकट करना

396. **मुट्ठी में करना** – वश में करना

397. **रंग में भंग पड़ना** – मजा किरकिरा होना

398. **रास्ता देखना** – प्रतीक्षा करना

399. **रास्ता नापना** – चले जाना

400. **रास्ते पर लाना** – सुधार करना

401. **ललाट में लिखा होना** – भाग्य में लिखा होना

402. **लहू के आँसू पीना** – दुख सह लेना

403. **लाले पड़ना** – बहुत कमी हो जाना

404. **लोहा मानना** – श्रेष्ठता स्वीकार करना

405. **विष की गाँठ** – उपद्रवी, खोटा

406. **शान में बट्टा लगना** – शान घटना

407. **शैतान की आँत** – लम्बी बात या वस्तु

408. **सफेद झूठ** – बिल्कुल झूठ

409. **साँचे में ढ़ल जाना** – रूपवान होना

410. **साँप सूँघ जाना** – गुप चुप हो जाना

411. **सिन्दूर चढ़ना** – लड़की का विवाह होना

412. **सिर उठाना** – विरोध करना

413. **सिर पर भूत सवार होना** – धुन लग जाना

414. **सुबह–शाम करना** – टाल–मटोल करना

415. **आँख के अंधे नाम नैनसुख** – नाम बड़ा और गुण विपरीत।

416. **आटे के साथ घुन भी पिसता है** – दोषी व्यक्ति का साथी निर्दोष भी मारा जाता है।

417. **आम के आम गुठलियों के दाम** – दोहरा लाभ

418. **उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे** – दोषी होने पर धौंस जमाना।

419. **ऊँची दुकान फीका पकवान** – केवल बाहरी दिखावा

420. **कहाँ राजा भोज कहाँ गंगू तेली** – छोटे आदमी के साथ बड़े आदमी की क्या तुलना

421. **खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे** – किसी बात पर लज्जित होकर क्रोध करना

422. **थोथा चना बाजे घना** – कम ज्ञान या गुण रखने वाला बातें बढ़–चढ़कर करता है।

423. **बिल्ली के भागों छीका टूटा** – जैसा चाहा, वैसा हो गया।

424. **भागते भूत की लँगोटी ही सही** – कुछ न मिलने की आशा न हो और कुछ मिल ही जाए।

425. **साझे की हाँडी चौराहे फूटी** – जिम्मेदारी एक व्यक्ति की होनी चाहिए, नहीं तो काम खराब हो जाता है।

426. **अंत भला तो सब भला** – परिणाम अच्छा हो तो सब कुछ अच्छा माना जाता है।

427. **अंधा क्या चाहे, दो आँखें** – आवश्यक वस्तु की चाह सबको होती है

428. **अंधी पीसे कुत्ता खाए** – एक की मजबूरी से दूसरे को लाभ होता है।

429. **यह मुँह और मसूर की दाल** – अपनी औकात से बढ़कर पाने की इच्छा होना

430. **अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता** – अकेला व्यक्ति कोई बड़ा काम नहीं कर सकता।

431. **अक्ल बड़ी या भैंस** – शारीरिक शक्ति का महत्त्व कम है, बुद्धि का अधिक।

432. **अटका बनिया देय उधार** – गरज आ पड़े तो आदमी सब कुछ मान जाता है।

433. **अपनी गली में कुत्ता शेर** – अपने घर में सबका जोर होता है।

434. **अपनी नींद सोना, अपनी नींद जागना** – पूर्ण स्वंतत्र होना।

435. **अपनी पगड़ी अपने हाथ** – अपनी इज्जत अपने हाथ।

436. **अभी दिल्ली दूर है** – अभी कसर है।

437. **आई मोज फकीर की दिया झोंपड़ा फूँक** – मोजी और विरक्त आदमी किसी चीज की परवाह नहीं करता।

438. **आठ कनौजिया नौ चूल्हे** – अलगाव की स्थिति।

439. **आधा तीतर आधा बटेर** – बेमेल चीजों का सम्मिश्रण।

440. **आम खाने से काम, पेड़ गिनने से क्या काम** – अपने मतलब की बात करो।

441. **आए थे हरिभजन को ओटन लगे कपास** – उच्च लक्ष्य लेकर चलना पर निम्न स्तर के कार्य करना

442. **आसमान से गिरा खजूर पर अटका** – एक विपत्ति से छूटकर दूसरी में पड़ना।

443. **इधर कुआँ उधर खाई** – हर हालत में मुसीबत।

444. **इस हाथ ले उस हाथ दे** – कर्मफल तुरंत मिलता है

445. **ईद का चाँद** – बहुत दिनों बाद दिखाई देने वाला

446. **उल्टी गंगा पहाड़ को चली** – असंभव या विपरीत बात होना

447. **ऊँट किस करवट बैठता है** – निर्णय किसके पक्ष में होता है।

448. **ऊँट के मुँह में जीरा** – खाने को बहुत कम मिलना।

449. **एक अनार सौ बीमार** – वस्तु कम व मांग अधिक होना।

450. **एक और एक ग्यारह होते हैं** – एकता में बल है।

451. **एक करेला/गिलोय, दूसरे नीम चढ़ा** – एक के साथ दूसरा दोष

452. **एक तो चोरी दूसरे सीना** –जोरी – अपराध करके उल्टे रोब झाड़ना

453. **एक हाथ से ताली नहीं बजती** – झगड़े के लिए दोनों पक्ष जिम्मेदार होते हैं।

454. **ओखली में सिर दिया तो मूसल से क्या डर** – कठिन कार्य हाथ में लेने पर कठिनाइयों से नहीं डरना चाहिये

455. **कर ले सो काम, भज ले सो राम** – कर्म करने और पूजापाठ में आनाकानी नहीं करनी चाहिए।

456. **कल किसने देखा है** – भविष्य में क्या होगा, कौन जानता है।

457. **कहने से धोबी गधे पर नहीं चढ़ता** – मनमानी करने वाला दूसरों की बात नहीं मानता।

458. **कहीं की ईंट कहीं का रोडा, भानूमती ने कुनबा जोड़ा** – बेमेल चीजें जोड़–जाड़कर कुछ बना लेना।

459. **काठ की हाँडी एक ही बार चढ़ती है** – धोखेबाजी हर बार नहीं चल सकती।

460. **काम का न काज का दुश्मन अनाज का** – निकम्मा आदमी।

461. **काली के व्याह को सौ जोखिम** – एक दोष होने पर लोग अनेक दोष निकाल देते हैं।

462. **कुत्ते को घी नहीं पचता** – नीच आदमी उच्च पद पाकर इतराने लगता है।

463. **कोयले की दलाली में मुँह काला** – बुरों के संग से कलंक लगता है।

464. **खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है** – देखा–देखी काम करना।

465. **खुदा की लाठी में आवाज नहीं** – कोई नहीं जानता कि भगवान कब कैसे क्या कर देते हैं।

466. **खोदा पहाड़ निकली चुहिया** – परिश्रम बहुत लाभ कम

467. **गंगा गए तो गंगादास, जमुना गए तो जमुनादास** – अपने सिद्धान्त बदलने वाला

468. **गवाह चुस्त मुद्दई सुस्त** – जिसका काम है वह तो आलस्य करे दूसरे फुर्ती दिखाएँ।

469. **गुड़ खाय गुलगुलों से परहेज** – झूठ और ढोंग रचना।

470. **बगल में छोरा शहर में ढिंढोरा** – वस्तु पास में और खोज दूर तक।

471. **घर आए कुत्ते को भी नहीं निकालते** – घर में आने वाले का सत्कार करना चाहिए।

472. **घर का जोगी जोगड़ा आन गाँव का सिद्ध** – अपने लोगों में आदर नहीं होता।

473. **घर की मुर्गी दाल बराबर** – अपनी चीज या अपने आदमी की कद्र नहीं।

474. **घोड़ा घास से यारी करे तो खाए क्या** – पेशेवर को किसी की रू–रियायत नहीं करनी चाहिए।

475. **चट मँगनी पट ब्याह** – तत्काल कार्य होना।

476. **चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए** – बहुत कंजूसी।

477. **चार दिन की चाँदनी फिर अँधेरी रात** – सुख थोड़े ही दिन का होता है।

478. **चित भी मेरी पट भी मेरी** – हर हालत में मेरा ही लाभ।

479. **चुड़ैल पर दिल आ जाए तो वह भी परी है** – जो चीज पसंद हो वह सबसे अच्छी मान ले।

480. **चोर–चोर मौसेरे भाई** – एक जैसे बदमाशों का मेल हो जाता है।

481. **पढ़े तो है गुने नहीं** – पढ़–लिखकर भी अनुभवहीन।

482. **छछूँदर के सिर में चमेली का तेल** – अयोग्य व्यक्ति को अच्छी चीज देना।

483. **छोटे मियाँ तो छोटे मियाँ, बड़े मियाँ सुभान अल्लाह** – छोटे से बड़ा अवगुणों में भारी।

484. **जंगल में मोर नाचा किसने देखा** – ऐसे स्थान पर गुण प्रदर्शन न करें जहाँ कद्र न हो।

485. **जल मे रहकर मगर से बैर** – जहाँ रहना हो वहाँ के मुखिया से बैर ठीक नहीं होता।

486. **जहाँ चार बासन होंगे, वह खटकेंगे भी** – जहाँ व्यक्ति होते हैं वहाँ कभी–कभी झगड़ा हो ही जाता है।

487. **जहाँ न पहुँचे रवि वहाँ पहुँचे कवि** – कवि की कल्पना सब जगह पहुँचती है।

488. **जादू वह जो सिर पर चढ़कर बोले** – जोरदार आदमी की बात माननी ही पड़ती है।

489. **जिस थाली में खाना, उसी में छेद करना** – जो उपकार करे उसका अहित करना।

490. **जिसकी जूती उसी के सिर** – जिसकी करनी उसी को फल।

491. **जिसकी लाठी उसी की भैंस** – शक्ति संपन्न आदमी अपना काम बना लेता है।

492. **झूठ के पाँव नहीं होते** – झूठा आदमी एक बात पर पक्का नहीं रह पाता।

493. **डूबते को तिनके का सहारा** – विपत्ति में थोड़ी सी सहायता भी उबार देती है।

494. **ढाक के वही तीन पात** – फिर–फिर वही बात या दशा

495. **हराम की कमाई हराम में गँवाई** – बेईमानी का पैसा बुरे कामों में लग जाता है।

496. **तीन में न तेरह में** – कुछ महत्त्व नहीं है।

497. **तुम्हारे मुँह में घी–शक्कर** – तुम्हारी बात सच हो।

498. **तू डाल–डाल, मै पात–पात** – एक से बढ़कर दूसरा चालाक।

499. **थका ऊँट सराय ताकता** – थकने पर विश्राम चाहिए।

500. **दाग लगाए लँगोटिया यार** – आदमी अपनों से ही धोखा खाता है।

501. **दाल–भात में मूसलचंद** – बीच में दखल देनेवाला

502. दिनभर चले अढ़ाई कोस – समय बहुत लगा और काम बहुत थोड़ा हुआ।

503. दीवार के भी कान होते हैं – रहस्य की बात गुप–चुप करनी चाहिए।

504. दुधारू गाय की लात सहनी पड़ती है – जिससे कुछ पाना होता है उसकी धौंस डपट सहनी पड़ती है।

505. दूध का दूध पानी का पानी – ठीक–ठीक न्याय हो जाना।

506. देशी कुतिया विलायती बोली – किसी की नकल में अपनापन छोड़ना।

507. दोनों हाथों से ताली बजती है – लड़ाई–झगड़े के जिम्मेदार दोनो पक्ष होते हैं।

508. न अंधे को न्योता देते न दो जने आते – गलत आदमी को बुलावा देना।

509. घड़ी में तोला घड़ी में माशा – चंचल मन वाला

SSC GD के परीक्षानुरूप विगत वर्षों के महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का संकलन

1. 'टिप्पस भिड़ाना' मुहावरे का अर्थ होगा–
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I)
(a) अक्ल लगाना
(b) नयी योजना बनाना
(c) लोगों को आपस में लड़वाना
(d) सिफारिश करवाना

2. वाक्य में रेखांकित अंश के लिए उचित मुहावरा दिए गए विकल्पों में से चुनिए–
तुम किस काम के हो!
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I)
(a) कोल्हू का बैल (b) कूप मंडूक
(c) किस मर्ज की दवा (d) कोढ़ में खाज

3. हिमालय की चोटियाँ तो (.....) करती हैं।' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए।
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III)
(a) राई का पहाड़ है
(b) गगनचुम्बी हैं
(c) आसमान से बातें करती हैं
(d) आसमान चूमती है

4. 'लेने के देने पड़ना' मुहावरे का उचित अर्थ है–
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III)
(a) बहुत अधिक लाभ होना
(b) लाभ के बदले हानि
(c) व्यापार करना
(d) कुछ न देना

5. निम्नलिखित मुहावरे के लिय उपयुक्त सार्थक शब्द है–
जी अच्छा होना
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) तबियत ठीक होना (b) बहाना करना
(c) रंग विरंगी (d) हिम्मत करना

6. मुहावरों और उनके अर्थ का निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है?
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)
(a) दिनों का फेर होना–दिनभर भटकते रहना
(b) दाल न गलना–पूरा बस चलना
(c) त्रिशंकु होना – अधर में लटकते रहना
(d) दो दिन का मेहमान–लम्बे समय तक जीना

7. निम्नलिखित मुहावरे के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है–
टका–सा जवाब देना
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)
(a) बहाना करना (b) हिचकना
(c) साफ इंकार करना (d) लालच देना

8. निम्नलिखित मुहावरे के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है–
बहती गंगा में हाथ धोना
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II)
(a) अवसर का फायदा उठाना
(b) अपमान सहन कर लेना
(c) सम्मान देना
(d) बहुत अधिक परिश्रम करना

9. 'दाँतों तले उँगली दबाना' मुहावरे का उचित अर्थ है–
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III)
(a) बहुत भूख लगना (b) खीस काढ़ना
(c) उँगली में दर्द होना (d) चकित होना

10. निम्नलिखित मुहावरे का उचित अर्थ विकल्पों में से चुनिए।
मुट्ठी गरम करना
(a) घूस देना (b) शुभारंभ करना
(c) धाक जमाना (d) कलंक लगाना

11. निम्नलिखित मुहावरे का उचित अर्थ विकल्पों में से चुनिए।
नाक रगड़ना
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III)

(a) क्रोधित होना
(b) परेशान करना
(c) दीनता पूर्वक प्रार्थना करना
(d) तंग करना

12. निम्नलिखित मुहावरे के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है–

गूलर का फूल होना

(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III)

(a) बहुत सुंदर होना
(b) क्रोध करना
(c) दुर्लभ होना
(d) बहुत ज्यादा परेशान होना

13. घर में गंगा बहाना मुहावरे का सही अर्थ है –

(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III)

(a) निश्चल व्यक्ति होना
(b) घर में सभी सुविधाएँ होना
(c) धार्मिक प्रवृत्ति का होना
(d) रोज गंगा स्नान करना

14. वाक्य में रेखांकित अंश के लिए उचित मुहावरा दिए गए विकल्पों में से चुनिए–

न माया मिली न राम, वह कहीं का नहीं रहा।

(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III)

(a) घड़ों पानी पड़ना (b) गूलर का फूल
(c) घर का न घाट का (d) चल बसना

15. निम्नलिखित अर्थ को समझाने वाले मुहावरे का चयन विकल्पों में से कीजिए।

इज्जत उतारना

(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III)

(a) मिट्टी पलीद करना (b) मखमली जूते मारना
(c) मुँह की बात छीनना (d) मुँह चाटना

16. निम्नलिखित मुहावरे के उचित अर्थ का चयन कीजिए–

अपना किया पाना

(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I)

(a) कर्म का फल भोगना (b) कुछ न करना
(c) कम काम करना (d) अपनी वस्तु पाना

17. निम्नलिखित मुहावरे के उचित अर्थ का चयन कीजिए–

चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना

(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II)

(a) उड़ान भरना (b) अचानक गिरना
(c) घबराना (d) चुप रहना

18. मुहावरों और उनके अर्थ का निम्न में से कौन सा एक युग्म सही है?

(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III)

(a) बालू से तेल निकालना–असंभव को संभव करना
(b) रंग बदलना–अपरिवर्तनशील होना
(c) मन मैला करना – अत्यधिक प्रसन्न होना
(d) माथा ठनकना–खुशामद करना

19. 'आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे का उचित अर्थ है–

(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III)

(a) धोखा देना (b) ध्यान न देना
(c) कुछ न देखना (d) इशारा करना

20. 'घोड़े बेंचकर सोना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) नींद न आना (b) गहरी नींद सोना
(c) जिम्मेदारी न लेना (d) खुश होना

21. 'हुक्का पानी बंद करना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) नशा छोड़ना
(b) खाना देना बंद करना
(c) जाति से बहिष्कृत करना
(d) नशा करना

22. 'बाँछे खिल जाना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I)

(a) सुंदर हो जाना (b) फूल खिल जाना
(c) प्रसन्न हो जाना (d) दोस्त मिल जाना

23. नीचे दिए मुहावरे का सही अर्थ दिए गए विकल्पों में से चुनिए–

लँगोटी में फाग खेलना

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I)

(a) होली खेलना
(b) दरिद्रता में आनंद लूटना
(c) लँगोट पहनना
(d) बचपन से होली के गीत गाना

24. 'सिर उठाना' मुहावरे का उचित अर्थ है–

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III)

(a) हर स्थिति में साथ देना
(b) सिर ऊपर करना
(c) विरोध में खड़ा होना
(d) पीछे पड़ना

25. निम्नलिखित विकल्पों में से 'कान भरना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) बुराई करना (b) सम्मान करना
(c) भलाई करना (d) निरादर करना

26. निम्नलिखित मुहावरे के उपयुक्त अर्थ का चयन विकल्पों में से कीजिए।

धज्जियां उड़ाना

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I)

(a) चम्पत हो जाना (b) नष्ट–भ्रष्ट करना

(c) प्रयास करना (d) क्रोध करना

27. निम्नलिखित अर्थ को व्यक्त करने वाले मुहावरे का चयन विकल्पों में से कीजिए!

बहुत खुश होना

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I)

(a) मुँह में तिनका लेना

(b) मूसलों ढोल बजाना

(c) मैदान हाथ आना

(d) मुँह पर नाक न होना

28. आँखों में..... माला घिर आना।'

उक्त मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द द्व ारा कीजिए।

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II)

(a) मोती (b) पुष्प

(c) मेघ (d) फूल

29. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?

'राहुल अपनी माँ की ..... है।'

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III)

(a) ईद का चाँद (b) अंधे की लाठी

(c) गाल बजाना (d) अक्ल का दुश्मन

30. निम्न वाक्य में रेखांकित मुहावरे का उपयुक्त अर्थ दिए गए विकल्पों में से चुनिए ।

उसके शौक तो देखो, <u>सींग कटाकर बछड़ों में मिल</u> रहा है।

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III)

(a) गलत काम करके छिपना

(b) बूढ़ा होकर बच्चों जैसा काम करना

(c) नुकसान उठाकर लाभ की प्रतीक्षा

(d) हानि करके लाभ की योजना बनाना

31. नीचे दिए मुहावरे का सही अर्थ दिए गए विकल्पों में से चुनिए–

शैतान की आँत

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) बुरी बात (b) लम्बी बात

(c) कड़वी बात (d) धोखे की बात

32. निम्नलिखित मुहावरे के लिए उपयुक्त अर्थ क्या होगा?

उल्टी गंगा बहाना

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I)

(a) नियम के विरुद्ध काम करना

(b) नदी की धारा को मोड़ देना

(c) बिना मतलब की बातें करना

(d) दूसरों की वस्तु चुरा लेना

33. '.....भर पानी में डूब मरना।'

मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त शब्द द्वारा कीजिए।

(a) तालाब (b) सूखे

(c) चुल्लू (d) बाल्टी

34. मुहावरों और उनके अर्थ का निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म अशुद्ध है?

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I)

(a) सर खपाना– दिमाग लगाना

(b) हाथ पैर मारना– प्रयत्न करना

(c) हाथ का मैल – तुच्छ वस्तु

(d) लकीर का फकीर – प्रगतिशील होना

35. मुहावरे और उनके अर्थ का निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म गलत है?

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II)

(a) हाथ पीले करना–असंभव को संभव करना

(b) लोहा मानना–श्रेष्ठता स्वीकार करना

(c) सुरखाब के पर–असाधारण विशेषता

(d) हथियार डालना–आत्मसमर्पण करना

36. 'फूंक से पहाड़ उड़ाना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) बड़ा काम करना

(b) असम्भव कार्य करने की कोशिश करना

(c) बड़ी–बड़ी बातें करना

(d) झूठी बातें करना

37. 'मुसीबत में और मुसीबत आना' किस मुहावरे का अर्थ है?

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) ओछे की प्रीति बालू की भीति

(b) एक अनार सौ बीमार

(c) ककड़ी चोर और फांसी की सजा

(d) कंगाली में आटा गीला

38. निम्न में से किस मुहावरे का अर्थ 'बुरी तरह पछताना' है?

(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II)

(a) आठ–आठ आंसू रोना (b) आँखें चार होना

(c) कुएं में गिरना (d) अंगारों पर लोटना

39. 'ऊँची दुकान फीके पकवान' मुहावरे का सही अर्थ है–

(a) नाममात्र का बड़प्पन
(b) बड़ा मकान होना
(c) खाने में स्वाद न होना
(d) बड़ी इमारत में दुकान होना

40. निम्नलिखित मुहावरे के उचित अर्थ का चयन कीजिए–

चाँद पर थूकना

(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) गलत बातें कहना
(b) किसी का आदर करना
(c) ऊपर की ओर थूकना
(d) सम्माननीय व्यक्ति का अनादर करना

41. निम्नलिखित मुहावरे के उचित अर्थ का चयन कीजिए–

टाँग अड़ाना

(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) लँगड़ी मारना (b) अड़चन डालना
(c) चापलूसी करना (d) उन्नति न करना

42. 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-II)

(a) चोर को सजा देना
(b) बड़े व्यक्ति में दोष होना
(c) छोटों को धमकाना
(d) स्वयं दोषी होते हुए भी निर्दोष को धमकाना

43. अपने मुंह.....बनना' इस मुहावरे को पूरा करें।

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-II)

(a) अच्छा (b) चालाक
(c) सुंदर (d) मियां मिट्ठू

44. 'आस्तीन का सांप' मुहावरे का सही अर्थ होगा –

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) शातिर मित्र (b) सांप पालना
(c) कपटी मित्र (d) बगल में सांप रहना

45. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?

वह तो अपनी माँ की..... है'

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) धुन का पक्का (b) अक्ल का दुश्मन
(c) तिल का ताड़ (d) आँखों का तारा

46. हमारे माता–पिता का तो कहना ही यही है कि सबके साथ भला करो, यदि.....। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए।

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I)

(a) अपना काम स्वयं करो
(b) परोपकार सर्वोपरि है
(c) आप काज महाकाज
(d) आप भले तो जग भला

47. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?

'बुद्धिजीवी और पत्रकार.....खाते हैं।'

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I)

(a) अक्ल की रोटी (b) घास की रोटी
(c) गेहूं की रोटी (d) मक्के की रोटी

48. निम्नलिखित मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

छक्के छुड़ाना

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II)

(a) हरा देना (b) साफ कर देना
(c) भुला देना (d) भला बुरा करना

49. निम्नलिखित मुहावरे के सही अर्थ का चयन विकल्पों में से कीजिए।

अगस्त्य का समुद्र पान

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II)

(a) रहस्य छुपा रखना
(b) असंभव कार्य करना
(c) दिमाग काम न करना
(d) समझ में कुछ न आना

50. '..... का अंतर होना' सही विकल्प का चयन कर इस मुहावरे को पूरा करें।

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II)

(a) आमने सामने (b) आकाश पाताल
(c) ऊपर नीचे (d) दाएं बाएं

51. निम्नलिखित मुहावरे का उपयुक्त अर्थ क्या होगा?

'कागजी घोड़े दौड़ाना'

(SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-II)

(a) पढ़ाई लिखाई करना
(b) अत्याधिक प्रयास करना
(c) बहुत पढ़ना लिखना
(d) बिना मतलब का काम करना

52. निम्नलिखित अर्थ वाले मुहावरे का चयन विकल्पों में से कीजिए।

'किसी व्यक्ति का पुरानी परंपरा के साथ चलना'

(SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-II)

(a) शेखी बघारना
(b) लकीर का फकीर होना

(c) राई का पहाड़ बनाना
(d) मक्खी मारना

53. निम्नलिखित मुहावरे का सही अर्थ विकल्पों में से चुनिए।
छाती पर कोदों दलना
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-II)
(a) पीछे लगे रहना
(b) प्रतिशोधात्मक कष्ट पहुँचाना
(c) कुछ भी ध्यान न देना
(d) लापरवाह होना

54. निम्नलिखित मुहावरे के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द क्या होगा?
दांतो तले उंगली दबाना
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-II)
(a) खुश होना (b) गरीब होना
(c) आश्चर्य करना (d) भूखे पेट होना

55. निम्नलिखित मुहावरे के सही अर्थ का चयन विकल्पों में से कीजिए।
भूंजी भाँग न होना
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III)
(a) संदेह की स्थिति में होना (b) अत्यंत दरिद्र होना
(c) कष्ट झेलना (d) सबसे परे रहना

56. छक्के छुड़ाना मुहावरे का अर्थ क्या है?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III)
(a) काम आसान करना
(b) मैच में छक्का लगाना
(c) बुरी तरह हराना
(d) बहुत मेहनत करना

57. निम्नलिखित मुहावरे का सही अर्थ विकल्पों में से चुनिए।
खरा खेल फर्रुखाबादी
(SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-IV)
(a) सही काम (b) गुप्त सलाह करना
(c) युद्ध में मारा जाना (d) परेशान होना

58. निम्नलिखित मुहावरे के सही अर्थ का चयन विकल्पों में से कीजिए।
पैरों में मेहंदी लगाकर बैठना
(SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-I)
(a) मृत्यु को प्राप्त करना
(b) आलस्य और लाचारी वश घर में पड़े रहना
(c) लाभ का अवसर उठाना
(d) स्वावलंबी होना

59. 'कान काटना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-II)
(a) आसानी से कहने में आ जाना
(b) झूठ बोलना
(c) किसी की चुगली करना
(d) चालाकी में आगे होना

60. ' ..... का जोर लगाना' इस मुहावरे को पूरा करें।
(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-I)
(a) आमने सामने (b) जोर
(c) एड़ी चोटी (d) पहाड़ चोटी

61. निम्नलिखित विकल्पों में से 'घुन लगना' मुहावरे का अर्थ क्या है?
(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-II)
(a) निराश होना (b) क्षय होना
(c) भय होना (d) खुश होना

62. उस विकल्प का चयन कीजिए जो निम्न मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है
(SSC GD 2021)
'जूतियों में दाल बाँटना'
(a) साफ इनकार करना
(b) बाधा पैदा करना
(c) आपस में लड़ाई–झगड़ा हो जाना
(d) उपाय करना

63. 'माथा ठनकना' मुहावरे का सही अर्थ है?
(SSC GD 2021)
(a) चोट लगना (b) गुस्सा होना
(c) संशय होना (d) चिंता करना

64. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2021)
पौ बारह होना
(a) प्रिय वचन बोलना (b) हार जाना
(c) खूब लाभ होना (d) बहुत खुश होना

65. मुहावरे से सही युग्म का चयन करें।
(SSC GD 2021)
(a) आँखों में चर्बी छाना– घमंड से चूर होना
(b) आग लगना– धोखा देना
(c) आँख दिखाना– सुख होना
(d) आँख बिछाना– गुस्से में आना

66. उस विकल्प का चयन करो जिसमें निम्न मुहावरे का अर्थ दिया गया है
(SSC GD 2021)

चुल्लुओं लहू पीना

(a) जड़ से खत्म करना
(b) दीया बुझाना
(c) बहुत कष्ट देना
(d) मौत की तैयारी करना

67. 'गीदड़ भभकी' मुहावरे का अर्थ बताइए।
(SSC GD 2021)

(a) धोखा देने का प्रयास
(b) जान से मारने की धमकी
(c) झूठी धमकी
(d) अपशब्द कहना

68. उस विकल्प का चयन करो जिसमें निम्न मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2021)

मुट्ठी गर्म करना

(a) रिश्वत देना
(b) बहुत परेशान करना
(c) किसी को भड़काना
(d) बुरी तरह पीटना

69. 'भाड़ झोंकना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?
(SSC GD 2021)

(a) समय व्यर्थ खोना
(b) गालियाँ देना
(c) बहुत श्रम करना
(d) हमला करना

70. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ व्यक्त करे–
(SSC GD 2021)

रंग लाना

(a) परिवर्तन होना
(b) धाक जमाना
(c) प्रभाव उत्पन्न करना
(d) प्रोत्साहित होना

71. 'दाहिना हाथ होना' मुहावरे का सही अर्थ है।
(SSC GD 2021)

(a) धोखा देना
(b) दुश्मन होना
(c) बहुत सहायक होना
(d) चापलूसी करना

72. 'हाथ पैर मारना' मुहावरे का सही अर्थ है।
(SSC GD 2021)

(a) छीना झपटी करना
(b) तैराकी करना
(c) लड़ाई करना
(d) प्रयत्न करना

73. उस मुहावरे का चयन कीजिए; जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ है।
(SSC GD 2021)

'आफत सिर पर लेना'

(a) झगड़ा मोल लेना
(b) तंग करना
(c) स्वागत करना
(d) समस्या का सामना करना

74. 'अँधेरे में तीर चलाना' मुहावरे का अर्थ है।
(SSC GD 2021)

(a) इधर–उधर करना
(b) टाल–मटोल करना
(c) व्यर्थ श्रम करना
(d) लक्ष्य–विहीन प्रयास करना

75. 'मीठी छुरी चलाना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2021)

(a) आकर्षित करना
(b) विश्वासघात करना
(c) आतंकित करना
(d) लालच देना

76. 'गाल फुलाना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2021)

(a) रूठना
(b) हँसी मजाक करना
(c) शिकायत करना
(d) प्रसन्न होना

77. किस विकल्प में मुहावरा और उसका अर्थ सुमेलित नहीं है?
(SSC GD 2021)

(a) कलम न रुकना – लिखते ही रहना
(b) कलम कसाई – कलम को तोड़ने वाला
(c) कलम दान देना – लिखने की नौकरी देना
(d) कलम न उठा सकना – लिख न सकना

78. 'पानी फेर देना' मुहावरे का सही अर्थ है।
(SSC GD 2021)

(a) जवाब न देना
(b) संभाल लेना
(c) बुरा–भला कहना
(d) बिगाड़ देना

79. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो मुहावरे का अर्थ व्यक्त करे–
(SSC GD 2021)

चिराग तले अँधेरा

(a) बेतुकी बातें करना
(b) बुरी राय देना
(c) पंडित के घर में मूर्खता का आचरण
(d) घबराना

80. 'फट पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2021)

(a) एक दम गुस्से में हो जाना
(b) बिखर जाना
(c) आश्चर्यचकित हो जाना
(d) पिघल जाना

81. 'मुँह पकड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2021)
(a) लज्जित होना (b) अपहरण करना
(c) बोलने न देना (d) प्यार जताना

82. उस विकल्प का चयन कीजिए जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ है।
(SSC GD 2021)
घर की मुर्गी दाल बराबर
(a) लाभ के स्थान पर हानि
(b) घर की वस्तु को महत्त्व देना
(c) घर की वस्तु को तुच्छ समझना
(d) अत्यधिक कंजूस

83. 'चादर से बाहर पैर पसारना' मुहावरे का सही अर्थ है।
(SSC GD 2021)
(a) ठंड के समय चादर औढ़ना
(b) व्यय से आय अधिक करना
(c) बिना परिश्रम के पैसा कमाना
(d) आय से अधिक व्यय करना

84. उस विकल्प का चयन करें जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ व्यक्त करता है।
(SSC GD 2021)
फूल झड़ना
(a) प्रिय वचन बोलना (b) पतझड़ होना
(c) सुन्दर लगना (d) हल्की बातें बोलना

85. हथेली पर सरसों उगाना मुहावरे का सही अर्थ है।
(SSC GD 2021)
(a) खेती करना
(b) असंभव काम को संभव करना
(c) लड़ाई करना
(d) भाग जाना

86. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों मे से सही विकल्प का चयन करें।
(SSC GD 2021)
हाथ मलना
(a) पछताना (b) संकल्प करना
(c) वीरता दिखाना (d) व्यायाम करना

87. 'हवा से बातें करना' मुहावरे का अर्थ बताइए।
(SSC GD 2021)
(a) ऊँचा उड़ना
(b) पक्षियों की भाषा समझना
(c) अकेले रहना
(d) तेज गति से चलना

88. 'लंगोटी में फाग खेलना' इस मुहावरे का क्या अर्थ है।
(SSC GD 2021)
(a) पुराने रीति–रिवाजों का अनुसरण करना
(b) धनी का निर्धन हो जाना
(c) भाग्य से बँधा होना
(d) दरिद्रता में आनंद लूटना

89. 'शिगूफा खिलाना' इस मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2021)
(a) विलक्षण घटना का घटित होना
(b) सिफारिश करवाना
(c) काल्पनिक योजना बनाना
(d) बहुत उपद्रव करना

90. उस विकल्प का चयन करें जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ व्यक्त करता है–
(SSC GD 2021)
कान भरना
(a) चुगली करना (b) बदनाम करना
(c) सावधान करना (d) प्रभावित करना

91. 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का सही अर्थ है।
(SSC GD 2021)
(a) थोड़े पैसों से बहुत कुछ खरीद लेना
(b) छोटे बर्तन में ज्यादा चीज रखना
(c) थोड़ी जगह में बहुत सामान जमाना
(d) थोड़े में बहुत कुछ कहना

92. दिये गये चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करो जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ व्यक्त करता है।
(SSC GD 2021)
भेड़ बना लेना
(a) वश में कर लेना
(b) दीवार में चुनना
(c) घोर विपत्ति आना
(d) मन में जगह बना लेना

93. 'हाथ पाँव फूलना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2021)
(a) भय से घबराना (b) बीमार होना
(c) भाग जाना (d) गुस्सा होना

94. 'डंके की चोट पर कहना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2021)
(a) जोर से बोलना
(b) साधारण बात को बढ़ा चढ़ा कर कहना

(c) खुलेआम कहना
(d) क्रोधित होकर कहना

95. 'काँटो पर लोटना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2021)
(a) संकट में डालना (b) बाधा दूर होना
(c) बेचैन होना (d) अड़चने पैदा करना

96. 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) चुप हो जाना (b) भाग जाना
(c) दौड़ना (d) छुप जाना

97. 'बहुत अधिक अभावग्रस्त होना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) पेट में चूहा कूदना
(b) आटा गीला होना
(c) दाने–दाने को तरसना
(d) मुँह उतरना

98. 'अन्धे के हाथ बटेर लगना' मुहावरे का सही अर्थ है।
(SSC GD 2019)
(a) भविष्य की बात को जान लेना
(b) अन्धे को सोना मिल जाना
(c) एकाएक लाभ होना
(d) हानि होना

99. 'हाथ मलते रह जाना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) बेकार का काम करना
(b) पछताना
(c) मालिश करना
(d) हाथों को गरम करना

100. 'चोली दामन का साथ' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) कटु शत्रुता (b) दुश्मनी
(c) घनिष्ठ संबंध (d) मेल न होना

101. 'टका सा जवाब देना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) संकट में पड़ना (b) बुरा भला कहना
(c) अति क्रुद्ध होना (d) साफ इनकार करना

102. 'मुँह की खाना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) नष्ट करना (b) बुरी तरह हारना
(c) पराजित करना (d) उदास होना

103. 'कल पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) अस्थिर होना (b) पश्चाताप करना
(c) चैन मिलना (d) चुप रहना

104. 'लाल–पीला होना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) विरोध करना (b) झूठ बोलना
(c) बहुत गुस्सा होना (d) प्रसन्न होना

105. 'टूट पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) सेना तैयार करना (b) आक्रमण कर देना
(c) बिखर जाना (d) तोड़ना

106. 'आँखें फेर लेना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) क्रोधित होना (b) प्रतिकूल होना
(c) गुस्सा होना (d) धोखा देना

107. 'ढाक के तीन पात' मुहावरे के सही अर्थ का चयन करें–
(SSC GD 2019)
(a) परिवर्तन न होना
(b) सुखद परिवर्तन होना
(c) सुखद कार्य करना
(d) किसी प्रकार का कार्य

108. 'गाल बजाना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) गुस्सा होना (b) कम बोलना
(c) बकवास करना (d) लड़ाई करना

109. 'आकाश पाताल एक करना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) कठिन परिश्रम करना (b) कठिनाई में दिखना
(c) कार्य करना (d) असाधारण कार्य

110. 'अठखेलियाँ सूझना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) मजाक उड़ाना (b) दिल्लगी करना
(c) ईर्ष्या करना (d) व्यंग्य करना

111. 'गूँगे का गुड़' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) कीमती वस्तु (b) असंभव कार्य
(c) दुर्लभ वस्तु (d) अवर्णनीय अनुभव

112. 'गाँठ बाँधना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) बदला निकालना
(b) अच्छी प्रकार याद रखना

(c) प्रतिशोध लेना
(d) रस्सी बाँधना

113. 'आँखों से गिरना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) निगरानी करना (b) ध्यान से हट जाना
(c) आदरभाव घट जाना (d) बहुत प्यार होना

114. 'लहू का घूँट पीकर रह जाना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) क्रोध करना
(b) डर जाना
(c) क्रोध शांत होना
(d) अपमान सहन कर लेना

115. 'गूलर का फूल होना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) हीन होना (b) सुलभ होना
(c) दुर्लभ होना (d) अमीर होना

116. 'उड़ती चिड़िया पहचानना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) दूसरे के मन की बात जानना
(b) उड़ते हुए पक्षी को पहचानना
(c) चिड़िया की उड़ान मापना
(d) अंदाजा लगाना

117. 'मैदान मारना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) संघर्ष करना (b) लड़ाई जीतना
(c) भाग जाना (d) जमीन नापना

118. 'डकार जाना' मुहावरे का अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) हानि उठाना (b) हड़प लेना
(c) खुलेआम कहना (d) कठिन काम

119. 'चैन की बंशी बजाना' मुहावरे का सही अर्थ है–
(SSC GD 2019)
(a) बांसुरी बजाना (b) खाली बैठना
(c) बेरोजगार (d) मौज करना

उत्तरमाला

1.	(d)	**2.**	(c)	**3.**	(c)	**4.**	(b)	**5.**	(a)	**6.**	(c)	**7.**	(c)	**8.**	(a)	**9.**	(d)	**10.**	(a)
11.	(c)	**12.**	(c)	**13.**	(b)	**14.**	(c)	**15.**	(a)	**16.**	(a)	**17.**	(c)	**18.**	(a)	**19.**	(a)	**20.**	(b)
21.	(c)	**22.**	(c)	**23.**	(b)	**24.**	(c)	**25.**	(a)	**26.**	(b)	**27.**	(b)	**28.**	(c)	**29.**	(b)	**30.**	(b)
31.	(b)	**32.**	(a)	**33.**	(c)	**34.**	(d)	**35.**	(a)	**36.**	(b)	**37.**	(d)	**38.**	(a)	**39.**	(a)	**40.**	(d)
41.	(b)	**42.**	(d)	**43.**	(d)	**44.**	(c)	**45.**	(d)	**46.**	(d)	**47.**	(a)	**48.**	(a)	**49.**	(b)	**50.**	(b)
51.	(d)	**52.**	(b)	**53.**	(b)	**54.**	(c)	**55.**	(b)	**56.**	(c)	**57.**	(a)	**58.**	(b)	**59.**	(d)	**60.**	(c)
61.	(b)	**62.**	(c)	**63.**	(c)	**64.**	(c)	**65.**	(a)	**66.**	(c)	**67.**	(c)	**68.**	(a)	**69.**	(a)	**70.**	(c)
71.	(c)	**72.**	(d)	**73.**	(a)	**74.**	(d)	**75.**	(b)	**76.**	(a)	**77.**	(b)	**78.**	(d)	**79.**	(c)	**80.**	(a)
81.	(c)	**82.**	(c)	**83.**	(d)	**84.**	(a)	**85.**	(b)	**86.**	(a)	**87.**	(d)	**88.**	(d)	**89.**	(a)	**90.**	(a)
91.	(d)	**92.**	(a)	**93.**	(a)	**94.**	(c)	**95.**	(c)	**96.**	(b)	**97.**	(c)	**98.**	(c)	**99.**	(b)	**100.**	(c)
101.	(d)	**102.**	(b)	**103.**	(c)	**104.**	(c)	**105.**	(b)	**106.**	(b)	**107.**	(a)	**108.**	(c)	**109.**	(a)	**110.**	(b)
111.	(d)	**112.**	(b)	**113.**	(c)	**114.**	(d)	**115.**	(c)	**116.**	(a)	**117.**	(b)	**118.**	(b)	**119.**	(d)		

4 वाक्यांश के लिए एक शब्द

कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक विचारों या शब्द समूह को अभिव्यक्त करने वाले शब्द इस श्रेणी में आते हैं।

वाक्यांश को संक्षेप में सामासिक पद का भी रूप दिया जाता है। कुछ ऐसे लाक्षणिक पद या शब्द भी हैं जो अपने में पूरे एक वाक्यांश का अर्थ रखते हैं।

उदाहरण–

- जो किसी वंश में बराबर चलता आया है — **अनुवांशिक**
- आभार मानने वाला — **आभारी**
- धन से संबंध रखने वाला — **आर्थिक**
- (स्त्री) जिसे मालिक ने छोड़ दिया हो — **परित्यक्ता**
- केवल फल खाकर रहने वाला — **फलाहारी**
- सूर्योदय से पहले दो घड़ी तक पवित्र समय — **ब्रह्ममुहूर्त**
- मन और उसकी अवस्थाओं तथा क्रियाओं का अध्ययन करने वाला शास्त्र — **मनोविज्ञान**
- धरती और आकाश के बीच का स्थान — **अंतरिक्ष**
- मन में होने वाला स्वाभाविक ज्ञान — **अंतर्ज्ञान**
- जिसके समान कोई दूसरा न हो — **अद्वितीय**
- आवश्यकता या उचित मात्रा से अधिक खर्च करने वाला — **अपव्ययी**
- पुरुष जो अभिनय करता हो — **अभिनेता**
- जिसमें सामर्थ्य न हो — **असमर्थ**
- अहंकारपूर्वक अपने को सबसे बढ़कर समझना — **अहंमन्यता**
- सर्वाधिकार सम्पन्न शासक — **अधिनायक**
- जिसका वचन द्वारा वर्णन न किया जा सके — **अनिर्वचनीय**
- किसी मत का सर्वप्रथम प्रवर्तन करने वाला — **आदि प्रवर्तक**
- आदि से लेकर अंत तक — **आद्योपान्त**
- जिससे बढ़कर ऊँचा कोई न हो — **उच्चतम**
- जिसका मन उदार हो — **उदारमना**
- नियमविरूद्ध या निंदनीय कार्य करने वालों की सूची — **कालीसूची**
- गायों को पालने और रखने का स्थान — **गोशाला**
- घृणा करने योग्य — **घृणास्पद**
- ज्ञान देने वाला — **ज्ञानदा**
- घर–घर जाकर लोगों की डाक पहुँचाने वाला कर्मचारी — **डाकिया**
- भौंहों के बीच का ऊपरी भाग — **त्रिकुटी**
- हर तीसरे महीने होने वाला — **त्रैमासिक**
- एक देश से दूसरे देश में माल भेजना — **निर्यात**
- पिता का पिता — **पितामह**
- पशुओं का सा या पशुओं के आचरण जैसा — **पाशविक**
- प्रयोग में लाने योग्य — **प्रयोजनीय**

अभ्यास तालिका

•	अंक (गोद) में सोने वाला	**अंकशायी**
•	जो अंडे से जन्म लेता है	**अंडज**
•	मन में अपने आप उत्पन्न होने वाली प्रेरणा	**अतः प्रेरणा**
•	गुरु के साथ या समीप रहने वाला छात्र	**अंतेवासी**
•	किसी पद्य के अंतिम अक्षर से नया पद्य आरंभ करने का खेल	**अन्त्याक्षरी**
•	जो कहा न जा सके	**अकथनीय**
•	जिसके पास कुछ भी न हो	**अकिंचन**
•	जिसकी गहराई या थाह का पता न लग सके	**अगाध/अथाह**
•	जिसका कभी जन्म न हो	**अजन्मा**
•	जो न जाना गया हो	**अज्ञात**
•	जो दिखायी न देता हो	**अदृश्य**
•	पर्वत के ऊपर की समतल भूमि	**अधित्यका**
•	जिसका कोई नाथ/मालिक न हो	**अनाथ**
•	जिसकी उपमा न की जा सके	**अनुपम**
•	जो नया न हो	**अनूतन**
•	जो पढ़ा न जा सके	**अपठनीय**
•	सामान्य या व्यापक नियम के विरूद्ध बात	**अपवाद**
•	जो पहले न हो रहा हो या न हुआ हो	**अभूतपूर्व**
•	स्त्री जो अभिनय करती हो	**अभिनेत्री**
•	जो किसी पर अभियोग लगाए	**अभियोगी**
•	जो भेदा या तोड़ा न जा सके	**अभेद्य**

•	जो कभी मरे नहीं	**अमर**
•	जिसे मारना उचित न हो	**अवध्य**
•	जो विधि या कानून के विरूद्ध हो	**अवैध**
•	चंद्रमास के किसी पक्ष की आठवीं तिथि	**अष्टमी**
•	जिस (रोग) का ठीक होना कठिन हो	**असाध्य**
•	आँतों में होने वाला	**आंत्रिक**
•	आकाश को चूमने वाला	**गगनचुम्बी**
•	अग्नि से संबंधित या आग का	**आग्नेय**
•	अतिथि की सेवा करने वाला	**आतिथेयी**
•	दूसरों के सुख के लिए अपने सुखों का त्याग	**आत्मोत्सर्ग**
•	किसी वस्तु को आधुनिक रूप देने की क्रिया	**आधुनिकीकरण**
•	किसी चीज या बात की इच्छा रखने वाला	**इच्छुक**
•	जो दूसरों की उन्नति देखकर जलता हो	**ईर्ष्यालु**
•	ऊपर आने वाला श्वास	**उच्छ्वास**
•	वह वस्तु जिसका उत्पादन हुआ हो	**उत्पाद**
•	पर्वत के पास की भूमि	**उपत्यका**
•	जो उपजाऊ भूमि हो	**उर्वरा**
•	सूर्योदय से पहले का समय	**उषाकाल**
•	जिस भूमि में कुछ उत्पन्न न होता हो	**ऊसर**
•	चंद्रमास के किसी पक्ष की ग्यारहवीं तिथि	**एकादशी**
•	जिसका चित्त एकाग्रित हो	**एकाग्रचित**
•	इतिहास से संबंधित	**ऐतिहासिक**
•	ऊपरी दिखावे के रूप में होने वाला	**औपचारिक**
•	अपनी विवाहिता पत्नी से उत्पन्न (पुत्र)	**औरस**
•	कान का नीचे लटकता हुआ कोमल भाग	**कर्णपाली**
•	तांत्रिक जो अपने हाथ में कपाल (खोपड़ी) लिये रहते हैं	**कापालिक**
•	जिस लड़की का विवाह न हुआ हो	**कुमारी**
•	जो अच्छे या ऊँचे कुल में उत्पन्न हुआ हो	**कुलीन**
•	किये हुए उपकार को मानने वाला	**कृतज्ञ**

•	जिसकी उत्पत्ति स्वभावगत न हो	**कृत्रिम**
•	बालों को सजाने–सँवारने का काम	**केशविन्यास**
•	क्षमा किये जाने योग्य	**क्षम्य**
•	जिसका हाथ बहुत तेज चलता हो	**क्षिप्रहस्त**
•	जिसका कोई हिस्सा टूटकर अलग हो गया हो	**खंडित**
•	किसी के घर की होने वाली तलाशी	**खानातलाशी**
•	गंगा और यमुना के जल के मेल जैसा दो तरह के रंग का	**गंगा–जमुनी**
•	बहुत गप्पे हाँकने वाला	**गपोड़िया**
•	गृह बसाकर रहने वाला	**गृहस्थ**
•	संध्या काल जब गाये चरकर लौटती है	**गोधूलि**
•	घूस लेने वाला	**घूस खोर**
•	जिसके चूड़ा (बालों) में चन्द्रमा है	**चंद्रचूड़**
•	जिसके चार पैर होते हैं	**चतुष्पद**
•	चिंता उत्पन्न करने वाला	**चिंताजनक**
•	किसी को चेताने के लिए कही जाने वाली बात	**चेतावनी**
•	सेना के ठहरने का स्थान	**छावनी**
•	जन्म से सौ वर्ष का समय	**जन्मशती**
•	किसी को जीतने की चाह	**जिगीषा**
•	जिसने इन्द्रियों पर विजय पा ली हो	**जितेन्द्रिय**
•	चारों ओर जल से घिरा हुआ भू–भाग	**टापू**
•	विवाद या गुटबाजी से अलग रहने वाला	**तटस्थ**
•	तैरकर पार होने की इच्छा रखने वाला	**तितीर्षु**
•	छुटकारा (त्राण) दिलाने वाला	**त्राता**
•	पति–पत्नी का जोड़ा	**दंपती**
•	गोद लिया हुआ पुत्र	**दत्तक**
•	अपराध और दण्ड देने के नियम निर्धारित करने वाला ग्रन्थ	**दंडसंहिता**
•	जो कठिनाई से मिलता हो	**दुर्लभ**
•	पति के छोटे भाई की पत्नी	**देवरानी**
•	राजा द्रुपद की पुत्री	**द्रौपदी**
•	धार्मिक सिद्धान्तों के अनुसार आचरण करने वाला	**धर्मात्मा**
•	ध्यान या विचार करने वाला	**ध्याता**

•	कहीं से नया–नया आया हुआ	**नवागन्तुक**
•	नरक से संबंधित या नरक में रहने वाला	**नारकीय**
•	नाक से बाहर निकलने वाली साँस	**निःश्वास**
•	जिसका कोई आकार न हो	**निराकार**
•	जिसकी जड़ या आधार का पता ना हो	**निर्मूल**
•	जिसमें तेज न हो	**निस्तेज**
•	उच्च न्यायालय का न्यायाधीश	**न्यायमूर्ति**
•	पुलिस थाने का प्रधान अधिकारी	**थानेदार**
•	जो पढ़ने में रोचक लगे	**पठनीय**
•	परपुरुष से प्रेम करने वाली	**परकीया**
•	पांचाल प्रदेश की राजकुमारी	**पांचाली**
•	पृथ्वी से संबंधित या मिट्टी का बना हुआ	**पार्थिव**
•	जिसे पानी या किसी और वस्तु को पीने की प्यास हो	**पिपासु**
•	जिसकी कामना पूरी हो गयी हो	**पूर्णकाम**
•	दूसरे या विरोधी पक्ष में रहने वाला	**प्रतिपक्षी**
•	जो कहीं जाकर लौट आया हो	**प्रत्यागत**
•	किसी देश के मंत्रियों में सबसे बड़ा	**प्रधानमंत्री**
•	स्त्री जिसने बच्चा जना हो	**प्रसूता**
•	प्रकृत से उद्भूत या प्रकृति में होने वाला	**प्राकृतिक**
•	प्राण (श्वास–प्रश्वास) की गति का क्रमशः दमन	**प्राणायाम**
•	प्रार्थना करने वाला व्यक्ति	**प्रार्थी**
•	देखने में प्रिय लगने वाला	**प्रियदर्शी**
•	बहुत सी भाषाएँ जानने वाला	**बहुभाषाविद्**
•	आधे से अधिक लोगों की मिलकर एक राय	**बहुमत**
•	जिसका कोई रोजगार नहीं है	**बेरोजगार**
•	जिसको किसी बात की खबर न हो	**बेखबर**
•	जिसका भजन करना उचित और आवश्यक हो	**भजनीय**
•	भारत देश से संबंधित या भारत में उत्पन्न	**भारतीय**
•	भूगोल से संबंधित या भूगोल का	**भौगोलिक**
•	जो खुले हाथों दान करता हो	**मुक्तहस्त**

•	जिसने मृत्यु को जीत लिया हो	**मृत्युंजय**
•	असाधारण मेधा बुद्धि वाला	**मेधावी**
•	राजगद्दी का उत्तराधिकारी/सबसे बड़ा राजकुमार	**युवराज**
•	पुलिस या सेना में नया भर्ती जवान	**रंगरूट**
•	राज्य द्वारा आधिकारिक रूप से प्रकाशित होने वाला पत्र	**राजपत्र**
•	रोष से भरा हुआ	**रुष्ट**
•	बच्चों को थपकी देते हुए सुलाने का गीत	**लोरी**
•	वह स्त्री या मादा पशु जो संतान उत्पन्न करने मे असफल हो	**वंध्या**
•	जिसे जीत लिया गया हो	**विजित**
•	कानून का रूप देने के लिए प्रस्तुत किया गया प्रस्ताव या मसौदा	**विधेयक**
•	भले–बुरे की पहचान करने का ज्ञान	**विवेक**
•	पर–स्त्री से अनुचित संबंध रखने वाला	**व्यभिचारी**
•	वह जो शक्ति या देवी की उपासना करता है	**शाक्त**
•	मुर्दे या शव जलाने का स्थान	**श्मशान**
•	दो धाराओं या नदियों के मिलन का स्थान	**संगम**
•	मनुष्यों का किसी विशेष विषय पर विचार के लिए मिलन	**सम्मेलन**
•	जो अक्षर पढ़ना–लिखना जानता हो	**साक्षर**
•	मांस से युक्त	**सामिष**
•	जिसका गला या गले का स्वर अच्छा हो	**सुकंठ**
•	जो स्मरण रखे जाने योग्य हो	**स्मरणीय**
•	जो सब काम अपने भरोसे करता हो	**स्वावलंबी**
•	दूसरों को जाने से मार डालने वाला	**हत्यारा**
•	सेना का वह भाग जो सबसे आगे रहता है	**हरावल**
•	जो हाथ से लिखा गया हो	**हस्तलिखित**
•	भला या हित चाहने वाला	**हितैषी**
•	जिसे देख–सुनकर हृदय फटता हो	**हृदयविदारक**
•	हाथी की पीठ पर रखी जाने वाली चौकी	**हौदा**

•	राजभवन के अंदर महिलाओं का निवास	**अतःपुर**
•	जो किसी वस्तु के अंदर दृढ़तापूर्वक स्थित है	**अंतर्निविष्ट**
•	जिसमें कुछ करने की क्षमता न हो	**अक्षम**
•	जो खाने योग्य न हो	**अखाद्य**
•	जिसके अंदर या पास न पहुँचा जा सके	**अगम्य**
•	जिसका ज्ञान इन्द्रियों द्वारा न हो	**अगोचर**
•	जिसका जन्म पहले हुआ हो	**अग्रज**
•	जो सबसे आगे रहता हो	**अग्रणी**
•	जो चिंतन करने योग्य न हो	**अचिन्त्य**
•	जिसका कोई शत्रु पैदा ही न हुआ हो	**अजातशत्रु**
•	जिसे जीता न जा सके	**अजेय**
•	जिसके आने की तिथि (ज्ञात) न हो	**अतिथि**
•	कोई बात जो बढ़ा–चढ़ाकर कही गयी हो	**अतिशयोक्ति**
•	जिसकी तुलना न की जा सके	**अतुलनीय**
•	जो दण्ड पाने योग्य न हो	**अदंडनीय**
•	वह जो विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य करता है	**अध्यापक**
•	जिसका कोई/कहीं अंत न होता हो	**अनंत**
•	जो बात सुनी न गई हो	**अनसुनी**
•	जिस पर आक्रमण न किया गया हो	**अनाक्रांत**
•	कनिष्ठा और मध्यमा के बीच की उँगली	**अनामिका**
•	वर्षा का अभाव	**अनावृष्टि**
•	जिस पर कोई नियंत्रण न हो	**अनियंत्रित**
•	जिसका या जिसके संबंध में कोई निर्णय न हुआ हो	**अनिर्णीत**
•	किसी के पीछे–पीछे चलने वाला	**अनुगामी/अनुयायी**
•	जिसका जन्म पीछे हुआ हो	**अनुज**
•	किसी और स्थान पर	**अन्यत्र**
•	जिसका मन किसी दूसरी ओर लगा हो	**अन्यमनस्क**
•	दोपहर के बाद का समय	**अपराह्न**
•	आवश्यकता से अधिक धन का ग्रहण न करना	**अपरिग्रह**

•	जिसके अंग दुरुस्त न हो	**अपंग**
•	जिसके उस पार की वस्तु को न देखा जा सके	**अपारदर्शी**
•	जिसकी पहले से कोई आशा न हो	**अप्रत्याशित**
•	जिसके लिए कोई बाधा या रोक–टोक न हो	**अबाध**
•	जो इस लोक में संभव न हो	**अलौकिक**
•	जिसका अस्तित्व अल्पकाल तक रहे	**अल्पकालिक**
•	जो कम जानता हो	**अल्पज्ञ**
•	जो कम बोलने वाला है	**अल्पभाषी**
•	जो अवश्य होने वाला हो	**अवश्यंभावी**
•	जिसका विवाह न हुआ हो	**अविवाहित**
•	जो व्यवहार में न लाया गया हो	**अव्यवहृत**
•	जो शोच करने योग्य न हो	**अशोच्य**
•	जो अपनी बात से न टले	**अटल**
•	न टूटने वाला	**अटूट**
•	जो पहले न देखा गया हो	**अदृष्टपूर्व**
•	वास्तविक मूल्य से अधिक लिया जाने वाला शुल्क	**अधिशुल्क**
•	किसी व्यक्ति या सिद्धान्त का समर्थन करने वाला	**अनुयायी**
•	परम्परा से चली आई हुई बात, उक्ति या कला	**अनुश्रुति**
•	जिसका कोई निश्चित घर न हो	**अनिकेत**
•	जो पहले पढ़ा न गया हो	**अपठित**
•	जिसका जन्म उच्च कुल में हुआ हो	**कुलीन**
•	भली प्रकार से सीखा हुआ	**अभ्यस्त**
•	अच्छा–बुरा समझने की शक्ति का अभाव	**अविवेक**
•	जो समय पर न हो	**असामयिक**
•	जिसमें कुछ करने की क्षमता न हो	**अक्षम**
•	जो दिया न जा सके	**अदेय**
•	जिसे पढ़ा न जा सके	**अपाठ्य**
•	वह बात जो आकाश से सुनाई पड़ने वाली समझी जाती है	**आकाशवाणी**
•	आक्रमण करने वाला	**आक्रामक**
•	वह जिसका पति परदेश से लौटा हो	**आगत पतिका**
•	जिस पर किसी का आतंक छाया हो	**आतंकित**
•	जो अपनी हत्या कर लेता है	**आत्मघाती**

•	यह सिद्धान्त कि मनुष्य को सदा किन्हीं आदर्शों का पालन करते रहना चाहिए	**आदर्शवाद**
•	दैव अथवा प्रकृति द्वारा होने वाला (दुख)	**आधिदैविक**
•	आत्मा और ईश्वर से संबंध रखने वाला	**आध्यात्मिक**
•	एक देश द्वारा दूसरे देशों से वस्तुओं का मँगाया जाना	**आयात**
•	आयोजन करने वाला व्यक्ति	**आयोजक**
•	जो आलोचना के योग्य हो	**आलोच्य**
•	किसी अवधि से संबंध रखने वाला	**आवधिक**
•	वह क्लर्क जो आशुलिपि (शार्ट हैंड) जानता है	**आशुलिपिक**
•	जिसे विश्वास या दिलासा दिया गया हो	**आश्वस्त**
•	देश में विदेश से माल आने की क्रिया	**आयात**
•	बालक से वृद्ध तक	**आबालवृद्ध**
•	इंद्रियों को वश में रखने वाला	**इंद्रियजित**
•	जो इंद्रियों की पहुँच से बाहर हो	**इंद्रियातीत**
•	इतिहास का जानकार	**इतिहासज्ञ**
•	जिसकी ईप्सा या इच्छा की गई हो	**ईप्सित**
•	नीचे की ओर आना या जाना	**उतरना**
•	ऊपर की ओर उछाला या फेंका हुआ	**उत्क्षिप्त**
•	जिस पर किसी काम का उत्तरदायित्व हो	**उत्तरदायी**
•	सूर्य जिस पर्वत के पीछे निकलता है	**उदयाचल**
•	जो ऊपर कहा गया हो	**उपर्युक्त**
•	जिसका उल्लेख करना आवश्यक हो	**उल्लेखनीय**
•	सूर्योदय से पहले का समय	**उषाकाल**
•	ऊपर की ओर जाने वाला	**ऊर्ध्वगामी**
•	किसी एक पक्ष से संबंध रखने वाला	**एक पक्षीय**
•	किसी वस्तु के क्रय–विक्रय का अकेला अधिकार	**एकाधिकार**
•	इंद्रियों से संबंधित	**ऐंद्रिक**
•	इस लोक से संबंध रखने वाला	**ऐहलौकिक**
•	जिसका संबंध उपनिवेश या उपनिवेशों से है	**औपनिवेशिक**
•	जिसका संबंध उपन्यास से हो	**औपन्यासिक**

•	सारे शरीर की हड्डियों का ढाँचा	**कंकाल**
•	जो कहा गया है	**कथित**
•	फूल जो अभी खिला न हो	**कली**
•	स्त्री जो कविता रचती है	**कवयित्री**
•	जो काम से जी चुराता है	**कामचोर**
•	बेलों आदि से घिरा हुआ सुरम्य स्थान	**कुंज**
•	किसी की कृपा से पूरी तरह संतुष्ट	**कृतार्थ**
•	जिसे क्रय किया गया हो	**क्रीत**
•	कुंती का पुत्र	**कौंतेय**
•	भूख से व्याकुल	**क्षुधातुर**
•	कारागार से संबंध रखने वाला	**कारागारिक**
•	कार्य करने वाला व्यक्ति	**कार्यकर्त्ता**
•	वह बात जो जन साधारण में चलती आ रही है	**किंवदन्ती**
•	जिसकी अब कीर्ति शेष रह गयी हो	**कीर्तिशेष**
•	अपने ही कुल का नाश करने वाला व्यक्ति	**कुलांगार**
•	जिसकी बुद्धि कुश की नोंक के समान तीखी हो	**कुशाग्रबुद्धि**
•	जो केन्द्र से हटकर दूर जाता हो	**केन्द्रापसारी**
•	जो केन्द्र की ओर उन्मुख होता हो	**केन्द्राभिमुख / केन्द्राभिसारी**
•	सुन्दर और बड़े बालों वाली (स्त्री)	**केशिनी**
•	ठीक अपने क्रम से आया हुआ	**क्रमागत**
•	ऐसा जो अन्दर से खाली हो	**खोखला**
•	गणित शास्त्र का जानकार	**गणितज्ञ**
•	जो किसी की गद्दी पर (आकर) बैठा हो	**गद्दीनशीन**
•	जिसके पेट में बच्चा हो	**गर्भवती / गर्भिणी**
•	जो कुछ भी बोल न सके	**गूँगा**
•	नये बनवाये घर में पहले–पहल होने वाला प्रवेश	**गृहप्रवेश**
•	गाँव से संबंधित	**ग्रामीण**
•	बहुत–सी घटनाओं का सिलसिला	**घटनावली**
•	घृणा किये जाने योग्य	**घृण्य**
•	किसी के इर्द–गिर्द घेरा डालने की क्रिया	**घेराबन्दी**
•	जिसकी घोषणा की गयी हो	**घोषित**

•	घूस लेने वाला/रिश्वत लेने वाला	**घूसखोर/रिश्वतखोर**
•	चन्द्रमा की वह स्थिति जब उस पर पृथ्वी की छाया पड़ने से उसका कुछ या सारा भाग दिखाई नहीं देता	**चंद्रग्रहण**
•	जिसके सिर पर चन्द्रमा है	**चंद्रशेखर**
•	जो चक्र को धारण करता है	**चक्रधर**
•	जिसके हाथ में चक्र (सुदर्शन) है	**चक्रपाणि**
•	चार वेदों को जानने वाला	**चतुर्वेदी**
•	जो चिरकाल तक बना रहे	**चिरस्थायी**
•	चूहे फँसाने का पिंजड़ा	**चूहेदानी**
•	जो चर्चा का विषय हो	**चर्चित**
•	ब्याज का वह प्रकार जिसमें मूल के ब्याज पर भी ब्याज लगता है	**चक्रवृद्धि**
•	जिस (देवता) की चार भुजाएँ हैं	**चतुर्भुज**
•	कमल के समान (सुन्दर) चरण	**चरणकमल**
•	जो आँखों से संबंधित हो	**चाक्षुष**
•	चित्त को चुराने वाला	**चिरंजीवी**
•	जिस पर चिह्न लगाया गया हो	**चित्तचोर**
•	कर्मचारी आदि को छाँटकर निकाल देने का काम	**छँटनी**
•	छः महीने का समाय	**छमाही**
•	दूसरों के दोष खोजने वाला	**छिद्रान्वेषी**
•	जोतने का काम	**जुताई**
•	जो वृद्ध होने के कारण जर्जर हो गया हो	**जराजीर्ण**
•	जल में पैदा होने वाला	**जलज**
•	जल में विचरने वाले जीव	**जलचर**
•	वह यान जो जल में चलता है	**जलयान**
•	अधिक समय तक जीने की इच्छा	**जिजीविषा**
•	अधिक समय तक जीते रहने को इच्छुक	**जिजीविषु**
•	सारे जीवन में किसी के कार्यों आदि का विवरण	**जीवन–चरित्र**
•	जिसे ज्ञान प्राप्त करने की प्यास हो	**ज्ञानपिपासु**
•	जिसे जानना आवश्यक हो	**ज्ञेय**
•	जिसके लम्बे–लम्बे बिखरे बाल हो	**झबरा**
•	झूठ बोलने वाला	**झूठा**
•	सिक्के ढालने का कारखाना	**टकसाल**

•	किराये पर चलने वाली मोटरगाड़ी	**टैक्सी**
•	ढोंग रचने वाला	**ढोंगी**
•	किसी पद अथवा सेवा से मुक्ति का पत्र	**त्यागपत्र**
•	तीन लोकों का समूह	**त्रिलोक**
•	तैरने की इच्छा	**तितीर्षा**
•	तीन कालों को जानने वाला	**त्रिकालज्ञ**
•	वह जो बार–बार तपस्या करता है	**तपस्वी**
•	तर्क के द्वारा जो माना गया हो	**तर्कसम्मत**
•	जिसे त्याग देना उचित हो	**त्याज्य**
•	चौपायों के बाँधने का स्थान	**थान**
•	कपड़े सीने का व्यवसाय करने वाला	**दर्जी**
•	जिसने गुरु से दीक्षा ली हो	**दीक्षित**
•	अपने देश से प्यार करने वाला	**देशभक्त**
•	दो वेदों को जाननेवाला	**द्विवेदी**
•	जिसे किसी ने डसा हो	**दंशित**
•	जिसका मुख दक्षिण की ओर हो	**दक्षिणाभिमुख**
•	किसी काम को चित्त लगाकर करने वाला	**दत्तचित**
•	चंद्रमास के किसी पक्ष की दशवीं तिथि	**दशमी**
•	जिस पर दिनांक (तारीख का अंक) लगाया गया हो	**दिनांकित**
•	जिसकी बाहें लम्बी हों	**दीर्घबाहु**
•	दुख देने वाला	**दुखद**
•	जिसमें दो रंग हो	**दुरंगा**
•	अनुचित बात के लिए आग्रह	**दुराग्रह**
•	जिसका दमन करना कठिन हो	**दुर्दम/दुर्दम्य**
•	ऐसा अकाल कि भिक्षा देना/लेना भी कठिन हो	**दुर्भिक्ष**
•	बुरे आचारण/चरित्र वाला	**दुश्चरित्र**
•	वह व्यक्ति जो दूर तक की बातों को पहले ही सोच लेता है	**दूरदर्शी**
•	दिन का या प्रतिदिन होने वाला	**दैनिक**
•	जो द्वार की रक्षा करता है	**द्वारपाल**
•	धारण करने वाला	**धारक**
•	जिस पर धारियाँ बनी हों	**धारीदार**
•	यात्रियों के लिए धर्मार्थ बना हुआ घर	**धर्मशाला**

•	शक्तिशाली, दयालु और योद्धा नायक	**धीरोदात्त**
•	मछली पकड़ने या बेचने वाली जाति विशेष	**धीवर**
•	ध्यान करने योग्य या लक्ष्य	**ध्येय**
•	जिसकी नाक कट गयी हो	**नकटा**
•	आकाश में विचरण करने वाला	**नभचर**
•	चंद्रमास के किसी पक्ष की नौंवी तिथि	**नवमी**
•	जो नष्ट होने वाला हो	**नश्वर**
•	लड़की की लड़की	**नातिन**
•	जिसे किसी बात की स्पृहा (आकांक्षा) न हो	**निःस्पृह**
•	जिसमें (सत, रज, तम) गुण न हो	**निर्गुण**
•	जिसके मन में दया का अभाव हो	**निर्दय**
•	जिसे कोई भय नही है	**निर्भय**
•	जिस पर नियंत्रण किया गया हो	**नियंत्रित**
•	निशा (रात्रि) में विचरण करने वाला	**निशाचर**
•	जिस पर कोई कलंक न लगा हो	**निष्कलंक**
•	नीति का ज्ञान रखने वाला	**नीतिज्ञ**
•	जिसके हृदय में ममता न हो	**निर्मम**
•	एक देश से माल दूसरे देश में जाने की क्रिया	**निर्यात**
•	जो कामना रहित हो	**निष्काम**
•	जो उत्तर न दे सके	**निरूत्तर**
•	शासकीय अधिकारियों का शासन	**नौकरशाही**
•	जिसके बारे में मतभेद न हो	**निर्विवाद**
•	नगर में रहने वाला	**नागरिक**
•	जिसमें पाँच कोने हों	**पंचकोण**
•	पानी में डूबकर चलने वाली नाव	**पनडुब्बी**
•	जो पिंड से जन्मता है	**पिंडज**
•	जो उक्ति बार–बार कही जाय	**पुनरुक्ति**
•	जो शीघ्र किसी बात या युक्ति को सोच ले	**प्रत्युत्पन्नमति**
•	वह जिससे प्रेम किया जाय	**प्रेमपात्र**
•	जिसमें प्रतिभा है	**प्रतिभावान**
•	जो देखने में प्रिय हो	**प्रियदर्शी**
•	जो दूसरे के अधीन हो	**पराधीन**
•	जो प्रशंसा के योग्य हो	**प्रशंसनीय**
•	आँखों के सामने	**प्रत्यक्ष**
•	पर्वत की कन्या	**पार्वती**
•	अगुआ बनकर मार्ग दिखाने वाला	**पथ–प्रदर्शक**
•	किये हुए परिश्रम के बदले में मिलने वाला धन	**पारिश्रमिक**
•	किसी बड़े आदमी के निधन की वार्षिक तिथि	**पुण्यतिथि**
•	अपने बेटे की पत्नी	**पुत्रवधू**
•	जिसका प्रचार हुआ या किया हो	**प्रचारित**
•	प्रश्न के रूप में पूछे जाने योग्य	**प्रष्टव्य**
•	जिसमें मल (गंदगी) हो	**मलिन**
•	जिसने मृत्यु को जीत लिया है	**मृत्युंजय**
•	यात्रा करने वाला	**यात्री**
•	रात को दिखाई न देने वाला रोग	**रतौंधी**

SSC GD के परीक्षानुरूप विगत वर्षों के महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का संकलन

1. 'वह व्यक्ति जो विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य करता है' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है–

SSC GD 10.Jan.2023 Shift-I

(a) विद्यार्थी (b) शिक्षक
(c) शिक्षार्थी (d) छात्र

2. निम्नलिखित वाक्यांश के लिय उपयुक्त सार्थक शब्द है

'जो कहा न जा सके'

SSC GD 10.Jan.2023 Shift-I

(a) अकथ्य (b) कथन
(c) कहानी (d) कहना

3. 'शरीर का कोई भाग' वाक्यांश के लिए उचित शब्द बताइए

SSC GD 10.Jan.2023 Shift-I

(a) अवयव (b) कृषांग
(c) दृष्टि (d) अभिन्न

4. 'किसी पदार्थ या राज्य का दूसरे पदार्थ या राज्य में मिल जाना' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–

SSC GD 10.Jan.2023 Shift-III

(a) एकीकरण (b) विलय
(c) संगम (d) सहयोग

5. 'वह धन जो आधिकारिक रूप से राज्य को मिलता हो' – वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा

SSC GD 10.Jan.2023 Shift-III

(a) राजस्व (b) चुंगी
(c) कर (d) राजधन

6. निम्नलिखित वाक्यांश के लिये उपयुक्त सार्थक शब्द है–
'बिना स्वार्थ के कार्य करने वाला'
SSC GD 10.Jan.2023 Shift-III
(a) निःस्वार्थी (b) सहायक
(c) हितेशी (d) स्वार्थी

7. वाक्यांश और उसके लिए एक शब्द का निम्न में से कौन सा युग्म अशुद्ध है?
SSC GD 10.Jan.2023 Shift-IV
(a) लाभ पाने की इच्छा–लिप्सा
(b) जो किसी से जीता न जा सके–अजेय
(c) नाप तौलकर खर्च करने वाला–मितभाषी
(d) सात दिन का समूह–सप्ताह

8. रेखांकित शब्द–समूह के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनें।
आकाश में इतने तारे हैं कि गिने न जा सके।
SSC GD 10.Jan.2023 Shift-IV
(a) गणनीय (b) असंख्य
(c) अनगिनत (d) गिनती के

9. 'सारे शरीर की हड्डियों का ढांचा' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है–
SSC GD 11.Jan.2023 Shift-I
(a) शरीर की हड्डियां (b) कंकाल
(c) हड्डी का ढांचा (d) मांसपेशी

10. विकल्पों में से निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द चुनें।
'जो इंद्रियों से परे हो'
SSC GD 11.Jan.2023 Shift-I
(a) अतींद्रिय (b) कर्मेंद्रिय
(c) जितेंद्रिय (d) ज्ञानेंद्रिय

11. 'जो कहा गया है' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है–
SSC GD 11.Jan.2023 Shift-I
(a) अकथ्य (b) कल्पित
(c) वचनातीत (d) कथित

12. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
'जो प्रमाण द्वारा सिद्ध न हो सके'
SSC GD 11.Jan.2023 Shift-II
(a) अचिंत्य (b) अद्वितीय
(c) अनिर्वचनीय (d) अप्रमेय

13. 'जो अपनी जगह से न डिगे' वाक्यांश के लिए उचित शब्द बताइए।
SSC GD 11.Jan.2023 Shift-II
(a) असीमित (b) आधार
(c) अड़िग (d) अखंड

14. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द चुनिए।
'जिसे पार करना कठिन हो'
SSC GD 11.Jan.2023 Shift-II
(a) पारंगत (b) दूरदर्शी
(c) दुस्तर (d) दत्तक

15. निम्न वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।
'जिसका जन्म बाद में हुआ हो'
SSC GD 11.Jan.2023 Shift-III
(a) अन्या (b) अनुज
(c) तनुज (d) अतुल

16. नीचे दिए वाक्यांश के लिए उचित शब्द दिए गए विकल्पों में से चुनिए–
'जिसके पास न पहुँचा जा सके'
SSC GD 11.Jan.2023 Shift-III
(a) अगेय (b) अगवानी
(c) अगाध (d) अगम्य

17. दिए गये वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द बताइए – 'दोपहर के बाद का समय'
SSC GD 11.Jan.2023 Shift-IV
(a) पूर्वमध्याह्न (b) अपराह्न
(c) मध्याह्न (d) पूर्वाह्न

18. 'जिसकी सीमा न हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द बताइए–
SSC GD 11.Jan.2023 Shift-IV
(a) सीमांकित (b) परिसीमित
(c) ससीम (d) असीम

19. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है। 'जो समान न हो'
SSC GD 11.Jan.2023 Shift-IV
(a) बराबर (b) एक समान
(c) खुराक (d) विषम

20 'राजनीतिज्ञों एवं राजदूतों की नीति संबंधी कला' वाक्यांश के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन–सा है?
SSC GD 12.Jan.2023 Shift-I
(a) राजनीति (b) कूटनीति
(c) गृहनीति (d) अर्थनीति

21. 'जिसके सभी दाँत झड़ चुके हों'
दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–
SSC GD 12.Jan.2023 Shift-I
(a) पोपला (b) खल्वाट
(c) बूढ़ा (d) खोखला

22 'जो कम बोलता है' वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?
SSC GD 12.Jan.2023 Shift-II
(a) मितभाषी (b) अपभाषी
(c) मृभाषी (d) कटुभाषी

23. 'जानने की इच्छा करने वाला वाक्यांश के लिए उचित शब्द क्या होगा?
SSC GD 12.Jan.2023 Shift-II
(a) दूरदर्शी (b) युयुत्सु
(c) जितेन्द्रिय (d) जिज्ञासु

24. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द– समूह के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनें।
तुम्हारा अपराध <u>क्षमा किए जाने योग्य</u> है।
SSC GD 12.Jan.2023 Shift-III
(a) अशोभनीय (b) क्षम्य
(c) अक्षम्य (d) गलत

25. 'यथासंभव के लिए कौन सा वाक्यांश उपयुक्त होगा?
SSC GD 12.Jan.2023 Shift-III
(a) जहाँ तक हो सके (b) संभवतः
(c) यथारूप (d) संभव हो

26. निम्नलिखित विकल्पों में से 'जो उचित समय पर न हो' वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या होगा ?
SSC GD 12.Jan.2023 Shift-III
(a) सामयिक (b) असामयिक
(c) काल्पनिक (d) कल्पनाजन्य

27. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
'जिस घटना को वचन से व्यक्त न किया जा सके'
SSC GD 12.Jan.2023 Shift-III
(a) अनुकरणीय (b) अनिर्वचनीय
(c) अविस्मरणीय (d) अतुलनीय

28. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द चुनिए।
'जिसे बुलाया न गया हो'
SSC GD 12.Jan.2023 Shift-IV
(a) अदेय (b) अनाहूत
(c) अमानत (d) अगवानी

29. 'कुछ लाभ पाने की चाह' वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?
SSC GD 12.Jan.2023 Shift-IV
(a) पिपासा (b) बुभुक्षा
(c) लिप्सा (d) प्रतीक्षा

30. 'जो पहरा देता है' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द क्या होगा?
SSC GD 12.Jan.2023 Shift-IV
(a) रक्षक (b) सेवक
(c) प्रत्यागत (d) प्रहरी

31. नीचे दिए शब्द के लिए उचित वाक्यांश दिए गए विकल्पों में से चुनिए–
अभूतपूर्व
SSC GD 13.Jan.2023 Shift-I
(a) जो किसी पर अभियोग लगाए
(b) जिस पर अभियोग लगाया गया हो
(c) जो पहले घटित न हुआ हो
(d) जो भेदा न जा सके

32. 'मुंशी प्रेमचन्द द्वारा लिखित कहानियाँ अद्वितीय हैं वाक्य में प्रयुक्त 'अद्वितीय' शब्द का अर्थ क्या है?
SSC GD 13.Jan.2023 Shift-I
(a) जो किसी के समान हो।
(b) जो बहुत अच्छा हो।
(c) जिसके समान कोई दूसरा न हो।
(d) जिसकी किसी से समानता की जा सके।

33. नीचे दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–
जिस पेड़ के पत्ते झड़ गए हों।
SSC GD 13.Jan.2023 Shift-I
(a) सूखा (b) अधेर
(c) अपर्ण (d) पर्णल

34. निम्न वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
'जिसके पार देखा जा सके'
SSC GD 13.Jan.2023 Shift-I
(a) पारभासक (b) पारदर्शन
(c) पारदर्शक (d) पारमासक

35. 'जिसमें शक्ति न हो' वाक्यांश के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन–सा है?
SSC GD 13.Jan.2023 Shift-II
(a) अशक्त (d) शकत
(c) अशक्य (d) अशोक

36. 'ऊपर की ओर जाने वाला'
उक्त वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–
SSC GD 13.Jan.2023 Shift-II
(a) उपही (b) उरक्षत
(c) ऊर्ध्वगामी (d) अस्ताचल

37. 'जो स्त्री प्रिय बोलती है' वाक्यांश के लिए एक शब्द है।
SSC GD 13.Jan.2023 Shift-II
(a) कर्णप्रिय (b) प्रेयसी
(c) प्रियंवदा (d) कोमलांगी

38. नीचे दिए वाक्यांश के लिए उचित शब्द दिए गए विकल्पों में से चुनिए–
'जो सबके आगे रहता हो'
SSC GD 13.Jan.2023 Shift-III
(a) अग्रिम (b) अग्रज
(c) अग्रगण्य (d) अग्रणी

39. 'जिसका जन्म बाद में हुआ हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द क्या होगा?
SSC GD 13.Jan.2023 Shift-III
(a) अनुज (b) अग्रज
(c) ज्येष्ठ (d) अग्रजा

40. नीचे दिए शब्द के लिए उचित वाक्यांश दिए गए विकल्पों में से चुनिए–
अन्यमनस्क
SSC GD 13.Jan.2023 Shift-IV
(a) जिसका मन किसी दूसरी ओर लगा हो
(b) किसी और स्थान पर
(c) जो पहले न हुआ हो
(d) जो नया न हो

41. 'जिसे वचन द्वारा व्यक्त नहीं किया जा सके' वाक्यांश के लिए उचित शब्द क्या होगा?
SSC GD 16.Jan.2023 Shift-I
(a) अनुकरणीय (b) अलौकिक
(c) अनिवार्य (d) अनिर्वचनीय

42 'पूरब और उत्तर के बीच की दिशा' वाक्यांश के लिए उचित शब्द बताइए
SSC GD 16.Jan.2023 Shift-I
(a) पूर्व (b) ईशान
(c) पश्चिम (d) वायव्य

43. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द चुनिए। वह पर्वत, जहाँ से सूर्य का अस्त माना जाता हो।
SSC GD 16.Jan.2023 Shift-III
(a) अस्ताचल (b) अनुपम
(c) अतुल (d) अस्तगामी

44. निम्नलिखित विकल्पों में से 'ऐसे स्थान का वास जहाँ कोई पता न पा सके'। वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या होगा ?
SSC GD 16.Jan.2023 Shift-IV
(a) निवास (b) दूरस्थ
(c) निकटवास (d) अज्ञातवास

45. नीचे दिए शब्द के लिए उचित वाक्यांश दिए गए विकल्पों में से चुनिए।
'गोचर'
SSC GD 17.Jan.2023 Shift-I
(a) गाय को चराने वाला
(b) जिसका ज्ञान इंद्रियों द्वारा न हो सके
(c) जो गाय के साथ चलता है
(d) जिसका ज्ञान इंद्रियों द्वारा हो सके

46. 'धन से सम्बन्ध रखने वाला' वाक्यांश के लिए उचित शब्द क्या होगा?
SSC GD 17.Jan.2023 Shift-III
(a) मालिक (b) आर्थिक
(c) मूल्यवान (d) कीमती

47. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए
'बिजली की तरह चमकने वाला'
SSC GD 23.Jan.2023 Shift-I
(a) विद्युतगामी (b) विद्युत्प्रभ
(c) आकाशवृत्ति (d) जाजुल्यमान

48. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या होगा?
'गज के समान गति से चलने वाली'
SSC GD 23.Jan.2023 Shift-II
(a) हंसवाहिनी (b) गजगामिनी
(c) मृणालकांति (d) मृगनयनी

49. विकल्पों में से निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द चुनें।
'जिसने पवित्र उद्देश्य के लिए जीवन दान किया हो'
SSC GD 23.Jan.2023 Shift-III
(a) धर्मात्मा (b) हुतात्मा
(c) जीवात्मा (d) दुरात्मा

50. 'बादल की तरह गरजने वाला'
ऊपर दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?
SSC GD 24.Jan.2023 Shift-I

(a) तमिस्रा (b) व्यापाद
(c) हिमनद (d) मेघनाद

51. 'बार–बार बोलना'
ऊपर दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?
SSC GD 24.Jan.2023 Shift-II
(a) प्रलाप (b) अनुलाप
(c) विलाप (d) एकालाप

52. 'वह स्थान जहाँ स्थायी महत्त्व की वस्तुओं का संग्रह हो' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?
SSC GD 25.Jan.2023 Shift-I
(a) संग्रहालय (b) प्रयोगशला
(c) विद्यालय (d) पुस्तकालय

53. निम्न वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?
'जिसका दूसरा उपाय न हो'
SSC GD 25.Jan.2023 Shift-II
(a) अन्यग (b) अनन्योपाय
(c) अन्योन्य (d) अन्यतम

54. 'आशा से बहुत अधिक' इस वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है
SSC GD 01.Feb.2023 Shift-II
(a) वांछित (b) प्रतीक्षित
(c) आशातीत (d) इच्छित

55. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द क्या होगा?
'जिसने इंद्र पर विजय प्राप्त की हो'
SSC GD 01.Feb.2023 Shift-III
(a) इन्द्रजय (b) इंद्र विजय
(c) इंद्रजीत (d) इंद्र जीता

56. 'जिसके बालों में चंद्रमा है' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–
SSC GD 01.Feb.2023 Shift-III
(a) चंद्रशेखर (b) चक्रपाणि
(c) चंद्रग्रहण (d) चंद्रचूड़

57. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द चुनें।
'जो व्यक्ति अच्छे आचरण वाला हो'
SSC GD 07.Feb.2023 Shift-IV
(a) सदाचारी (b) समभाषी
(c) सहकारी (d) सहयोगी

58. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द चुनिए ।
जो बाएँ और दाएँ दोनों हाथों से तीर चला ले
SSC GD 08.Feb.2023 Shift-I
(a) मुक्तहस्त (b) सहोदर
(c) सव्यसाची (d) शाक्त

59 'निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए।'
'आवश्यकता से अधिक बरसात'
SSC GD 08.Feb.2023 Shift-III
(a) अतिक्रमण (b) अतिवृष्टि
(c) अल्पवृष्टि (d) अनावृष्टि

60. 'चक्षुश्रवा' के लिए उपयुक्त वाक्य खंड चुनकर लिखिए।
SSC GD 08.Feb.2023 Shift-IV
(a) चक्षु से जो देखने का कार्य करता है।
(b) चक्षु से जो श्रवण कार्य करता है।
(c) चक्षु को जो दूसरों के साथ मिलाता है।
(d) चक्षु को जो बंदकर सोचता है।

61. निम्नलिखित विकल्पों में से 'नवीन बनाने की क्रिया वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या होगा?
SSC GD 09.Feb.2023 Shift-II
(a) आर्थिक (b) सर्वमत
(c) परम्परावादी (d) आधुनिकीकरण

62. नीचे दिए वाक्यांश के लिए उचित शब्द दिए गए विकल्पों में से चुनिए–
'जिसका ज्ञान इंद्रियों द्वारा न हो'
SSC GD 13.Feb.2023 Shift-I
(a) अगोचर (b) अज्ञात
(c) अचिंत्य (d) अग्रशोची

63. निम्नलिखित विकल्पों में से 'साधारण या व्यापक नियम के विरुद्ध चीजें' वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द क्या होगा ?
SSC GD 13.Feb.2023 Shift-II
(a) अपूर्व (b) अपवाद
(c) नीरवता (d) आलोचक

64. 'क्रम के अनुसार' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है–
SSC GD 13.Feb.2023 Shift-II
(a) क्रमांक (b) यथाक्रम
(c) असंख्य (d) सक्रम

65. 'जिसमें दया की भावना न हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द क्या होगा?
SSC GD 13.Feb.2023 Shift-III
(a) अभय (b) निर्जीव
(c) निर्भय (d) निर्दय

66. 'अपने ही कुल का नाश करने वाला व्यक्ति' के लिए एक शब्द होगा
(SSC GD 2021)
(a) विभीषण (b) कुलांगार
(c) कुलीन (d) कूपमंडूक

67. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
(SSC GD 2021)
'कठिनाई से होने वाला कार्य'
(a) असाध्य (b) श्रमसाध्य
(c) आसान (d) कष्टसाध्य

68. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
(SSC GD 2021)
'जिसका जन्म शरीर से हुआ हो'
(a) अण्डज (b) शरीरज
(c) पिण्डज (d) पार्थिव

69. 'पहाड़ के ऊपर की समतल भूमि' वाक्यांश के लिए एक शब्द–
(SSC GD 2021)
(a) अंतरिक्ष (b) अधित्यका
(c) अनावृत्त (d) आगत पतिका

70. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
(SSC GD 2021)
'चार भुजाओं वाला'
(a) चतुर्दशी (b) चतुर्भुज
(c) चतुरानन (d) चहुमुखी

71. 'विवाद से अलग रहने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा
(SSC GD 2021)
(a) अभियुक्त (b) तटस्थ
(c) मध्यस्थ (d) गवाह

72. 'आधे से अधिक लोगों की मिलकर एक राय' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा–
(SSC GD 2021)
(a) अल्पमत (b) सहमत
(c) बहुमत (d) जनमत

73. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
(SSC GD 2021)
'जिसे बुलाया न गया हो'
(a) अनाहूत (b) आरक्त
(c) आहूत (d) अभिभूत

74. 'बिना विचारे किया गया विश्वास'– वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए–
(SSC GD 2021)
(a) गोपनीय (b) विश्वासू
(c) अन्धविश्वास (d) विश्वास

75. 'जिस की गहराई का पता न लग सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–
(SSC GD 2021)
(a) अगाध (b) गहरा
(c) असाध (d) अबाध

76. 'किसी के पीछे–पीछे चलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–
(SSC GD 2021)
(a) आगामी (b) प्रतिगामी
(c) अनुरागी (d) अनुगामी

77. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
(SSC GD 2021)
'गोद लिया पुत्र'
(a) दत्तक (b) दत्तचित्त
(c) दन्तक (d) बालक

78. नीचे दिये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
(SSC GD 2021)
'जो निगाह से परे हो'
(a) प्रत्यक्ष (b) निगाहहीन
(c) निगेबान (d) परोक्ष

79. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
(SSC GD 2021)
'ग्राम का रहने वाला'
(a) नागर (b) नागरिक
(c) गंवार (d) ग्रामीण

80. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
(SSC GD 2021)
'जिस का दमन करना कठिन है'
(a) दुर्बोध (b) दृष्टव्य
(c) दुर्दम (d) दुर्गम

81. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
(SSC GD 2021)
'जो दूसरों के अधीन हो'
(a) स्वाधीन (b) दास
(c) परजीवी (d) पराधीन

82. 'जो स्त्री विद्वान् हो' इस वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द दीजिए।
(SSC GD 2021)
(a) विजित (b) विदुषी
(c) विज्ञ (d) विधुर

83. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनें।
(SSC GD 2021)

'पूछने योग्य'

(a) सुयोग्य (b) प्रश्न
(c) प्रष्टव्य (d) योग्य

84. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
(SSC GD 2019)

'जो जन्म से अंधा हो'

(a) जन्मांध (b) दुष्टांध
(c) कृपांध (d) अंधभक्त

85. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
(SSC GD 2019)

'जो मोक्ष चाहता हो'

(a) मोक्षालु (b) अमोक्षीय
(c) मोक्षप्रिय (d) मुमुक्षु

86. दिये गए वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–
(SSC GD 2019)

'जीतने की इच्छा'

(a) जुगुप्सा (b) जिगीषा
(c) अभिप्सा (d) जीजिविषा

87. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
(SSC GD 2019)

'अपनी हत्या करने वाला'

(a) पराघाती (b) आत्मघाती
(c) मित्रघाती (d) सर्वघाती

88. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
(SSC GD 2019)

'जो कभी बूढ़ा न हो'

(a) अजर (b) यौवन
(c) अमृत (d) अमर

89. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिये।
(SSC GD 2019)

'जो आँखों के सामने हो'

(a) विरोध (b) प्रत्यक्ष
(c) परोक्ष (d) अक्षि

90. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
(SSC GD 2019)

'जो भूमि उपजाऊ न हो'

(a) मैदान (b) बंजर
(c) दलदल (d) उर्वर

91. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
(SSC GD 2019)

'मांस खाने वाला'

(a) सर्वहारी (b) अल्पहारी
(c) शाकाहारी (d) मांसाहारी

92. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
(SSC GD 2019)

'जिसका कोई नाथ न हो'

(a) हजारीनाथ (b) कुनाथ
(c) सनाथ (d) अनाथ

93. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
(SSC GD 2019)

'जिसे जाना न जा सके'

(a) ज्ञान शील (b) ज्ञानोदय
(c) अज्ञेय (d) जिज्ञासु

94. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
(SSC GD 2019)

'साथ चलने वाला'

(a) सहयोगी (b) सहयोग
(c) सहगामी (d) प्रतिगामी

95. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए।
(SSC GD 2019)

'जो मास में एक बार होता हो'

(a) पाक्षिक (b) साप्ताहिक
(c) वार्षिक (d) मासिक

96. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिये।
(SSC GD 2019)

'जो कुछ न जानता हो'

(a) अल्पज्ञ (b) अज्ञ
(c) सर्वज्ञ (d) मर्मज्ञ

97. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
(SSC GD 2019)

'जो बिना तिथि बताए आए'

(a) दैनिक (b) आगत
(c) संत (d) अतिथि

98. दिये गए वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा।
(SSC GD 2019)

'जिस स्त्री को कोई संतान न हो सके'

(a) अस्त्रैण (b) बंध्या
(c) संतान हीन (d) अभागी

99. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

'जिसमें शक्ति न हो'

(a) शक्तिशाली (b) सशक्ति
(c) अशक्त (d) सशक्त

100. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए। (SSC GD 2019)

'जो बात पहले कभी न हुई हो'

(a) सुलभ (b) दुर्लभ
(c) अभूतपूर्व (d) अविश्वसनीय

101. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए। (SSC GD 2019)

'आकाश को छूने वाला'

(a) गगन (b) आकाशीय
(c) खगोलीय (d) गगनचुंबी

102. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए। (SSC GD 2019)

'साथ काम करने वाला'

(a) सहधर्मी (b) सहकर्म
(c) सहकर्मी (d) सहयोग

103. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए। (SSC GD 2019)

'जो भविष्य में आने वाला हो'

(a) परागामी (b) अकाल
(c) आगामी (d) भूतकाल

104. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए। (SSC GD 2019)

'साथ पढ़ने वाला'

(a) सहपाठी (b) साथी
(c) सहपढ़ (d) सहयोगी

105. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए। (SSC GD 2019)

'जो दूर की सोचता है'

(a) चतुर्दशी (b) द्वादशी
(c) दूरदर्शी (d) एकादशी

106. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए। (SSC GD 2019)

'जो सब को प्रिय हो'

(a) रमणीय (b) सुन्दर
(c) शोभनीय (d) सर्वप्रिय

107. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए। (SSC GD 2019)

'जहाँ जाया न जा सके'

(a) अगम्य (b) सुगम्य
(c) कुगम्य (d) सगम्य

108. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए। (SSC GD 2019)

'जिसका वर्णन न हो सके'

(a) माणिक्य (b) अवर्णनीय
(c) शोभनीय (d) हिरण्य

109. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए। (SSC GD 2019)

'जिसका कोई शत्रु न हो'

(a) अजातशत्रु (b) बंधु
(c) मित्र (d) सहचर

110. 'जिस पर आक्रमण हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा– (SSC GD 2019)

(a) आक्रांत (b) आक्रांता
(c) आततायी (d) आक्रामक

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(a)	3.	(a)	4.	(b)	5.	(a)	6.	(a)	7.	(c)	8.	(c)	9.	(b)	10.	(a)
11.	(d)	12.	(d)	13.	(c)	14.	(c)	15.	(b)	16.	(d)	17.	(b)	18.	(d)	19.	(d)	20.	(b)
21.	(a)	22.	(a)	23.	(d)	24.	(b)	25.	(a)	26.	(b)	27.	(b)	28.	(b)	29.	(c)	30.	(d)
31.	(c)	32.	(c)	33.	(c)	34.	(c)	35.	(a)	36.	(c)	37.	(c)	38.	(d)	39.	(a)	40.	(a)
41.	(d)	42.	(b)	43.	(a)	44.	(d)	45.	(d)	46.	(b)	47.	(b)	48.	(b)	49.	(b)	50.	(d)
51.	(b)	52.	(a)	53.	(b)	54.	(c)	55.	(c)	56.	(d)	57.	(a)	58.	(c)	59.	(b)	60.	(b)
61.	(d)	62.	(a)	63.	(b)	64.	(b)	65.	(d)	66.	(b)	67.	(d)	68.	(c)	69.	(b)	70.	(b)
71.	(b)	72.	(c)	73.	(a)	74.	(c)	75.	(a)	76.	(d)	77.	(a)	78.	(d)	79.	(d)	80.	(c)
81.	(d)	82.	(b)	83.	(c)	84.	(a)	85.	(d)	86.	(b)	87.	(b)	88.	(a)	89.	(b)	90.	(b)
91.	(d)	92.	(d)	93.	(c)	94.	(c)	95.	(d)	96.	(b)	97.	(d)	98.	(b)	99.	(c)	100.	(c)
101.	(d)	102.	(c)	103.	(c)	104.	(a)	105.	(c)	106.	(d)	107.	(a)	108.	(b)	109.	(a)	110.	(a)

5 अनेकार्थक शब्द एवं शब्द युग्म

परिचय

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है **अनेक अर्थ वाले शब्द**।

वे शब्द जो एक से अधिक अर्थ रखते हैं, उन्हें अनेकार्थक शब्द कहते हैं।

अनेकार्थक शब्द

- **अम्बर** – वस्त्र, आकाश, कपास, एक इत्र, अभ्रक, एक नगर, मेघ
- **अरुण** – सूर्य, रक्तवर्ण, लाल, सिंदूर, कुमकुम, बालसूर्य।
- **अशोक** – शोकरहित, अशोक–वृक्ष, सम्राट अशोक।
- **अक्षर** – वर्ण, नाशरहित, सत्य, मोक्ष, आकाश, आत्मा , नित्य।
- **अज** – बकरा, मेष राशि, शिव, दशरथ के पिता, ब्रह्मा, जिसका जन्म न हो (ईश्वर)।
- **अधर** – अंतरिक्ष, तुच्छ, होंठ, बिना आधार का, नीचे का।
- **अंकुश** – नियंत्रण, दबाव, हाथी को चलाने–रोकने का लोहे का अंकुड़ा (जो लोहे का बना होता है)।
- **उत्पात** – शरारत, दंगा, हो–हल्ला।
- **उग्र** – भयानक, क्रूर, तीव्र, कष्टदायक, प्रचण्ड, महादेव, गरम, सूर्य।
- **उपचार** – व्यवहार, प्रयोग, चिकित्सा, सेवा, धर्मानुष्ठान, घूस, खुशामद।
- **ऋतु** – सत्य, यथार्थ, वृत्ति–विशेष, मोक्ष, जल, मौसम।
- **ऋजु** – सीधा, सुगम, अनुकूल, प्रसन्न, सज्जन।
- **और** – अन्य, भिन्न, अधिक, विशेष, फिर।
- **कर** – किरण, हाथ, टैक्स, सूँड।
- **कमल** – एक फूल, उस फूल का पौधा, एक मासपिण्ड, जल, ताँबा।
- **कुशल** – खैरियत, चतुर, प्रवीण, प्रशिक्षित, क्षेम।
- **कोट** – किला, गढ़, पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र।
- **कंद** – मिश्री, बिना रेशे की गूदेदार जड़, बादल, शकरकंद।
- **कसरत** – व्यायाम, अधिकता।
- **कृष्ण** – वेदव्यास, काला, कृष्ण भगवान, एक पक्ष, चन्द्रमा का धब्बा।
- **केतु** – ध्वज, एक ग्रह, पुच्छल तारा।
- **करीब** – समीप, सगा, लगभग।
- **कर्त्ता** – करने वाला, बनाने वाला, परिवार का मुखिया, पहला कारक।
- **कलि** – कलह, दुःख, पाप, चार युगों में चौथा युग, सूरमा, संग्राम, काला।
- **कटक** – सेना, शिविर, समूह, कड़ा, शृंखला, चटाई।
- **कन्या** – कुमारी, एक राशि, पुत्री, लड़की।
- **खर** – गधा, तिनका, एक राक्षस का नाम, दुष्ट, प्रखर।
- **खण्डन** – टुकड़े करना, प्रत्याख्यान, विरोध, हिस्सों में बाँटना।
- **खराब** – गंदा, बुरा, न चालू, बरबाद, नष्ट।
- **ग्रहण** – लेना, पकड़ना, सूर्य–चन्द्र पर राहु–केतु का प्रभाव।
- **गति** – हालत, मोक्ष, चाल, रफ्तार, रीति, स्पन्दन, वेश।
- **गंदा** – बुरा, अश्लील, मैला, घृणित, अशुद्ध।
- **ग्रह** – तारे, नौ की संख्या, अनुग्रह, कृपा, राहु।
- **गोपाल** – गाय पालने वाला, कृष्ण, ग्वाला, किसी लड़के का नाम।
- **घट** – शरीर, घड़ा, कम।
- **घात** – चोट, हत्या, गुणनफल, दाँव, अवसर।
- **घोड़ा** – एक पशु, बंदूक का खटका, शतरंज का एक मोहरा।
- **चपला** – बिजली, चंचल स्त्री, लक्ष्मी, वेश्या।
- **चटकना** – फूटना, खिलना, रूष्ट होना, चट–पट करना।
- **चाप** – परिधि का आधा, आलू की टिकिया, दबाव, धनुष।
- **जन** – लोग, प्रजा, गंवार, अनुचर, सूमह, भवन, मजदूरी, सात लोकों में से एक।
- **जलज** – कमल, मोती, मछली, चन्द्रमा, सेवार, शंख।
- **जरा** – थोड़ा, बुढ़ापा।
- **ठाकुर** – देवता, ईश्वर, मालिक, क्षत्रिय, नाई, सरदार, जमींदार।
- **डूबना** – अस्त होना, पानी के नीचे जाना, नष्ट होना, समाप्त होना।
- **तरंग** – लहर, उमंग, स्वर लहरी।
- **तलब** – चाह, आवश्यकता, बुलावा, वेतन, खोज।
- **तात** – पिता, पूज्य, गुरु, भाई, मित्र, बड़ा।
- **तार** – चाँदी, धातु, तंतु, सूत, टेलीग्राफ।
- **तीक्ष्ण** – धारदार, तेज, प्रचंड, उग्र, चरपरा।

- **तम** – अंधकार, राहु, सूअर, पाप, क्रोध, अज्ञान, कालिख, नरक, मोह।
- **तत्व** – मूल, यथार्थ, सार, पञ्चभूत, ब्रह्मा।
- **थान** – ठिकाना, निवास स्थान, किसी देवी–देवता का स्थान, कपड़े का पूरा टुकड़ा (गट्ठर)।
- **थल** – भूमि, स्थान, वह जमीन जिस पर पानी न हो, बाघ की माँद, ऊँची धरती, रेगिस्तान।
- **द्विज** – अण्डज, प्राणी, पक्षी, ब्राह्मण, चन्द्रमा, दाँत, तारा।
- **धात्री** – माता, आँवला, पृथ्वी, उपमाता, धाय, वह स्त्री जो किसी शिशु को स्तनपान कराए एवं उसका पालन–पोषण करे।
- **नेपथ्य** – वेशभूषा, सजावट, रंगमंच का पिछला भाग जहाँ रंगमंच के पात्र सजते हैं।
- **नग** – पर्वत, रत्न विशेष (नगीना), सूर्य, सर्प, वृक्ष, संख्या, अदद।
- **नायक** – सेनापति, छोटा सेनाधिकारी, मुखिया, नाटक का मुख्य पात्र।
- **निशाचर** – चोर, उल्लू, प्रेत, राक्षस, चक्रवाक, रात में निकलने वाला, गीदड़, सर्प।
- **पोत** – जहाज, बच्चा, वस्त्र, गुड़िया, गर्भस्थ पिण्ड, कपड़े की बुनावट।
- **पट** – कपड़ा, परदा, देवमंदिर की किवाड़, गिरने अथवा मारने का शब्द।
- **पति** – स्वामी, (दूल्हा) ईश्वर, प्रतिष्ठा।
- **पत्र** – किसी वृक्ष का पत्ता, चिट्ठी, पंख, समाचार पत्र, लिखा हुआ कागज।
- **पतंग** – सूर्य, पक्षी, गुड्डी, फतिंगा, नाव, कनकौआ, शरीर।
- **पारावार** – समुद्र, हद, सीमा, दोनों ओर का तट, आर–पार।
- **पर** – पंख, ऊपर, दूसरा, किन्तु, पराया, परस्पर, दूर, प्रवृत्त।
- **बढ़ना** – उन्नत होना, अधिक होना, और आगे चलना, विस्तार, परिमाण में अधिक होना।
- **बहना** – हवा चलना, अधिक व्यय होना, नष्ट होना, पानी का चलते रहना।
- **बलि** – राजा बलि, उपहार, बलिदान, चढ़ावा, कर, मालगुजारी, पंच महायज्ञों में चौथा।
- **बहार** – वसन्त ऋतु, आनंद, रोचक, एक राग विशेष, प्रफुल्लता, शोभा।
- **मधु** – शराब, मदिरा, वसंत ऋतु, शहद, चैत्रमास, मीठा, फूल का रस, अमृत।
- **मूक** – चुप, विवश, अवाक्, गूँगा।
- **मोहर** – अशर्फी, लाख, छाप, ठप्पा।
- **मानस** – मनुष्य, मन, कामदेव, दूत, मन से उत्पन्न, मानसरोवर।
- **योग** – मेल, लगाव, ध्यान, कुल, जोड़, शुभ काल, मन की साधना, विधि।
- **रश्मि** – किरण, डोरी, घोड़े की लगाम, पलक के रोएँ।
- **रंग** – वर्ण, शोभा, मनोविनोद, रोब, नाच–गाना, ढंग, युद्ध क्षेत्र, मन की उमंग, प्रभाव।
- **लगना** – सटना, जुड़ना, चिपकना, घाव/चोट करना, खर्च होना, चुभना, नियुक्त होना, आरंभ करना।
- **विषय** – भोग–विलास, प्रसंग, भौतिक पदार्थ, स्थान, विवेचनार्थ बात।
- **वर्ण** – अक्षर, रंग, जाति, शब्द, सोना, रूप, चातुर्वर्ण्य (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र)।
- **वर** – दूल्हा, श्रेष्ठ, वरण करने योग्य, वरदान, आशीर्वाद, पति, मनोरथ–सिद्धि।
- **विभूति** – वृद्धि, ऐश्वर्य, बहुतायत, दिव्य शक्ति, राख, महिमामय पुरुष, सृष्टि।
- **स्थिर** – निश्चल, पक्का, धीर, निश्चित, शान्त, नियत।
- **सोम** – एक देवता, चन्द्रमा, सोमवार, कुबेर, यम, अमृत, वायु, जल, स्वर्ग।
- **हंस** – प्राण, सूर्य, आत्मा, शिव, ब्रह्मा, विष्णु, पक्षी विशेष, माया से निर्लिप्त आत्मा।

शब्द–युग्म

परिचय

आपने पठन–पाठन या बोलचाल में बहुत से ऐसे शब्दों को जाना होगा, जिनके उच्चारण तो समान होते हैं परंतु अर्थ में भिन्नता होती है। इस प्रकार के शब्दों को ही 'समोच्चारित भिन्नार्थक शब्द' कहते हैं। इसे 'युग्म शब्द' या 'समानाभास शब्द' भी कहते हैं।

यहाँ ऐसे ही शब्दों का संकलन करके सूची बनाई जा रही है जो आपकी समान उच्चारण वाले शब्दों के अर्थ में भिन्नता की समझ को स्पष्ट करेंगे।

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
अगम	दुर्लभ	आगम	उत्पत्ति, शास्त्र
अन्त	समाप्त	अन्त्य	नीच
अंस	कन्धा	अंश	भाग, हिस्सा
अनल	अग्नि	अनिल	वायु
अन्न	अनाज	अन्य	दूसरा
अनिष्ट	बुराई, बुरा	अनिष्ठ	निष्ठा–रहित
अवलम्ब	सहारा	अविलम्ब	शीघ्र
अपेक्षा	इच्छा, आशा	उपेक्षा	निरादर, अवहेलना
अशक्त	शक्तिहीन, असमर्थ	आसक्त	मोहित, लगा हुआ

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
अभिज्ञ	जानने वाला, जानकार	अनभिज्ञ	अनजान, आदत वाला
आदि	आरंभ, इत्यादि	आदी	अभ्यस्त
आहुति	हवन सामग्री	आहूत	बुलाना
आभास	अलक	अभ्यास	बारम्बार प्रयत्न
आलोक	प्रकाश	अलोक	सुनसान
आद्य	पहला, प्रथम	अद्य	आज
आन	मर्यादा, मान	अन	बगैर
आगत	आया हुआ	अगत	जहाँ गति न हो
इत्र	सुगंध, पुष्पसार	इतर	दूसरा
इति	अन्त	ईति	विपत्ति, विघ्न
उपेक्षा	महत्त्व न देना	अपेक्षा	तुलना में
ऐहिक	सांसारिक	एहि	इसको
ओठ	अधर	औंठ	छोर
ओर	तरफ	और	एवं, तथा, अधिक
करि	गज, हाथी	कीर	सुग्गा, तोता
कंज	कमल	कुँज	बेलों का मण्डल
कान्तार	जंगल, वन	कान्ता	सुन्दर स्त्री
गर्भ	पेट	गर्व	अहंकार
गृह	घर	ग्रह	नक्षत्र
ग्रन्थ	पुस्तक	ग्रन्थि	गाँठ
गण	समूह	गण्य	गिनने योग्य
गिरि	पर्वत, एक जाति	गिरी	बीज के अंदर का गूदा
गेय	गाने योग्य	ज्ञेय	जो जाना जा सके
चिर	प्राचीन, दीर्घकाल	चीर	वस्त्र
चूर	चूर्ण, कण	चूड़	चोटी
चपत	तमाचा	चम्पत	गायब
छत्र	छाता	क्षत्र	क्षत्रिय
छात्र	विद्यार्थी	क्षात्र	क्षत्रिय का
छद्म	छल	छन्द	कवित्त, पद्य
जरा	बुढ़ापा	ज़रा	थोड़ा, अल्प
जलज	कमल	जलद	बादल
जरठ	बूढ़ा	जठर	पेट
जूठा	उच्छिष्ट भोजन	झूठा	असत्यवादी
जाया	पत्नी	ज़ाया	बरबाद
झक	सनक, धुन	झख	तुच्छ कार्य
झंझट	लड़ाई, बखेड़ा	झंझर	झज्झर
झंझा	आँधी	झण्डा	पताका
टुक	थोड़ा	टूक	टुकड़ा

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
ठण्ड	शीत	ठूँठ	सूखा पेड़
डीठ, दीठ	दृष्टि	ढीठ	निडर
डोंगी	छोटी नाव	ढोंगी	पाखण्डी
ढाल	रक्षक	ढाल	उतराव
तरणी	नौका	तरणि	सूर्य
तूणि	शीघ्र, तेज	तुणी	तरकश
तरंग	लहर	तुरंग	घोड़ा
तिक्त	तीता	तिग्म	तीक्ष्ण, प्रखर
तरु	वृक्ष	तर	गीला, भीगा
तरी	गीलापन	तरि	नाव, नौका
तुंद	पेट, प्रचण्ड	तुंड	चोंच, मुख
दिन	दिवस	दीन	निर्धन
द्विप	हाथी	द्वीप	टापू
दारु	लकड़ी	दारू	शराब
दशन	दाँत	दंशन	डंक मारना, काटना
द्रव	रस, पिघला हुआ	द्रव्य	पदार्थ, धन
दंश	डंक, काट	दस	दस का अंक
धुरा	अक्ष	धूर	धूल
नीर	पानी	नीड़	घोंसला
नारी	स्त्री	नाड़ी	नब्ज
नहर	जलमार्ग	नाहर	सिंह
नन्दी	शिव का बैल, पुत्र	नन्दि	आनंद, प्रसन्नता
निशाकर	चंद्रमा	निशाचर	राक्षस
परुष	कठोर	पुरुष	मनुष्य, आदमी
फूट	कलह	फुट	अकेला
फन	कला, हुनर, गुण	फण	साँप का सिर
बलि	बलिदान	बली	वीर, बलवान
बिना	रहित	वीणा	वाद्य–यंत्र विशेष
बास	दुर्गन्ध	वास	रहने का स्थान
बेश	अधिक, ज्यादा	वेश	हुलिया
भट	सिपाही, योद्धा	भाट	चारण
भीत/भीति	डर, भय	भित्ति	दीवार
मूल	जड़	मूल्य	कीमत
मनोज	कामदेव	मनुज	मानव
मल	गंदगी	मल्ल	पहलवान, योद्धा
मद	अहंकार, मतवाला	मद्य	शराब, मदिरा
मत	राय	मति	बुद्धि
रंग	वर्ण	रंक	गरीब, निर्धन
रन	झील, ताल	रण	युद्ध
रति	प्रेम	रत	लीन

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
रक्त	खून, रुधिर	रिक्त	खाली, शून्य
लक्ष	लाख	लक्ष्य	उद्देश्य, निशाना
लोटा	जल पात्र	लौटा	वापस
व्रण	घाव	वर्ण	रंग, अक्षर
वसन	कपड़ा, वस्त्र	व्यसन	बुरी आदत
विष	जहर	विस	कमल–नाल
विद्	जानकार	विद्ध	छेदा हुआ
शर	बाण	सर	तालाब
शूर	वीर	सूर	सूर्य, अन्धा
शुचि	पवित्र	शची	इन्द्राणी
शशधर	चन्द्रमा	शशिधर	महादेव, शिव
शुक	तोता	शूक	जौ
शव	लाश	शब	रात
सुत	पुत्र, बेटा	सूत	रूई का धागा
सुमन	फूल	स्वमन	अपना मन
सुर	देवता, स्वर	सूर	सूर्य, सूरदास
हुंकार	ललकार	हँकार	पुकार
हाड़	हड्डी	हाट	बाजार
हंसमुख	हंस का मुख	हँसमुख	मजाकिया

SSC GD के परीक्षानुरूप विगत वर्षों के महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का संकलन

1. निम्नलिखित में से कौन–सा 'पत्र' का अर्थ नहीं है?
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) चिट्ठी (b) पत्रिका
(c) मुख्य (d) पत्ता

2. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द अनेकार्थी शब्द है?
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) अंक (b) दोस्त
(c) कबूतर (d) परिवार

3. निम्नलिखित में से 'पट' का अर्थ क्या नहीं होता हैं?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I)

(a) ड़ालना (b) वस्त्र
(c) पर्दा (d) किवाड़

4. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द अनेकार्थी शब्द नहीं है?
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III)

(a) मुद्रा (b) गुरू
(c) राशि (d) बुद्धि

5. निम्नलिखित में से 'अंतर' का अर्थ नहीं होता हैं?
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) हृदय (b) दूरी
(c) शेष (d) आकाश

6. 'भेट' के दो अर्थों में से एक अर्थ 'मुलाकात है। दूसरे अर्थ से निम्न वाक्य को पूर्ण कीजिए। अतिथि को..... देकर सम्मानित किया गया।
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) पुष्पगुच्छ (b) मानपत्र
(c) उपहार (d) एक लाख रूपए

7. निम्न में से किस वाक्य में 'कर' के सही अनेकार्थी शब्द का प्रयोग हुआ है?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-I)

(a) विकास अत्यंत उत्साही था।
(b) नयन ने वह कार्य पूरा नहीं किया।
(c) राजीव ने अपने हाथ खड़े कर दिए।
(d) यह अत्यंत गंभीर मामला है।

8. निम्नलिखित में से क्या 'पानी' का अर्थ नहीं है?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II)

(a) चमक (b) बिजली
(c) इज्जत (d) जल

9. 'अमृत' का अर्थ निम्न में से नहीं है?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) मोती (b) स्वर्ण
(c) जल (d) पारा

10. निम्नलिखित में से 'प्रकृति' का अर्थ क्या नहीं होता हैं?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) पूज्य (b) स्वामी
(c) माया (d) स्वभाव

11. निम्नलिखित में से क्या 'इंगित ' का अर्थ नहीं होता है?
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-II)

(a) इशारा (b) संकेत

(c) अभिप्राय (d) अवस्था

12. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द अनेकार्थी शब्द है?

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) फल (b) अर्चना

(c) उपहार (d) पूजा

13. 'फैला अपने रवि कर जाल।

उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'कर' शब्द निम्न में से किस अर्थ को व्यक्त करता है?

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I)

(a) सूँड़ (b) हाथ

(c) टैक्स (d) किरण

14. 'वसन' के दो अर्थ हैं। एक अर्थ है 'स्त्रियों के कमर का एक आभूषण'। इसके दूसरे अर्थ से निम्न वाक्य पूर्ण कीजिए।

'नये..... से पूजा करने की विधि है।'

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-II)

(a) घंटी (b) सिंदूर

(c) ज्योति (d) वस्त्र

15. निम्नलिखित में से 'अपेक्षा' का अर्थ क्या नहीं होता हैं?

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-II)

(a) विचार (b) इच्छा

(c) आशा (d) आवश्यकता

16. निम्न में से किस वाक्य में 'खून' के सही अनेकार्थी शब्द का प्रयोग हुआ है?

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-II)

(a) कल विजय की हत्या हो गई।

(b) महेश ने शहर से पलायन किया।

(c) यह लाल फूल अत्यंत सुन्दर है।

(d) विकास वाचनालय में पढ़ रहा था।

17. इनमें से क्या 'महावीर' का अर्थ नहीं है?

(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-III)

(a) जैन तीर्थंकर (b) हनुमान

(c) महादेव (d) शक्तिशाली

18. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अनेकार्थी शब्द है?

(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-III)

(a) पोत (b) जहाज

(c) हवाई जहाज (d) रेलगाड़ी

19. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अनेकार्थी शब्द है?

(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) गाय (b) हरिण

(c) बंदर (d) भैंस

20. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अनेकार्थी शब्द है?

(SSC GD 07 Feb. 2023, Shift-IV)

(a) गुलाब (b) बेला

(c) चमेली (d) रातरानी

21. निम्नलिखित वाक्य में रिक्तस्थानों की पूर्ति उचित एकार्थी शब्द से करें–

.....का प्रकोप सब कुछ उखाड़ देता है जबकि..... ..... का प्रकोप सब कुछ जला देता है।

(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III)

(a) सुंदर–तेज (b) अग्नि–मार्ग

(c) अनिल–अनल (d) अभिनेता–अग्नि

22. निम्नलिखित वाक्य में रिक्तस्थानों की पूर्ति उपयुक्त एकार्थी शब्द–युग्म द्वारा कीजिए।

आदमी की ..... उसे सफल बनती है,वहीं सफलता उसका ---------- योग है।

(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III)

(a) शुभ मुहूर्त–नतीजा (b) दीपक–रोशनी

(c) लगन–लग्न (d) ताजा–सामान

23. निम्नलिखित वाक्य में रिक्तस्थानों की पूर्ति उचित एकार्थी शब्द से करें।

––––– बदलती नहीं है और –––––हमेशा बदलती है।

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III)

(a) टुटा–सपना (b) झूठ–मौसम

(c) सत्य–सपना (d) ऋत–ऋतु

24. 'चास' का अर्थ है,'जुताई'। परंतु 'चाष' का अर्थ प्रकट करने वाले शब्द से निम्न वाक्य पूर्ण कीजिए।

हमने –––––कभी नहीं देखा।

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) शुतुरमुर्ग (b) नीलकंठ पक्षी

(c) काकतुआ (d) पंडुक पक्षी

25. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित एकार्थी शब्दों का सही अर्थ–युग्म क्या होगा?

द्यूत प्रथा का दुष्परिणाम पांडवों के साथ उनकी माता पृथा को भी भुगतना पड़ा।

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-I)

(a) परंपरा–कुंती
(b) परंपरा–अलग
(c) सहानुभूति–विश्वास
(d) धारणा– परंपरा

26. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित एकार्थी शब्दों को उपयुक्त अर्थ बताइए।

बहुत से लोगों का सकल जीवन परमार्थ को समर्पित होता है, जिससे समाज शकल नहीं हो पाता।

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-III)

(a) पूरा–साथ
(b) एक–टुकड़ा
(c) कुछ भाग–आधा
(d) संपूर्ण–टुकड़ा

27. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित एकार्थी शब्दों के उपयुक्त अर्थ बताइए।

शमशेर बहुत ही 'विदुर' व्यक्ति हैं, अफसोस कि वे 'विधुर' हैं।

(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) सन्यासी–पंड़ित
(b) जिसकी पत्नी मर गई हो–पंडित
(c) ज्ञानी–जिसकी पत्नी मर गई हो
(d) ज्ञानी– अज्ञानी

28. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित एकार्थी शब्दों के अर्थ बताइए।

व्यक्ति के जीवन में 'शम' होनी चाहिए उसके व्यवहार में 'सम' होना अति आवश्यक है।

(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III)

(a) श्याम–रात
(b) कुछ–भाग
(c) शांति–समान
(d) सामान–गणित का पत्र

विगत परीक्षा 2022 में पूछे गए शब्दार्थ संबंधित प्रश्न

29. 'ऑफिसर ने कर्मचारी को फाइल लाने का आदेश दिया।' इस वाक्य में प्रयुक्त 'आदेश' शब्द का अर्थ क्या है?

(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)

(a) छोटो को बहकाना
(b) अपने कर्मचारियों की अवज्ञा करना
(c) आज्ञा पालन के लिए कहना
(d) अपने से छोटो को डांटना

30. 'रमेश को जब उत्तर नहीं मिला तो वह दूसरी तरफ चला गया।' वाक्य में प्रयुक्त 'उत्तर' शब्द निम्न में से किस अर्थ को व्यक्त करता है?

(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II)

(a) अतीत
(b) पिछला
(c) उत्तर दिशा
(d) जवाब

31. 'राधा गौर वर्ण की सुंदर महिला थीं।' वाक्य में प्रयुक्त 'वर्ण' शब्द निम्न में से किस अर्थ को व्यक्त करता है?

(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II)

(a) लक्षण
(b) जाति
(c) रंग
(d) रूप

32. 'पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती है।' इस वाक्य में प्रयुक्त 'अक्ष' शब्द निम्न में से किस अर्थ को व्यक्त करता है?

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) धुरी
(b) आत्मा
(c) पासा
(d) पहिया

33. 'राहुल की मित्रता सोहन के अनुकूल है।' इस वाक्य में प्रयुक्त 'अनुकूल' शब्द का अर्थ क्या होगा?

(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-I)

(a) अनुपयुक्तता का भाव
(b) किसी पक्ष के लिए लाभकारी होना
(c) किसी के लिए उपयोगी न होना
(d) किसी के लिए निकम्मा होना

34. 'आज कल सभी के पास स्मार्ट फोन होना आम बात है।'वाक्य में प्रयुक्त 'आम' शब्द निम्न में से किस अर्थ को व्यक्त करता है?

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) सामान्य
(b) अच्छी
(c) सभी
(d) आम का फल

35. 'अनंत विश्व में अनेक देवताओं की कहानियाँ प्रचलित हैं।' इस वाक्य में प्रयुक्त 'अनंत' शब्द निम्न में से किस अर्थ को व्यक्त करता है?

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I)

(a) आकाश
(b) अंतहीन
(c) शेष
(d) ईश्वर

36. 'वसंत ऋतु में वृक्षों में नव पल्लव आते हैं। 'वाक्य में प्रयुक्त 'पल्लव' शब्द का अर्थ है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II)

(a) डाली
(b) शाखा
(c) पत्ता
(d) फूल

उत्तरमाला

1.	(c)	**2.**	(a)	**3.**	(a)	**4.**	(d)	**5.**	(d)	**6.**	(c)	**7.**	(c)	**8.**	(b)	**9.**	(a)	**10.**	(a)
11.	(d)	**12.**	(a)	**13.**	(d)	**14.**	(d)	**15.**	(a)	**16.**	(a)	**17.**	(c)	**18.**	(a)	**19.**	(b)	**20.**	(b)
21.	(c)	**22.**	(c)	**23.**	(d)	**24.**	(b)	**25.**	(a)	**26.**	(d)	**27.**	(c)	**28.**	(c)	**29.**	(c)	**30.**	(d)
31.	(c)	**32.**	(a)	**33.**	(b)	**34.**	(a)	**35.**	(b)	**36.**	(c)								

6

शुद्ध–अशुद्ध

शुद्ध–अशुद्ध

किसी भी शब्द को लिखने में प्रयुक्त वर्णों के क्रम को वर्तनी या अक्षरी के नाम से जाना जाता है अंग्रेजी में वर्तनी को स्पेलिंग तथा उर्दू में हिज्जे कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिस भाषा की वर्तनी में अपनी भाषा के साथ अन्य भाषाओं की ध्वनि को ग्रहण करने का सामर्थ्य होगा, उस भाषा की वर्तनी उतनी ही समर्थ होगी। अतः वर्तनी का सीधा संबंध भाषागत ध्वनियों के उच्चारण से है।

शुद्ध वर्तनी लिखने के प्रमुख नियम

- हिन्दी में विभक्ति चिन्ह सर्वनाम के अलावा शेष सभी शब्दों से अलग लिखे जाते हैं।
  उदाहरण – श्याम ने पुत्र को कहा। राम को रुपए दे दो।
- सर्वनाम के साथ यदि विभक्ति चिह्न हो तो उसे सर्वनाम से मिलाकर लिखा जाता है।
  जैसे – उसने, उसके, हमको, किसने, हमने, मुझसे आदि।
- सर्वनाम और उसकी विभक्ति के बीच 'ही' और 'तक' आदि अव्यय हो तो विभक्ति सर्वनाम से अलग लिखी जाती है।
  जैसे – आप तक को, उसी ही के लिए इत्यादि।
- सर्वनाम के साथ दो विभक्ति चिह्न का प्रयोग होने पर पहला विभक्ति चिन्ह सर्वनाम में मिलाकर लिखा जाता है एवं दूसरा अलग लिखा जाता है।
  जैसे – उसके लिए, इनमें से, हममें से आदि। संयुक्त क्रियाओं में सभी अंग भूत क्रियाओं को अलग–अलग लिखा जाना अनिवार्य है।
  जैसे – पढ़ा करता है, जा सकते हो आदि।
- पूर्वकालिक प्रत्यय 'कर' को क्रिया से मिलाकर लिखा जा सकता है। जैसे– बैठकर, गाकर, ,खाकर, पीकर आदि।
- द्वंद्व समास में पदो के बीच योजक चिन्ह (–) लगाया जाता है। जैसे– माता–पिता, शिव–पार्वती, मां–बेटा आदि।
- जब वर्णमाला के किसी वर्ग के पंचम अक्षर के बाद उसी वर्ग से संबंधित के प्रथम चारों वर्णों में से कोई वर्ण हो तो पंचम वर्ण के स्थान पर अनुस्वार (ं) का प्रयोग होना चाहिए। जैसे– गंगा, नंदन, इत्यादि। परंतु जब नासिक्य व्यंजन (वर्ग का पंचम वर्ण) उसी वर्ग के प्रथम चार वर्णों के अलावा अन्य किसी वर्ण के पहले प्रयोग होता है तो उसके साथ उस पंचम वर्ण का आधा रूप लिखा जाता है।
- अ, ऊ एवं आ मात्रा वाले वर्णों के साथ अनुनासिक चिन्ह (ँ) को चंद्रबिन्दु के रूप में लिखा जाता है।
  जैसे – जाँच, अँगना, बाँया आदि परंतु अन्य कुछ मात्राओं के साथ अनुनासिक के रूप में भी लिखा जाता है। **जैसे** – मैंने, नहीं, खींचना आदि।
- संस्कृत मूल के तत्सम शब्दों को वर्तनी में संस्कृत वाला रूप ही लिखा जाना चाहिए, परंतु कुछ शब्दों के नीचे हलंत लगाने का प्रचलन हिन्दी में कुछ समय से समाप्त हो चुका है। अतः उनके नीचे हलंत नहीं लगाया जाता है–
  उदाहरण – महान, जगत, विद्वान आदि। परंतु संधि, छंद को समझाने हेतु नीचे हलंत लगाना आवश्यक है।

उदाहरण

अशुद्ध	शुद्ध
अंगुर	अंगूर
अकांक्षा	आकांक्षा
अतिथी	अतिथि
सुर्य	सूर्य
पोधा	पौधा
अनभिग्य	अनभिज्ञ
उधाहरण	उदाहरण
कठिनाईयाँ	कठिनाइयाँ
क्षत्रीय	क्षत्रिय
ख्याल	ख़याल
घन्टे	घंटे / घण्टे
छूआछूत	छुआछूत
ज्योतिषि	ज्योतिषी
तत्वाधान	तत्त्वावधान
दवाईयाँ	दवाइयाँ
द्वंद	द्वंद्व
पुष्पांजली	पुष्पांजलि
प्रकृतिक	प्राकृतिक

प्रमाणिक	प्रामाणिक
प्रान	प्राण
बकायदा	बाकायदा
बदाम	बादाम
भूखमरी	भुखमरी
महत्व	महत्त्व
मिठइयाँ	मिठाइयाँ
मैथली	मैथिली
यानि	यानी
रसायनिक	रासायनिक
रात्री	रात्रि
रामायन	रामायण
लिपी	लिपि
कौव्वा	कौआ
क्षत्रीय	क्षत्रिय
तिथी	तिथि
नर्क	नरक
बहुब्रीही	बहुव्रीहि

SSC GD के परीक्षानुरूप चुने हुए शब्दों का संकलन

क्र.सं.	अशुद्ध	शुद्ध
1.	अभीष्ठ	अभीष्ट
2.	अध्यात्मिका	आध्यात्मिक
3.	आजीवीका	आजीविका
4.	अंगूठी	अँगूठी
5.	आकाषा	आकांक्षा
6.	अनाधिकार	अनधिकार
7.	अनुग्रहित	अनुगृहीत
8.	आद्र	आर्द्र
9.	अन्त्यक्षरी	अन्त्याक्षरी
10.	अभ्यस्य	अभ्यस्त
11.	अध्यन	अध्ययन
12.	अतिथी	अतिथि
13.	अनूचित	अनुचित
14.	अस्पृष्यता	अस्पृश्यता
15.	अक्षुण्य	अक्षुण्ण
16.	अरथ	अर्थ
17.	अर्थात	अर्थात्
18.	अग्नी	अग्नि
19.	अनुगृह	अनुग्रह
20.	आव्हान	आह्वान
21.	आश्रीत	आश्रित
22.	आर्शीवाद	आशीर्वाद
23.	आधीन	अधीन
24.	आधोगिक	औद्योगिक
25.	इतिहासिक	ऐतिहासिक
26.	उज्जवल	उज्ज्वल
27.	उनहोने	उन्होंने
28.	उपाधी	उपाधि
29.	उपरोक्त	उपर्युक्त
30.	उत्तीण	उत्तीर्ण
31.	क्रांती	क्रांति
32.	कलस	कलश
33.	कैलाश	कैलास
34.	कोतुहल	कौतूहल
35.	कवियत्री	कवयित्री
36.	कालीदास	कालिदास
37.	क्लेष	क्लेश
38.	कुमूदनी	कुमुदिनी
39.	गत्यावरोध	गत्यवरोध
40.	गरिष्ट	गरिष्ठ
41.	ग्रहीत	गृहीत
42.	गुरू	गुरु
43.	गृहणी	गृहिणी
44.	चर्मोत्कर्ष	चरमोत्कर्ष
45.	चिन्ह	चिह्न
46.	छह	छः
47.	जाहनवी	जाह्नवी
48.	जिजीविशा	जिजीविषा
49.	ज्योत्सना	ज्योत्स्ना
50.	तिरिस्कार	तिरस्कार
51.	तदोपरान्त	तदुपरान्त
52.	तत्कालिक	तात्कालिक
53.	दुग्रम	दुर्गम
54.	दोर्बल्य	दौर्बल्य
55.	दुरावस्था	दुरवस्था
56.	निरोग	नीरोग
57.	निर्दशन	निदर्शन
58.	क्षड़िक	क्षणिक
59.	पूज्यनीय	पूजनीय
60.	पुरूस्कार	पुरस्कार
61.	परोच्छ	परोक्ष
62.	पड़ोसन	पड़ोसिन
63.	पोरुष	पौरुष
64.	परिक्षा	परीक्षा
65.	प्रजजवलित	प्रज्वलित
66.	प्रगती	प्रगति
67.	प्रदर्शिनी	प्रदर्शनी

68.	प्रतिद्वन्द	प्रतिद्वन्द्व
69.	प्राविधान	प्रावधान
70.	प्रफुल्लित	प्रफुल्ल
71.	प्रातकाल	प्रातःकाल
72.	प्रार्दूभाव	प्रादुर्भाव
73.	बारात	बरात
74.	ब्रतन	बरतन
75.	भुंजगनी	भुजंगिनी
76.	मध्यान्ह	मध्याह्न
77.	मैथलीशरण	मैथिलीशरण
78.	युधिष्ठर	युधिष्ठिर
79.	रचियता	रचयिता
80.	लघुत्तर	लघूत्तर
81.	विरहणी	विरहिणी
82.	वधु	वधू
83.	व्यवाहरिक	व्यावहारिक
84.	यथेष्ठ	यथेष्ट
85.	विदुषि	विदुषी
86.	वापिस	वापस
87.	विशिष्ठ	विशिष्ट
88.	वाँडमय	वाङ्मय
89.	शारीरीक	शारीरिक
90.	सदोपदेश	सदुपदेश
91.	सूचिपत्र	सूचीपत्र
92.	संसारकि	सांसारिक
93.	साहित्यक	साहित्यिक
94.	समाजिक	सामाजिक
95.	सश्लिश्ट	संश्लिष्ट
96.	स्वध्याय	स्वाध्याय
97.	सर्जन	सृजन
98.	सृष्टा	स्रष्टा
99.	सन्यासी	संन्यासी
100.	सुसुप्ति	सुषुप्ति
101.	सीडी	सीढ़ी
102.	स्थाई	स्थायी
103.	सप्ताहिक	साप्ताहिक
104.	षष्ठम	षष्ठ
105.	षष्ठि	षष्ठी
106.	हस्ताक्षेप	हस्तक्षेप
107.	हिरण्यकश्यपु	हिरण्यकशिपु
108.	क्षत्रीय	क्षत्रिय
109.	श्रृष्टि	सृष्टि
110.	अगामी	आगामी
111.	चहरदीवारी	चहारदीवारी
112.	अजमाइश	आजमाइश
113.	ब्रह्मण	ब्राह्मण
114.	हाथिनी	हथिनी
115.	पुत्रि	पुत्री
116.	भागिरथी	भागीरथी
117.	बृटिश	ब्रिटिश
118.	रिषि	ऋषि
119.	पाकीस्तान	पाकिस्तान
120.	वेश्य	वैश्य
121.	अक्षोहिणी	अक्षौहिणी
122.	गोदवरि	गोदावरी
123.	समिक्षा	समीक्षा
124.	पिढ़ी	पीढ़ी
125.	तिर्थ	तीर्थ
126.	ईजन	इंजन
127.	किर्ति	कीर्ति
128.	झौपड़ी	झोंपड़ी
129.	दौना	दोना
130.	प्रोढ	प्रौढ़
131.	झांसी	झाँसी
131.	दुश्शील	दुःशील
132.	निशुल्क	निःशुल्क
133.	सामर्थ	सामर्थ्य
134.	प्रन्तु	परन्तु
135.	कीचर	कीचड़
136.	बृज	ब्रज
137.	भैडिया	भेड़िया
138.	नबाब	नवाब
139.	ब्रत	व्रत
140.	कामायावी	कामयाबी
141.	कुन्डली	कुण्डली
142.	अनाधिकृति	अनधिकृत
143.	अनष्ठि	अनिष्ट
144.	अनुष्टान	अनुष्ठान
145.	अनुशरण	अनुसरण
146.	अलोकिक	अलौकिक
147.	अहार	आहार
148.	अहिल्या	अहल्या
149.	अन्तर्ध्यान	अन्तर्धान
150.	अभिसाप	अभिशाप
151.	अध्यवसाई	अध्यवसायी
152.	अपभ्रंस	अपभ्रंश
153.	अवस्यमेव	अवश्यमेव
154.	अभीष्ठ	अभीष्ट
155.	आयू	आयु
156.	आरोज्ञ	आरोग्य
157.	आर्चाय	आचार्य
158.	आँसु	आँसू

159.	इक्षा	इच्छा
160.	इन्द्रीय	इन्द्रिय
161.	इसाई	ईसाई
162.	ईरसा	ईर्ष्या
163.	ईनाम	इनाम
164.	उदेश	उद्देश्य
165.	उत्कृष्ठ	उत्कृष्ट
166.	उपलक्ष	उपलक्ष्य
167.	उपाशक	उपासक
168.	उरमिला	उर्मिला
169.	रिद्धि	ऋद्धि
170.	ऐस्वर्य	ऐश्वर्य
171.	ओधोगिक	औद्योगिक
172.	अंर्तराष्ट्रीय	अन्तर्राष्ट्रीय
173.	माताएं	माताएँ
174.	गंवार	गँवार
175.	इन्साफ	इंसाफ़
176.	कहानीयों	कहानियों
177.	कृत्य कृत्य	कृत कृत्य
178.	क्रोधित	क्रुद्ध
179.	खंबा	खम्भा
180.	घनशाम	घनश्याम
181.	घनिष्ट	घनिष्ठ
182.	चाकु	चाकू
183.	जागृत	जाग्रत
184.	जोति	ज्योति
185.	झन्डा	झण्डा
186.	टिप्पड़ी	टिप्पणी
187.	तपश्या	तपस्या
188.	त्यौहार	त्योहार
189.	देशभक्ती	देशभक्ति
190.	दैनीय	दयनीय
191.	दिमाक	दिमाग़
192.	देहिक	दैहिक
193.	द्रष्टिकोण	दृष्टिकोण
194.	धुरंदर	धुरंधर
195.	धोबन	धोबिन
196.	नराज	नाराज
197.	निर्दोषी	निर्दोष
198.	निरिक्षण	निरीक्षण
199.	नोकरी	नौकरी
200.	नोजवान	नौजवान
201.	परिशिष्ठ	परिशिष्ट
202.	पाण्डे	पाण्डेय
203.	पैत्रिक	पैतृक
204.	प्रतीनिधि	प्रतिनिधि
205.	मरयादा	मर्यादा
206.	मनेजर	मैनेजर
207.	मान्यनीय	मान्य,माननीय
208.	मृत्योपरान्त	मृत्युपरान्त
209.	यर्थाथवाद	यथार्थवाद
210.	योवन	यौवन
211.	रूपया	रुपया
212.	शास्त्रिय	शास्त्रीय
213.	शारांश	सारांश
214.	सौन्दर्यता	सौन्दर्य
215.	ह्रदय	हृदय
216.	हतोत्साहित	हतोत्साह
217.	पुष्टी	पुष्टि
218.	क्षती	क्षति
219.	क्षेपाक	क्षेपक

SSC GD के परीक्षानुरूप विगत वर्षों के महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का संकलन

1. 'भारत' देश में इन्दोर स्वच्छता की सूची में प्रथम स्थान पर है।' वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I)

(a) स्वच्छता (b) इन्दोर
(c) प्रथम (d) भारत

2. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धि है? तुफान से डरकर नौका पार नहीं होती।
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II)

(a) पार (b) तुफान
(c) डरकर (d) नौका

3. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में वर्तनीगत अशुद्धि है ?
हमारे मन में प्राणी मत्र के लिए करुणा होनी चाहिए।
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I)

(a) प्राणी (b) मत्र
(c) करुणा (d) हमारे

4. जो परिश्रम करते हैं, वे सपल होते हैं।
उपरोक्त वाक्य के किस शब्द में वर्तनीगत अशुद्धि है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I)

(a) परिश्रम (b) सपल
(c) वाक्य शुद्ध है (d) करते

5. 'महादेवी वर्मा महान कवियत्री थीं।' इस वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) महादेवी (b) कवियत्री
(c) वर्मा (d) महान

6. 'यह रास्ता..... है, सावधानी से चलें।'
उपरोक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति शुद्ध वर्तनी वाले सही शब्द द्वारा कीजिए।
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-II)
(a) दुर्गम (b) दुग्रम
(c) दुरगम (d) दुगर्म

7. 'मैं तुम्हारे ..... भविष्य की कामना करता हूँ।'' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति शुद्ध शब्द द्वारा कीजिए।
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III)
(a) उज्वल (b) उज्वल्ल
(c) उज्ज्वल (d) उजवल

8. 'महाभारत के युद्ध में कृष्ण ने कौरवों की मदद के लिए ग्यारह अक्षोहिणी सेनाएं दी थीं।' वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द निम्न में से कौन सा है ?
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I)
(a) महाभारत (b) कौरवों
(c) कृष्ण (d) अक्षोहिणी

9. निम्न में से अशुद्ध शब्द की पहचान करें।
(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) उज्जवल (b) कवयित्री
(c) अनधिकार (d) अतिथि

10. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन–सा है ?
(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) अभिनेट (b) अभीनेता
(c) अभिनेता (d) अभीनेत्रा

11. शुद्ध वर्तनी बताएँ–
(SSC GD 2021)
(a) लालशा (b) शोणित
(c) शौनित (d) मतस्य

12. निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध वर्तनी को पहचानिए–
(SSC GD 2021)
(a) अवीष्कार (b) आविष्कार
(c) अविष्कार (d) अविषकार

13. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 2021)
(a) तात्कालिक (b) ततकालीक
(c) तत्कालीक (d) तत्कालिक

14. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 2021)
(a) प्रस्तूतीकरण (b) प्रस्तुतिकरन
(c) प्रस्तुतीकरण (d) प्रस्तूतिकरन

15. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 2021)
(a) सांसरिक (b) संसारिक
(c) संसारक (d) सांसारिक

16. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)
(a) परिस्थित (b) प्रस्थिति
(c) परिस्थिति (d) पारिस्थिति

17. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)
(a) कालिदास (b) कालीदास
(c) कलिदास (d) कलीदास

18. सही वर्तनी का चयन करें।
(SSC GD 2021)
(a) चतुष्कोन (b) चतुश्कोण
(c) चतुस्कोण (d) चतुष्कोण

19. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन–सा है?
(SSC GD 2021)
(a) हाशिल (b) हाषिल
(c) हासिल (d) हासील

20. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)
(a) जबाब (b) कार्यकर्म
(c) दसहरा (d) आराधना

21. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करो।
(SSC GD 2021)
(a) उज्जल (b) उज्ज्वल
(c) उजला (d) उज्वल

22. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन–सा है?
(SSC GD 2021)
(a) प्रशंशा (b) प्रसंशा
(c) प्रशंसा (d) प्रसंसा

23. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2021)
(a) उन्मीलीत (b) उन्मिलित
(c) उन्मीलित (d) उन्मिलीत

24. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।
(SSC GD 2021)

(a) परिशिष्ट (b) परिशीष्ट
(c) परीशिष्ट (d) परिशीष्ठ

25. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)
(a) प्रियदर्शी (b) प्रियदरसी
(c) प्रियदर्शि (d) प्रियदर्षी

26. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करो। (SSC GD 2021)
(a) प्रमुख (b) पर्मुख्य
(c) प्रमुखिया (d) प्रमुख्य

27. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)
(a) कृशांगी (b) क्रिशान्गी
(c) किरशांगी (d) कृिशांगी

28. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)
(a) दिक्षा (b) दीक्क्षा
(c) दीच्छा (d) दीक्षा

29. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)
(a) लक्ष्मण (b) लच्छमन
(c) लछमन (d) लक्षमण

30. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)
(a) यासथाक्ती (b) जथाशक्ति
(c) यशाशक्ति (d) यथाशक्ति

31. सही वर्तनी वाला शब्द कौन–सा है? (SSC GD 2021)
(a) नछत्र (b) नच्छत्र
(c) नक्षत्र (d) नक्छत्र

32. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन–सा है (SSC GD 2021)
(a) प्रज्जवलित (b) प्रज्जवलीत
(c) प्रज्वलीत (d) प्रज्वलित

33. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द निम्न में से कौन–सा है? (SSC GD 2021)
(a) पुरस्कार (b) आशिवाद
(c) मयंक (d) प्रामाणिक

34. वर्तनी की दृष्टि से कौन–सा शब्द शुद्ध है? (SSC GD 2021)
(a) आतिसबाजी (b) ऐतिहासिक
(c) अत्याक्षरी (d) उत्तरदाई

35. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करो। (SSC GD 2021)
(a) उत्कृष्ट (b) उतकृष्ठ
(c) उतकृष्ट (d) उत्कृष्ठ

36. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)
(a) पर्दाथ (b) पदाथ
(c) पदार्थ (d) र्पदाथ

37. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)
(a) दुस्कर (b) दूष्कर
(c) दुश्कर (d) दुष्कर

38. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनें– (SSC GD 2021)
(a) परिणति (b) परिणती
(c) परीणती (d) परीणति

39. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)
(a) निष्पक्ष (b) निस्पक्ष
(c) निष्पच्छ (d) निश्पक्ष

40. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन–सा है? (SSC GD 2021)
(a) शुद्धिकरण (b) सुधिकरण
(c) शुद्धीकरण (d) सुद्धीकरण

41. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)
(a) स्वामीभक्ती (b) स्वामीभक्ति
(c) स्वामिभकती (d) स्वामिभक्ति

42. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)
(a) शुसमा (b) सूसमा
(c) सुसमा (d) सुषमा

43. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)
(a) व्यावसायिक (b) व्यवसायिक
(c) व्यावसायीक (d) व्यवसाईक

44. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए। (SSC GD 2021)

(a) हसित (b) हर्षित
(c) हरषित (d) हरसित

45. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) विषाद (b) विसाद
(c) विशाद (d) वीषाद

46. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) हस्तक्षेप (b) हस्तछेप
(c) हस्ताक्षेप (d) हस्तच्छेप

47. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) अनिर्वचनीय (b) अर्निवचनीय
(c) अनिरव्यचीय (d) अनीर्वचनी

48. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) आधुनीकिकरण (b) आधुनिकीकर्ण
(c) आधूनिकीकरण (d) आधुनिकीकरण

49. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए। (SSC GD 2021)

(a) श्रृंगार (b) श्रंगार
(c) श्रीगार (d) शृंगार

50. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) यवजीवन (b) याव्वजीवन
(c) यावज्जीवन (d) यावत्जीवन

51. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) पैतृक (b) पितृक
(c) पैत्रिक (d) पेतृक

52. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) सन्यास (b) संयास
(c) सनयास (d) संन्यास

53. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन–सा है? (SSC GD 2021)

(a) नीरीह (b) नीरिह
(c) निरिह (d) निरीह

54. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) वाल्मीकी (b) बाल्मीकी
(c) वाल्मीकि (d) बाल्मीकि

55. निम्नलिखित में से सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए। (SSC GD 2021)

(a) विभीषिका (b) विभिषिका
(c) वीभीषिका (d) विभीषीका

56. निम्नलिखित में से सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए। (SSC GD 2021)

(a) घनिष्ट (b) घनीष्ठ
(c) घनीष्ट (d) घनिष्ठ

57. सही वर्तनी का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) वांछनीय (b) वांक्षनीय
(c) वंक्षनीय (d) वंछनीय

58. सही वर्तनी का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) लीजीए (b) लिजिए
(c) लिजीये (d) लीजिए

59. सही वर्तनी का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) वीनति (b) विनती
(c) विनति (d) वीनती

60. सही वर्तनी का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) पौराणिक (b) पुराणिक
(c) पूराणिक (d) पौरानिक

61. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) आधुनिक (b) आधुनीक
(c) अधुनीक (d) आन्धुनिक

62. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) आभिर्भाव (b) आर्भिव्य
(c) आविर्भाव (d) आर्बिभाव

63. वही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) सौहार्द (b) सौहार्द्र
(c) सैहार्द (d) सोहद्र

64. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) पुज्यनिय (b) पूजनीय
(c) पूज्यनीय (d) पुजनीय

65. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) पारलौकिक (b) परलौकीक
(c) परलौकिक (d) पारलौकीक

66. अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) महाराजा (b) कौतूहल
(c) दयालु (d) कनिष

67. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) शुसुम्ना (b) सुषुम्ना
(c) शुषुम्ना (d) सुशुम्ना

68. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) मातृहिन (b) मातहीन
(c) मार्तहीन (d) मातृहीन

69. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) वनस्पति (b) बनस्पति
(c) वनस्पती (d) वनास्पती

70. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) प्रलहाद (b) पहलाद
(c) प्रहलाद (d) प्रल्हाद

71. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) इर्ष्यालु (b) ईष्यालू
(c) ईर्ष्यालु (d) इषालु

72. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) एकाग्रचित (b) एकग्रचित
(c) एकागरचीत (d) एकाग्रचीत

73. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) आत्मोत्श्रग (b) आत्मौत्सर्ग
(c) आत्मोतसर्ग (d) आत्मोत्सर्ग

74. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) र्निनिमेष (b) नीर्निमेष
(c) निर्निमेष (d) निनिमेष

75. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए। (SSC GD 2021)

(a) रुढ़िवादि (b) रुढ़ीवादि
(c) रूढ़िवादि (d) रूढ़िवादी

76. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए। (SSC GD 2021)

(a) पारीश्रमिक (b) पारिश्रमिक
(c) परीश्रमिक (d) पारीश्रमीक

77. सही वर्तनी का चयन कीजिए। (SSC GD 2021)

(a) संगृहित (b) संग्रहीत
(c) संगृहीत (d) संग्राहित

78. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन–सा है? (SSC GD 2021)

(a) परीक्षण (b) परिक्षण
(b) परीच्छण (d) परिच्छण

79. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) आकांक्षा (b) अकांक्षा
(c) आकाछा (d) अकांछा

80. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) कार्यक्रम (b) कार्यकम्र
(c) कार्यकर्म (d) कार्यकम

81. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करों। (SSC GD 2021)

(a) कवयित्री (b) कवयीत्री
(c) कवियत्री (d) कवयित्रि

82. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) स्वादिशट (b) स्वादुष्ट
(c) सवादिष्ट (d) स्वादिष्ट

83. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) मौखिक (b) मोखिक
(c) मोखीक (d) मौखीक

84. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) शौकाकुल (b) शौककुल
(c) सोकाकुल (d) शोकाकुल

85. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) अजनम (b) आजनम
(c) अजन्मा (d) अजम्ना

86. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) सखभक्षी (b) सर्वभक्षी
(c) सर्वभक्षय (d) सखभक्शी

87. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) प्रतिबर्ष (b) प्रतिवर्ष
(c) प्रतिवर्श (d) परतीवर्ष

88. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) व्यवसथो (b) व्यावस्था
(c) वयवस्था (d) व्यवस्था

89. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) जनमाध (b) जन्मांद
(c) जन्मांध (d) जनमंध

90. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) अल्पायु (b) अल्पायू
(c) आलापायु (d) अलपायु

91. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2021)

(a) प्रकृतिक (b) प्राकृत्रिक
(c) पराकृतिक (d) प्राकृतिक

92. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2019)

(a) संस्कार (b) संश्कार
(c) संष्कार (d) संसकार

93. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2019)

(a) हिंदुत्व (b) हीन्दूत्व
(c) हिनदुत्व (d) हिंदूत्व

94. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2019)

(a) निराकार (b) निर्कार
(c) नीराकार (d) निरकार

95. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2019)

(a) निरामिष (b) नीरामीष
(c) निरामिश (d) निरामाईष

96. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करे। (SSC GD 2019)

(a) मुरलीदर (b) मर्लीधर
(c) मुरलीधर (d) मुरदिलर

97. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करो। (SSC GD 2019)

(a) पत्ररकार (b) पत्रकार
(c) पत्ररकार (d) पत्रकर

98. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2019)

(a) विकरेता (b) वीक्रेता
(c) वीकरेता (d) विक्रेता

99. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2019)

(a) लालिमा (b) लालीमा
(c) ललिमा (d) ललईमा

100. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2019)

(a) खूबसूरती (b) खुबसुरती
(c) खुबसूरती (d) खूबसुर्ती

101. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2019)

(a) निरयात (b) नीर्यात
(c) नियार्त (d) निर्यात

102. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें। (SSC GD 2019)

(a) विद्यार्थी (b) वीद्यार्थी
(c) विदयर्वी (d) विदायर्थि

103. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) अधीर (b) आधीर
(c) आधिर (d) अधिर

104. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) जयेष्ट (b) ज्येष्ठ
(c) ज्येष्ट (d) ज्येश्ठ

105. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) स्थावार (b) स्थाबर
(c) सथावर (d) स्थावर

106. सही वर्तनी वाला शब्द कौन–सा है?
(SSC GD 2019)

(a) प्रसाद (b) प्रसद
(c) परसाद (d) प्रासद

107. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) सज्जनता (b) सज्नता
(c) सज्जन्ता (d) सजजनता

108. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) चिड़ियाघर (b) चिडयाघर
(c) चीड़ियाघर (d) चिडियघर

109. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) उपर्युक्त (b) उपरियुत
(c) ऊर्पयुक्त (d) उपरीयुक्त

110. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) रसोईघर (b) रसोइघर
(c) रसौईघर (d) रसौइघर

111. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) वनवाश (b) बनबास
(b) बनवास (d) वनवास

112. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) प्रेमातुर (b) प्रेमतुर
(c) परेमातुर (d) प्रेमातूर

113. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें
(SSC GD 2019)

(a) हसतलिखित (b) हस्तलिखीत
(c) हस्तलिखित (d) हस्तलीखित

114. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) चनुरभुज (b) चतुर्भुज
(c) चतुभुर्ज (d) चर्तुभुज

115. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) ब्राहमण (b) बराहमन
(c) बनहमन (d) ब्राह्मण

116. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) संपादिका (b) सम्पदिका
(c) संमपदिका (d) समपादिका

117. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(SSC GD 2019)

(a) एकादशि (b) एकादषी
(c) एकादशी (d) एकदशी

उत्तरमाला

1.	(b)	**2.**	(b)	**3.**	(b)	**4.**	(b)	**5.**	(b)	**6.**	(a)	**7.**	(c)	**8.**	(d)	**9.**	(a)	**10.**	(c)
11.	(b)	**12.**	(b)	**13.**	(a)	**14.**	(c)	**15.**	(d)	**16.**	(c)	**17.**	(a)	**18.**	(d)	**19.**	(c)	**20.**	(d)
21.	(b)	**22.**	(c)	**23.**	(c)	**24.**	(a)	**25.**	(a)	**26.**	(a)	**27.**	(a)	**28.**	(d)	**29.**	(a)	**30.**	(d)
31.	(c)	**32.**	(d)	**33.**	(b)	**34.**	(b)	**35.**	(a)	**36.**	(c)	**37.**	(d)	**38.**	(a)	**39.**	(a)	**40.**	(c)
41.	(b)	**42.**	(d)	**43.**	(a)	**44.**	(b)	**45.**	(a)	**46.**	(a)	**47.**	(a)	**48.**	(d)	**49.**	(d)	**50.**	(c)
51.	(a)	**52.**	(d)	**53.**	(d)	**54.**	(c)	**55.**	(a)	**56.**	(d)	**57.**	(a)	**58.**	(d)	**59.**	(b)	**60.**	(a)
61.	(a)	**62.**	(c)	**63.**	(a)	**64.**	(b)	**65.**	(a)	**66.**	(d)	**67.**	(b)	**68.**	(d)	**69.**	(a)	**70.**	(c)
71.	(c)	**72.**	(a)	**73.**	(d)	**74.**	(c)	**75.**	(d)	**76.**	(b)	**77.**	(c)	**78.**	(a)	**79.**	(a)	**80.**	(a)
81.	(a)	**82.**	(d)	**83.**	(a)	**84.**	(d)	**85.**	(c)	**86.**	(b)	**87.**	(b)	**88.**	(d)	**89.**	(c)	**90.**	(a)
91.	(d)	**92.**	(a)	**93.**	(a)	**94.**	(a)	**95.**	(a)	**96.**	(c)	**97.**	(b)	**98.**	(d)	**99.**	(a)	**100.**	(a)
101.	(d)	**102.**	(a)	**103.**	(a)	**104.**	(b)	**105.**	(d)	**106.**	(a)	**107.**	(a)	**108.**	(a)	**109.**	(a)	**110.**	(a)
111.	(d)	**112.**	(a)	**113.**	(c)	**114.**	(b)	**115.**	(d)	**116.**	(a)	**117.**	(c)						

7

वाक्य शुद्धि

वाक्य शुद्धि के नियम और उदाहरण

किसी भी वाक्य को लिखने में प्रयुक्त वर्णों के क्रम को वर्तनी या अक्षरी कहा जाता है।

वाक्य, भाषा की एक महत्त्वपूर्ण इकाई होती है, लिखने या बोलने के लिए इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे द्वारा जो लिखा जाए वह तार्किक रूप से स्पष्ट तथा व्याकरण की दृष्टि से सार्थक होना चाहिए।

वाक्य में संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया तथा अव्यय से संबंधित या अन्य प्रकार की अशुद्धि हो सकती है।

वाक्य शुद्धि के महत्त्वपूर्ण नियम

1. हिन्दी भाषा में विभक्ति चिह्न केवल सर्वनाम को छोड़कर शेष सभी शब्दों से अलग रखे जाते हैं।

जैसे – कौशिन्दर को पेन दे दो।

2. यदि सर्वनाम के साथ विभक्ति चिह्न का प्रयोग हो तो उसे सर्वनाम में मिलाकर लिखा जाना चाहिए।

जैसे – मुझसे, हमने, उसने, तुमसे, हमको, उसको, किसको, किसने आदि।

3. सर्वनाम के साथ दो विभक्ति चिह्नों का प्रयोग होन पर पहला विभक्ति चिह्न सर्वनाम में मिलाकर रखा जायेगा।

जैसे – आपमें से, हममें से आदि।

4. संयुक्त क्रियाओं में सभी अंगभूत क्रियाओं को अलग लिखा जाना चाहिए।

जैसे – खा सकते हो, वह जगह वहाँ पड़ा करती है।

5. पूर्वकालिक प्रत्यय में कर को क्रिया से मिलाकर लिखा जाता है।

जैसे – खाकर, उठकर, सोकर आदि।

6. द्वंद्व समास में पदों के बीच योजक चिह्न (–) लगाया जाना चाहिए।

जैसे – माता–पिता, रात–दिन आदि।

7. जब वर्णमाला के किसी भी पाँचवें अक्षर के बाद उसी वर्णमाला के प्रथम चार वर्णों में से कोई भी वर्ण हो तो पंचम वर्ण के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग होता है।

जैसे – गंगा, ठंड आदि।

(I) संज्ञा–संबंधी अशुद्धियाँ

1. हिन्दी के प्रचार में आज भी बड़े–बड़े संकट हैं। — बड़ी–बड़ी बाधाएँ
2. कृषि हमारी व्यवस्था की रीढ़ है। — का आधार
3. नगर की सारी जनसंख्या भूखी है। — जनता
4. मुझे सफल होने की निराशा है। — आशा नहीं
5. गोलियों की बाढ़। — बौछार

(i) लिंग–संबंधी अशुद्धियाँ

6. परीक्षा की प्रणाली बदलना चाहिए। — बदलनी
7. हिन्दी की शिक्षा अनिवार्य कर दिया गया। — दी गयी
8. मुझे मजा आती है। — आता
9. देश की सम्मान की रक्षा करो। — के

(ii) वचन–संबंधी अशुद्धियाँ

10. सबों ने यह राय दी। — सब
11. ऐसी एकाध बातें सुनकर दुःख होता है — बात
12. वे विविध विषय से परिचित है। — विषयों

(iii) कारक–संबंधी अशुद्धियाँ

13. मैंने राम को पूछा। — से
14. जनता के अन्दर असंतोष फैल गया। — में
15. मैंने नहीं जाना। — मुझे

(II) सर्वनाम–संबंधी अशुद्धियाँ

16. मेरे से मत पूछो। — मुझसे
17. तेरे को अब जाना चाहिए। — तुझे
18. जो सोवेगा वह खोबेगा। — सो
19. वह सब भले लोग हैं। — वे

(III) विशेषण–संबंधी अशुद्धियाँ

20. उसे भारी प्यास लगी है। — बहुत
21. मुझे बड़ी भूख लगी है। — बहुत
22. इस वीरान जीवन में। — नीरस
23. राजेश अग्रिम बुधवार को आएगा। — आगामी
24. दूध का अभाव चिन्तनीय है। — चिन्ताजनक

(IV) क्रिया–संबंधी अशुद्धियाँ

25. पगड़ी ओढ़कर आओ। — बाँधकर
26. छोटी उम्र शिक्षा लेने के लिए है। — पाने

27. अपना हस्ताक्षर लगा दो। कर
28. हमें यह सावधानी लेनी होगी। बरतनी
29. वहाँ घना अँधेरा घिरा था। छाया

(V) पदक्रम–संबंधी अशुद्धियाँ

30. आसानीपूर्वक यह काम कर लिया। आसानी से
31. एकमात्र दो उपाय है। केवल
32. यह पत्र आपके अनुसार है। अनुरूप

(VI) पदक्रम–संबंधी अशुद्धियाँ

33. छात्रों ने मुख्य अतिथि को एक फूलों की माला पहनाई।
फूलों की एक माला
34. भीड़ में चार पटना के व्यक्ति भी थे।
पटना के चार व्यक्ति
35. कई बैंक के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।
बैंक के कई कर्मचारियों
36. आप जाएँगे क्या? क्या आप जाएँगे?

(VII) द्विरुक्ति/पुनरुक्ति–संबंधी अशुद्धियाँ

37. दरअसल में वह बहुत काइयाँ है। दरअसल/असल में
38. मुख्तसर में 'गोदान' ग्रामीण जीवन का महाकाव्य है।
मुख्तसर/इख्तिसार
39. मेरे मना करने के बावजूद भी वह चला गया।
बावजूद/बाद भी
40. वह अभी शैशव अवस्था में है। शैशव/शिशु अवस्था
41. मध्यकालीन युग में कलाओं की बहुत उन्नति हुई।
मध्यकाल/मध्ययुग
42. यौवनावस्था की बुराइयों से बचो। युवा अवस्था
43. प्रातःकाल के समय टहलना चाहिए। प्रातःकाल

(VIII) अधिकपदत्व–संबंधी अशुद्धियाँ

निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन अक्षरों में छपें पद अनावश्यक हैं–

44. मानव ईश्वर को सबसे उत्कृष्टतम कृति है।
45. सीता नित्य गीता को पढ़ती है।
46. उसने गुप्त रहस्य प्रकट कर दिये।
47. माली जल से पौधों को सींच रहा था।

(IX) शब्द ज्ञान संबंधी अशुद्धियाँ

48. लाठी बड़ा उपयोगी अस्त्र है। शस्त्र
49. चिड़िया गा रही है। चहक
50. वह नित्य गाने की कसरत करता है।
का अभ्यास/का रियाज
51. सोहन नित्य दण्ड मारता है। पेलता
52. इस समय सीता की आयु सोलह वर्ष है। उम्र/अवस्था

SSC GD के परीक्षानुरूप विगत वर्षों के प्रश्नों का संकलन

1. निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में त्रुटि है?
जीवन और साहित्य का घोर संबंध है।
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I)

(a) जीवन (b) संबंध
(c) साहित्य (d) घोर

2. निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में अशुद्धि है?
गौतम बुद्ध ने पाली भाषा में उपदेश दिया
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I)

(a) उपदेश (b) दिया
(c) पाली (d) भाषा

3. निम्नलिखित वाक्य में त्रुटि पहचानें–
मैंने हाथ जोड़ दीया।
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) दीया (b) मैंने
(c) हाथ (d) जोड़

4. निम्नलिखित वाक्य के किस भाग में वर्तनी सम्बन्धी त्रुटि है–
'आजकल दिल्ली के प्रगति मैदान में हस्तशिल्प प्रदर्शिनी चल रही है।'
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)

(a) प्रगति मैदान में
(b) आजकल दिल्ली के
(c) चल रही है।
(d) हस्तशिल्प प्रदर्शिनी

5. निम्न विकल्पों में से अशुद्ध वाक्य छाँटिए।
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)

(a) शीला को नाटक अच्छा लगा।
(b) लड़की पुस्तक पढ़ती है।
(c) मुझे उस पर दया आती है।
(d) लड़के ने घर जाना है।

6. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन–सा है?
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)

(a) सुमेध आज छुट्टी पर है।
(b) अंजना ने नई साड़ी खरीदी।
(c) कोयल पेड़ में बैठी है।
(d) वसुंधरा बहुत सुरीला गाती है।

7. निम्नलिखित वाक्य के किस भाग में शब्द–चयन सम्बन्धी अशुद्धि है?

'हिन्दी के प्रचार में बहुत बड़े–बड़े संकट हैं।'
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)

(a) हिन्दी के (b) बहुत
(c) प्रचार में (d) बड़े–बड़े संकट है।

8. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II)

(a) काम पूरा कर डालो, नहीं तो जूर्माना होगा
(b) इस समय सरदी है, इस्लिए कोट पहन लो
(c) दोश तुम्हारा है, और इसका मुझे विश्वाश है।
(d) वक़्त निकल जाता है, पर बात याद रह जाती है।

9. निम्न में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III)

(a) उन लोगों की मनोवृत्ति ठीक नहीं लगती।
(b) खुदा की कसम गजब हो गई
(c) इस लड़की का चाल ठीक नही हैं।
(d) यहाँ के हवा–पानी बहुत खराब है।

10. निम्नलिखित वाक्यों में कौन–सा अशुद्ध वाक्य है?
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) उन्होंने अफवाह फैलाई। (b) शर्माजी बुलाए हैं।
(c) मुझे मत मारो। (d) बुराई से बचो।

11. इतना आलस्यता ठीक नहीं है।'
उपर्युक्त वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) इतना आलस्य ठीक नहीं है।
(b) इतना आलस्याता नहीं है ठीक।
(c) इतनी आलस्यता ठीक नहीं है।
(d) इतनी आलस्य नहीं है ठीक।

12. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन–सा है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II)

(a) राघव अपने मामे के साथ घूमने गया है।
(b) रमेश आगरे गया था।
(c) सीता पटने से आयी है।
(d) अल्पेश सवेरे जल्दी उठता है।

13. उसने मेरे साथ गद्देदारी की है।
उक्त वाक्य के किस भाग में अशुद्धि है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III)

(a) मेरे साथ (b) की है।
(c) उसने (d) गद्देदारी

14. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन–सा है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III)

(a) मनुष्य स्वभावतः अकेलापन पसंद नहीं करता।
(b) विकास के सूत्र मानव के हाथ में हैं।
(c) देश में सर्वस्व शांति होना चाहिए।
(d) मनुष्यता मनुष्य की अमूल्य निधि है।

15. निम्न विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I)

(a) श्रद्धा के द्वारा उसका मस्तष्क नत था।
(b) पढ़ाई की वजह से उसकी आँखें कमजोर हो गयीं।
(c) मोहन भूख में तड़प रहा था।
(d) वह चिंता करती–करती मर गए।

16. निम्नलिखित में से किस एक वाक्य में सर्वनाम के प्रयोग सम्बन्धी अशुद्धि है?
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-II)

(a) मैं आपके केबिन में बैठा था।
(b) सभी छात्र अपने–अपने घर जाएं।
(c) सबकी अपनी–अपनी मजबूरियां थीं।
(d) जो लोग अन्दर आना चाहते हैं, वह आ सकते हैं।

17. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन–सा है?
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III)

(a) विदुषी स्त्री का सम्मान करना चाहिए।
(b) शरीर पर कई अंग होते हैं।
(c) अपने बच्चों बहादुर बनाओ।
(d) मैं आप वहाँ जाऊँगा।

18. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) कई खिलाड़ी वह जमा हो गए।
(b) कई खिलाड़ी वहां जमा हो गए।
(c) कई खिड़की वहां जमा हो गए।
(d) कई खिलाड़ी वहां जम हो गए।

19. नीचे दिए गए वाक्य के शुद्ध रूप का चयन विकल्पों में से कीजिए।
वह चारपाई पर बिछोना बिछा दिया।
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) वह चारपाई में बिछोना बिछा दिया।
(b) उसने चारपाई में बिछोना बिछाए।
(c) वह चारपाई में बिछोना बिछा दी।
(d) उसने चारपाई पर बिछौना बिछा दिया।

20. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में अशुद्धि है?
उनकी दृष्टि शुन्य आकाश की ओर थी।
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I)

(a) आकाश (b) उनकी
(c) दृष्टि (d) शुन्य

21. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन–सा है।
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I)

(a) काली गाय अच्छी होती है।
(b) काली गाय अच्छा होती है।
(c) काली गाय अच्छी होता है
(d) काला गाय अच्छी होती है।

22. नीचे दिए गए वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए।
'रमेश को उस समय मुझसे बेफिजूल की बातें नहीं करनी चाहिए थीं।'
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II)
(a) बेफिजूल की बातें
(b) उस समय मुझसे
(c) रमेश को
(d) नहीं करनी चाहिए थीं।

23. निम्नलिखित वाक्यों मे से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II)
(a) काम इस मैं होना देर स्वभविक था।
(b) इस काम में देरी होनी स्वाभाविक थी।
(c) इस काम को देर होना स्वभाविक थी।
(d) इसक काम में देर होनी स्वभाविक थी।

24. निम्नलिखित वाक्य के किस शब्द में अशुद्धि है?
अत्यधिक कार्य स्वास्थ को बिगाड़ देता है।
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III)
(a) बिगाड़ (b) कार्य
(c) अत्यधिक (d) स्वास्थ

25. निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में त्रुटि है?
सूर्य पूर्व पर उगता है।
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III)
(a) सूर्य (b) पर
(c) उगता (d) पूर्व

26. निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में त्रुटि है?
माता–पिता का आदर रखना चाहिए।
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) आदर (b) माता–पिता
(c) रखना (d) का

27. निम्नलिखित में से किस वाक्य में विशेषण सम्बन्धी अशुद्धि है?
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) वह एक भले आदमी हैं।
(b) इस गाँव में बाढ़ से क्षति हुई।
(c) यह डाल बहुत मोटी है।
(d) सबसे मीठा बोलो।

28. दिए गए वाक्यों में से किस वाक्य में सही विभक्ति चिह्न का प्रयोग नहीं हुआ है?
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) मैदान में कुछ बच्चे झूलों पर झूल रहे हैं।
(b) गेंद खेलने में अन्य लोगों पर चोट लग सकती हे।
(c) मैदान में इस तरह गेंद से खेलना ठीक नहीं।
(d) कुछ बच्चों के हाथों में गेंद है।

29. उसने तरह–तरह के चमड़े के जूते खरीदे।
उपर्युक्त वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I)
(a) उसने चमड़े के अलग–अलग जूता खरीदे।
(b) वह तरह–तरह के चमड़े जूते खरीदे।
(c) उन्होंने तरह–तरह की चमड़े जूते खरीदी।
(d) उसने चमड़े के तरह–तरह के जूते खरीदे।

30. निम्नलिखित वाक्य में से अशुद्धि पहचानें–
तुम लोग कुते की मौत मरोगे।
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II)
(a) तुम (b) कुते
(c) मौत (d) मरोगे

31. निम्नलिखित में से कौन–सा वाक्य संज्ञा के प्रयोग की दृष्टि से शुद्ध है?
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III)
(a) चौकीदार पर ही चोर होने का डर है।
(b) चौकीदार पर ही चोर होने का संदेह है।
(c) चौकीदार पर ही चोर होने का हक है।
(d) चौकीदार पर ही चोर होने का विश्वास है।

32. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III)
(a) कौन आदमी आ रह है?
(b) कौन अदमी आ रहा है?
(c) कौन आदमी आ रहा है?
(d) कौन आदमी अ रहा है?

33. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) वह मरणसन्न था, इसीलिए मैंने उसे छमा कर दिया।
(b) विनय चुसत न हो पर है समझदार।
(c) यदि वह घर पर मिलेगा तो मैं अवशय जाऊँगा।
(d) ज्यों ही मैं वहाँ पहुँचा त्यों ही घंटा बजा।

34. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन–सा है–
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) मेरे प्राण निकल गए।
(b) राजीव ने भरपेट खाना खाया।

(c) केशव रोटी खा लिया है।
(d) अक्षत पाठशाला से सीधे घर चला गया।

(c) परम (d) पाहन

29. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित विकल्प चुनिए।
सूखा पड़ गया है, इसलिए इस बार हरियाली कम है।
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I)
(a) फसल (b) समृद्धि
(c) उत्पादन (d) मेहनत

30. नीचे दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन–सा होगा?
हमें अपने माता–पिता की शुश्रूषा करनी चाहिए।
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I)
(a) भक्ति (b) गुस्सा
(c) सेवा (d) नौकरी

31. नीचे दिए गए मुहावरे में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन–सा होगा?
एक और एक <u>बारह</u> होना'
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III)
(a) नौ (b) ग्यारह
(c) तेरह (d) दस

32. 'भोजन बहुत <u>सुन्दर</u> बना है।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द क्या होगा?
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III)
(a) स्वादिष्ट (b) खुबसूरत
(c) उन्त (d) बेहतर

33. निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित शब्द का चयन कीजिए।
गोलियों की <u>बाढ़</u> के सामने कोई न टिक सका।
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III)
(a) बारिश (b) गति
(c) दहाड़ (d) बौछार

34. निम्नलिखित वाक्य में रेखाकित खंड के सथान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
कोयला <u>सूखकर</u> राख हो गया।
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II)
(a) तपकर (b) जलकर
(c) गीला होकर (d) चलकर

35. विकल्पों में से क्या निम्न वाक्य के रेखांकित अंश के स्थान पर आएगा?
प्रेमचंद ने गोदान की रचना <u>लिखी</u> है।
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II)
(a) कि (b) पढ़ी
(c) सुनी (d) की

36. 'आपके रहन–सहन का <u>दर्जा</u> ऊंचा है।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उचित शब्द क्या होगा?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III)
(a) तरीका (b) भांति
(c) स्तर (d) कुछ

37. उन्होंने अपने बडे बेटे को <u>श्रद्धाजंलि</u> दे दी।
उक्त वाक्य में रेखांकित पद के स्थान पर सबसे उपयुक्त शब्द निम्न में से कौन–सा होगा?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III)
(a) तिलांजलि (b) पुष्पांजलि
(c) गीतांजलि (d) अंजलि

38. '<u>मेरे से</u> कुछ ना पूछो' इस वाक्य में रेखांकित वाक्य खंड के स्थान पर क्या आएगा?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III)
(a) मैं (b) मुझको
(c) मुझसे (d) मेरे

39. 'पगड़ी <u>ओढ़कर</u> आओ।' वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द क्या होगा?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) पहनकर (b) बिछाकर
(c) बांधकर (d) डालकर

40. नीचे दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन–सा होगा?
गीता को अचार <u>अच्छी लगती</u> है।
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I)
(a) अच्छे लगता (b) अच्छी लगते
(c) अछे लगता (d) अच्छा लगता

41. निम्न वाक्य के रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन–सा होगा?
बेटों में <u>युद्ध</u> हो गई।
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I)
(a) युद्ध (b) पिटाई
(c) संग्राम (d) लड़ाई

42. '<u>एकमात्र</u> दो उपाय है।' रेंखाकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द क्या होगा?
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-II)
(a) कुछ (b) क्या
(c) केवल (d) दोमात्र

43. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
आज से यह नियम <u>चालू</u> है।
(SSC GD 25 Feb. 2023, Shift-II)
(a) आगे (b) लागू
(c) ऊपर (d) पीछे

44. दिए गए मुहावरे में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन–सा होगा?
गज भर की <u>मकान</u> होना।
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-III)
(a) दुकान (b) जुबान
(c) पहचान (d) दीवार

45. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित विकल्प चुनिए।
'वह इस आशा में <u>विश्राम</u> करता रहा कि मुझसे मुलाकात हो जाएगी।
(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I)
(a) विश्वास (b) परिश्रम
(c) प्रतीक्षा (d) उपासना

46. 'वह आंख से कुबड़ा हैं।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उचित शब्द क्या होगा?
(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I)
(a) बहरा (b) गूंगा
(c) वाचाल (d) दृष्टिहीन

47. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
मैंने कल दिल्ली जा रहा हूँ।
(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II)
(a) हम (b) मेरे
(c) मैं (d) मुझे

48. वह पौधों को खींचती है।
उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उचित शब्द क्या होगा?
(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II)
(a) सींचती (b) सुखाती
(c) भींजती (d) रचती

49. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
उसके पाँच सौ रुपये जुर्माना हुआ।
(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-III)
(a) वह (b) उसी
(c) उसे (d) उसकी

50. घोड़ा जंगल की तरफ भागा।
उक्त वाक्य में 'की तरफ' के बदले कौन–सा शब्द प्रयोग हो सकता है?
(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) के सामने (b) की ओर
(c) की और (d) के निकट

51. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
उसने अपने दोस्त को जन्मदिन पर श्रद्धांजलि दी।
(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-I)
(a) तरक्की (b) बधाई
(c) आयु (d) धमकी

52. 'वह पढ़ना माँगता हैं।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द क्या होगा?
(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-II)
(a) चाहता (b) जाता
(c) खाता (d) सोचता

53. 'मैं रविवार के दिन तुम्हारे घर आऊंगा। इस वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान सही पर शब्द क्या होगा?
(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-II)
(a) को (b) पर
(c) के लिए (d) में

54. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
मैं बुढ़ापे की और बढ़ रहा हूँ।
(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-III)
(a) जगह (b) साथ
(c) ओर (d) तथा

55. विकल्पों में से कौन–सा शब्द निम्न वाक्य के रेखांकित शब्द के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होगा?
'सीता राम की स्त्री थीं।
(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) नायिका (b) औरत
(c) पत्नी (d) महिला

56. रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प इनमें से कौन–सा है?
गतवर्ष वह दिल्ली जाने वाला है।
(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-I)
(a) पिछले वर्ष (b) विगत वर्ष
(c) अगले वर्ष (d) उस वर्ष

57. दिए गए मुहावरे में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन–सा होगा?
'छठी का मिठाई याद आना।
(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-I)
(a) दूध (b) नमक
(c) पकवान (d) चीनी

58. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
लड़के ने पत्र लिखी।
(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-II)
(a) लिखता (b) लिखाई
(c) लिखा (d) लिख

59. दिए गए वाक्य के रेखांकित शब्द को उचित विकल्प से परिवर्तित करें।
महासागर पर पुल बन जाने पर रावण को आश्चर्य हुआ।
(SSC GD 07 Feb. 2023, Shift-IV)

(a) हर्ष (b) विस्मय
(c) भ्रम (d) संकोच

60. दिए गए मुहावरे में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन–सा होगा?
अंधों में काना रानी।
(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-IV)

(a) नौकर (b) राजा
(c) महाराजा (d) दोस्त

61. दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश को प्रतिस्थापित करने हेतु सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करे।
अपना दोष दूसरों के सिर पर क्यों जड़ते हो?
(SSC GD 2021)

(a) फोड़ते हो (b) करते हो
(c) जोड़ते हो (d) मढ़ते हो

62. दूर रहने वाले लोगों से हम अपनी बात दूरभाष यंत्र में कर सकते हैं।
(SSC GD 2021)

(a) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(b) दूरभाष यंत्र द्वारा कर सकते हैं।
(c) दूरभाषा यंत्र में कर सकती हैं।
(d) दूरभाषा यंत्र पर कर सकते हैं।

63. दिए गए वाक्य में रेखांकित खण्ड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसमें प्रतिस्थापन करने की आवश्यकता नहीं है; तो विकल्प में किसी प्रकार की आवश्यकता नहीं है; का चयन करें।
'उसका भाई सेक्रेटरी लगा हुआ है।'
(SSC GD 2021)

(a) सेक्रेटरी लगता है।
(b) सेक्रेटरी है।
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(d) सेक्रेटरी लगा है।

64. प्राचार्य ने हम को समझाया कि जो परिश्रम करेगा वह सफल होगा।
(SSC GD 2021)

(a) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है
(b) प्राचार्य ने हमें समझाया की
(c) प्राचार्य ने हमें समझाया कि
(d) प्राचार्य ने हमको समझाया कि

65. श्याम बेटे को पत्र लिखा।
(SSC GD 2021)

(a) श्याम ने
(b) श्याम को
(c) श्याम से
(d) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है

66. दिये गये वाक्य में रेखांकित अंश को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।
मैं आपके सुखी जीवन की आकांक्षा करता हूँ।
(SSC GD 2021)

(a) इच्छा (b) वासना
(c) कामना (d) आराधना

67. किसी भी देश की सम्पत्ति, ऐसे देश में आदर्श विद्यार्थी ही होते हैं।
(SSC GD 2021)

(a) उस देश के आदर्श विद्यार्थी
(b) ऐसे देश के आदर्श विद्यार्थी
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है
(d) उस देश मे आदर्श विद्यार्थी

68. जंगल में मोर अथवा मोरनी दिखाई पड़ेगा।
(SSC GD 2021)

(a) मोर अथवा मोरनी दिखाई पड़ेगी
(b) मोर अथवा मोरनी दिखाई गए
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है
(d) मोर अथवा मोरनी दिखाई देगा

69. दिये गये वाक्य में रेखांकित अंश को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
हमारे गले में पराधीनता की बेड़ियाँ पड़ी हैं।
(SSC GD 2021)

(a) सीने में (b) मस्तक में
(c) पैरों में (d) भुजाओं में

70. इटली की राजधानी रोम की तरह दिल्ली भी कई बार उजड़ा और बसया गया।
(SSC GD 2021)

(a) कई बार उजाड़ा और बसायी गयी।
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) कितनी बार उजाड़ा और बसाया गया।
(d) कई बार उजाड़ी और बसाई गयी।

71. मित्रता एक ऐसा रिश्ता है जिसकी स्पर्धा किसी अन्य रिश्तेदार से नहीं की जा सकती।
(SSC GD 2021)

(a) स्पर्धा किसी अन्य रिश्तेदार से
(b) किसी बदलाव आवश्यकता नहीं है
(c) तुलना किसी अन्य रिश्ते से की
(d) तुलना किसी अन्य रिश्तेदार से

72. मुझे प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।
(SSC GD 2021)
(a) पुरुष्कार
(b) पुरुस्कार
(c) पुरसकार
(d) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

73. पूज्यनीय गुरुजी आ रहे हैं।
(SSC GD 2021)
(a) पुज्यनीय गुरुजी
(b) पूजनीय गुरुजी
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(d) पूज्यनीया गुरु जी।

74. उसे तत्कालिक सहायता चाहिए।
(SSC GD 2021)
(a) तत्कालीक सहायता
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) तात्कालीक सहायता
(d) तात्कालिक सहायता

75. दिए गए वाक्य में रेखांकित खण्ड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है; का चयन करें।
हवा जोरो से बह रही है।
(SSC GD 2021)
(a) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है
(b) जबरदस्त
(c) जोर से
(d) भयानक

76. वह एक सप्ताह में वापस लौट आया।
(SSC GD 2021)
(a) वे वापस लौट आए।
(b) वे वापस लौट आएँगे।
(c) वापस आया।
(d) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

77. मेरा यह सुझाव तुम्हारे हित का है।
(SSC GD 2021)
(a) तुम्हारे हित की
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) तुम्हारे हित के लिए है।
(d) तुम्हारे हित को

78. उसने अपनी भूल के लिए दया माँगी।
(SSC GD 2021)
(a) भिक्षा
(b) याचना
(c) क्षमा
(d) कृपा

79. सभा समाप्त होने के बाद अतिथि घर चली गई।
(SSC GD 2021)
(a) घर चलते दिए बदलाव की
(b) किसी आवश्यकता नहीं
(c) घर चलते है
(d) घर चले गए

80. एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही हैं।
(SSC GD 2021)
(a) चर रहे हैं
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है
(c) चर रही है
(d) चर रहा है

81. खरगोश निरिह पशु है।
(SSC GD 2021)
(a) निरिरू पशु
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) नीरिह पशु है
(d) निरीह पशु है।

82. दिये गये वाक्य में रेखांकित खण्ड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें हत्यारे को मृत्युदंड की सजा मिलेगी।
(SSC GD 2021)
(a) की सजा
(b) मिलेगा
(b) का सजा मिलेगा
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

83. दिये गये वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। गरीबी, बेरोजगारी, निरक्षरता आदि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्या है।
(SSC GD 2021)
(a) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(b) बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्या होती है।
(c) जनसंख्या से उत्पन्न समस्यायें है।
(d) बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्यायें हैं।

84. मैंने दूध पीकर स्कूल गया।
(SSC GD 2021)
(a) मैं दूध पीकर
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

(c) मैंने दूध पिया और
(d) मैंने दूध पीने के बाद

85. अगर तुम गुंडागर्दी से बाज नहीं आए, मगर चमड़ी उधेड़ कर रख दूँगा।
(SSC GD 2021)
(a) इसलिए चमड़ियों को उधेड़कर रख दूँगा
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) तो शरीर उधेड़ कर रख दूंगा।
(d) तो चमड़ी उधेड़ कर रख दूंगा।

86. महादेवी जी हिंदी का सुविख्यात कवयित्री थीं।
(SSC GD 2021)
(a) हिन्दी का सुविख्यात कवयित्री था।
(b) हिंदी की सुविख्यात कवयित्री थीं।
(c) हिंदी का सुविख्यात कवि थीं।
(d) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

87. दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश को प्रतिस्थापित करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
भारतीय किसान को खूब मेहनत करने पर भी उसकी पूरी लाभ नही मिलता है।
(SSC GD 2021)
(a) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(b) उसका पूरी लाभ नहीं मिलती है
(c) उसके पूरे लाभ नहीं मिला है
(d) उसका पूरा लाभ नहीं मिलता है।

88. सूर्य प्रतिदिन पूर्व में उग रहा है।
(SSC GD 2021)
(a) उगलता है (b) जगता है
(c) उगता है (d) ढलता है

89. वह प्रतिदिनों ऐसा ही करता आया है।
(SSC GD 2021)
(a) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(b) वह प्रतिदीन
(c) वे प्रतिदिनों
(d) वह प्रतिदिन

90. प्रेम का मूल्य मापा नहीं जा सकता।
(SSC GD 2021)
(a) जोड़ा नहीं जा सकता।
(b) गिना नहीं जा सकता।
(c) नापा नहीं जा सकता।
(d) आँका नहीं जा सकता।

91. सुमन को अपने रूप पर गौरव है।
(SSC GD 2021)
(a) सम्मान (b) दर्प
(c) गर्व (d) क्षोभ

92. दिए गए वाक्य में रेखांकित खण्ड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
कवियों को काव्य के करते समय आनंद मिलता है।
(SSC GD 2021)
(a) काव्य बनाते
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) कविता करते
(d) काव्य करते

93. महेश चित्रकला का व्यायाम कर रहा है।
(SSC GD 2021)
(a) चिंतन (b) लेखन
(c) अभ्यास (d) प्रयास

94. हमारे धर्म शास्त्रों में बहुत कुछ पड़ा है।
(SSC GD 2021)
(a) में बहुत कुछ संकलित है।
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) के अन्दर बहुत पड़ा है।
(d) के अंदर बहुत कुछ है।

95. तुम इस मूल्य से यह खरीद सकते हो।
(SSC GD 2021)
(a) इस मूल्य पर
(b) इस मूल्य को
(c) इस मूल्य में
(d) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

96. दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें।
सरोजिनी नायडू भारत की कोकिला कहा जाता थीं।
(SSC GD 2021)
(a) भारत की कोकिला कही जाती थीं।
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) भारत के कोकिला कही जाती थीं।
(d) भारत की कोकिला कही जाता थीं।

97. शनैः–शनैः उसकी दिशा बिगड़ती गई।
(SSC GD 2021)
(a) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(b) दशा
(c) दीशा
(d) दिसा

98. दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। मेरी बेटा बकरी को घुमाया।
(SSC GD 2021)
(a) मेरे बेटे ने
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) मीरी बेटा ने
(d) मेरा बेटा ने

99. अधिकतर लोगों का यही विचार है।
(SSC GD 2021)
(a) अधिकतम (b) अधिक
(c) अधिकांश (d) सर्वाधिक

100. साधु ने चूहे पर दया करा और उसे बिल्ली बना दिया।
(SSC GD 2021)
(a) साधु ने चूहे पर दया की
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) साधु ने चूहा पर दया करी
(d) साधु ने चूहे पर दया करे

101. मिठाईयाँ लेकर विजय बाबू घर चला गया।
(SSC GD 2019)
(a) घर चले गये (b) घर चली गयी
(c) घर चले गए (d) घर गए चले

102. तुम्हारे गुरु तुमकी प्रार्थना स्वीकार कर सकते हैं।
(SSC GD 2019)
(a) तुम से प्रार्थना (b) तुम्हारी प्रार्थना
(c) तुझे प्रार्थना (d) तुम प्रार्थना

103. जो परिश्रम से मुँह मोड़ता है तब जीवन में पिछड़ जाता है।
(SSC GD 2019)
(a) वे जीवन में (b) सब जीवन में
(c) वह जीवन में (d) अब जीवन में

104. किसी की टोपी घर पर छूट गयी और किसी की चश्मा गिर गयी।
(SSC GD 2019)
(a) किसी का चश्मा गिर गया
(b) किसी के चश्मे गिर गया
(c) किसी की चश्मा गिर गई
(d) किस का चश्मा गिर गए

105. मुम्बई जैसे शहर में अच्छा मकान मिलने बहुत मुश्किल है।
(SSC GD 2019)
(a) अच्छी मकाने मिलना (b) अच्छी मकान मिलना
(c) अच्छा मकान मिलना (d) अच्छे मकानों मिलना

106. मोहन को काटकर सेब खिलाओ।
(SSC GD 2019)
(a) मोहन को सेब काटकर
(b) काटकर सेब को मोहन
(c) सेबों मोहन को काटकर
(d) मोहन से काटकर सेब

107. जीवन के इस पड़ाव पर आकर उस के व्यवहार में ठहराव आ गई है।
(SSC GD 2019)
(a) आ गया (b) कर गया
(c) आए गए (d) आ गए

108. रात होने के कारण जहाँ रुके हैं यहाँ पर डेरा डाल लेते हैं।
(SSC GD 2019)
(a) कहाँ पर डेरा डाल लेता है
(b) कहीं पर डेरा डाल लेते हैं
(c) जहा पर डेरा डाल लेते है।
(d) वहीं पर डेरा डाल लेते हैं।

109. मैंने इन सब बातों को गहराई पर अनुभव किया।
(SSC GD 2019)
(a) बातों पर गहराई से (b) बातों को गहराई से
(c) बातों में गहराई की (d) गहराई पर बातों की

110. मुझे पनीर का मिठाई बहुत पसंद है।
(SSC GD 2019)
(a) पनीर को मिठाई (b) पनीर की मिठाई
(c) पनीर में मिठाई (d) पनीर से मिठाई

111. दिवाली के त्योहार पर बाजार में दुकानों की सजी है।
(SSC GD 2019)
(a) दुकानों भी सजे हैं। (b) दुकानें भी सजी हैं।
(c) दुकान भी सजे हैं। (d) दुकान भी सजा है।

112. इस समय हमारे देश से भावनात्मक एकता की आवश्यकता है।
(SSC GD 2019)
(a) देश का (b) देश को
(c) देश पर (d) देश की

113. नौकरानी ने साबुन के कपड़े धोए।
(SSC GD 2019)
(a) साबुन में (b) साबुन पर
(c) साबुन से (d) कपड़े से

114. नदियों के <u>पानी की</u> स्वच्छ रखकर हम अपना भविष्य सुधार सकते हैं।

(SSC GD 2019)

(a) पानी पर (b) पानी को
(c) पानी में (d) पानी का

115. आकाश साफ व <u>स्वच्छ थी</u>।

(SSC GD 2019)

(a) स्वच्छ था (b) साफ थी
(c) स्वच्छ थे (d) स्वच्छ होनी था

116. रोगी के आस–पास हमें भीड़ नहीं <u>लगाना चाहिए</u>।

(SSC GD 2019)

(a) मत चाहिए (b) लगानी चाहिए
(c) लगाने चाहिए (d) लगनी चाहिए

117. अपनी गलतियों को समझते हुए भी वह उसे <u>सुधारते का प्रयास</u> नहीं करता।

(SSC GD 2019)

(a) सुधरने का प्रयस (b) सुधरने का प्रयास
(c) सुधारने की प्रयास (d) सुधारने का प्रयास

उत्तरमाला

1.	(a)	2.	(d)	3.	(b)	4.	(a)	5.	(c)	6.	(a)	7.	(d)	8.	(c)	9.	(b)	10.	(c)
11.	(d)	12.	(d)	13.	(b)	14.	(a)	15.	(b)	16.	(a)	17.	(b)	18.	(b)	19.	(b)	20.	(c)
21.	(b)	22.	(c)	23.	(d)	24.	(a)	25.	(a)	26.	(c)	27.	(d)	28.	(a)	29.	(a)	30.	(c)
31.	(b)	32.	(a)	33.	(d)	34.	(b)	35.	(d)	36.	(c)	37.	(a)	38.	(c)	39.	(c)	40.	(d)
41.	(d)	42.	(c)	43.	(b)	44.	(b)	45.	(c)	46.	(d)	47.	(c)	48.	(a)	49.	(c)	50.	(b)
51.	(b)	52.	(a)	53.	(a)	54.	(c)	55.	(c)	56.	(c)	57.	(a)	58.	(c)	59.	(b)	60.	(b)
61.	(d)	62.	(b)	63.	(b)	64.	(c)	65.	(a)	66.	(c)	67.	(a)	68.	(a)	69.	(c)	70.	(d)
71.	(d)	72.	(d)	73.	(b)	74.	(d)	75.	(c)	76.	(c)	77.	(c)	78.	(c)	79.	(d)	80.	(a)
81.	(d)	82.	(b)	83.	(d)	84.	(a)	85.	(d)	86.	(b)	87.	(d)	88.	(c)	89.	(d)	90.	(d)
91.	(c)	92.	(c)	93.	(c)	94.	(a)	95.	(a)	96.	(a)	97.	(b)	98.	(a)	99.	(c)	100.	(a)
101.	(c)	102.	(b)	103.	(c)	104.	(a)	105.	(c)	106.	(a)	107.	(a)	108.	(d)	109.	(b)	110.	(b)
111.	(b)	112.	(b)	113.	(c)	114.	(b)	115.	(a)	116.	(b)	117.	(d)						

10 संज्ञा तथा सर्वनाम

संज्ञा

संसार में उपलब्ध समस्त वस्तु, व्यक्ति (जीव), भाव, स्थान आदि का कोई न कोई नाम अवश्य होता है, अर्थात् नाम ही **संज्ञा** है। संज्ञा के बिना पहचान या भाषा का प्रयोग सम्भव नहीं है।

परिभाषा

'संज्ञा' उस **विकारी शब्द** को कहते हैं जिससे किसी विशेष व्यक्ति (जीव), वस्तु (पदार्थ, गुण, वस्तुएँ), वर्ग, विचार भाव या स्थान आदि का ज्ञान/पहचान/आभास हो, **संज्ञा** कहलाती है।

उदाहरण – सूरज इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षक है।

उपर्युक्त वाक्य में **सूरज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, शिक्षक** संज्ञा है क्योंकि ये हमें किसी व्यक्ति स्थान तथा पद का बोध कराते हैं।

संज्ञा के भेद

संज्ञा के पाँच प्रकार होते हैं–

(1) व्यक्तिवाचक संज्ञा (2) जातिवाचक संज्ञा (3) भाववाचक संज्ञा, (4) समूहवाचक संज्ञा (5) द्रव्यवाचक संज्ञा।

नोट – (समूहवाचक संज्ञा एवं द्रव्यवाचक संज्ञा को अलग से जोड़ा गया है।)

(1) व्यक्तिवाचक संज्ञा

वि + अक्ति = व्यक्ति ⇒ विशेष रूप से प्रकट एक चीज। अर्थात् वे व्यक्ति या वस्तु जिन्हें हम अपनी इन्द्रियों (हाथ, कान, नाक, आँख, जीभ,) से छू या देख सकते हैं जो दुनिया में **विशेष या एक** हो **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहलाती हैं।

अर्थात् व्यक्ति, दिशा, राष्ट्रीय जाति, देश, नदी, समुद्र, पर्वत, नगर/सड़क/चौक, पुस्तक/समाचार पत्र, दिन, महीनों, त्योहारों आदि के नाम होते हैं।

(2) जातिवाचक संज्ञा

वे व्यक्ति एवं वस्तुएँ जिन्हें हम अपनी इन्द्रियों से देख या छू सकते हैं परन्तु दुनिया में उस जैसी अनेक होती हैं अर्थात् वर्ग या समूह को **जातिवाचक संज्ञा** कहते हैं–

जैसे – लड़की, नदियाँ, पहाड़, भवन आदि।

(3) भाववाचक संज्ञा

जिस संज्ञा के माध्यम से व्यक्ति–वस्तु के भाव, अवधारणा, प्रकृति, विचार, स्थिति, गुण को हम महसूस कर सकें मन ही मन से, वे **भाववाचक संज्ञा** होती हैं अर्थात् हम उन्हें देख, सुन, छू या चख नहीं सकते।

जैसे – प्यार, गर्व, बुराई, निराशा, धर्म, उत्साह, क्रोध आदि।

(4) समूहवाचक संज्ञा

वे व्यक्ति – वस्तु जिनको गिना जा सके अर्थात् गणनीय हो, के समूह का बोध हो **समूहवाचक संज्ञा** होती हैं।

जैसे – सभा, सेना, कक्षा, कर्मचारी, पुलिस आदि।

(5) द्रव्यवाचक संज्ञा

द्रव्य (ठोस, गैस, द्रव)

वे वस्तु जिन्हें गिना नहीं जा सकता, मापा व तौला जा सकता है। **द्रव्यवाचक संज्ञा** कहलाती हैं।

जैसे – लोहा, तेजाब, दूध, पानी आदि।

पहचान– सामान्यतः द्रव्यवाचक संज्ञा का बहुवचन नहीं होता।

सर्वनाम

वाक्यों में एक संज्ञा प्रयुक्त होने के बाद यदि उसी संज्ञा के प्रयोग की आवश्यकता हो, तो संज्ञा के स्थान पर, **वह, उसका, आप** आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता है अर्थात् **'सर्वनाम'** उस **विकारी शब्द** को कहते हैं जो संज्ञा के स्थान पर उसी संज्ञा के संबंध में प्रयुक्त हो।'

जैसे – वह, उसका, तुम, मैं आदि।

सर्वनाम के भेद

सर्वनाम के **छः भेद** हैं, हिन्दी में **ग्यारह** सर्वनाम शब्द हैं– मैं, तू, आप, जो, सो, यह, वह, क्या, कौन, कोई, कुछ।

प्रयोगानुसार सर्वनाम के छः भेद और **तीन पुरुषवाचक उपभेद** भी है–

(i) पुरुषवाचक **(ii)** निजवाचक
(iii) निश्चयवाचक **(iv)** अनिश्चयवाचक
(v) सम्बंध वाचक **(vi)** प्रश्नवाचक।

(i) पुरुषवाचक सर्वनाम

जो सर्वनाम पुरुषों (स्त्री या पुरुष) के नाम के बदले आता हैं या प्रयुक्त होता है, उसे **'पुरुषवाचक सर्वनाम'** कहते हैं।

जैसे – मैं, तुम, वह, वे, यह आदि।

मैं कल दिल्ली जाऊंगा।

तुम एक बहादुर लड़के हो।

पुरुषवाचक सर्वनाम के **तीन उपभेद** हैं।

(क) उत्तमपुरुष – बात को बोलने या **कहने वाले को 'उत्तमपुरुष'** कहते हैं;
जैसे – मैं, हम।
(ख) मध्यम पुरुष – बात को बोलने वाला, **जिससे बाते कहे,** वह 'मध्यमपुरुष' होता है।
जैसे – तू, तुम, आप।
(ग) अन्यपुरुष – जिसके सम्बंध में बात कही गयी हो, वह 'अन्यपुरुष' होता है;
जैसे – वे, यह, वह, ये।
हम, आप, वे 'के साथ' 'लोग' शब्द लगा देने से **बहुवचन** बन जाता है।
जैसे – **हम लोग** मेला घूमने आए हैं।
वे लोग चले गये।

(ii) निजवाचक सर्वनाम
जब सर्वनाम से कर्त्ता का भाव आए वह **'निजवाचक सर्वनाम'** होता है, अर्थात् जिस सर्वनाम से कर्त्ता का बोध हो। निजवाचक सर्वनाम का रूप **'आप'** है।
निजवाचक सर्वनाम **'आप'** का प्रयोग निम्नलिखित अर्थों में होता है–
(क) 'आप' का प्रयोग किसी संज्ञा या सर्वनाम के **निश्चय** या **अवधारणा** के लिए होता है।
जैसे – मैं **आप** वहीं से आए हैं।
मैं **आप** एक जैसे ही हैं।
(ख) निजवाचक रूप **'आप'** का प्रयोग दूसरे व्यक्ति के **निराकरण** के लिए भी होता है।
जैसे – **आप** भले तो जग भला।
अपने को कम न समझें।
(ग) सर्वसाधारण के अर्थ में भी **'आप'** प्रयुक्त होता है।
जैसे – अपने से बड़ों का आदर करना चाहिए।

(iii) निश्चयवाचक सर्वनाम
जिस सर्वनाम से वक्ता की किसी वस्तु का निश्चित बोध हो, चाहे वह वस्तु पास हो या दूर, **'निश्चयवाचक सर्वनाम'** कहलाता है।
जैसे – **यह** पुस्तक है। **(पास की वस्तु)**
वह अच्छी पुस्तक है। **(दूर की वस्तु)**
वह पैन मेरा नहीं है।
यह घड़ी खराब है।
उस मटके में पानी नहीं है।
वे सब आज पहुँच जायेंगे।
यह घर मेरे दादा जी ने बनवाया था।

(iv) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, जिस सर्वनाम से किसी वस्तु का निश्चित या स्पष्ट बोध न हो, उसे **'अनिश्चयवाचक सर्वनाम'** कहते हैं।
उदाहरण –
ऐसा न हो कि **कोई** आ जाए।
घी में **कुछ** मिला है।
पानी में **कुछ** मिला है।
कोई आ रहा है।
वे लोग **कुछ** खा रहें हैं।
चाय में **कुछ** गिर गया है।
कमरे में **कोई** है।

(v) संबंधवाचक सर्वनाम
जिस सर्वनाम से **दो व्यक्ति** या **वस्तु के बीच** परस्पर (एक–दूसरे) सम्बन्ध स्थापित या प्रकट हो, उसे **'संबंधवाचक सर्वनाम'** कहते है।
उदाहरण –
जो बोओगे **सो** काटोगे।
जो चाहो **सो** करो।
वह कौन है **जो** रो रहा है।
जो कल आयेगा, **सो** इनाम पायेगा।

(vi) प्रश्नवाचक सर्वनाम
प्रश्न करने के लिए जिन सर्वनामों का प्रयोग हो अर्थात् जिस सर्वनाम से प्रश्न का बोध हो, उसे **'प्रश्नवाचक सर्वनाम'** कहते हैं।
जैसे – कौन, कहाँ, क्या, कैसे आदि।
उदाहरण–
तुम **कहाँ** जा रहे हो?
यहाँ **कौन** है? जो मुझे नहीं जानता।
वहाँ **कौन** खड़ा है?
तुम **क्या** खा रहे हो?
गुरूजी का **क्या** नाम है?

SSC GD के परीक्षानुरूप विगत वर्षों के प्रश्नों का संकलन

1. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से करें।
..... तरल अवस्था में होता है।
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II)
(a) सुन्दरी (b) वह
(c) कुछ (d) पारा

2. हमें किसी बूढ़े व्यक्ति के ..... का तिरस्कार नहीं करना चाहिए।
उचित भाववाचक संज्ञा से वाक्य पूर्ण कीजिए।
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) मोटापे (b) बूढ़ा
(c) बुढ़ापे (d) चाल– चलन

3. निम्न वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से करें।
वह अभी–अभी ..... के घर गया है।
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-III)

(a) किसी (b) लोकेश
(c) कोई (d) दूसरे

4. तपस्वी ने बहुत तपने के पश्चात यह सिद्धि प्राप्त की है।
वाक्य के रेखांकित शब्द के स्थान पर भाववाचक संज्ञा शब्द होगा –
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-I)
(a) तपोवन (b) तपस्या
(c) तपन (d) तपभूमि

5. निम्न वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त संज्ञा शब्द से करें।
जीवन में ..... होना अति आवश्यक है।
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-I)
(a) आप (b) मधुरता
(c) अपना (d) कोई

6. निम्नलिखित किस विकल्प में भाववाचक, समूहवाचक और जातिवाचक संज्ञा का शब्दक्रम सही है ?
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-III)
(a) चाँदी, पानी, दौड़
(b) कावेरी, दीवाली, वर्षा
(c) दासत्व, घौद, जुलाहा
(d) मकान, मैना, काला सागर

7. निम्न वाक्य में द्रव्यवाचक संज्ञा का गलत प्रयोग हुआ है, त्रुटि पहचानिए।
घर में घी पीसा गया।
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-I)
(a) पीसा (b) गया
(c) घी (d) घर में

8. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-III)
(a) आलस्य (b) समृद्धि
(c) सज्जन (d) लघुता

9. क्षेत्र को लेकर भारत में संघर्ष अब आम बात हो गई है।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर भाववाचक संज्ञा शब्द क्या होगा?
(SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-II)
(a) क्षत्रिय (b) क्षेत्रीयता
(c) क्षेत्रित (d) क्षेत्रीय

10. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से करें।
डॉक्टर ..... का परीक्षण करता है।
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-I)
(a) रोगी (b) नीरस
(c) अपने–आप (d) कुछ

11. इस कक्ष की लंबाई, ऊँचाई और चौड़ाई बराबर और एकरूप है।
उपर्युक्त वाक्य में कौन–सा शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द नहीं है?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-IV)
(a) एकरूप (b) चौड़ाई
(c) ऊँचाई (d) लंबाई

12. निम्नलिखित शब्दों में से कौन–सा शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा शब्द है?
(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-III)
(a) कोयला (b) साहस
(c) सूरज (d) विद्यार्थी

13. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन–सा एक वाक्य प्रश्नवाचक सर्वनाम से संबंधित नहीं है?
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III)
(a) यह मूर्खता किसने की है?
(b) किसी ने जोर से चीत्कार की?
(c) संसार का संचालन और नियमन कौन करता है?
(d) यह गाड़ी किसकी है?

14. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन–सा एक वाक्य सम्बन्धवाचक सर्वनाम का उदाहरण नहीं है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II)
(a) जो व्यक्ति आपत्ति में विचलित नहीं होता, वह अवश्य अपनी मंजिल पाता है।
(b) यह अच्छा विचार है।
(c) जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, वह स्वयं उसमें गिरता है।
(d) जिसे चोट लगती है, वही पीर समझता है।

15. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सर्वनाम शब्द त्रुटिपूर्ण है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-II)
(a) तुम तो बहुत व्यस्त हो।
(b) उसने अपने माली को काम से निकाल दिया।
(c) हमारे से अब यह सब नहीं होता।
(d) आप लोग बहुत बड़े आदमी हैं।

16. निम्नलिखित में से 'सम्बन्धवाचक सर्वनाम' सम्बन्धी अशुद्धि वाले वाक्य की पहचान कीजिए।
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I)
(a) यह वही आदमी है, जिसका पुत्र परीक्षा में अव्वल आया है।
(b) जो मेहनत करते हैं, वे सफल होते हैं।

(c) यह वही फिल्म है, जिसे तुम देखना चाहते हो।
(d) मेरी वह किताब खो गयी एक मैंने कल पुस्तक मेले से खरीदा था।

17. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन–सा एक वाक्य संकेतवाचक सर्वनाम का नहीं है?
(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-II)
(a) नदी में पानी नहीं है।
(b) ये मेरी पुस्तकें हैं।
(c) यह लड़का इस कक्षा का मॉनीटर है।
(d) वह आदमी एक विदेशी जासूस है।

18. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन–सा एक निजवाचक सर्वनाम का वाक्य नहीं है?
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II)
(a) आप कुछ पूछना चाहते हैं?
(b) ये फाइलें मैं अपने आप देखूँगा।
(c) वे अपने आप ही यह जिम्मेदारी सँभालने को तैयार हो गए।
(d) यह सब वे अपने आप देख लेंगे।

19. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'सर्वनाम' सम्बन्धी अशुद्धि है?
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I)
(a) मुझे पता है कि आज वह यहाँ आएगा।
(b) तुम्हारे लिए मैं कुछ भी करने को तैयार हूँ।
(c) वह तो बिल्कुल पत्थर बन गया।
(d) तुम तेरा घर स्वयं खुद संभालो।

20. 'वह गाड़ी के पास सो रहा है।'
अनिश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग कर इस वाक्य को पुनः लिखिए।
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-III)
(a) कोई गाड़ी के पास सो रहा है।
(b) वह स्वयं गाड़ी के पास सो रहा है।
(c) वे गाड़ी के पास सो रहे हैं।
(d) कौन गाड़ी के पास सो रहा है?

उत्तरमाला

1.	(d)	**2.**	(c)	**3.**	(b)	**4.**	(b)	**5.**	(b)	**6.**	(c)	**7.**	(c)	**8.**	(c)	**9.**	(b)	**10.**	(a)
11.	(a)	**12.**	(a)	**13.**	(b)	**14.**	(b)	**15.**	(c)	**16.**	(d)	**17.**	(a)	**18.**	(a)	**19.**	(d)	**20.**	(a)

11 क्रिया, काल एवं वाच्य

क्रिया

परिभाषा

जिस शब्द से किसी काम के होने, करने का बोध हो उसे **'क्रिया'** कहते हैं। **'क्रिया'** का अर्थ है, कार्य का होना या करना।

क्रिया एक **विकारी शब्द** है, जिसके रूप वचन, लिंग एवं पुरुष के अनुसार बदलते रहते हैं। क्रिया की यह अपनी विशेषता है।

जैसे – खाना, पढ़ना, खेलना, पीना, जाना, करना आदि।

उदाहरण – रुपाली को **कूदना** पसन्द है।
आशुवेन्द्र को भोपाल **जाना** है।
['**कूदना**', '**जाना**' क्रिया हैं।]

- **रचना की दृष्टि से क्रिया के भेद**

रचना की दृष्टि से क्रिया के सामान्यतः **दो भेद** हैं –

(क) सकर्मक क्रिया,

(ख) अकर्मक क्रिया

(क) सकर्मक क्रिया

'सकर्मक क्रिया' के व्यापार का फल कर्म पर पड़ता है या कर्म की सम्भावना होती है, अर्थात् वह क्रिया जिसका कर्म हो या जिसके साथ कर्म होने की सम्भावना हो, **'सकर्मक क्रिया'** कहलाती है।

यहाँ क्रिया के व्यापार का संचालन तो होता है, लेकिन इसका फल या प्रभाव किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु पर, अर्थात् कर्म पर पड़ता है।

जैसे – श्रेया फल खाती है।

इस वाक्य में **'श्रेया'** कर्ता है, **'खाने'** के साथ उसका कृर्तरूप से संबंध है, अतः यहाँ, **'खाना'** क्रिया सकर्मक है।

(ख) अकर्मक क्रिया

जिन क्रियाओं का व्यापार और फल कर्त्ता पर हो, न कि कर्म पर, उसे **'अकर्मक क्रिया'** कहते हैं।

चूँकि अकर्मक क्रियाओं में फल नहीं होता, तो क्रिया का व्यापार और फल कर्ता पर पड़ता है।

उदाहरण – रश्मि सोती है।

इस वाक्य में **'सोना'** क्रिया अकर्मक है और **'रश्मि'** कर्त्ता है, **'सोने'** की क्रिया रश्मि द्वारा पूर्ण होती है। अतः सोने का फल भी कर्त्ता पर ही पड़ता है। इसलिए **'सोना'** अकर्मक क्रिया है।

प्रयोग के आधार पर क्रिया के भेद

प्रेरणार्थक क्रिया (धातु)

जिस क्रिया शब्द से इस बात का बोध हो कि कर्ता स्वयं कार्य न करके किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, वह **'प्रेरणार्थक क्रिया (धातु)'** कहलाती है।

जैसे – करना से कराना या करवाना, काटना से कटवाना आदि।

एक अन्य **उदाहरण** – राहुल मुझसे किताब लिखवाता है।

यहाँ राहुल (कर्ता) स्वयं किताब न लिखकर **'मुझसे'** दूसरे व्यक्ति को लिखने के लिए प्रेरित करता है।

नामधातु क्रिया

संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण इत्यादि से बनने वाली क्रिया को **नामधातु** क्रिया कहते हैं।

जैसे – हाथ से हथियाना, बात से बतियाना, चिकना से चिकनाना, लाठी से लठियाना, लात से लतियाना, बिलग से बिलगाना इत्यादि।

पूर्वकालिक क्रिया

जब कर्ता एक कार्य को समाप्त करके तुरंत दूसरे काम में लग जाता है तब जो क्रिया पहले ही समाप्त हो जाती है, उसे **पूर्वकालिक क्रिया** कहते हैं।

जैसे – 1. पुजारी ने नहाकर पूजा की।
2. चोर सामान चुराकर भाग गया।

यौगिक क्रिया

दो या दो से अधिक धातुओं और दूसरे शब्दों के योग या संयोजन से या धातुओं में प्रत्यय लगाने से जो क्रिया बनती है, उसे **'यौगिक क्रिया'** कहते हैं।

जैसे – रोना–धोना, हँसना–हँसाना, चल देना, खा लेना आदि।

सामान्य क्रिया

जिस वाक्य में एक क्रिया होती है उसे सामान्य क्रिया कहते हैं।

जैसे – सीता ने रोटी खाई।
राम गया।

काल

परिभाषा

क्रिया का वह रूपांतर, जिससे उसके कार्य – व्यापार का समय तथा उसकी पूर्ण या अपूर्ण अवस्था का बोध हो, **'काल'** कहलाता है।

जैसे – राम **पढ़ता** है।
राजन जा **चुका होगा**।

काल के भेद

काल के तीन भेद हैं–

(1) वर्तमान काल (2) भूतकाल (3) भविष्य काल

1. वर्तमान काल

क्रियाओं के व्यापार की निरंतरता को **'वर्तमान–काल'** कहते हैं। इसमें क्रिया का आरंभ हो चुका होता है समाप्त नहीं होता।

जैसे – आकांक्षा पढ़ती है।
अन्नू खेल रही है।

'पढ़ाई' और **'खेल'** का कार्य–व्यापार जारी है, समाप्त नहीं हुआ है।

वर्तमान काल के भेद – वर्तमान काल के **पाँच** भेद हैं–

(i) सामान्य वर्तमान (ii) तात्कालिक वर्तमान
(iii) पूर्ण वर्तमान (iv) संदिग्ध वर्तमान
(v) संभाव्य वर्तमान।

(i) सामान्य वर्तमान – क्रिया का वह रूप जिससे क्रिया का वर्तमान काल में होना पाया जाए, **'सामान्य वर्तमान'** कहलाता है।

जैसे – वह जाता है।
मैं पढ़ता हूँ।

(ii) तात्कालिक वर्तमान – क्रिया का वह रूप जिससे पता चले कि क्रिया वर्तमान काल में हो रही है।

जैसे – अक्षिता खेल रही है।
राज पढ़ रहा है।

(iii) पूर्ण वर्तमान – इससे वर्तमान काल में कार्य की पूर्ण सिद्धि का बोध होता है।

जैसे – कपिल आया है।
विशाल ने पुस्तक पढ़ी है।

(iv) संदिग्ध वर्तमान – क्रिया का वह रूप जिससे क्रिया के होने में संदेह प्रकट हो, पर उसकी वर्तमानता में सन्देह न हो।

जैसे – सपना पढ़ती होगी।
मानस खाता होगा।

(v) संभाव्य वर्तमान – इससे वर्तमान काल में काम के पूरा होने की संभावना रहती है।

जैसे – वे गयें हों।
वह लौटा हो।

2. भूतकाल

जिस क्रिया से कार्य की समाप्ति का बोध हो, उसे **'भूतकाल'** कहते है।

जैसे – भोलू आया था।
मैंने खाया।

भूतकाल के भेद – भूतकाल के **छः** भेद हैं।

(i) सामान्य भूत **(ii)** आसन्न भूत
(iii) पूर्ण भूत **(iv)** अपूर्ण भूत
(v) संदिग्ध भूत **(vi)** हेतुहेतुमद्भूत

(i) सामान्य भूत – जिससे भूतकाल की क्रिया के विशेष समय का ज्ञान न हो।

जैसे – श्रेया आयी।
श्रेयश गया।

(ii) आसन्न भूत – इससे क्रिया की समाप्ति निकट भूत में या तत्काल ही सूचित होती है।

जैसे – मैंने खाना खाया है।
मैं चला हूँ।

(iii) पूर्ण भूत – क्रिया के उस रूप को पूर्ण भूत कहते हैं, जिसमें क्रिया की समाप्ति के समय का स्पष्ट बोध होता है कि क्रिया को समाप्त हुए काफी समय बीता है।

जैसे – उसने शिवांक को मारा था।
तुमने मेरा घर देखा था।

(iv) अपूर्ण भूत – इससे यह ज्ञात होता है कि क्रिया भूतकाल में हो रही थी, परन्तु उसकी समाप्ति का पता नहीं चलता।

जैसे – ममता गीत गा रही थी।
शैला सो रही थी।

(v) संदिग्ध भूत – इससे भूतकाल में काम के पूरा होने में संदेह होने का बोध होता है।

जैसे – संध्या ने खाना खाया होगा।
ट्रेन छूट गई होगी।

(vi) हेतुहेतुमद् भूत – इससे यह पता चलता है कि क्रिया भूतकाल में होने वाली थी, पर किसी वजह से न हो सकी।

जैसे – यदि वर्षा होती तो फसल अच्छी होती

3. भविष्य काल

भविष्य में होने वाली क्रिया को **'भविष्य काल'** कहते हैं।

जैसे – आकांक्षा स्कूल जाएगी।
भोलू फुटबॉल खेलेगा।

भविष्य काल के भेद

भविष्य काल के तीन भेद हैं–

(i) सामान्य भविष्य
(ii) संभाव्य भविष्य
(iii) हेतुहेतुमद् भविष्य

(i) सामान्य भविष्य – इससे यह प्रकट होता है कि क्रिया

भविष्य में होगी।

जैसे – मैं जाऊँगा।
वंश कबड्डी खेलेगा।

(ii) संभाव्य भविष्य – जिस क्रिया से भविष्य में किसी कार्य के होने की संभावना हो।

जैसे – शायद कृष्णा कल आएगी।
लगता है, बारिश होगी।

(iii) हेतुहेतुमद् भविष्य – इसमें एक क्रिया का होना दूसरी क्रिया के होने पर निर्भर करता है।

जैसे – वह आए तो मैं जाऊँ।
आप कमाएँ तो हम खाएँ।

वाच्य

परिभाषा

क्रिया के उस रूपान्तर या परिवर्तन, जिससे इस बात का बोध हो कि वाक्य में कर्ता, कर्म अथवा भाव – इनमें से किसकी प्रधानता है तथा इनमें किसके अनुसार क्रिया के, वचन, पुरुष, लिंग आदि आए हैं; 'वाच्य' कहलाता है।

अर्थात् कर्ता, कर्म या भाव के अनुसार क्रिया के लिंग, वचन, पुरुष का होना बाध्य है।

जैसे – रश्मि खाती है। ['रश्मि' कर्ता के अनुसार क्रिया 'खाती है' स्त्रीलिंग, एकवचन, अन्य पुरुष]

मैं पुस्तक पढ़ता हूँ। ['मैं' कर्ता के अनुसार क्रिया 'पढ़ता हूँ' पुल्लिंग, एकवचन, प्रथम पुरुष]

वाच्य के प्रयोग

वाक्य में क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष का अध्ययन 'प्रयोग' कहलाता है। ऐसा पाया जाता है कि वाक्य की क्रिया का लिंग, वचन और पुरुष कभी 'कर्ता' तो कभी 'कर्म' के अनुसार होता है। लेकिन कभी–कभी वाक्य की क्रिया कर्ता या कर्म के अनुसार न होकर एकवचन, पुल्लिंग तथा अन्यपुरुष होती है। इसी को **प्रयोग** कहते हैं।

वाच्य के भेद

वाच्य के तीन भेद हैं–

(i) कर्त्तृवाच्य **(ii)** कर्मवाच्य
(iii) भाववाच्य

(i) कर्त्तृवाच्य – क्रिया का वह रूपान्तर, जिससे वाक्य में कर्ता की प्रधानता का बोध हो 'कर्त्तृवाच्य' कहलाता है।

जैसे – आकांक्षा पुस्तक पढ़ती है।
लड़का खाता है।

यहाँ 'पढ़ती है', 'खाता है' क्रियाओं का कर्ता क्रमशः 'आकांक्षा', 'लड़का' वाक्य का उद्देश्य हैं।

(ii) कर्मवाच्य – क्रिया का वह रूपांतर, जिससे वाक्य में कर्म की प्रधानता का बोध हो, 'कर्मवाच्य' कहलाता है।

जैसे – किताबें पढ़ी जाती हैं।
सेब खाया जाता है।

यहाँ कर्म 'किताबें', 'सेब' के अनुसार क्रिया का रूपान्तर हुआ है।

(iii) भाववाच्य – क्रिया का वह रूपांतर, जिससे वाक्य में क्रिया या भाव की प्रधानता का बोध हो, उसे 'भाववाच्य' कहते हैं।

जैसे – लाडो से पढ़ा नहीं जाता।
सर्दी में उससे खेला नहीं जाता।

यहाँ कर्ता **'लाडो, उससे'** की प्रधानता न होकर भाव ['पढ़ा नहीं जाता, खेला नहीं जाता'] की प्रधानता है।

विचार–दृष्टि – यहाँ यह दृष्टव्य है कि कर्त्तृवाच्य में क्रिया **सकर्मक** और **अकर्मक** दोनों हो सकती हैं, किन्तु **कर्मवाच्य** में केवल **सकर्मक क्रिया** होगी तथा **भाववाच्य** में केवल **अकर्मक क्रिया** होती है।

SSC GD के विगत वर्षों के महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का संकलन

1. पेड़ बढ़ता गया। इस वाक्य में प्रयुक्त संयुक्त क्रिया का नाम बताइए।
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I)

(a) नित्यताबोधक संयुक्त क्रिया
(b) अनुमतिबोधक संयुक्त क्रिया
(c) अवकाशबोधक संयुक्त क्रिया
(d) समाप्तिबोधक संयुक्त क्रिया

2. समझ–समझकर काम करना चाहिए। विकल्पों में से चुनकर बताइए कि उक्त वाक्य में रेखांकित पद किस प्रकार की क्रिया है?
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III)

(a) पुनरुक्त क्रिया (b) संयुक्त क्रिया
(c) प्रेरणार्थक क्रिया (d) नामबोधक क्रिया

3. निम्नलिखित में से कौन–सा एक अकर्मक क्रिया का उदाहरण नहीं है?
(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) सीता खाना बनाती है। (b) अशोक हँसता है।
(c) हनसा रोती है। (d) सोना चमकता है।

4. उसने नहाने के बाद भोजन किया।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित पद के बदले उचित पूर्वकालिक क्रिया पद भरकर वाक्य पूर्ण कीजिए।
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) नहाना और (b) नहाया
(c) नहाकर (d) नहलवाया

5. निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया का उदाहरण नहीं है–

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) सोहन साइकिल चलाता है।

(b) मोहन दूध पीता है।

(c) बालक दौड़ता है।

(d) श्यामा ढोलक बजाती है।

6. निम्नलिखित विकल्पों में क्रिया के प्रेरणार्थक रूप का गलत प्रयोग किसमें हुआ है?

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-I)

(a) बिठाना – बिठवाना

(b) टकारना – टकारवाना

(c) खिलाना – खिलवाना

(d) दिलाना – दिलवाना

7. निम्नलिखित वाक्य में कौन सा शब्द क्रिया शब्द है? मैंने आशा को मीनार दिखाई।

(SSC GD 07 Feb. 2023, Shift-IV)

(a) आशा (b) मैंने

(c) दिखाई (d) मीनार

8. संज्ञा या विशेषण के मेल से बनने वाली क्रिया प्रेरणार्थक क्रिया है। रेखांकित पद को बदल कर शुद्ध कीजिए।

(SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-I)

(a) क्रियार्थक संज्ञा (b) सहायक क्रिया

(c) नामबोधक क्रिया (d) पूर्वकालिक क्रिया

9. निम्नलिखित में से किस वाक्य में प्रेरणार्थक क्रिया है?

(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-I)

(a) धर्मेंद्र पढ़कर सो गया।

(b) सीता राधा से पत्र पढ़वाती है।

(c) सोहन ने खाना बना लिया।

(d) मुझे पढ़ने दो।

10. 'रमेश घर आया।' इस वाक्य का संदिग्ध भूतकाल में रूपांतरण होगा–

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III)

(a) रमेश घर आ रहा था।

(b) रमेश घर आया था।

(c) रमेश घर आएगा।

(d) रमेश घर आ गया होगा।

11. "सुयश अमेरिका गया होगा।"

उपर्युक्त वाक्य को पूर्ण भूतकाल का प्रयोग करते हुए पुनः लिखिए।

(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II)

(a) सुयश अमेरिका जाएगा।

(b) सुयश अमेरिका गया था।

(c) सुयश अमेरिका गया है।

(d) सुयश अमेरिका जा रहा था।

12. "अभ्युदय पाठशाला जा रहा है।"

उपुर्यक्त वाक्य का सामान्य भविष्य काल में रूपांतरण क्या होगा?

(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) अभ्युदय शायद पाठशाला जाए।

(b) अभ्युदय पाठशाला जा रहा था।

(c) अभ्युदय पाठशाला चला गया होगा।

(d) अभ्युदय पाठशाला जाएगा।

13. "अक्षदा उपवन में टहलने गई थी।"

उपर्युक्त वाक्य को संदिग्ध वर्तमान काल का प्रयोग कर पुनः लिखिए।

(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-III)

(a) अक्षदा उपवन में टहल रही थी।

(b) अक्षदा उपवन में टहलने गई।

(c) अक्षदा उपवन में टहलती होगी।

(d) अक्षदा उपवन में टहलने जा रही है।

14. 'सुनैना खाना खा रही है'

उपर्युक्त वाक्य का भाववाच्य में रूपांतरण होगा–

(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I)

(a) सुनैना खाना खा रही थी।

(b) सुनैना खाना नहीं खा रही है।

(c) सुनैना खाना खा रही होगी।

(d) सुनैना से खाना नहीं खाया जाता।

15. 'नमन पुस्तक पढ़ता है।' इस वाक्य का कर्मवाच्य में रूपांतरण होगा–

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) नमन पुस्तक पढ़ रहा है।

(b) नमन पुस्तक पढ़ेगा।

(c) नमन से पुस्तक पढ़ी नहीं जाती।

(d) नमन द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।

16. निम्नलिखित वाक्यों में से अपूर्ण भूतकाल को पहचानिए–

(a) रामू खाना खा रहा था।
(b) माँ खाना बना चुकी है।
(c) मुझे बाहर जाना है।
(d) हम घूमने जाएँगे।

17. निम्नलिखित वाक्यों में से भविष्यत काल को पहचानिए–
(a) गाय घास चरती है।
(b) रोहन मुंबई गया था।
(c) मैं कल घूमने जाऊँगी।
(d) माँ बच्चे को पढ़ा रही है।

18. निम्नलिखित में से कर्मवाच्य वाला वाक्य चुनें।
(a) ऐसा कहते हैं कि .....।
(b) तुम लिख नहीं सकते।
(c) बिल्ली के हाथों चूहा मारा गया।
(d) उसे सब कुछ बता दें।

19. अकर्मक क्रिया के कितने भेद हैं?
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) इनमें से कोई नहीं

20. भूतकाल के कितने भेद हैं?
(a) 5 (b) 6
(c) 4 (d) 3

21. 'लड़के ने पुस्तक पढ़ी है।' इस वाक्य की पहचान करें।
(a) पूर्ण वर्तमान (b) सामान्य वर्तमान
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) इनमें से कोई नहीं

22. निम्न में भाववाच्य है–
(a) मोहन पुस्तक पढ़ता है।
(b) श्याम पत्र लिखता है।
(c) मोहन से बैठा नहीं जाता।
(d) पत्र लिखा जाता है।

23. अकर्मक का अर्थ है–
(a) कर्मवान (b) कर्मरहित
(c) कर्मशील (d) कर्म में निरत

24. वर्तमान काल के भेद हैं–
(a) 1 (b) 4
(c) 5 (d) 3

25. निम्न में वर्तमान काल का उदाहरण है–
(a) उसने पढ़ा था। (b) वह पुस्तक पढ़ेगा।
(c) वह जाता है। (d) वह खेल रहा था।

26. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन–सा वाक्य कर्तृवाच्य में बदला गया है?
(a) आज घूमने चला जाए।
(b) कल देर तक पढ़ें।
(c) बालको द्वारा खेला जाएगा।
(d) लड़कों के द्वारा खूब पढ़ा गया।

27. 'मैंने आम खाया है' यह वाक्य किस काल को प्रदर्शित करता है?
(a) भूतकाल
(b) भविष्य काल
(c) वर्तमान काल
(d) इनमें से किसी को नहीं

उत्तरमाला

1.	(a)	**2.**	(a)	**3.**	(a)	**4.**	(c)	**5.**	(c)	**6.**	(b)	**7.**	(c)	**8.**	(c)	**9.**	(b)	**10.**	(d)
11.	(b)	**12.**	(d)	**13.**	(c)	**14.**	(d)	**15.**	(d)	**16.**	(a)	**17.**	(c)	**18.**	(c)	**19.**	(a)	**20.**	(b)
21.	(a)	**22.**	(c)	**23.**	(b)	**24.**	(c)	**25.**	(c)	**26.**	(b)	**27.**	(c)						

12 लिंग, वचन एवं कारक

लिंग

जैसा कि हम जानते हैं कि **'संज्ञा'** किसी व्यक्ति या वस्तु के नाम को कहते हैं और उसकी कोई–न–कोई जाति होगी चाहे वह **पुरुष जाति** हो या स्त्री जाति और वस्तु की उस जाति के बोध को ही **लिंग** कहते हैं अर्थात् संज्ञा के उस रूप को, जिससे वस्तु या व्यक्ति के **पुरुष जाति** या **स्त्री जाति** का बोध होता है, व्याकरण में उसे **'लिंग'** कहते हैं।

'लिंग' शब्द का अर्थ है **'चिह्न'** या **पहचान**। लिंग शब्द संस्कृत भाषा का शब्द है। कोई भी वस्तु सजीव हो या निर्जीव उसकी जाति अवश्य होती है।

जैसे – कुर्सी, प्याली, माता–पिता, पेड़, लोटा, प्यास इत्यादि।

लिंग के प्रकार

लिंग दो प्रकार के होते हैं–

(i) पुल्लिंग

(ii) स्त्रीलिंग

नोटः– **उभयलिंग;** जैसे– मंत्री, डॉक्टर, प्रधानमंत्री, मैनेजर, इंजीनियर आदि।

लेकिन हिन्दी में दो ही लिंग की मान्यता है– **(i) पुल्लिंग, (ii) स्त्रीलिंग**। हिन्दी में इन्हीं दो लिंगो के आधार पर ही समस्त सजीव या निर्जीव पदार्थवाचक शब्दों को विभक्त करते हैं।

हिन्दी में नपुंसकलिंग को स्थान नहीं दिया गया है।

(i) पुल्लिंग शब्द – पुरुष जाति बोधक शब्द पुल्लिंग होते हैं।

जैसे – अन्न, तारे, ग्रह, रत्न, शहर, पहाड़, माह आदि।

अपवाद – पृथ्वी, चाँदी, अरहर, काशी, अयोध्या आदि शब्द स्त्रीलिंग हैं।

(ii) स्त्रीलिंग शब्द – स्त्री जाति बोधक शब्द स्त्रीलिंग श्रेणी में आते हैं।

जैसे – नदियों के नाम, तिथियों या त्योहारों के नाम इत्यादि।

अपवाद – सिन्धु, सोन, ब्रह्मपुत्र आदि पुल्लिंग शब्द हैं।

इतना तो हम सब बहुत अच्छे से जानते हैं कि लिंग में अगर त्रुटि हुई तो पूरा वाक्य त्रुटिपूर्ण हो जाएगा। उच्चारण, पठन–पाठन एवं लेखन की दृष्टि से लिंग का सटीक बोध अनिवार्य है।

वचन

संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण की जिस प्रकृति या रूप से हमें उसकी संख्या का भाव या बोध हो उसे **'वचन'** कहते हैं अर्थात् संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण के रूप से एक है या अधिक का संख्याबोध ही **'वचन'** कहलाता है।

वचन के प्रकार

अंग्रेजी की भाँति हिन्दी में भी वचन दो प्रकार के होते हैं–

(i) एकवचन।

(ii) बहुवचन।

(i) एकवचन

जिन विकारी शब्दों से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया की केवल एक वस्तु का बोध हो, उसे 'एकवचन' कहते हैं।

जैसे – नदी, लड़का, गधा, बच्चा, घोड़ा आदि।

वाक्य उदाहरण –

पुस्तक अच्छी है। (**'पुस्तक'** एकवचन में है)

गधा बैठा है। (**'गधा'** एकवचन है)

(ii) बहुवचन

जिन विकारी शब्दों से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया की एक से अधिक वस्तु होने का बोध हो, उसे **'बहुवचन'** कहते हैं।

जैसे – नदियाँ, लड़के, गधे, बच्चे, घोड़े आदि।

वाक्य उदाहरण –

पुस्तकें बहुत मोटी हैं। (**'पुस्तकें'** बहुवचन हैं।)

गायें दौड़ रही हैं। (**'गायें'** बहुवचन हैं।)

वे शब्द जो सदा एकवचन रहते हैं।

जनता, व्यक्तिवाचक संज्ञा, हवा, आग, पानी, वर्षा, दूध, सोना, लोहा, ताँबा, घी, तेल, दही, क्रोध, सत्य आदि।

वे शब्द जो सदैव बहुवचन रहते हैं।

हस्ताक्षर, प्राण, अनेक, आँसू, दाम, लोग, आदेश, दर्शन, बाल, रोंगटे, नेत्र, तेवर, होश, क्रिया–कलाप, अक्षत, समाचार आदि।

कारक

परिभाषा

(i) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के शब्दों के साथ उनके **सम्बंध का बोध** हो, उस रूप को **'कारक'** कहते हैं।

अर्थात् वाक्य में प्रयुक्त शब्द आपस में सम्बद्ध होते हैं, उनके अर्थ में सम्बंध की सार्थकता बताने का कार्य **'कारक'** करते हैं।

(ii) संज्ञा अथवा सर्वनाम के जिस रूप से उनका (संज्ञा या सर्वनाम का) सम्बंध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ **विशेषतः क्रिया** के साथ, होता है। उसे **कारक** कहते हैं–

जैसे –

राजन शैली देखता है– राजन शैली **को** देखता है।
(**'को'** कारक चिह्न का प्रयोग)

कौशिन्दर भीड़ अलग हो गया।– कौशिन्दर भीड़ **से** अलग हो गया।
(**'से'** कारक चिह्न का प्रयोग)

रश्मि ने प्यार से राजन को बुलाया।
(**ने, से, को** कारक चिह्न का प्रयोग)

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट हो रहा है कि बिना **'कारक चिह्न'** के वाक्य के अर्थ स्पष्ट नहीं हो रहें हैं और **'कारक चिह्न'** के प्रयोग के साथ ही वाक्य का अर्थ स्पष्ट और उनके बीच के सम्बंध की सार्थकता का भी स्पष्टीकरण हो जाता है।

जब संज्ञा और सर्वनाम के आगे ने, को, से के लिए, आदि विभक्तियाँ लगती हैं, तब उनका रूप **'कारक'** कहलाता है, तभी वे वाक्य के अन्य शब्दों से सम्बंध रखने योग्य 'पद' बनते हैं और पद की अवस्था में ही वे वाक्य के दूसरे शब्दों से या क्रिया से जुड़ाव रख पाते हैं।

विभक्ति (परसर्ग / कारक–चिह्न)

कारक को सूचित करने के लिए **संज्ञा या सर्वनाम** के साथ जो **प्रत्यय** लगाया जाता है, उसे विभक्ति कहते हैं।

जैसे – **'ने' को, के लिए, से, द्वारा** आदि।

कारक के भेद

कारक **आठ** प्रकार के होते हैं, जो अपनी विभक्तियों के साथ इस प्रकार हैं–

कारक	विभक्तियाँ
कर्ता	ने
कर्म	को
करण	से, के द्वारा
सम्प्रदान	को, के लिए, हेतु, के वास्ते
अपादान	से (पृथक)
संबंध	का, के, की, रा, रे, री, ना, नी, ने
अधिकरण	में, पर, भीतर
संबोधन	हे! हो! अरे!, अजी!, अहो! ए!, रे!

कर्ता कारक

वाक्य में जो शब्द काम करने या क्रिया करने के लिए प्रयुक्त होता है अर्थात् क्रिया करने वाले के अर्थ में आता है, उसे **'कर्ता कारक'** कहते हैं।

कर्ता कारक की विभक्ति 'ने' होती है।

जैसे – आशुवेन्द्र किताब लिखता है।

उपर्युक्त उदाहरण में **'किताब लिखने'** का कार्य **कौन** करता है?

आशुवेन्द्र; अर्थात् **'आशुवेन्द्र' कर्ता** है।

उदाहरणः

- राम ने खाना खाया।
- श्याम पुस्तक पढ़ता है।
- योगेश ने जीतू को चाँटा मारा था।

कर्मकारक

संज्ञा तथा सर्वनाम के जिस रूप पर क्रिया का फल पड़ता है, उसे **'कर्म–कारक'** कहते हैं। इसकी विभक्ति **'को'** है।

उदाहरणः

- गोपाल ने सीमा को मारा।
- रामू ने घोड़े को पानी पिलाया।
- माँ ने बच्चे को खाना खिलाया।
- अध्यापक छात्रों को पीटता है।

करण कारक

जिस शब्द या साधन के द्वारा क्रिया पूर्ण की जाती है या वाक्य में जो साधन या शब्द क्रिया के सम्बंध का बोध कराता है, **'करण कारक'** कहलाता है।

इसकी विभक्ति **'से', 'द्वारा'** है।

जैसे – आकांक्षा ने गुलेल से फल तोड़ा।
(**'से'** साधन के रूप में करण कारक)

अक्षिता कलम से किताब लिखती है।
(**'से'** साधन के रूप में करण कारक)

सम्प्रदान कारक

वे शब्द जो वाक्य में किसी के लिए कुछ करने या कुछ देने का बोध कराएँ, उन शब्द रूप को **'सम्प्रदान कारक'** कहते हैं।

जैसे – राजन **लाड़ो के लिए** चॉकलेट लाता है।
विशाल **बच्चे के लिए** गेंद लाओ।
प्यासों **को** जल देना चाहिए।
किताबें हम**को** ज्ञान देती हैं।

अपादान कारक

संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु के अलगाव या पृथक् होने का भाव प्रकट होता है, उसे **अपादान कारक** कहते हैं। इसकी विभक्ति **'से'** है।

जिस शब्द में अपादान विभक्ति **'से'** लगती है, उसी शब्द से किसी अन्य वस्तु से **अलग** होने का बोध होता है।

जैसे – हिमालय से गंगा निकलती है।
अंकित छत से गिरा।
राहुल घर से बाहर आया।

संबंध कारक

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका दूसरे शब्दों के साथ सम्बंध या **जुड़ाव (लगाव)** प्रदर्शित हो, उसे **'संबंधकारक'** कहते हैं।

इसका विभक्ति चिह्न **'का'** है।

जैसे – **ओंकार की** घड़ी खो गई।
कौशिन्दर का भाई अच्छा है।

अधिकरण कारक

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से **क्रिया के आधार** का बोध या सूचित किया जाता है, वह **'अधिकरण कारक'** कहलाता है। इसकी विभक्ति **'में', 'पर', 'भीतर'** है।

जैसे – मेज **पर** पुस्तक है।
मैं तीन मिनट **में** जाऊँगा।

संबोधन कारक

जिस शब्द से किसी को **पुकारने** का भाव हो या संकेत भाव का बोध हो, उसे **संबोधन कारक** कहते हैं।

- हिन्दी में यह **कर्ता से पृथक्** कारक माना जाता है जबकि संस्कृत में इसे कर्ता से अलग नहीं मानते।

जैसे – **हे ईश्वर!** मुझ पर कृपा कीजिए।
अजी! सुनते हो।

संबोधन कारक की कोई विभक्ति नहीं होती। इसे **हे, अरे, रे** आदि शब्दों से प्रकट करते हैं।

SSC GD के परीक्षानुरूप विगत वर्षों के महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का संकलन

1. 'करण खाने बीच मिठाई लाया'
उपर्युक्त वाक्य में कारक सम्बन्धी त्रुटि पहचानकर निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य चुनिए।
(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I)
(a) करण खाने साथ मिठाई लाया।
(b) करण खाने की मिठाई लाया।
(c) करण खाने बाद मिठाई लाया।
(d) करण खाने के लिए मिठाई लाया।

2. निम्नलिखित में से कौन सा संबोधन कारक चिह्न है?
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I)
(a) ही (b) से
(c) अरे (d) ने

3. दिए गए वाक्य में प्रयुक्त गलत विभक्ति चिह्न के स्थान पर सही विभक्ति चिह्न होगा–
छुट्टियों में सभी बच्चों का अपने मम्मी–पापा के साथ घूमने जाने का कार्यक्रम बना लिया था।
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II)
(a) ने (b) पर
(c) से (d) द्वारा

4. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य करण कारक का उदाहरण नहीं है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I)
(a) सब ही भाग्य को रोते हैं।
(b) मैंने लाठी से सांप मारा।
(c) बच्चे गेंद से खेल रहे हैं।
(d) वह कलम से पत्र लिख रही थी।

5. निम्नलिखित में से कौन सा एक कारक चिह्न नहीं है?
(SSC GD 23 Jan. 2023, Shift-II)
(a) द्वारा (b) पर
(c) के लिए (d) जाना

6. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन सा कर्म कारक का एक उदाहरण है?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II)
(a) मैंने वस्त्र धारण किया।
(b) हमसे पढ़ा नहीं जाएगा।
(c) कर्मवीर पथ से नहीं डिगता।
(d) ज्वाला प्रसाद को स्नान करते दस बज गए।

7. निम्न में से कौन से वाक्य में कर्मकारक का गलत प्रयोग हुआ है।
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-III)
(a) लड़का कुत्ते को मारता है।
(b) सीता ने चिट्ठी लिखी।
(c) रमेश ने गोपाल को मारा।
(d) कविता पत्र को लिखती है।

8. संप्रदान कारक का बहुवचन रूप किस विकल्प में मौजूद है?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV)
(a) हमारे लिए (b) हमारे द्वारा
(c) हमारे पर (d) हममें

9. निम्नलिखित वाक्य की पूर्ति उचित कर्ता कारक चिह्न से करें।

'सोहन.....घर का सारा काम किया है।'
(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-III)
(a) से (b) ने
(c) पर (d) में

10. निम्न में से कौन सा वाक्य संबोधन कारक का उदाहरण नहीं है?
(SSC GD 07 Feb. 2023, Shift-IV)
(a) अजी! तुम उसे क्या मारोगे?
(b) आलोक माँ के लिए दवाई लाया।
(c) अरे भाई! यहाँ आओ।
(d) हे भगवान! तू सबका भला कर।

11. निम्न विकल्पों में से किसमें गलत अपादान कारक का प्रयोग हुआ है?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-II)
(a) वह मुझसे अलग रहता है।
(b) मेरे हाथ से छड़ी छूट पड़ी।
(c) दूध से दही बनता है।
(d) वह लखनऊ से आया है।

12. निम्न वाक्य को अधिकरण कारक के अनुसार शुद्ध कीजिए।
कपड़े छत को सूख रहे हैं।
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III)
(a) कपड़े छत के सूख रहे हैं।
(b) कपड़े छत से सूख रहे हैं।
(c) कपड़े छत के अनुसार सूख रहे हैं।
(d) कपड़े छत पर सूख रहे हैं।

13. निम्न में से कौन–सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?
(a) यामा (b) योजना
(c) भिक्षा (d) संबल

14. 'पंखा' का बहुवचन क्या होगा?
(a) पँखे (b) पँखें
(c) पंख (d) पंखे

15. 'हरि मोहन को रुपये देता है।' रेखांकित में कौन–सा कारक है?
(a) कर्म कारक (b) अपादान कारक
(c) सम्प्रदान कारक (d) अधिकरण कारक

16. इनमें से 'छाया' शब्द का बहुवचन क्या होगा?
(a) छाया (b) छायें
(c) छाओं (d) इनमें से कोई नहीं

17. इनमें से कौन–सा शब्द 'वीरांगना' का पुल्लिंग रूप है?
(a) वीरता (b) वीर
(c) वीरांगना (d) इनमें से कोई नहीं

18. 'कवि' का स्त्रीलिंग इनमें से क्या है?
(a) कवियाइन (b) कवियानी
(c) कवियित्री (d) कवयित्री

19. वचन किसके लिए प्रयोग किए जाते हैं?
(a) विशेषण (b) अलंकार
(c) सर्वनाम (d) संज्ञा

20. 'ठठेरा' शब्द का लिंग परिवर्तित कीजिए।
(a) ठठेरी (b) ठठारी
(c) ठठेरिन (d) ठठेरिनी

21. 'रमा विद्यालय से घर जाती है', में कारक है–
(a) अपादान (b) कर्त्ता
(c) कर्म (d) सम्बन्ध

22. पेड़ से पत्ता गिरा। यहाँ 'पेड़ से' में कारक है।
(a) करण कारक (b) सम्प्रदान कारक
(c) अपादान कारक (d) कर्म कारक

23. 'राजा भिक्षुक को दान देता है' वाक्य में कौन–सा कारक है?
(a) कर्म कारक (b) अपादान कारक
(c) सम्प्रदान कारक (d) करण कारक

24. 'वधू' का बहुवचन क्या होगा–
(a) वधूएँ (b) वधुओं
(c) वधुएँ (d) वधुऐ

25. सीमा कुत्ते से डरती है। इस वाक्य में कौन–सा कारक है?
(a) अपादान कारक (b) करण कारक
(c) कर्म कारक (d) सम्बोधन कारक

26. "अध्यापक को पुरस्कार दीजिए।" –इस वाक्य में कौन–सा कारक है?
(a) संबोधन कारक (b) अधिकरण कारक
(c) कर्म कारक (d) संबंध कारक

27. कारक के कितने भेद होते हैं?
(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 10

28. निम्न में से कौन–सा शब्द स्त्रीलिंग है?
(a) विवाद (b) सार
(c) रूप (d) आय

29. किसका प्रयोग सदैव बहुवचन मे होता है?

(a) दर्शन (b) नारी

(c) लता (d) गाय

30. वचन की दृष्टि से कौन–सा जोड़ा सही नहीं हैं?

(a) लता–लताएँ (b) घोड़ा–घोड़े

(c) किताब–किताबें (d) सखी–सखीयाँ

उत्तरमाला

1.	(d)	**2.**	(c)	**3.**	(a)	**4.**	(a)	**5.**	(d)	**6.**	(d)	**7.**	(d)	**8.**	(a)	**9.**	(b)	**10.**	(b)
11.	(c)	**12.**	(d)	**13.**	(d)	**14.**	(d)	**15.**	(c)	**16.**	(a)	**17.**	(b)	**18.**	(d)	**19.**	(d)	**20.**	(c)
21.	(a)	**22.**	(c)	**23.**	(c)	**24.**	(c)	**25.**	(a)	**26.**	(c)	**27.**	(b)	**28.**	(d)	**29.**	(a)	**30.**	(d)

13 विशेषण और अव्यय

परिभाषा

जो शब्द **संज्ञा या सर्वनाम** की **विशेषता** बताए, उसे **'विशेषण'** कहते हैं तथा **जिसकी विशेषता** बताई जाए, वह **'विशेष्य'** कहलाता है।

अर्थात् शब्दों में विशेषण ऐसा **विकारी शब्द** है जो हमेशा हर–हाल में संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता है।

विशेषण से संज्ञा का गुण अथवा विशेषता प्रकट होती है, इसके प्रयोग से **जातिवाचक संज्ञा** की व्यापकता सीमित हो जाती है।

जैसे – **'कुत्ता'** संज्ञा से कुत्ता जाति के सभी प्राणियों का बोध होता है, पर 'काला कुत्ता' कहने से केवल काले कुत्ते का बोध होता है, सभी तरह के कुत्तों का नहीं। यहाँ **'काला'** विशेषण से **'कुत्ता'** संज्ञा की व्यापकता सीमित (मर्यादित) हो गई।,

- संज्ञा के साथ–नामक, सा, रूपी, सम्बंधी आदि शब्द प्रयुक्त करके विशेषण बनाया जाता है।

जैसे – फूल **सा** शरीर है।
कर्ण **नामक** पुत्र की प्राप्ति हुई।

- विशेषण का उपयोग बिना संज्ञा के नहीं हो सकता।

विशेषण के भेद–

गुण, संख्या और परिमाण के आधार पर विशेषण के चार भेद हैं–

1. सार्वनामिक विशेषण
2. गुणवाचक विशेषण
3. संख्यावाचक विशेषण
4. परिमाणवाचक विशेषण

1. सार्वनामिक विशेषण

निजवाचक और पुरुषवाचक सर्वनाम (मैं, तू) के अतिरिक्त अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा के पूर्व आते हैं, तब वे **'सार्वनामिक विशेषण'** कहलाते हैं।

जैसे – यह आदमी अच्छा नहीं है।
वह नौकर नहीं आया।

उपर्युक्त उदाहरणों में **'आदमी'** और **'नौकर'** संज्ञाओं के पहले विशेषण के रूप में **'यह'** और **'वह'** सर्वनाम आए हैं। अतः सार्वनामिक विशेषण हैं।

2. गुणवाचक विशेषण

जिन विशेषणों से संज्ञा के गुण, रंग, आकार, स्वभाव, दशा आदि रूप का बोध होता है, उन्हें **'गुणवाचक विशेषण'** कहते हैं।

विशेषणों में इनकी संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। कुछ मुख्य रूप निम्नलिखित हैं–

- **स्थान** – उजाड़, देशीय, क्षेत्रीय, असमी, भारतीय, स्थानीय, चौरस, बाहरी, ऊपरी, पूरबी, ढाँचा, पछियाँ, बाँया, भीतरी, आदि।
- **रंग** – काला, लाल, नीला, हरा, बैंगनी, सुनहरा, धुँधला, फीका, आदि।
- **काल** – पुराना, ताजा, वर्तमान, भूत, भविष्य, प्राचीन, अगला आदि।
- **दशा/अवस्था** – गरीब, उद्यमी, दुबला, पिघला, गीला, रोगी, पालतू, घना आदि।
- **आकार** – सुड़ौल, चौड़ा, समान, गोल, तिरछा, नुकीला, लंबा, आदि।
- **गुण** – बुरा, भला, उचित, सच्चा, शांत, सीधा, दुष्ट, न्यायी, पापी आदि।
- **विचार दृष्टि** – गुणवाचक विशेषण में 'सा' सादृश्यवाचक पद जोड़कर गुणों को कम या सीमित भी किया जा सकता है।

जैसे – छोटा–सा, बड़ी–सी, पीला–सा आदि।

3. संख्यावाचक विशेषण

जिन विशेषणों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या प्रदर्शित हो, उसे 'संख्यावाचक विशेषण' कहते हैं।

जैसे – तीन दिन, चार कुत्ते, दस गुने लोग, पंचम वर्ण आदि।

संख्यावाचक विशेषण के मुख्यतः **दो भेद** हैं–

(क) निश्चित संख्यावाचक
(ख) अनिश्चित संख्यावाचक

(क) निश्चित संख्यावाचक विशेषण– इस विशेषण से वस्तु की निश्चित संख्या का बोध होता है।

जैसे – दो लड़के, चार लोग, बीस रूपया आदि।

1. **क्रमबोधक :** पहला, दूसरा, तीसरा, ...हजारवाँ
2. **आवृत्तिबोधक :** दोगुना, तिगुना, चौगुना आदि।
3. **समुदायबोधक :** तीनों, चारों, पाँचों आदि।
4. **प्रत्येकबोधक :** एक–एक, हर एक आदि।
5. **गणनाबोधक :** पूर्णांकबोधक – एक, दो, नौ, हजार आदि।
   अपूर्णांकबोधक – पाव, आधा, पौन, सवा, डेढ़ आदि।

(ख) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण – इसमें वस्तु की संख्या का निश्चित बोध नहीं होता है।

जैसे – कई, बड़े, कितने, कम, थोड़ा आदि।

4. परिमाणवाचक विशेषण

किसी पदार्थ या वस्तु की मात्रा, परिमाण, नाप या तौल का बोध कराने वाले शब्दों को परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

जैसे – सारा दूध, थोड़ा घी इत्यादि।

परिमाणवाचक विशेषण के **दो भेद** होते हैं–

(क) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(ख) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(क) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण : किसी वाक्य में संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की निश्चित मात्रा, परिमाण, नाप या तौल का बोध कराने वाले शब्दों को निश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

जैसे – तीन किलो अनाज, चार मीटर कपड़ा, चार किलो आलू आदि।

(ख) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण : किसी वाक्य में संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की अनिश्चित मात्रा, परिमाण, नाप या तौल का बोध कराने वाले शब्दों को अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

जैसे – थोड़ा अनाज, कुछ फल, बहुत सारा धन आदि।

अव्यय

परिभाषा

जिन शब्दों में लिंग, वचन और कारक से कोई विकार उत्पन्न नहीं होता तथा शब्द रूप सदैव एक–से बने रहते हैं, उन्हें **'अव्यय'** या **'अविकारी'** शब्द कहते हैं। चूँकि इनका व्यय नहीं होता, अतः ये अव्यय हैं।

जैसे – सलमान **धीरे** चलता हैं।
तुम **धीरे** चलते हो।

इसमें **'धीरे'** शब्द सभी अवस्थाओं में एक समान है– **अव्यय** है।

अव्यय के भेद–

सामान्यतः अव्यय के **चार** भेद होते हैं– (1) क्रियाविशेषण (2) संबंधबोधक (3) समुच्चय बोधक (4) विस्मयादिबोधक।

1. क्रिया विशेषण

जो अव्यय क्रिया की विशेषता प्रकट या प्रदर्शित करे अर्थात् जिस अव्यय से क्रिया, विशेषण या अन्य क्रियाविशेषण की विशेषता प्रकट हो, उसे **'क्रिया विशेषण'** कहते हैं।

जैसे – जितेन्द्र **तेज** दौड़ता है।
राज **अभी** टहलता है।

यहाँ क्रिया **'दौड़ना'** और **'टहलना'** की विशेषता क्रमशः **'तेज'** और **'अभी'** हैं– अतः ये **क्रिया विशेषण** हैं।

इसके अतिरिक्त, क्रिया विशेषण दूसरे क्रिया विशेषण की विशेषता को भी प्रकट करता है।

जैसे – शिवकुमार **बहुत धीरे** चलता है।

इस उदाहरण वाक्य में **'बहुत'** क्रिया विशेषण है, वहीं यह दूसरे क्रिया विशेषण **'धीरे'** की भी विशेषता प्रकट कर रहा है।

क्रिया विशेषण के भेद –

अर्थ के आधार पर क्रिया विशेषण के चार भेद होते हैं।

(i) स्थितिवाचक क्रिया विशेषण– जिस क्रियाविशेषण से स्थान और दिशा की सूचना मिलती है, उसे स्थितिवाचक (स्थानवाचक) क्रिया विशेषण कहते हैं।

(ii) कालवाचक क्रिया विशेषण – जिस क्रिया विशेषण से काल या समय की सूचना मिले, उसे कालवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं। जैसे– आज, कल, परसों, अब, कब आदि।

(iii) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण – इससे परिमाण का बोध होता है।

बहुत, खूब, अत्यंत, अति – **अधिकताबोधक**
जरा, थोड़ा, किंचित, कुछ – **न्यूनताबोधक**
बस, काफी, ठीक, यथेष्ट – **पर्याप्तिबोधक**
कम, अधिक, इतना, उतना – **तुलनाबोधक**
थोड़ा–थोड़ा, तिल–तिल, बारी–बारी – **श्रेणीबोधक**

(iv) रीतिवाचक क्रिया विशेषण – क्रिया के होने का प्रकार दर्शाता है।

जैसे – एकाएक, अचानक, जरूर, आकस्मिक, कदापि आदि।

2. संबंधबोधक

जो अव्यय, संज्ञा अथवा सर्वनाम का संबंध वाक्य के दूसरे शब्द से प्रदर्शित करता है, वह **'संबंधबोधक'** कहलाता है। अर्थात् जो संबंध का बोध कराए, संबंधबोधक कहलाता है।

जैसे – अनुकूल, आस–पास, अनुसार, ओर इत्यादि।

यदि वाक्य में संज्ञा न हो तो वही अव्यय **क्रिया विशेषण** कहलाएगा।

जैसे – ज्ञान के **बिना** किसी का काम नहीं चलता।
दिन **भर** घूमना अच्छा नहीं होता।

उपर्युक्त उदाहरण वाक्य में **'बिना'** और **'भर'** संबंधबोधक हैं। इन वाक्यों में **'बिना'** शब्द **'ज्ञान'** संज्ञा का संबंध **'चलता'** क्रिया से जोड़ता है। इसी तरह **'भर'** **'दिन'** को **'घूमना'** क्रियार्थक संज्ञा से जोड़ता है।

संबंधबोधक के भेद–

प्रयोग, व्युत्पत्ति और अर्थ के अनुसार संबंधबोधक अव्यय के निम्नलिखित भेद हैं।

प्रयोग के अनुसार – प्रयोग के अनुसार संबंधबोधक अव्यय के **दो** भेद हैं–

(i) संबद्ध संबंधबोधक अव्यय – संबंधबोधक शब्द जो

संज्ञा की विभक्तियों के बाद या पीछे आते हैं, 'संबद्ध संबंधबोधक अव्यय' होते हैं।

(ii) **अनुबद्ध संबंधबोधक अव्यय** – ऐसे संबंधबोधक जो संज्ञाओं के विकृत रूप के बाद आते हैं, 'अनुबद्ध संबंधबोधक' कहलाते हैं।

व्युत्पत्ति के अनुसार – व्युत्पत्ति के आधार पर संबंधबोधक अव्यय के दो भेद होते हैं–

(i) **मूल संबंधबोधक अव्यय** – बिना, पूर्वक, नाई, पर्यंत इत्यादि।

(i) **यौगिक संबंधबोधक अव्यय–**

संज्ञा से – अपेक्षा, मारफत, लेखे, पलटे आदि।

विशेषण से – उल्टा, ऐसा, तुल्य, समान, योग्य आदि।

क्रिया से – कर, जाने, लिए, मारे, चलते आदि।

क्रिया विशेषण से – भीतर, बाहर, ऊपर, पीछे, परे, यहाँ, पास आदि।

अर्थ के अनुसार – अर्थ के अनुसार संबंधबोधक अव्यय के तेरह (13) भेद निम्नलिखित हैं–

(i) कालवाचक	(ii) स्थानवाचक
(iii) दिशावाचक	(iv) साधनवाचक
(v) हेतुवाचक	(vi) विषयवाचक
(vii) व्यतिरेकवाचक	(viii) विनिमयवाचक
(ix) सादृश्यवाचक	(x) विरोधवाचक
(xi) साहचर्यवाचक	(xiii) तुलनावाचक

1. **कालवाचक** – पहले, पूर्व, पश्चात्, उपरांत, लगभग।
2. **स्थानवाचक** – आगे, पीछे, नीचे, तले, सामने, पास, निकट, भीतर, समीप, नजदीक, यहाँ, बाहर, परे, दूर।
3. **दिशावाचक** – ओर, तरफ, पार, आरपार, आसपास, प्रति।
4. **साधनवाचक** – द्वारा, जरिए, हाथ, मारफत, बल, कर, जबानी।
5. **हेतुवाचक** – लिए, निमित्त, वास्ते, हेतु, खातिर, कारण, मारे, चलते।
6. **विषयवाचक** – बाबत, विषय, नाम लेखे, जान, भरोसे।
7. **व्यतिरेकवाचक** – सिवा, अलावा, बिना, बगैर, अरिरिक्त, रहित।
8. **विनिमयवाचक** – पलटे, बदले, जगह, एवज।
9. **सादृश्यवाचक** – समान, तरह, भाँति, बराबर, तुल्य, योग्य, लायक, सदृश, अनुसार, अनुरूप, अनुकूल, देखादेखी, सरीखा, सा, ऐसा, जैसा, मुताबिक।
10. **विरोधवाचक** – विरुद्ध, खिलाफ, उलटे, विपरीत।
11. **साहचर्यवाचक** – संग, साथ, समेत, सहित, पूर्वक, अधीन, स्वाधीन, वश।
12. **संग्रहवाचक** – तक, लौं, भर, मात्र।
13. **तुलनावाचक** – अपेक्षा, आगे, सामने।

3. समुच्चयबोधक अव्यय

ऐसे अव्यय जो दो शब्दों अथवा दो वाक्यों को जोड़ते हैं, वे **'समुच्चयबोधक अव्यय'** कहलाते हैं।

जैसे – मैं आया **और** वह चला गया।

यहाँ **'और'** समुच्चयबोधक अव्यय है, क्योंकि **'मैं आया'** तथा **'वह चला गया'** को जोड़ता है।

इसी तरह समुच्चयबोधक अव्यय दो पदों को भी जोड़ता है।

जैसे – नौ **और** दो ग्यारह होते हैं।

समुच्चयबोधक के भेद–

समुच्चयबोधक अव्यय के मुख्यतः **दो भेद** होते हैं तथा इनके अपने उपभेद भी हैं।

1. समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय
2. व्याधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय

1. **समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय** – मुख्य वाक्य जोड़ने में सहायक पद या अव्यय, अर्थात् जिन अव्ययों या पदों के द्वारा मुख्य वाक्य जोड़े जाते हैं; **'समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय'** कहलाते हैं।

इसके **चार** उपभेद हैं, जो निम्नलिखित हैं–

(क) **संयोजक** – व, एवं, तथा और।

(ख) **विभाजक** – व, अथवा, या, किंवा, चाहे .....चाहे कि, न ..... न , नहीं तो।

(ग) **विरोधबोधक** – किन्तु, परन्तु, बल्कि, वरन, पर, लेकिन, मगर।

(घ) **परिणामबोधक** – सो, अतएव, इसलिए, अतः।

2. **व्याधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय** – जिन अव्ययों या पदों के मेल से मुख्य वाक्य में एक या अधिक आश्रित वाक्य जोड़े जाते हैं, उन्हें **'व्याधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय'** कहते हैं।

इसके **चार** उपभेद हैं–

(क) **कारणवाचक** – जोकि, इसलिए कि, क्योंकि।

(ख) **उद्देश्यवाचक** – कि, जो, ताकि।

(ग) **संकेतवाचक** – यदि–तो, कि, जो–तो, यद्यपि–तथापि, चाहे, परंतु।

(घ) **स्वरूपवाचक** – अर्थात्, यानी कि।

4. विस्मयादिबोधक अव्यय

जिन अव्ययों से भाव (हर्ष, आश्चर्य, शोक आदि) सूचित हों, पर उनका संबंध किसी विशेष पद या वाक्य से न हो, **'विस्मयादिबोधक अव्यय'** कहलाते हैं।

जैसे – **अरे!** ये तुमने क्या किया।

इसमें **'अरे!'** विस्मय प्रकट कर रहा है तथा इनका अपने वाक्य या किसी पद से कोई संबंध नहीं है।

विस्मयादिबोधक अव्ययों का व्याकरण में कोई विशेष महत्व

नहीं है। इनका प्रयोग मनोभावों को तीव्रता से प्रकट करने के लिए होता है।

जैसे – तुम क्या करोगे → हाय! तुम क्या करोगे?

इसके सात भेद निम्नलिखित हैं–

(i) हर्षबोधक – धन्य–धन्य!, जय!, शाबाश!, अहा!, वाह–वाह!

(ii) आश्चर्यबोधक – हैं!, ऐ!, ओहो!, क्या!

(iii) स्वीकारबोधक – जी हाँ!, हाँ जी!, हाँ, बहुत अच्छा!, ठीक!

(iv) तिरस्कारबोधक – चुप!, अरे!, हट!, छिह!,

(v) शोकबोधक – आह!, हा–हा!, त्राहि–त्राहि!, हाय!

(vi) अनुमोदनबोधक – वाह!, शाबाश!, अच्छा!, ठीक!, हाँ–हाँ!

(Vii) संबोधनबोधक – अरे!, रे!, अहो!, हे!, अजी!,

SSC GD के परीक्षानुरूप विगत वर्षों के प्रश्नों का संकलन

1. निम्नलिखित विकल्पों में से किस वाक्य में संख्यावाचक विशेषण का उचित प्रयोग नहीं किया गया है?

(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III)

(a) दुर्घटना में पहलवान को अधिक घाव हो गए हैं।

(b) हमारी बगिया में कुछ अधिक वृक्ष हो गए हैं।

(c) महात्मा गाँधी बहुत थोड़े कपड़े पहनते थे।

(d) नव्या के काले बाल हैं।

2. निम्नलिखित में से विशेषण शब्द का उदाहरण है–

(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) समाज (b) भारत

(c) भारतीय (d) धन

3. निम्नलिखित विकल्पों में से किस वाक्य में संख्यावाचक विशेषण का उचित प्रयोग नहीं किया गया है?

(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I)

(a) छत पर चार सफ़ेद कबूतर हैं।

(b) भव्या का स्वभाव अच्छा हैं।

(c) कक्षा में चार छात्र पढ़ते हैं।

(d) कुछ खिलाड़ी बहुत अच्छा खेले।

4. निम्नलिखित में से किस वाक्य में तुलनात्मक विशेषण की उत्तमावस्था के अशुद्ध रूप का उपयोग हुआ है?

(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III)

(a) इन सब में से तुम सबसे सुन्दर हो।

(b) उसका स्वभाव कोमलरतम हैं।

(c) सभी महासागरों में प्रशांत महासागर विशालतम हैं।

(d) हल्क सबसे ज्यादा बलवान है।

5. निम्नलिखित विकल्पों में से किस वाक्य में संख्यावाचक विशेषण का उचित प्रयोग नहीं किया गया है?

(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III)

(a) यह किसका खरगोश है?

(b) दिल्ली के पास यमुना में जरा–सा पानी हैं।

(c) मेरी गाय थोड़ा दूध देती है।

(d) गौरव के पास थोड़ी–सी भूमि बची हुई है।

6. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द सार्वनामिक विशेषण शब्द नहीं है?

(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) ऐसा (b) मैं

(c) तुम्हारा (d) जैसा

7. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है?

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-I)

(a) नीना खाती है। (b) शीला सोती है।

(c) राधा के लम्बे बाल हैं। (d) करीम खेलता है।

8. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है?

(SSC GD 16 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) उसका घोड़ा सुन्दर है।

(b) रमेश घर में है।

(c) मोहन गाँव में रहता है।

(d) सोहन प्रयागराज में है।

9. किसी संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

(SSC GD 17 Jan. 2023, Shift-III)

(a) क्रिया विशेषण (b) विशेषण

(c) समुच्चयबोधक (d) क्रिया

10. निम्नलिखित में से कौन सा एक शब्द विशेषण शब्द नहीं हैं?

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II)

(a) आप (b) पुराना

(c) काला (d) दोगुना

11. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है?

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-III)

(a) गीता खेलती है।
(b) वह अच्छा लड़का है।
(c) वह कानपुर गया।
(d) राम पढ़ता है।

12. निम्नलिखित विकल्पों में से किस वाक्य में गुणवाचक विशेषण का उचित प्रयोग नहीं किया गया है?
(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-III)

(a) रमेश का चहरा गोल है।
(b) नीरज दिल्ली में रहता है।
(c) राम सुन्दर बालक है।
(d) श्याम अच्छा लड़का है।

13. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है?
(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-I)

(a) वह जाता है। (b) वह मीठा फल है।
(c) वह खाता है। (d) वह पढ़ता है।

14. निम्नलिखित में से कौन सा क्रिया से बना एक विशेषण शब्द है?
(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-II)

(a) लड़ाकू (b) भागना
(c) गाना (d) दौड़ना

15. 'अनु <u>बहुत</u> सुंदर लड़की है।'
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द हैं?
(SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-I)

(a) प्रविशेषण (b) विशेषण
(c) विशेष्य (d) क्रियाविशेषण

16. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द संख्यावाचक विशेषण का उदाहरण नहीं है?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-IV)

(a) लगातार (b) दोगुना
(c) पहला (d) बहुत

17. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है?
(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-II)

(a) रोज स्कूल जाओ। (b) पानी से नहाओ।
(c) खाना खाओ। (d) मीठा फल खाओ।

18. तब की बात कुछ और थी। फिर ऐसा नहीं होगा। उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'तब','फिर' समानार्थक क्रिया–विशेषण के सही अर्थ क्या है?
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)

(a) 'तब' का अर्थ बाद में और 'फिर' का अर्थ बार–बार
(b) 'तब' का अर्थ उस समय और 'फिर' का अर्थ दुबारा
(c) 'तब' का अर्थ कहाँ और 'फिर' का अर्थ वर्तमान
(d) 'तब' का अर्थ उस समय और 'फिर' का अर्थ अलग

19. निम्नलिखित में से कौन सा एक वाक्य क्रिया–विशेषण से सम्बन्ध रखता है?
(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III)

(a) घोड़ा बहुत तेज दौड़ता है।
(b) बच्चा रोता है।
(c) मोहन हँसता है।
(d) सोहन सोता है।

20. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा एक वाक्य क्रिया–विशेषण से सम्बन्ध रखता है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I)

(a) वह अब धीरे–धीरे चलेगा।
(b) कोई काम न करना।
(c) क्या मैं घर जाऊँ।
(d) तुम घर जाओ।

21. निम्नलिखित में से कौन सा एक वाक्य क्रिया–विशेषण से सम्बन्ध रखता है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III)

(a) वह खड़ा है।
(b) बच्चे दौड़ते हैं।
(c) सीता यहाँ आ रही है।
(d) गाय चरती है।

22. निम्नलिखित में से कौन सा एक वाक्य संयोजक क्रिया–विशेषण से सम्बन्ध रखता है?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) मैं जाग रहा हूँ।
(b) वे लेटे हुए थे।
(c) वह सो रहा था।
(d) जहाँ आप पढ़ेंगे, वहाँ मैं भी पढ़ूँगा।

23. निम्नलिखित में से क्रिया–विशेषण शब्द नहीं है?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II)

(a) पुस्तक (b) पहले
(c) धीरे (d) शायद

24. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा एक वाक्य संयोजक क्रिया–विशेषण से सम्बन्ध रखता है?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) वह खाकर स्कूल गया।
(b) मै जाकर देखूँगा।
(c) तुम किताब खोलकर पढ़ोगे।
(d) जब आप आज्ञा देंगे तब मैं उठूँगा।

25. निम्नलिखित में से कौन सा एक वाक्य क्रिया–विशेषण से सम्बन्ध रखता है?
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-I)
(a) रेखा गाती है।
(b) अनुराधा आयेगी।
(c) राहुल पढ़ता है।
(d) अशोक कल खेलेगा।

26. निम्न में से कौन सा वाक्य क्रिया–विशेषण का उदाहरण नहीं है?
(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-II)
(a) वह धीरे–धीरे चलता है।
(b) आज तेज बारिश होगी।
(c) तुम्हें कम बोलना चाहिए।
(d) अब उठ भी जाओ।

27. किस विकल्प में पौनःपुन्यबोधक क्रिया विशेषण के उदाहरण गलत हैं?
(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-II)
(a) प्रतिदिन,घड़ी–घड़ी,बार–बार
(b) निकट, उस तरफ, परसों
(c) बार–बार,बहुधा,अक्सर
(d) पुनः, फिर, हरबार

28. निम्न में से कौन सा विकल्प स्थानवाचक क्रिया–विशेषण का उदाहरण नहीं है?
(SSC GD 31 Jan. 2023, Shift-II)
(a) बाएं (b) तेज
(c) ऊपर (d) भीतर

29. शब्द विचार की दृष्टि से क्रिया विशेषण शब्द है–
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-II)
(a) सकर्मक (b) अकर्मक
(c) अविकारी (d) विकारी

30. कौन से विकल्प में दिए गए शब्द रीतिवाचक क्रिया विशेषण के उदाहरण हैं?
(SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-II)
(a) आज,आजकल,प्रतिदिन
(b) ज्योंही,तक,पर
(c) ऊपर,नीचे,बाहर
(d) केवल,कदाचित,शायद

31. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द क्रिया–विशेषण शब्द नहीं है?
(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-III)
(a) कल (b) क्या
(c) जब (d) कब

32. निम्नलिखित में से कौन सा एक वाक्य क्रिया–विशेषण से सम्बंध रखता है?
(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-IV)
(a) हम पढ़ते हैं।
(b) पिता का कर्तव्य है कि संतानों का पालन करे।
(c) वे कमाते हैं।
(d) किशन बहुत तेज दौड़ता है।

उत्तरमाला

1.	(d)	**2.**	(c)	**3.**	(b)	**4.**	(b)	**5.**	(a)	**6.**	(b)	**7.**	(c)	**8.**	(a)	**9.**	(b)	**10.**	(a)
11.	(b)	**12.**	(b)	**13.**	(b)	**14.**	(a)	**15.**	(a)	**16.**	(a)	**17.**	(d)	**18.**	(b)	**19.**	(a)	**20.**	(a)
21.	(c)	**22.**	(d)	**23.**	(a)	**24.**	(d)	**25.**	(d)	**26.**	(d)	**27.**	(b)	**28.**	(b)	**29.**	(c)	**30.**	(d)
31.	(b)	**32.**	(d)																

14 वाक्य रचना

परिचय

रचना की दृष्टि से वाक्य तीन प्रकार के होते हैं– **सरल, संयुक्त** और **मिश्र**।

सरल वाक्यों में एक ही क्रिया या एक ही क्रिया और उसका विस्तार होता है;

जैसे –

- राम आया – एक ही क्रिया **'आया' (सरल वाक्य)**
- राम अपने घर से आया–एक ही क्रिया **'आया'** के साथ उसका विस्तार **'अपने घर से' (सरल वाक्य)**
- राम कल शाम चार बजे रोता–चिल्लाता अपने घर से आया– कल शाम चार बजे रोता चिल्लाता अपने घर से, एक ही क्रिया **'आया'** का विस्तार **(सरल वाक्य)**

❖ दो या दो से अधिक सरल और स्वतंत्र वाक्य और, तथा, एवं, या, परन्तु, न–न, या–या, अथवा इसलिए समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े हों, तो उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं;

जैसे – राज आया और मेरे पास बैठ गया।

- उसने न खाना खाया न पानी पिया।
- मैं जाना चाहता था, परन्तु जा न सका।
- वह धूप में खेलता रहा, इसलिए बीमार पड़ गया।
- घर जाओ या यहीं बैठे रहो, लेकिन यहाँ शोर मत मचाओ **(तीन स्वतंत्र वाक्य)**

❖ मिश्र वाक्य में भी दो या दो से अधिक सरल वाक्य होते हैं; परन्तु उनमें एक वाक्य मुख्य होता है, दूसरा या तीसरा वाक्य अधीन या आश्रित वाक्य होता है। मुख्य और अधीन वाक्यों को जोड़ने वाले निम्नलिखित समुच्चयबोधक अव्यय होते हैं–

❖ कि, ताकि, क्योंकि, जैसा कि, यदि–तो, यद्यपि–तथापि, ज्यों हीं, जब तक, जहाँ तक, जहाँ, भले ही, जो (और इसके रूपांतर जिस जिसे, जिनका, जिन्हें आदि)।

उदाहरण–

उसने कहा कि आज छुट्टी हो जाएगी
(संज्ञा उपवाक्य)

उसे घर भेज दो ताकि कोई झगड़ा न हो
(क्रिया विशेषण उपवाक्य)

यदि मैं घर न गया, तो मार पड़ेगी
(क्रिया विशेषण उपवाक्य)

यद्यपि वह मोटा है तथापि है डरपोक
(क्रिया विशेषण उपवाक्य)

जहाँ तक मैं सोच सकता हूँ यह काम उचित नहीं है
(क्रिया विशेषण उपवाक्य)

यह वही लड़का है जो कल यहाँ आया था
(विशेषण उपवाक्य)

यह वही लड़का है जिसका बाप मर गया है
(विशेषण उपवाक्य)

❖ कर्ता के बारे में विधान करने वाली क्रिया हो, तो वह वाक्य कर्तृवाच्य होता है, कर्म के बारे में विधान करने वाली क्रिया हो तो उस वाक्य को कर्मवाच्य कहते हैं;

जैसे – मैं फल खाऊँगा **(कर्तृवाच्य)**
मुझसे फल खाया जाएगा **(कर्मवाच्य)**

सरल वाक्य से संयुक्त वाक्य

❖ **सरल** – उसे पुरस्कार पाने के लिए परिश्रम करना पड़ेगा।
संयुक्त – उसे परिश्रम करना पड़ेगा वरना/नहीं तो पुरस्कार नहीं पाएगा।

❖ **सरल** – उसे अपनी कमी पूरी करने के लिए परिश्रम करना चाहिए।
संयुक्त – उसे परिश्रम करना चाहिए और इस तरह अपनी कमी पूरी करनी चाहिए।

❖ **सरल** – वह खाना खाकर सो गया।
संयुक्त – उसने खाना खाया और सो गया।

❖ **सरल** – इतना कहने पर भी वह नहीं आया।
संयुक्त – इतना कहा पर वह नहीं आया।

❖ **सरल** – प्राचार्य ने उसे अनुशासन भंग करने पर दंडित किया।
संयुक्त – उसने अनुशासन भंग किया, इसलिए प्राचार्य ने उसे दंडित किया।

❖ **सरल** – कड़ी मेहनत के बावजूद वह सफल न हो सका।
संयुक्त – उसने कड़ी मेहनत की, परन्तु वह सफल न हो सका।

❖ **सरल** – दुर्भाग्य से वह परीक्षा में बैठ न सका।
संयुक्त – उसका दुर्भाग्य था इसलिए वह परीक्षा में बैठ न सका।

❖ **सरल** – उसने ऐसा काम करके बदनामी कमाई।

संयुक्त – उसने ऐसा काम किया और बदनामी कमाई।

❖ सरल – कपड़े उतारकर वह नदी में कूद पड़ा।
संयुक्त – उसने कपड़े उतारे और वह नदी में कूद पड़ा।

❖ सरल – सब कुछ पाने पर भी वह अपने में संतुष्ट नहीं था।
संयुक्त – उसने सब कुछ पा लिया, पर वह अपने में संतुष्ट नहीं हुआ।

❖ सरल – उसके सीटी बजाने पर खेल रुक गया।
संयुक्त – उसने सीटी बजाई और खेल रुक गया।

❖ सरल – वर्षा आती देख हमने एक झोपड़ी में शरण ली।
संयुक्त – हमने वर्षा आती देखी और एक झोपड़ी में शरण ली।

❖ सरल – दंड से बचने के लिए वह भाग गया।
संयुक्त – वह दंड से बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।

❖ सरल – अपने ऊपर विपत्ति आती देखकर वह वहाँ से खिसक गया।
संयुक्त – उसने अपने ऊपर विपत्ति आती देखी और वह वहाँ से खिसक गया।

संयुक्त वाक्य से सरल वाक्य

❖ संयुक्त – राजकुमार ने भाई को मार डाला और आप राजा बन बैठा।
सरल – भाई को मारकर राजकुमार राजा बन बैठा।

❖ संयुक्त – सेनापति ने रण में वीरता दिखाई, इसलिए राष्ट्रपति ने उसे वीरचक्र प्रदान किया।
सरल – रण में सेनापति के वीरता दिखाने के कारण राष्ट्रपति ने उसे वीरचक्र प्रदान किया।

❖ संयुक्त – उसका साझेदार मर गया और सारा कार्यभार उस पर आ पड़ा।
सरल – उसके साझेदार के मर जाने पर सारा कार्यभार उस पर आ पड़ा।

❖ संयुक्त – वह बच्चा ही तो था, पर था चतुर।
सरल – बच्चा होने पर भी वह चतुर था।

❖ संयुक्त – देर मत करो, नहीं तो या वरना गाड़ी छूट जाएगी।
सरल – देर करने पर गाड़ी छूट जायेगी।

❖ संयुक्त – वे लोग निर्धन थे और कष्ट भोगते रहते थे।
सरल – वे निर्धन लोग कष्ट भोगते रहते थे।

❖ संयुक्त – मैंने उसे बुलाया पर उसने कोई उत्तर नहीं दिया।
सरल – मेरे बुलाने पर भी उसने कोई उत्तर नहीं दिया।

❖ संयुक्त – न केवल उसे पैसा मिला, अपितु प्रोत्साहन भी मिला।
सरल – पैसा मिलने के अलावा उसे प्रोत्साहन भी मिला।

❖ संयुक्त – उसने घर का काम कर लिया और पुस्तक बंद कर दी।
सरल – उसने घर का काम करके पुस्तक बंद कर दी।

❖ संयुक्त – हमें आहार लेना चाहिए नहीं तो जी न सकेंगे।
सरल – हमें जीने के लिए आहार लेना चाहिए।

❖ संयुक्त – न रहेगा बाँस और न रहेगी बाँसुरी।
सरल – बाँस और बाँसुरी दोनों नहीं रहेंगे।

❖ संयुक्त – स्याही सूख गई और मैं लिख न सका।
सरल – स्याही सूख जाने पर मैं लिख न सका।

❖ संयुक्त – वह प्रतिदिन अभ्यास करता था, इसलिए प्रवीण हो गया।
सरल – प्रतिदिन अभ्यास करने के कारण वह प्रवीण हो गया।

❖ संयुक्त – यह कोट फटा पुराना है इसलिए यह मेरा नहीं हो सकता।
सरल – यह फटा–पुराना कोट मेरा नहीं हो सकता।

❖ संयुक्त – वह दुर्बल होता जा रहा था, इसलिए डॉक्टर को दिखाना पड़ा।
सरल – उसके दुर्बल होते जाने के कारण उसको डॉक्टर को दिखाना पड़ा।

मिश्र वाक्य से सरल वाक्य

❖ मिश्र – चीनी ऐसा खाद्य पदार्थ है जो सबसे महँगा है।
सरल – चीनी सबसे महँगा खाद्य पदार्थ है।

❖ मिश्र – जहाँ श्याम रहता है वहीं राम भी रहता है।
सरल – राम और श्याम एक ही जगह रहते हैं।

❖ मिश्र – यह निश्चित नहीं है कि वह कब आएगा?
सरल – उसके आने का समय निश्चित नहीं है।

❖ मिश्र – घोषणा की गई कि लोग अपने – अपने हथियार मालखाने में जमा कर दें।
सरल – घोषणा में लोगों से अपने – अपने हथियार मालखाने में जमा करने को कहा गया।

❖ मिश्र – वह उसी गाँव में मरा जिसमें पैदा हुआ था।
सरल – वह अपने पैदाइशी गाँव में ही मरा।

❖ मिश्र – मेरे पास ऐसा कोई उपहार नहीं है जो मैं तुम्हें दे सकूँ।
सरल – मेरे पास तुम्हें देने योग्य कोई उपहार नहीं है।

❖ मिश्र – जब तुम लौटकर आओगे तब मैं जाऊँगा।
सरल – तुम्हारे लौटकर आने पर मैं जाऊँगा।

❖ **मिश्र** – यद्यपि वह गरीब है तथापि वह चोरी नहीं करता।
सरल – गरीब होने पर भी वह चोरी नहीं करता।

❖ **मिश्र** – मुझे बताओ कि तुम कहाँ रहते हो।
सरल – मुझे अपने रहने का स्थान बताओ।

❖ **मिश्र** – आशा है कि वह साफ बच जाएगा।
सरल – उसके साफ बच जाने की आशा है।

❖ **मिश्र** – खेद है कि हमें इतना कष्ट झेलना पड़ा।
सरल – हमें इतना कष्ट झेलने का खेद है।

❖ **मिश्र** – यह वह सलाई है जिससे बुनाई की थी।
सरल – इस सलाई से बुनाई की थी।

❖ **मिश्र** – चाबुक से उसके शरीर पर जो निशान पड़ गए थे वे अब भी दिखाई दे रहे थे।
सरल – चाबुक से उसके शरीर पर पड़े हुए निशान अब भी दिखाई दे रहे थे।

❖ **मिश्र** – हमें जानकर हर्ष हुआ है कि यह वर्ष विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती के रूप में मनाया जा रहा है।
सरल – इस वर्ष को विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती के रूप में मनाये जाने का हमें हर्ष है।

❖ **मिश्र** – जो कुछ याद था वह भी भूल गया।
सरल – याद किया हुआ सभी कुछ भूल गया।

संयुक्त वाक्य से मिश्र वाक्य

❖ **संयुक्त** – मैं उसे चुप रहने को कहता रहा, पर उसने एक नहीं सुनी।
मिश्र – यद्यपि मैं उसे चुप रहने को कहता रहा तथापि उसने एक नहीं सुनी।

❖ **संयुक्त** – काम पूरा कर डालो, नहीं तो जुर्माना होगा।
मिश्र – यदि काम पूरा नहीं करोगे तो जुर्माना होगा।

❖ **संयुक्त** – इसकी तलाशी लो और घड़ी मिल जाएगी।
मिश्र – यदि इसकी तलाशी लोगे तो घड़ी मिल जाएगी।

❖ **संयुक्त** – विनय चुस्त न हो पर है समझदार।
मिश्र – यद्यपि विनय चुस्त नहीं है तथापि वह है समझदार।

❖ **संयुक्त** – शेर घायल हुआ, परन्तु मारा नहीं गया।
मिश्र – यद्यपि शेर घायल हो गया तथापि वह मारा नहीं गया।

❖ **संयुक्त** – मुझे तार मिला और मैं तुरन्त चल पड़ा।
मिश्र – ज्यों ही मुझे तार मिला त्यों ही मैं चल पड़ा।

❖ **संयुक्त**– दवा लो और बुखार कम हो जाएगा।
मिश्र – यदि दवा लोगे तो बुखार कम हो जाएगा।

❖ **संयुक्त** – करो या मरो।
मिश्र – यदि नहीं करोगे तो मरोगे।

❖ **संयुक्त** – मोहन एक पुस्तक चाहता था और वह उसे मिल गई।
मिश्र – मोहन जो पुस्तक चाहता था वह उसे मिल गई।

❖ **संयुक्त** – मैं वहाँ पहुँचा और तुरन्त घंटा बजा।
मिश्र – ज्यों ही मैं वहाँ पहुँचा त्यों ही घंटा बजा।

❖ **संयुक्त** – मनोहर या तो स्वयं आएगा या तार भेजेगा।
मिश्र – यदि मनोहर स्वयं न आया तो तार भेजेगा।

मिश्र वाक्य से संयुक्त वाक्य

❖ **मिश्र** – वह इसलिए कंगाल हो गया कि उसका घर जलकर राख हो गया।
संयुक्त – उसका घर जलकर राख हो गया इसलिए वह कंगाल हो गया।

❖ **मिश्र** – यद्यपि मैं उनके घर गया था, तथापि उनसे भेंट नहीं हुई।
संयुक्त – मैं उनके घर गया तो था पर उनसे भेंट नहीं हुई।

❖ **मिश्र** – यदि जल्दी तैयार नहीं होओगे तो बस चली जाएगी।
संयुक्त – जल्दी तैयार हो जाओ, नहीं तो बस चली जाएगी।

❖ **मिश्र** – मैंने उसे क्षमा कर दिया क्योंकि वह मरणासन्न था।
संयुक्त – वह मरणासन्न था, इसलिए मैंने उसे क्षमा कर दिया।

❖ **मिश्र** – मुझे वह पुस्तक मिल गई है जो खो गई थी।
संयुक्त – वह पुस्तक खो गई थी, परन्तु मुझे मिल गई है।

SSC GD के परीक्षानुरूप विगत वर्षों के प्रश्नों का संकलन

1. मिश्र वाक्य – 'जब तुम मेरे घर आये थे तब चार बजे थे।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?
(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-IV)

(a) घर आये तुम चार बजे मेरे।
(b) तुम चार बजे मेरे घर आये थे।
(c) घर चार बजे तुम मेरे आये थे।
(d) चार बजा जब तुम मेरे घर आये थे तब था।

2. मिश्र वाक्य – ''जब मैंने तुम्हें देखा था, तुम रुग्णावस्था में थे।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?
(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I)

(a) मैंने तुम्हें रुग्णावस्था में देखा था।
(b) जब तुम्हें देखा था, तुम रुग्णावस्था में थे।

(c) तुम रुग्णावस्था में जब मैंने तुम्हें देखा था।
(d) रुग्णावस्था में जब तुम्हें देखा था।

3. संयुक्त वाक्य – 'वह दंड से बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन–सा एक उचित सरल वाक्य होगा?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-I)
(a) वह दंड से बचना चाहता था भाग गया।
(b) बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।
(c) दंड से बचने के लिए वह भाग गया।
(d) वह बचना चाहता था, इसलिए भाग गया।

4. मिश्र वाक्य – ' इस गाँव का जो प्रधान है, वह अच्छा आदमी नहीं है।'
उपर्युक्त वाक्य के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?
(SSC GD 24 Jan. 2023, Shift-II)
(a) प्रधान अच्छा आदमी इस गाँव का नहीं है।'
(b) जो प्रधान है, वह बिलकुल अच्छा आदमी नहीं है।
(c) इस गाँव का प्रधान अच्छा आदमी नहीं है।
(d) गाँव का जो अच्छा आदमी नहीं है।

5. संयुक्त वाक्य – 'ये भी अच्छे हैं और वे अच्छे हैं।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन–सा एक उचित सरल वाक्य होगा ?
(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-III)
(a) यह अच्छे हैं वे अच्छे हैं।
(b) सब अच्छे हैं और बुरे हैं।
(c) सब अच्छे हैं।
(d) सब बुरे हैं।

6. मिश्र वाक्य – लोग समझते हैं कि तुम मूर्ख हो। निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?
(SSC GD 07 Feb. 2023, Shift-IV)
(a) तुम मूर्ख हो, लोग समझते हैं।
(b) मूर्ख लोग समझते हैं।
(c) मूर्ख लोग समझते तुम्हें हैं।
(d) लोग तुम्हें मूर्ख समझते हैं।

7. संयुक्त वाक्य – 'शिक्षा साध्य नहीं है, साधन है।' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?
(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-III)
(a) शिक्षा एक साधन है।
(b) शिक्षा साध्य न होकर साधन है।
(c) शिक्षा माध्यम नहीं साधन है।
(d) शिक्षा साधन है।

8. निम्न विकल्पों में से मिश्र वाक्य को पहचानिए–
(a) गुड़िया का मकान उधर है।
(b) जो देर से खाना खत्म करेगा, उसे मिठाई नहीं मिलेगी।
(c) राकेश ने भोजन किया।
(d) विकास आया और थककर सो गया।

9. जिसमें एक से अधिक साधारण वाक्य हों तथा वे किसी संयोजक शब्द से जुड़े हों, उसे कहते हैं–
(a) मिश्र वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) जटिल वाक्य (d) साधारण वाक्य

10. 'गीता ने कहानी लिखकर पुरस्कार प्राप्त किया' वाक्य किसका उदाहरण है?
(a) सरल वाक्य (b) मिश्र वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) इनमें से कोई नहीं

11. जिसका मुझे भय था वही हुआ, वाक्य है–
(a) सरल (b) संयुक्त
(c) मिश्र (d) नकारात्मक

12. निम्नलिखित विकल्पों में से संयुक्त वाक्य को पहचानिए।
(a) जो लड़का वहाँ बैठा है उसे मैं जानता हूँ।
(b) आज बहुत ठण्ड है।
(c) क्या श्याम यहाँ से चला गया?
(d) राहुल विद्यालय जाता है और मन लगाकर पढ़ता है।

13. 'यदि परिश्रम किया होता, तो सफलता अवश्य मिलती।' 'वाक्य प्रकार' की दृष्टि से उक्त वाक्य है–
(a) संकेतार्थक (b) इच्छार्थक
(c) विधानार्थक (d) आज्ञार्थक

14. निम्नलिखित में 'संदेहार्थक' वाक्य कौन–सा है?
(a) वह जहाँ रहे, सुख से रहे।
(b) वह नहीं आया इसलिए हम नहीं गए।
(c) जो काम तुम्हें दिया गया है, उसे देखो।
(d) आज शाम को शायद वर्षा हो।

15. "अहा! हिमालय की प्रकृत कितनी मनमोहक है"– यह किस प्रकार का वाक्य है?
(a) विस्मयवाचक वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) संकेतवाचक वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य

16. निम्नलिखित में से कौन–सा मिश्र वाक्य है?
(a) उसमें न पत्ते थे, न फूल थे।
(b) मैंने सुना है कि आपके देश में अच्छा राजप्रबन्ध है।
(c) यज्ञदत्त देवदत्त को व्याकरण पढ़ाता है।
(d) वह उड़ती हुई चिड़िया पहचानता है।

17. संयुक्त वाक्य का उदाहरण है।

(a) वह धन के अभिमान में अकड़कर चलता है।

(b) जहाँ खेत थे, वहाँ शहर बस गया।

(c) बस छूट जाने के कारण, मैं गाँव नहीं गया।

(d) मैं अस्वस्थ था, इसलिए मन लगाकर नहीं पढ़ सका।

18. यदि मन लगाकर काम करोगे, तो सफलता प्राप्त करोगे। वाक्य का प्रकार बताइए–

(a) साधारण वाक्य

(b) संयुक्त वाक्य

(c) मिश्र वाक्य

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तरमाला

1.	(b)	**2.**	(a)	**3.**	(c)	**4.**	(c)	**5.**	(c)	**6.**	(d)	**7.**	(b)	**8.**	(b)	**9.**	(b)	**10.**	(a)
11.	(c)	**12.**	(d)	**13.**	(a)	**14.**	(d)	**15.**	(a)	**16.**	(b)	**17.**	(d)	**18.**	(c)				

15 गद्यांश

गद्यांश

विशेषतौर पर हिन्दी भाषा को लिखने तथा पढ़ने की दो विधाओं का प्रयोग होता है।

1. गद्य
2. पद्य

जब किसी रचना में पूर्णतः छंद, लिखने का अभाव होता है तथा उस रचना को अर्थपूर्ण तरीके से लिखना, गद्य कहलाता है जैसे– कहानी, निबन्ध, एकांकी, नाटक सभी गद्यांश के अन्तर्गत आते हैं।

अपठित गद्यांश के गुण

1. इसमें अभिव्यक्ति स्पष्ट रूप से प्रतीत होती है।
2. इसमें विषय वस्तु की संपूर्ण जानकारी होती है।
3. इसमें तथ्यो का वास्तविक विवेचन होता है।
4. इसमें व्यावहारिक भाषा का शुद्ध प्रयोग होता है।

उदाहरण

गद्यांश–1

सौन्दर्य की परख अनेक प्रकार से की जाती है। बाह्य सौन्दर्य की परख करना तथा उसकी अभिव्यक्ति करना सरल है। जब रूप के साथ चरित्र का भी स्पर्श हो जाता है तब उसमें रसास्वादन की अनुभूति भी होती है। एक वस्तु सुन्दर तथा मनोहर कही जा सकती है, परन्तु सुन्दर वस्तु केवल इन्द्रियों को संतुष्ट करती है, जबकि मनोरम वस्तु चित्त को भी आनन्दित करती है। इस दृष्टि से कवि जयदेव का बसन्त चित्रण सुन्दर है तथा कालिदास का प्रकृति वर्णन मनोहर है क्योंकि इसमें चरित्र की प्रधानता है।

सुन्दर शब्द संकीर्ण है, 'मनोहर' व्यापक तथा विस्तृत।

साहित्य में साधारण वस्तु भी विशेष प्रतीत होती है, उसे मनोहर कहते हैं।

1. **कालिदास के प्रकृति वर्णन का आधार है–**
   (a) उसकी प्रकृति/अभिव्यक्ति।
   (b) उसकी मनोहरता।
   (c) उसका सौन्दर्य।
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
2. **सौन्दर्य की परख की जाती है–**
   (a) आनन्द की मात्रा के आधार पर।
   (b) इन्द्रियों की सन्तुष्टि के आधार पर।
   (c) रूप के आधार पर।
   (d) मनोहरता के आधार पर।
3. **उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक है–**
   (a) साहित्य और सौन्दर्य
   (b) अभिव्यक्ति की अनुभूति
   (c) सुन्दरता बनाम मनोहरता
   (d) सुन्दरता की संकीर्णता
4. **हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?**
   (a) गुरुमुखी (b) ब्राह्मी
   (c) देवनागरी (d) सौराष्ट्री

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(d)	3.	(c)
2.	(c)				

गद्यांश–2

अपने प्रिय जनों से रहित राज्य किस काम का? प्यारी मनुष्य–जाति का सुख ही जगत के मंगल का मूल साधन है। बिना उसके सुख के अन्य सारे उपाय निष्फल हैं। धन की पूजा से ऐश्वर्य, तेज, बल और पराक्रम नहीं प्राप्त होने का। चैतन्य आत्मा की पूजा से ही ये पदार्थ प्राप्त होते हैं। चैतन्य–पूजा से ही मनुष्य का कल्याण हो सकता है। समाज का पालन करने वाली दूध की धारा जब मनुष्य का प्रेममय हृदय, निष्कपट मन और मित्रतापूर्ण नेत्रों से निकलकर बहती है तब वही जगत में सुख के खेतों को हरा–भरा और प्रफुल्लित करती है और वही उनमें फल भी लगाती है।

1. **किससे रहित राज्य किस काम का?**
   (a) भद्र जनों से (b) श्रेष्ठ जनों से
   (c) प्रिय जनों से (d) शिक्षित जनों से
2. **'जगत' का अर्थ है–**
   (a) समाज (b) संसार
   (c) देश (d) प्रदेश

3. 'निष्फल' का आशय है:

(a) अधूरा (b) फलदायी
(c) सार्थक (d) व्यर्थ

4. 'सुख के खेत को हरा–भरा और प्रफुल्लित' करने का अर्थ है:

(a) जीवन को सुखमय बनाना
(b) जीवन को दुखमय बनाना
(c) खेतों की सिंचाई करना
(d) जीवन को संकट में डालना

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(b)	3.	(d)
4.	(a)				

गद्यांश–3

हिन्दी साहित्य इतिहास को चार भागों में बाँटा गया है।

1. आदिकाल 2. भक्तिकाल
3. रीतिकाल 4. आधुनिक काल

भक्तिकाल में संत कवि सूरदास जी को कौन नहीं जानता?

भक्तिकाल के कृष्णोपासक सूरदास जी ने सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य लहरी आदि का अनमोल खजाना हिन्दी साहित्य को दिया है। उनके पदों में वात्सल्य, श्रृंगार एवं शांत रस के भाव प्राप्त होते हैं। उनके लिए कहा गया है कि 'सूर सूर तुलसी ससी उड़गन केशवदास' वे अष्टछाप के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं। उनके काव्य की विशेषता यह है, वे गेय पद है। उनकी अधिकतर रचना, ब्रजभाषा में पायी जाती हैं, कहीं–कहीं पर संस्कृत व फारसी भाषा के शब्द भी पाये जाते हैं। उनकी रचनाओं में अनुप्रास, यमक, श्लेष, उपमा, उत्प्रेक्षा आदि सभी अलंकार पाये जाते हैं। वे जन्मांध थे, उनकी मृत्यु 1580 ईसवी में हुई थी। हिन्दी साहित्य जगत में वे सदैव अमर हैं।

1. हिन्दी साहित्य के इतिहास को कितने भागों में बाँटा गया है?

(a) एक (b) चार
(c) तीन (d) दो

2. सूरदास जी कौन–से काल के संतकवि हैं?

(a) भक्तिकाल (b) आदिकाल
(c) आधुनिक काल (d) रीतिकाल

3. निम्नलिखित रचनाओं में से कौन–सी रचना सूरदास जी की नहीं है?

(a) रमैनी (b) सूरसारावली
(c) सूरसागर (d) साहित्य लहरी

4. सूरदास के पदों में कौन–सा रस नहीं पाया जाता?

(a) श्रृंगार रस (b) वात्सल्य रस
(c) शांत रस (d) भयानक रस

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(a)	3.	(a)
4.	(d)				

गद्यांश–4

प्रेम की भाषा शब्द रहित है। नेत्रों की, कपालों की, मस्तक की भाषा भी शब्द–रहित है। जीवन का तत्त्व भी शब्द से परे है। सच्चा आचरण–प्रभाव, शील, अचल–स्थिति–संयुक्त आचरण–न तो साहित्य के लंबे व्याख्यानों से गढ़ा जा सकता है या न वेद की श्रुतियों के मीठे उपदेश से, न अंजील से, न कुरान से, न धर्मचर्चा से, न केवल संत्संग से। जीवन के अरण्य में घुसे हुए पुरुष के हृदय पर प्रकृति और मनुष्य के जीवन के मौन व्याख्यानों के यत्न से सुनार के छोटे हथौड़े की मंद–मंद चोटों की तरह आचरण का रूप प्रत्यक्ष होता है।

1. प्रेम की भाषा है–

(a) अर्थ – रहित (b) भाव – रहित
(c) ज्ञान – रहित (d) शब्द – रहित

2. 'अरण्य' शाब्दिक अर्थ होता है–

(a) वृक्ष (b) जंगल
(c) उपवन (d) पुष्प

3. 'यत्न' से आशय है–

(a) भाषण (b) रत्न
(c) प्रयास (d) परिश्रम

4. गद्यांश में किसकी महिमा का वर्णन है?

(a) आचरण (b) प्रेम
(c) जीवन (d) वेद

5. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा–

(a) प्रेम की भाषा (b) जीवन का अरण्य
(c) सच्चा आचरण (d) मौन व्याख्यान

उत्तरमाला

1.	(d)	2.	(b)	3.	(c)
4.	(a)	5.	(c)		

गद्यांश–5

साहस की जिंदगी बड़ी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की

चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। दूसरों की परवाह किए बगैर जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी ऐसे ही आदमी से मिलता है। साहसी मनुष्य उन सपनों में भी रस लेता है जिनका कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है। साहसी मनुष्य सपने उधार नहीं लेता, वह अपने विचारों में रमा हुआ अपनी ही किताब पढ़ता है। झुंड में चलना और झुंड में चरना, तो भैंस और भेड़ का काम है। साहसी मनुष्य तो सिंह के समान होता है जो अकेला होने पर भी मग्न रहता है। अर्नाल्ड बेनेट ने एक जगह लिखा, "जो आदमी उपयुक्त अवसर मिलने पर भी साहस से काम न ले सका, वह कभी भी सुखी नहीं हो सकता"। समय पर साहस न दिखाने वाला व्यक्ति अपने भीतर एक आवाज सुनता है जो उसे बराबर कहती है, "तुम साहस नहीं" दिखा सके, तुम कायर की तरह भाग खड़े हुए।"

1. साहसी मनुष्य क्या उधार नहीं लेता?
(a) सपने (b) विचपार
(c) बुद्धि (d) अवसर

2. साहसी मनुष्य किसके समान है?
(a) भैंस (b) भेड़
(c) सिंह (d) जानवर

3. दुनिया की परवाह किए बिना जीने वाले व्यक्ति से किसको प्रकाश मिलता है?
(a) दुनिया को (b) समाज को
(c) मनुष्यता को (d) आम आदमी को

4. लेखक ने कैसे जीवन को महान बताया है?
(a) विवेकशील जीवन को (b) कमजोरी
(c) स्वावलंबन पूर्ण (d) साहसी

5. इनमें से कौन–सा व्यावहारिक शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द नहीं हैं?
(a) व्यवहारशील
(b) आदर्शवादी
(c) व्यवहार में लाने के योग्य
(d) व्यवहार कुशल

उत्तरमाला

1.	(a)	2.	(c)	3.	(c)
4.	(d)	5.	(b)		

SSC GD में विगत वर्षों के गद्यांशो का संकलन

निम्नलिखित गद्यांशो में कुछ शब्दों को हटा दिया गया है। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

गद्यांश–1

मैत्री भाव सकारात्मक तथा 1. _____ वर्ग में गिना जाता है। मित्रता ऐसा उपहार है जो 2. _____ को प्राप्त होता है। सच्चा मित्र वही होता है जिसके कारण हमें कभी भी 3. _____ ना हो। जब भी हमारी ऐसी कोई आदत होती है जिससे दूसरे को परेशानी होती है तो ऐसी आदत 4. _____ में ही भलाई है। मनुष्य तो 5. _____ प्राणी है।

(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-I)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) नकारात्मक (b) निम्न
(c) उच्च (d) मध्यम

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) गरीब (b) सबको
(c) अमीर (d) भाग्यशाली

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) खुशी (b) उत्साह
(c) भलाई (d) पश्चाताप

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) दिखाने (b) गिनाने
(c) छोड़ने (d) अपनाने

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) भयानक (b) परेशान
(c) सामाजिक (d) दिखावा

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(d)	3.	(d)
4.	(c)	5.	(c)		

गद्यांश–2

आज का जीवन 1. _____ से भरा है। महत्त्वपूर्ण और अनिवार्य 2. _____ को पूरा करने में अत्यधिक संघर्ष करना पड़ता है। महँगाई बहुत 3. _____ गई है। इसके साथ ही बच्चों से लेकर 4. _____ तक की आवश्यकताएं इतनी अधिक हो गई हैं कि परिवार के प्रत्येक सदस्य को धनोपार्जन के

लिए घर से बाहर जाना पड़ता है। घर और अपनों के लिए समय ही नहीं होता। जीवन संघर्ष का 5. _____ बन गया है।

(SSC GD 10 Jan. 2023, Shift-III)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) कार्य (b) सदस्यों
(c) भागदौड़ (d) खेल–कूद

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) अवसर (b) घटना
(c) भावना (d) आवश्यकताओं

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) कम (b) बढ़
(c) बन (d) नीचे

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) बूढ़ों (b) सरकार
(c) बाहर (d) किसी की भी

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) प्रकार (b) सहायक
(c) पर्याय (d) कारण

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(d)	3.	(b)
4.	(a)	5.	(c)		

गद्यांश–3

वैसे तो सभी आयु–वर्ग के लोग अपने–अपने जन्मदिन 1. _____ मनाते हैं, पर बच्चों में इस दिन को मनाने की उत्सुकता कुछ 2. _____ ही होती है। पूरे वर्ष वे इस दिन की 3. _____ करते रहते हैं। जब भी किसी के जन्मदिन में 4. _____ होते हैं लौटकर जरूर पूछते हैं कि हमारा जन्मदिन कब मनाया जाएगा। जन्मदिन पर घर को सजाया जाता है। इस दिन सभी मित्र 5. _____ होते हैं।

(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-I)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) स्वाभाविक (b) उत्सुकता
(c) प्रसन्नतापूर्वक (d) रोज

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) अधिक (b) प्रायः
(c) हमेशा (d) कम

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) विकसित (b) प्रतीक्षा
(c) सार्थकता (d) सहायता

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) सामाजिक (b) अभिव्यक्त
(c) विचलित (d) सम्मिलित

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) एकत्रित (b) प्रेरणा
(c) प्रसिद्धि (d) संबंधित

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(a)	3.	(b)
4.	(d)	5.	(a)		

गद्यांश–4

बाबाजी भी मनुष्य ही थे। अपनी वस्तु की 1. _____ दूसरे के मुख से सुनने के लिए उनका हृदय अधीर हो गया। घोड़े को खोलकर बाहर गए। 2. _____ वायुवेग से उड़ने लगा। 3. _____ चाल देखकर खड्ग सिंह के हृदय पर साँप 4. _____ गया। वह डाकू था और जो वस्तु उसे पसंद आ जाए उस पर 5. _____ अपना अधिकार समझता था।

(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-II)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) नाम (b) प्रशंसा
(c) बुराई (d) निंदा

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) मनुष्य (b) घोड़ा
(c) बैल (d) बाबा

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) उसकी (b) किसकी
(c) मेरी (d) सबकी

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) छिप (b) भाग
(c) रुक (d) लोट

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) वह (b) हम
(c) मुझे (d) मैं

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(b)	3.	(a)
4.	(d)	5.	(a)		

गद्यांश–5

बच्चों का अपहरण करना, उन्हें बेचना अथवा उनसे जबरदस्ती मजदूरी कराना 1. _____ अपराध है। सरकार द्वारा इस संबंध में 2. _____ बनाए गए हैं किन्तु उनके क्रियान्वयन का 3. _____ अन्य सरकारी संगठनों पर है। भारत में 5 से 15 वर्ष तक के 4. _____ मजदूरों की संख्या लगभग एक करोड़ से कुछ ऊपर है। सरकारी तंत्र के साथ हमारे पूरे समाज को भी इस दिशा में 5. _____ होना होगा।

(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-III)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) दयनीय (b) दंडनीय
(c) विफल (d) सोचनीय

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) पुस्तकें (b) समय
(c) कानून (d) विचार

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) अभ्यस्त (b) उत्तरदायित्व
(c) अहित (d) संबंध

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) श्रमिक (b) बाल
(c) बड़े (d) मेहनती

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) नियमित (b) निष्क्रिय
(c) सक्रिय (d) व्यक्तिगत

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(c)	3.	(b)
4.	(b)	5.	(c)		

गद्यांश–6

क्या आपने कभी इस बात पर गम्भीरतापूर्वक 1. _____ किया है कि आज हम जो कुछ भी हैं उसमें किस–किस का योगदान है? माता का, मातृभूमि का, मातृभाषा का, या फिर इन सब का? एक 2. _____ हमें जन्म देती है, एक के आंगन में खेल–कूद कर तथा खा–पी कर हम पुष्ट होते हैं और एक हमें अपने विचारों, भावों इत्यादि को प्रकट करने की शक्ति देती है। इसी शक्ति के अभाव में हम गूंगे और बहरे बन कर रह जाते हैं। यह शक्ति हम पर पूर्ण रूप से मनुष्य बनाने का उपकार करती है। इस उपकार का 3. _____ हम पर सबसे अधिक है। इसी ऋण से मुक्त होने के लिए हमें सच्चे मन से उसकी सेवा करनी चाहिए। विदेशी भाषा के सम्मुख इसका तिरस्कार नहीं करना चाहिए तभी हम अपनी 4. _____ के सच्चे सपूत कहलाएँगे किन्तु यह काम इतना सरल नहीं है। यह काम तो तलवार की 5. _____ पर चलने का है।

(SSC GD 11 Jan. 2023, Shift-IV)

1. रिक्त स्थान 1 पर आने वाला सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) समझ (b) विचार
(c) सोच (d) इच्छा

2. रिक्त स्थान 2 पर आने वाला सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) पिता (b) भाई
(c) बहन (d) जननी

3. रिक्त स्थान 3 पर आने वाला सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) नगद (b) पैसा
(c) मुद्रा (d) ऋण

4. रिक्त स्थान 4 पर आने वाला सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) देश (b) शहर
(c) मातृभूमि (d) गाँव

5. रिक्त स्थान 5 पर आने वाला सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) रास्ता (b) किनारा
(c) धार (d) नोक

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(d)	3.	(d)
4.	(c)	5.	(c)		

गद्यांश–7

आवश्यकता इस बात की है कि हमारी शिक्षा का माध्यम 1. ..... भाषा हो, जिसमें राष्ट्र के हृदय–मन–प्राण के सूक्ष्मतम और गंभीरतम संवेदन मुखरित हों और हमारा पाठयक्रम यूरोप तथा अमेरिका के पाठयक्रम पर 2. ..... न होकर हमारी अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं एवं आवश्यकताओं का प्रतिनिधित्व करे। भारतीय भाषाओं, भारतीय 3. ..... भारतीय दर्शन, भारतीय धर्म और भारतीय समाजशास्त्र को हम सर्वोपरि स्थान दें। उन्हें अपने शिक्षाक्रम में गौण स्थान देकर या शिक्षित जन को उनसे वंचित रखकर हमने राष्ट्रीय संस्कृति में एक महान रिक्ति को जन्म दिया है, जो नई 4. ..... को भीतर से खोखला कर रहा है। हम राष्ट्रीय 5. ..... से ही नहीं, सामयिक जीवन प्रवाह से भी दूर जा पड़े हैं।

(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-I)

1. रिक्त स्थान 1 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) विदेशी (b) अंग्रेजी
(c) भारतीय (d) अरबी

2. रिक्त स्थान 2 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) नकल (b) निर्धारित
(c) जैसा (d) आधारित

3. रिक्त स्थान 3 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) इतिहास (b) हिन्दी
(c) उर्दू (d) अंग्रेजी

4. रिक्त स्थान 4 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) पीढ़ी (b) युवा
(c) सेना (d) आदमी

5. रिक्त स्थान 5 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

(a) परम्परा (b) रूढ़ि
(c) नियम (d) रीति

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(d)	3.	(a)
4.	(a)	5.	(a)		

गद्यांश–8

परमात्मा ने सभी नर–नारियों की आँखों में 1. ..... दिए हैं। इन्ही आंसुओं के बल पर कोई साधारण मनुष्य 2. ..... बन जाता है और कोई राक्षस पिघलकर फिर से 3. ..... बन जाता है। जिस मनुष्य में जितनी अधिक 4. ..... होती है वह उतना ही कोमल, उदार और 5. ..... इंसान बन जाता है।

(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-II)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

(a) मुस्कान (b) स्मिति
(c) आँसू (d) हँसी

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

(a) देवता (b) निशाचर
(c) असुर (d) दानव

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

(a) बुरा मानव (b) सच्चा मानव
(c) अहंकारी मानव (d) क्रोधी मानव

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

(a) दया (b) निर्दयता
(c) बेदर्दी (d) क्रूरता

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

(a) पूजनीय (b) निंदनीय
(c) बदनाम (d) घृण्य

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(a)	3.	(b)
4.	(a)	5.	(a)		

गद्यांश–9

मानव सभ्यता वनों में पलकर 1. ..... हुई है। आदिमानव का जन्म वहीं हुआ तथा वहां के वृक्षों के फल 2. ..... ही वह बड़ा हुआ। भारतीय 3. ..... के अधिकांश महान ग्रन्थ ऋषि मुनियों द्वारा 4. ..... में ही रचे गए। आज की स्थिति यह है कि मनुष्य पेड़–पौधों को नष्ट करने के लिए 5. ..... हो गया है।

(SSC GD 12 Jan. 2023, Shift-III)

1. **रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) खत्म (b) अमूल्य
   (c) बड़ा (d) विकसित
2. **रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) देखकर (b) तोड़कर
   (c) खाकर (d) नुकसानकर
3. **रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) परिवार (b) देख–रेख
   (c) संरक्षण (d) संस्कृति
4. **रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) महल (b) वातावरण
   (c) आवश्यक (d) तपोवन
5. **रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) विचरण (b) तत्पर
   (c) सहज (d) संभव

उत्तरमाला

1.	(d)	2.	(c)	3.	(d)
4.	(d)	5.	(b)		

गद्यांश–10

एक बार 1. ---------- बात है। मैं दिल्ली 2. ---------- आगरा जा रहा था। जब मैं 3. ---------- पर पहुंचा तो गाड़ी चलने वाली थी। मुझे उस गाड़ी में जाना अवश्य था, अतः बिना 4. ---------- लिए एक डिब्बे में चढ़ गया। अभी एक स्टेशन ही निकला था कि डिब्बे में 5. ---------- आ गया।

(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-I)

1. **रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) की (b) मिश्र में
   (c) कि (d) कई
2. **रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) को (b) से
   (c) में (d) पर
3. **रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) स्टेशन (b) मध्य प्रदेश
   (c) मुंबई (d) हवाई अड्डे
4. **रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) सामान (b) पैसे
   (c) टिकट (d) धन
5. **रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) चालक (b) ड्राईवर
   (c) टी.टी (d) डॉक्टर

उत्तरमाला

1.	(a)	2.	(b)	3.	(a)
4.	(c)	5.	(c)		

गद्यांश–11

आज घर–घर बांटे जाने वाले समाचार पत्र से लगभग सभी की 1. ---------- प्रारंभ होती है। यह हमारे जीवन की 2. ---------- आवश्यकता बन गया है। किसी कारणवश यदि इसे पढ़ने का 3. ---------- नहीं मिलता तो ऐसा प्रतीत होता है कि मानो कोई बड़ा और महत्त्वपूर्ण कार्य छूट गया है। समाचार पत्र से घर बैठे ही बहुत ही कम पैसों में देश–विदेश का 4. ---------- प्राप्त हो जाता है। यह सभी प्रकार के समाचार और जनता के मध्य 5. ---------- का कार्य करता है।

(SSC GD 13 Jan. 2023, Shift-III)

1. **रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) आवश्यकता (b) दिनचर्या
   (c) कुशलता (d) छुट्टियाँ
2. **रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) दैनिक (b) नैतिक
   (c) उपद्रव (d) प्रमाणिक
3. **रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) दबाव (b) मन
   (c) अवसर (d) महत्त्व
4. **रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) प्रमाण (b) प्यार
   (c) परिणाम (d) समाचार
5. **रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) सेतु (b) आदर्श
(c) उपयोगिता (d) साथ

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(a)	3.	(c)
4.	(d)	5.	(a)		

गद्यांश–12

मनुष्य को गुण, कर्म और स्वभाव से 1. _____ प्रकृति वाला प्राणी माना जाता है: यद्यपि हर आदमी के 2. _____ कोने में अज्ञात रूप से एक 3. _____ प्राणी भी छिपा रहता है। प्रायः मनुष्य भरसक चेष्टा कर के भी उसे जागने नहीं देता। जब किसी कारणवश वह जाग ही पड़ता है, तभी 4. _____ संघर्षात्मक क्रिया–प्रतिक्रियाओं का भी 5. _____ हुआ करता है। उन्हीं के घर्षण–प्रत्याघर्षण से उत्पन्न हुआ करती है युद्धों की ज्वाला।

(SSC GD 25 Jan. 2023, Shift-IV)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) क्रोधी (b) अभिमानी
(c) शांत (d) जंगली

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) बाह्य (b) भीतरी
(c) बाहरी (d) बाहारी

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) नभचर (b) जलचर
(c) हिंसक (d) थलचर

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) तरह–तरह के (b) इधर–उधर
(c) कभी कभी (d) आस–पास

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) मृत्यु (b) जन्म
(c) समाप्त (d) अंत

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(b)	3.	(c)
4.	(a)	5.	(b)		

गद्यांश–13

"जैसी संगति बैठिये तैसोई फल दीन" उक्ति का अर्थ है–मनुष्य जिस 1. _____ में बैठता है, उसे वैसा ही फल मिलता है। बुरे की संगति में 2. _____ मिलता है। अच्छे के साथ रहने से अच्छा परिणाम निकलता है। यदि सज्जन 3. _____ से घिरा रहेगा तो दुर्जनों के अवगुण उस पर अवश्य प्रभाव छोड़ेंगे। जिन मित्रों के साथ हम रहते हैं, उनके 4. _____ से बचना अत्यंत कठिन है। यदि मित्र अच्छे होंगे तो हमें 5. _____ की ओर अग्रसर करेंगे।

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-I)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) अकेला (b) जगह
(c) संगति (d) चौराहे

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) बुरा फल (b) कडवा फल
(c) मीठा फल (d) खट्टा फल

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) सज्जनों (b) शीलवान
(c) दुर्जनों (d) नेक

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) कुप्रभाव (b) दुष्प्रभाव
(c) गौण प्रभाव (d) प्रभाव

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) चालाकी (b) तीव्र
(c) अच्छाई (d) बुराई

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(a)	3.	(c)
4.	(d)	5.	(c)		

गद्यांश–14

स्कूली सत्र और परीक्षा समाप्त होने के पश्चात लम्बी 1. _____ का आनंद कुछ और ही होता है। पढ़ाई का बोझ सिर से 2. _____ जाता है। उस समय परीक्षा के 3. _____ की प्रतीक्षा होती है। छुट्टियों का समय हमारा 4. _____ होता है। हमारे लिए यह समय अतुल्य 5. _____ से कम नहीं होता है।

(SSC GD 27 Jan. 2023, Shift-IV)

1. **रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) बातों (b) रुचियों
   (c) कक्षाओं (d) छुट्टियों
2. **रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) बढ़ (b) उतर
   (c) चढ़ (d) मर
3. **रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) योजना (b) ध्यान
   (c) परिणाम (d) प्रमाण
4. **रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) कार्यक्रम (b) मिलाकर
   (c) व्यवसाय (d) अपना
5. **रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) मित्रों (b) संपत्ति
   (c) व्यतीत (d) जीवन

उत्तरमाला

1.	(d)	2.	(b)	3.	(c)
4.	(d)	5.	(b)		

गद्यांश–15

परिश्रम 1. ---------- का द्वार है। मनुष्य 2. ---------- के सहारे ही विकसित अवस्था तक पहुंचा है। उसी के सहारे उसने अन्न उपजाया। 3. ---------- का विकास किया, जिसके सहारे आज यहाँ जगमगाती सभ्यता चल रही है। 4. ---------- से किया गया कार्य ही परिश्रम कहलाता है। परिश्रम करने वाला मनुष्य सदा सुखी रहता है। परिश्रमी व्यक्ति का जीवन 5. ---------- से पूर्ण होता है।

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-II)

1. **रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) झुकाव (b) उन्नति
   (c) अधःपतन (d) अवनति
2. **रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) अनुद्यम (b) परिश्रम
   (c) अवकाश (d) विश्राम
3. **रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) तकनीक (b) कॉलेज
   (c) स्कूल (d) कारखाना
4. **रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) मन तथा बुद्धि (b) अपमान
   (c) मन रहित (d) अमन
5. **रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
   (a) दीनता (b) सौम्यता
   (c) स्वाभिमान (d) नम्रता

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(b)	3.	(a)
4.	(a)	5.	(c)		

गद्यांश–16

एक बार मैं बस में 1. ---------- कर रहा था। मेरे साथ मेरी पत्नी और तीन बच्चे 2. ---------- थे। बस में कुछ खराबी थी, रुक–रुक कर चलती थी। गंतव्य से कोई आठ 3. ---------- पहले ही एक निर्जन सुनसान स्थान में बस ने जवाब दे दिया। रात के कोई दस 4. ---------- होंगे। बस में यात्री घबरा गए। कंडक्टर उतर गया 5. ---------- एक साइकिल लेकर चलता बना।

(SSC GD 30 Jan. 2023, Shift-IV)

1. **रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) खेल (b) यात्रा
   (c) आराम (d) भजन
2. **रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) सामने (b) भर
   (c) तक (d) भी
3. **रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) किलोमीटर (b) मिलीमीटर
   (c) सेंटीमीटर (d) किलो
4. **रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**
   (a) बजे (b) समय
   (c) गज (d) पद

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) और (b) परंतु
(c) किंतु (d) क्योंकि

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(d)	3.	(a)
4.	(a)	5.	(a)		

गद्यांश–17

विद्या अभ्यास से 1. ---------- होती है। जन्म से ही कोई व्यक्ति किसी काम में 2. ---------- नहीं होता। अभ्यास के द्वारा जड़ बुद्धि वाले व्यक्ति सुजान अर्थात 3. ---------- बन जाते हैं। जो पहले से सुजान होते हैं, अभ्यास उन्हें और अधिक 4. ---------- बना देता है, जिससे वे कार्य में पारंगत हो जाते हैं। अभ्यास को 5. ---------- की सीमा में नहीं बाँधा जा सकता है।

(SSC GD 01 Feb. 2023, Shift-I)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) दूर (b) प्राप्त
(c) समझ (d) सफल

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) हार (b) उत्पन्न
(c) धैर्य (d) पारंगत

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) कमजोर (b) बुद्धिमान
(c) बुद्धि (d) अभ्यास

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) अकुशल (b) मजबूत
(c) सफलता (d) कुशल

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) शिक्षा (b) मात्रा
(c) मजबूती (d) समय

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(d)	3.	(b)
4.	(d)	5.	(d)		

गद्यांश–18

आम एक ऐसा फल है, जो बच्चों को ही नहीं, बड़ों को भी 1. ---------- है। इसीलिए इसे फलों का राजा कहते हैं। इसकी बहुत सी 2. ---------- होती हैं। स्वास्थ्य के लिए यह बहुत 3. ---------- होता है। इसका अचार डाला जाता है, जिसका सब बहुत वर्षों तक 4. ---------- करते हैं। दूध के साथ इसका रस निकालकर पीया जाता है। यद्यपि बाग से आम तोड़कर खाना चोरी होती है, पर बच्चों के लिए तो यह खेल है, मनोरंजन का 5. ---------- है।

(SSC GD 08 Feb. 2023, Shift-II)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) आनंद (b) नापसंद
(c) फेंकना (d) पसंद

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) किस्में (b) पेड़ों
(c) लाभ (d) बातें

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) नुकसानदेह (b) लाभदायक
(c) अग्निकारक (d) विकारक

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) मनोरंजन (b) इच्छा
(c) खाना (d) सेवन

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) जीवन (b) साधन
(c) प्रकृति (d) प्राप्ति

उत्तरमाला

1.	(d)	2.	(a)	3.	(b)
4.	(d)	5.	(b)		

गद्यांश–19

मनुष्य की पहचान उसके आचरण और 1. ---------- से होती है। सात्विक व्यवहार तथा धर्म, नीति आदि की 2. ---------- से किया जाने वाला अच्छा और शुभ आचरण 'सदाचार' है। इसके ठीक 3. ---------- 'भ्रष्टाचार' शब्द है। जो मनुष्य दूषित और 4. ---------- आचरण करता हो, वह

भ्रष्टाचारी कहलाता है। भ्रष्टाचार एक प्रकार का 5. ..... विकार है।

(SSC GD 09 Feb. 2023, Shift-I)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) मित्र (b) व्यवहार
(c) परिवार (d) परमार्थ

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) संपत्ति (b) सृष्टि
(c) दृष्टि (d) कमी

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) अच्छी (b) साथ
(c) मिली (d) विपरीत

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) निंदनीय (b) सम्मानित
(c) परमार्थी (d) विवश

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) व्यवहारिक (b) स्वस्थ
(c) मानसिक (d) पारिवारिक

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(c)	3.	(d)
4.	(a)	5.	(c)		

गद्यांश–20

यात्रा जीवन की 1. ..... है और रुकना एक पड़ाव। परिवारजनों अथवा मित्रों के साथ यात्रा करने का 2. ..... ही निराला है। परीक्षा समाप्त होने के 3. ..... हम चार मित्रों ने किसी पर्वतीय प्रदेश की यात्रा का निर्णय लिया। पर्वतीय प्रदेश की यात्रा के लिए गर्म कपड़ों की 4. ..... थी। परिजनों ने 5. ..... दी और समुचित धन भी दिया।

(SSC GD 13 Feb. 2023, Shift-I)

1. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) नगरी (b) पश्चाताप
(c) मार्ग (d) गति

2. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) हाल (b) साथ
(c) आनंद (d) स्वभाव

3. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) किन्तु (b) पश्चात
(c) बीच (d) स्थान

4. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) मिलावट (b) निराशा
(c) आवश्यकता (d) देख–रेख

5. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) अनुमति (b) उत्साहित
(c) काम (d) संतुलन

उत्तरमाला

1.	(d)	2.	(c)	3.	(b)
4.	(c)	5.	(a)		

गद्यांश–21

आज अनेक भाषाओं में अनेक समाचार पत्र बाजार में उपलब्ध हैं। मनुष्य की.....(1) विशेषता है उसका ..... (2) होना। रात्रि में वह चैन की नींद सोकर प्रातः काल उठता है तो शीघ्र ही अपने आसपास के वातावरण के बारे में जानने का..... .(3) करता है। चाय की ..... (4) के साथ देश–विदेश की खबरों को जानने के लिए वह .....(5) का सहारा लेता है।

1. गद्यांश में संकेतिक रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–
(a) आराम (b) नींद
(c) व्यक्ति (d) स्वभावगत

2. गद्यांश में संकेतिक रिक्त स्थान (2) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–
(a) संकेत (b) संपादक
(c) बिक्री (d) जिज्ञासु

3. संकेतिक रिक्त स्थान (3) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–
(a) अनुभव (b) प्रयास
(c) प्रतीक्षा (d) खबर

4. संकेतिक रिक्त स्थान (4) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–
(a) बरतन (b) टुकड़ो
(c) चुस्कियों (d) कपड़ों

5. संकेतिक रिक्त स्थान (5) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) खेलों (b) गानों
(c) समाचार पत्र (d) फिल्मों

उत्तरमाला

1.	(d)	2.	(d)	3.	(b)
4.	(c)	5.	(c)		

गद्यांश–22

भाग्य परिवर्तन के लिए .....(1) ही एक मात्र सहारा है। केवल इच्छाओं द्वारा वांछित फल .....(2) असंभव है। यदि व्यक्ति दिन में सपने देखता रहे, समुद्र के किनारे ..... (3) धरकर बैठा रहे तो कोई लाभ न होगा। परिश्रमी व्यक्ति ही गोता लगाकर अतुल सम्पत्ति पा सकता है। परिश्रम ही ..... (4) की कुंजी है। यह मनुष्य को स्वावलंबी व .....(5) बनाता है।

1. संकेतिक रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) नींद (b) आलस
(c) खाना (d) परिश्रम

2. संकेतिक रिक्त स्थान (2) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) गति (b) लेख
(c) मौका (d) प्राप्ति

3. संकेतिक रिक्त स्थान (3) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) हाथ पर हाथ (b) आँख पर आँख
(c) मुँह पर मुँह (d) पैर पर पैर

4. संकेतिक रिक्त स्थान (4) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) सफलता (b) प्रसन्नता
(c) भाग्य (d) विफलता

5. संकेतिक रिक्त स्थान (5) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) सुस्त (b) आलसी
(c) स्वाभिमानी (d) उपेक्षित

उत्तरमाला

1.	(d)	2.	(d)	3.	(a)
4.	(a)	5.	(c)		

गद्यांश–23

संसार में बहुत सी वस्तुएँ बार–बार मिल सकती है। किंतु चार वस्तुएँ कभी .....(1) नहीं आती मुँह से निकला ..... (2) कमान से निकला तीर, खोया अवसर व बीता समय। सफलता का पहला मंत्र है समय प्रबंधन। 'कल नहीं आज' यह..... (3) का परम मंत्र है। हमें जीवन के हर क्षेत्र में इसका.....(4) करना चाहिए। जो आज को सार्थक बनाता है, उसके भूत और भविष्य.....(5) हो जाते हैं।

1. संकेतिक रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) लौटकर (b) उठकर
(c) मिलकर (d) बनकर

2. संकेतिक रिक्त स्थान (2) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) कंठ (b) पानी
(c) खाना (d) शब्द

3. संकेतिक रिक्त स्थान (3) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) असफलता (b) हार
(c) सफलता (d) निराशा

4. संकेतिक रिक्त स्थान (4) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) उपहास (b) तिरस्कार
(c) परिष्कार (d) अनुसरण

5. संकेतिक रिक्त स्थान (5) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) विफल (b) असफल
(c) सफल (d) निष्फल

उत्तरमाला

1.	(a)	2.	(d)	3.	(c)
4.	(d)	5.	(c)		

गद्यांश–24

.....(1) अनमोल धन है। इसकी .....(2) किसी से भी नहीं की जा सकती। हीरे .....(3) या सोना–चाँदी से भी नहीं। सच्ची मित्रता में किसी कारण से.....(4) नही आ सकता। बाइबिल में कहा गया है कि एक सच्चा मित्र विश्व की ..... (5) दवा है।

1. संकेतिक रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) भाईचारा (b) बहनापन
(c) शिशुता (d) मित्रता

2. संकेतिक रिक्त स्थान (2) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) उपेक्षा (b) अपेक्षा
(c) तुलना (d) बड़ाई

3. संकेतिक रिक्त स्थान (3) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) लाल (b) रत्न
(c) मोती (d) रूपा

4. संकेतिक रिक्त स्थान (4) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) हस्तक्षेप (b) दखल
(c) व्यवधान (d) अपरिहार्य

5. संकेतिक रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) अधम (b) सर्वश्रेष्ठ
(c) साधारण (d) हीन

उत्तरमाला

1.	(d)	2.	(c)	3.	(c)
4.	(c)	5.	(b)		

गद्यांश–25

संसार के सभी .....(1) करुणा के सागर थे। गौतम बुद्ध ने राजपाट और सांसारिकता को.....(2) ही महानता को प्राप्त किया। गांधी जी ने वकालत छोड़कर देश को..... (3) कराने के लिए लड़ाई छेड़ दी। ईसा मसीह ने.....(4) में अपने.....(5) की आहुति दी।

1. संकेतिक रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) राजा (b) नेता
(c) महापुरुष (d) विद्वान

2. संकेतिक रिक्त स्थान (2) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) देकर (b) त्यागकर
(c) भूलकर (d) लेकर

3. संकेतिक रिक्त स्थान (3) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) अराजक (b) स्वछन्द
(c) परतंत्र (d) स्वतंत्र

4. संकेतिक रिक्त स्थान (4) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) आत्महित (b) मनहित
(c) जनहित (d) स्वहित

5. संकेतिक रिक्त स्थान (5) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) प्राणों (b) विचारों
(c) धन–धान्य (d) सपनों

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(b)	3.	(d)
4.	(c)	5.	(a)		

गद्यांश–26

चिकित्सा (1)..... के क्षेत्र में काफी (2) .....हुई है। अनेक (3).....बीमारियों से छुटकारा मिलने लगा है, उसने (4).....को सुन्दर और (5) .....बना दिया है।

1. गद्यांश के रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) संगीत (b) कला
(c) विज्ञान (d) साहित्य

2. गद्यांश के रिक्त स्थान (2) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) विषमता (b) प्रगति
(c) भ्रमण शील (d) गिरावट

3. गद्यांश के रिक्त स्थान (3) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) आसान (b) सरल
(c) आकर्षक (d) जानलेवा

4. गद्यांश के रिक्त स्थान (4) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) डॉक्टर (b) कर्मचारी
(c) अस्पताल (d) जीवन

5. गद्यांश के रिक्त स्थान (5) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–

(a) छोटा (b) लघु
(c) कल्पनाशील (d) दीर्घ

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(b)	3.	(d)
4.	(d)	5.	(d)		

गद्यांश–27

किसी भी देश की (1) .....चेतना बोली जाने वाली भाषा के (2) .....में (3) .....होती है। (4) .....और साहित्य एक–दूसरे से (5) .....हैं।

1. **गद्यांश के रिक्त स्थान (1) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) राजनीतिक (b) सांस्कृतिक
   (c) भावी (d) सामाजिक
2. **रिक्त स्थान (2) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) साहित्य (b) पराक्रम
   (c) पीछे (d) आगे
3. **रिक्त स्थान (3) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) ओझल (b) परिलक्षित
   (c) दृष्टिहीन (d) विध्वंसक
4. **रिक्त स्थान (4) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) परिवार (b) संस्था
   (c) समुदाय (d) समाज
5. **रिक्त स्थान (5) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) भिन्न (b) पृथक
   (c) अलग (d) अभिन्न

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(a)	3.	(b)
4.	(d)	5.	(d)		

गद्यांश–28

आत्मविश्वास का अर्थ होता है (1) ..... पर विश्वास। आत्मविश्वास की उत्पत्ति (2) ..... संकल्प से होती है। हमें (3) ..... पर यकीन रखना चाहिए सफलता आत्मविश्वासी व्यक्ति के ही (4) ..... चूमती है। आत्मविश्वास ही वह (5) ..... है जो असंभव को संभव कर दिखाती है।

1. **रिक्त स्थान (1) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) अपनों (b) स्वयं
   (c) सभी (d) दूसरों
2. **रिक्त स्थान (2) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) लचीले (b) दृढ़
   (c) बड़े (d) विनम्र
3. **रिक्त स्थान (3) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) खुद (b) सभी
   (c) रिश्तेदारों (d) सहयोगियों
4. **रिक्त स्थान (4) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) कदम (b) घुटने
   (c) सिर (d) हाथ
5. **रिक्त स्थान (5) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) कर्म (b) पुस्तक
   (c) शक्ति (d) धर्म

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(b)	3.	(a)
4.	(a)	5.	(c)		

गद्यांश–29

हमारे समाज में अनेक (1)..... हैं। पाँच–सात वर्ष की बालिकाओं का (2) ..... साठ–सत्तर साल के (3) ..... के साथ कर दिया जाता है। दूसरी कुप्रथा (4) ..... है जिसे भारत की सरकार ने कानून के द्वारा (5) ..... घोषित कर दिया है।

1. **रिक्त स्थान (1) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) रीतियाँ और नीतियाँ
   (b) प्रथाएँ और नीतियाँ
   (c) कुप्रथाएँ और कुरीतियाँ
   (d) सुप्रथाएँ और कुरीतियाँ
2. **रिक्त स्थान (2) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) बंधन (b) कर्णछंदन
   (c) विवाह (d) कन्यादान
3. **रिक्त स्थान (3) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) बालकों (b) प्रौढ़ों
   (c) युवाओं (d) वृद्धों
4. **रिक्त स्थान (4) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) विधवा विवाह (b) जातीयता
   (c) अस्पृश्यता (d) स्वच्छता
5. **रिक्त स्थान (5) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) कानूनी (b) अवैध
   (c) निष्प्रभावी (d) अश्पृश्य

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(c)	3.	(d)
4.	(c)	5.	(b)		

गद्यांश–30

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने हिन्दी निबन्ध के स्वरूप और (1) ..... का (2) ..... किया। भाषा की (3) ..... पर बल देने के कारण इस (4) ..... के निबन्ध प्रौढ़ व्यवस्थित और गम्भीर हैं। इनमें विषयों की विविधता और विचारों की विविधता और विचारों की (5) ..... मिलती है।

1. **रिक्त स्थान (1) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–**
   (a) रूप (b) स्वर
   (c) दशा (d) दिशा

2. रिक्त स्थान (2) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–
(a) संयोजन (b) संस्थापन
(c) निर्धारण (d) निश्चितकरण

3. रिक्त स्थान (3) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–
(a) कोमलता (b) सुकुमारता
(c) शुद्धता (d) प्रौढ़ता

4. रिक्त स्थान (4) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–
(a) पल (b) साल
(c) समय (d) युग

5. रिक्त स्थान (5) के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा–
(a) भिन्नता (b) गहराई
(c) महानता (d) गहनता

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(c)	3.	(c)
4.	(d)	5.	(d)		

गद्यांश–31

जल का जीवन से बहुत महत्त्वपूर्ण सम्बन्ध है। हमारे शरीर में तीन भाग, पानी का है। उसी प्रकार धरती पर तीन भाग जल का है। जल के कारण हरियाली है और हरियाली से ऑक्सीजन प्राप्त होती है, परन्तु आज कल लोग इण्डस्ट्रीज तथा रिहायशी भवनों के नाम पर एवं गलत निर्णयों के कारण हरियाली का विनाश कर रहे हैं तथा जल का धरती से गलत दोहन किया जा रहा है। 'जल ही जीवन है' और 'बिन पानी सब सून' यानी जल के बिना हम जीवन की कल्पना ही नहीं कर सकते। जल के बिना सारी पृथ्वी का पर्यावरण प्रदूषित हो जाएगा तथा पृथ्वी रहने लायक नहीं रहेगी। इस कारण पृथ्वी मानव विहीन हो जाएगी।

1. दिए गए लेखांश का उचित शीर्षक लिखों–
(a) जल का महतवया (b) जल का महत्त्व
(c) जल का महत्त् (d) जाल का महत्त्व

2. धरती पर कितना भाग पानी है?
(a) दो भाग (b) तीन भाग
(c) चार भाग (d) पाँच भाग

3. हरियाली किसके कारण होती है?
(a) जल के कारण (b) पौधों के कारण
(c) तालाबों के कारण (d) नालियों के कारण

4. ऑक्सीजन हमें कहा से प्राप्त होती है।
(a) जल से
(b) हरियाली से
(c) फूलों से
(d) प्रदूषण कम होने से

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(b)	3.	(a)
4.	(b)				

गद्यांश–32

भूषण महाराज ने विषय और विशेषतया नायक चुनने में बड़ी बुद्धिमता से काम लिया है। शिवाजी और छत्रसाल जैसे महानुभवों के पवित्र चरित्रों का वर्णन करने वाले की जितनी प्रशंसा की जाए थोड़ी है। शिवाजी ने एक जमींदार और बीजापुर धीश के नौकर के पुत्र होकर चक्रवर्ती राज्य स्थापित करने की इच्छा को पूर्ण–सा कर दिखाया और छत्रशाल बुन्देला ने जिस समय मुगलों का सामना करने का साहस किया उस समय उसके पास पाँच सवार और पच्चीस पैदल थे। इसी सेना से इस महनुभाव ने दिल्ली का सामना करने की हिम्मत की और मरते समय अपने उत्तराधिकारियों के लिए दो करोड़ वार्षिक मुनाफे का स्वतंत्र राज छोड़ा।

1. महाकवि भूषण दरबारी कवि थे, उनके आश्रयदाता राजा का नाम था–
(a) शिवाजी (b) छत्रशाल
(c) औरंगजेब (d) वीर सिंह जूदेव

2. छत्रपति शिवाजी की प्रशस्ति में लिखे गये दो काव्य ग्रंथों के नाम हैं–
(a) शिवा बावनी, शिवराज भूषण
(b) शिवा चरित, शिवा विलास
(c) शिवा वैभव, शिवा चिन्तन
(d) शिव कथा, शिवा विक्रम

3. इस गद्यांश का सार्थक शीर्षक हो सकता है–
(a) भूषण विवेक
(b) भूषण की बुद्धिमता
(c) भूषण की कला
(d) भूषण का काव्य नायक चयन

4. भूषण का प्रिय काव्य रस था–
(a) करुण (b) वीर
(c) श्रृंगार (d) शान्त

5. छत्रशाल बुन्देला ने जिस समय मुगलों का सामना किया, उस समय उसके पास थे–
(a) दो सवार पाँच पैदल
(b) पाँच सवार पच्चीस पैदल
(c) पच्चीस सवार दो पैदल
(d) पच्चीस सवार पाँच पैदल

उत्तरमाला

1.	(a)	2.	(a)	3.	(b)
4.	(b)	5.	(b)		

गद्यांश–33

सभी बच्चे मेले से खिलौने ले रहे हैं। महमूद सिपाही लेता है, मोहसिन को भिश्ती पसंद आया, नूरे को वकील से प्रेम है। ये सब दो–दो पैसे के खिलौने हैं। हामिद के पास कुल तीन पैसे हैं। वह मिट्टी के कमजोर खिलौनों को पसंद नहीं करता क्योंकि वे महँगे भी है। इसलिए वह लोहे की दुकान पर जाता है। वहाँ उसे ख्याल आता है, दादी के पास चिमटा नहीं है। चिमटे के बिना रोटी सेकते समय उनका हाथ जलता है। यह सोचकर उसने तीन पैसे में एक चिमटा खरीद लिया।

1. बच्चे खिलौनें कहाँ से ले रहे थे?
(a) बाजार (b) पार्क
(c) मेले (d) मॉल

2. महमूद ने कौन सा खिलौना खरीदा?
(a) सिपाही (b) बंदर
(c) साँप (d) डॉक्टर

3. हामिद के पास किनते पैसे थे?
(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) एक

4. दादी के लिए उसने क्या खरीदा?
(a) तवा (b) चूड़ियाँ
(c) अंगूठी (d) चिमटा

5. चिमटे को हामिद ने कितने में खरीदा?
(a) चार पैसे (b) पाँच पैसे
(c) तीन पैसे (d) दो पैसे

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(a)	3.	(b)
4.	(d)	5.	(c)		

गद्यांश–34

आज की भारतीय नारी को गृहणी के रूप में न देख पाना पुरुषों की एकांगी दृष्टि का परिणाम है। विवाह के बाद बदली हुई उनकी मनःस्थिति तथा परिस्थितियों की कठिनाइयों पर ध्यान नहीं दिया जाता। उसकी रूचियों और भावनाओं की उपेक्षा की जाती है। पुरुष यदि अपने सुख के साथ उनके सुख का भी ध्यान रखें तो वह अच्छी गृहणी हो सकती है पति और पत्नी दोनों का कर्त्तव्य है कि वे एक दूसरे के कामों में हाथ बटाएँ और एक दूसरे की भावनाओं, इच्छाओं और रुचियों का ध्यान रखें आखिर नारी भी तो मनुष्य है। उस की अपनी जरूरतें भी हैं और वह भी परिवार में, पड़ोस तथा समाज में सम्मान पाना चाहती है। यदि नारी त्याग की मूर्ति है, तो पुरुष को भी बलिदानी होना चाहिए।

1. किसकी भावनाओं व रूचियों की उपेक्षा की जाती है।
(a) नारी की (b) पुरूष की
(c) संत की (d) कवि की

2. पुरूषों को अपने सुख के साथ और किस के सुख का ध्यान रखना चाहिए?
(a) स्वदेशी के (b) पत्नी के
(c) पड़ोंसी के (d) विदेशी के

3. सुखी जीवन के लिए पति और पत्नी को किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।
(a) एक–दूसरे के काम में हाथ बटाएँ।
(b) एक–दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखें।
(c) एक–दूसरे की इच्छाओं और रूचियों का ध्यान रखें।
(d) उपर्युक्त तीनों।

4. यदि नारी त्याग की मूर्ति है तो पुरुष को होना चाहिए–
(a) स्वार्थी (b) परिश्रमी
(c) बातूनी (d) बलिदानी

5. इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है–
(a) सुखी वैवाहिक जीवन का आधार
(b) दुखी वैवाहिक जीवन का आधार
(c) भारतीय नारी
(d) अच्छी गृहणी

उत्तरमाला

1.	(a)	2.	(b)	3.	(d)
4.	(d)	5.	(a)		

गद्यांश–35

संगीत का मानव (1)..... में विशेष स्थान है। प्रकृति का कण–कण संगीत से (2) ..... है। बाल–वृद्ध, नर–नारी सभी अनादि काल से उससे (3)..... होते आयें हैं और सदैव होते रहेंगे। शिशु की (4) ..... में, सरिता के (5) ..... निनाद में संगीत ही तो है।

1. रिक्त स्थान (1) के लिए उचित शब्द होगा–
(a) हृदय (b) संसार
(c) जीवन (d) मस्तिष्क

2. रिक्त स्थान (2) के लिए उचित शब्द होगा–

(a) ओत–प्रोत (b) डूबा
(c) सराबोर (d) भीगा

3. रिक्त स्थान (3) के लिए उचित शब्द होगा–

(a) तृप्त (b) संचालित
(c) प्रभावित (d) गतिशील

4. रिक्त स्थान (4) के लिए उचित शब्द होगा–

(a) मुस्कान (b) कलरव
(c) हलचल (d) नटखटपन

5. रिक्त स्थान (5) के लिए उचित शब्द होगा–

(a) छुल–छुल (b) झर–झर
(c) कल–कल (d) छल–छल

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(a)	3.	(c)
4.	(a)	5.	(c)		

गद्यांश–36

आचरण की सभ्यता का देश ही (1) ..... है। उसमें न शारीरिक झगड़े हैं, न मानसिक, न अध्यात्मिक। न उसमें विद्रोह है, न जंग ही का (2) ..... है और न वहाँ कोई ऊँचा है न (3) ..... । न कोई वहाँ धनवान् है और ना कोई वहाँ (4). .....। वहाँ प्रकृति का नाम नहीं, वहाँ तो प्रेम और एकता का (5) ..... राज्य रहता है।

1. गद्यांश के रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द है।

(a) मतवाला (b) निराला
(c) भंयकर (d) रंगीला

2. रिक्त स्थान (2) के लिए उपयुक्त शब्द है।

(a) चीत्कार (b) लक्षण
(c) संकेत (d) नामोनिशान

3. रिक्त स्थान (3) के लिए उपयुक्त शब्द है।

(a) नीचा (b) मूर्ख
(c) विद्वान (d) समान

4. रिक्त स्थान (4) के लिए उपयुक्त शब्द है।

(a) वीर (b) बलवान
(c) देवता (d) निर्धन

5. रिक्त स्थान (5) के लिए उपयुक्त शब्द है।

(a) सम्पूर्ण (b) खंडित
(c) अखंड (d) कृत्रिम

उत्तरमाला

1.	(b)	2.	(d)	3.	(a)
4.	(d)	5.	(c)		

गद्यांश–37

सड़कें (1) ..... है। गंदा पानी गली–गली में (2) ..... । बराबर (3) ..... दी जा रही है कि शहर को (4) ..... रखें। फटी खुली चीजें मत खाओ। पर (5) .....सुनता है?

1. रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द है।

(a) सुधरे (b) साफ
(c) गंदी (d) चौड़ा

2. रिक्त स्थान (2) के लिए उपयुक्त शब्द है।

(a) बह रही है (b) गिर रहे हैं
(c) मच गयी है (d) फैल रहा है

3. रिक्त स्थान (3) के लिए उपयुक्त शब्द है।

(a) चेतावनी (b) खबर
(c) सतर्क (d) औषधि

4. रिक्त स्थान (4) के लिए उपयुक्त शब्द है।

(a) मैला (b) गंदगी
(c) कूड़ा (d) साफ–सुथरा

5. रिक्त स्थान (5) के लिए उपयुक्त शब्द है।

(a) किसने (b) यह
(c) वह (d) कौन

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(d)	3.	(a)
4.	(d)	5.	(d)		

गद्यांश–38

अब मनुष्य का सारा (1) ..... शक्ति–संचय, सफलता और जीत पर चला गया है आज जब वह अपने (2) ..... की ओर चलता है, तब उसे यह देखने की जरूरत (3) ..... नहीं होती की उस के जूतों के नाल किसी की छाती को (4) .... रहे हैं। जब तक मनुष्य के भीतर (5) ..... का जोर था, वह अपने को सुखी और दूसरे को दुखी देखकर लज्जित होता है।

1. रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द है।

(a) ध्यान (b) मन
(c) चिंतन (d) होश

2. रिक्त स्थान (2) के लिए उपयुक्त शब्द है।
(a) भविष्य (b) लक्ष्य
(c) साधन (d) घर

3. रिक्त स्थान (3) के लिए उपयुक्त शब्द है।
(a) अनुभूति (b) महसूस
(c) एहसास (d) प्रकट

4. रिक्त स्थान (4) के लिए उपयुक्त शब्द है।
(a) छील (b) निगल
(c) मसल (d) जोत

5. रिक्त स्थान (5) के लिए उपयुक्त शब्द है।
(a) स्वार्थ (b) बुद्धि
(c) प्रतिस्पर्द्धा (d) भावना

उत्तरमाला

1.	(a)	2.	(b)	3.	(b)
4.	(c)	5.	(d)		

गद्यांश–39

(1) ..... का काम बहुत अंशो में (2) ..... के काम से मिलता जुलता है। मधुमक्खियाँ मकरंद संग्रह के लिए कोसों के चक्कर लगाती है और अच्छे–अच्छे (3) ..... पर बैठ कर उनका रस लेती है तभी तो उनके मधु में संसार की सर्वश्रेष्ठ (4) ..... रहती है। यदि आप अच्छे (5) ..... बनाना चाहते हैं तो आप को भी यह वृत्ति गृहण करनी चाहिए।

1. रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द है।
(a) लेखक (b) राजनेता
(c) वकील (d) अभियंता

2. रिक्त स्थान (2) के लिए उपयुक्त शब्द है।
(a) चीटियों (b) मधुमक्खियों
(c) पशुओं (d) पंछियों

3. रिक्त स्थान (3) के लिए उपयुक्त शब्द है।
(a) पेड़ों (b) फूलों
(c) टहनियों (d) पत्तियों

4. रिक्त स्थान (4) के लिए उपयुक्त शब्द है।
(a) मधुरता (b) चतुरता
(c) सुन्दरता (d) कटुता

5. रिक्त स्थान (5) के लिए उपयुक्त शब्द है।
(a) समाज सेवी (b) लेखक
(c) पुलिस (d) पत्रकार

उत्तरमाला

1.	(a)	2.	(b)	3.	(b)
4.	(a)	5.	(b)		

गद्यांश–40

मनुष्य स्वयं (1) ..... का निर्माता है। पर कायर मनुष्य नहीं वरन् (2) ..... ही भाग्य का सामर्थ्य रखता है। (3) .... तो देवता को पुकारता है। साहसी मनुष्य भाग्य के हाथ की (4) ..... नहीं बनता अपितु स्वयं अपने भाग्य का निर्माण करता है, क्योंकि उसे अपनी शक्ति पर विश्वास होता है। मनुष्य के समक्ष कार्यों की सफलता/असफलता भाग्य पर नहीं, उसके (5) ..... पर आधारित है।

1. रिक्त स्थान (1) के लिए उपयुक्त शब्द है।
(a) विश्व (b) देश
(c) भाग्य (d) शक्ति

2. रिक्त स्थान (2) के लिए उपयुक्त शब्द होगा–
(a) संत (b) ईश्वर
(c) सबल (d) दुर्बल

3. रिक्त स्थान (3) के लिए उचित शब्द होगा–
(a) कमजोर (b) साहसी
(c) शक्तिशाली (d) कायर

4. रिक्त स्थान (4) के लिए उचित शब्द होगा–
(a) नियंता (b) कठपुतली
(c) खिलौना (d) निर्माता

5. रिक्त स्थान (5) के लिए उचित शब्द होगा–
(a) मानसिक बल (b) आर्थिक बल
(c) शारीरिक बल (d) राजनीतिक बल

उत्तरमाला

1.	(c)	2.	(c)	3.	(d)
4.	(b)	5.	(a)		

प्रैक्टिस सेट-1

1. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से करें।

.....तरल अवस्था में होता है।

(a) सुन्दरी (b) वह

(c) कुछ (d) पारा

2. निम्नलिखित वाक्य के रेखांकित अंश के स्थान पर विकल्पों में सबसे उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए।

शोक है कि मैं आपके पत्र का उत्तर नहीं दे सका।

(a) खेद (b) खुशी

(c) कष्ट (d) पता

3. 'नमन पुस्तक पढ़ता है।' इस वाक्य का कर्मवाच्य में रूपांतरण होगा–

(a) नमन पुस्तक पढ़ रहा है।

(b) नमन पुस्तक पढ़ेगा।

(c) नमन से पुस्तक पढ़ी नहीं जाती।

(d) नमन द्वारा पुस्तक पढ़ी गई।

4. अरे ! साँप कहाँ गया?

इस वाक्य में प्रयुक्त क्रिया विशेषण 'कहाँ' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है

(a) यौगिक क्रिया विशेषण

(b) मूल क्रिया विशेषण

(c) अनुबद्ध क्रिया विशेषण

(d) साधारण क्रिया विशेषण

5. निम्नलिखित वाक्य में त्रुटि पहचानें–मैंने हाथ जोड़ दीया।

(a) दीया (b) मैंने

(c) हाथ (d) जोड़

6. वाक्यांश और उसके लिए एक शब्द का निम्न में से कौन–सा युग्म अशुद्ध है?

(a) लाभ पाने की इच्छा–लिप्सा

(b) जो किसी से जीता न जा सके–अजेय

(c) नाप तौलकर खर्च करने वाला–मितभाषी

(d) सात दिन का समूह– सप्ताह

7. दिए गये वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए।

एक मेरे प्रिय मेधावी छात्र ने अच्छा नाम कमाया।

(a) एक मेरे (b) छात्र ने अच्छा

(c) नाम कमाया। (d) प्रिय मेधावी

8. वाक्य में रेखांकित शब्द को दिए गए शब्दों में से उचित शब्द से बदलें।

भरत को कैकयी की करनी पर <u>करूणा</u> हुई।

(a) पश्चात्ताप (b) दया

(c) दुःख (d) क्षोभ

9. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान की पूर्ति उचित एकार्थी शब्द–युग्म से करें–

साहसी व्यक्ति.....हो जाता है। कछुआ.....चर जीव है।

(a) जिसमें भय हो–जिसमें भय ना हो

(b) अभय–उभय

(c) भय सहित–केवल एक

(d) साथ साथ– ऊपर

10. निम्नलिखित में से अव्यय से बना विशेषण शब्द नहीं है–

(a) पिछला (b) कैसा

(c) अगला (d) बाहरी

11. <u>हिमालय</u> भारत का ताज है।

रेखांकित शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द का चयन कीजिए।

(a) प्रभा (b) गिरिराज

(c) मदन (d) आसव

12. 'आज विद्यालय में शिक्षिका ने अंताक्षरी खेलने को कहा।' वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–

(a) अंताक्षरी (b) शिक्षिका

(c) खेलने को कहा (d) विद्यालय

13. 'सरस्वती' के पर्यायवाची शब्द से वाक्य की पूर्ति कीजिए।

प्रातःकाल.....का स्तोत्र पढ़िए।

(a) शारदा (b) उमा

(c) कान्ता (d) धात्री

14. हमें किसी बूढ़े व्यक्ति के .....का तिरस्कार नहीं करना चाहिए।

उचित भाववाचक संज्ञा से वाक्य पूर्ण कीजिए।

(a) मोटापे (b) बूढ़ा
(c) बुढ़ापे (d) चाल–चलन

15. निम्नलिखित वाक्य में रिक्तस्थान की पूर्ति उचित एकार्थी शब्द से करें–

..... का प्रकोप सब कुछ उखाड़ देता है जबकि. ..... का प्रकोप सब कुछ जला देता है

(a) सुंदर–तेज (b) अग्नि–मार्ग
(c) अनिल–अनल (d) अभिनेता–अग्नि

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए–

बाबाजी भी मनुष्य ही थे। अपनी वस्तु की 1. .....दूसरे के मुख से सुनने के लिए उनका हृदय अधीर हो गया। घोड़े को खोलकर बाहर गए। **2.** .....वायुवेग से उड़ने लगा। **3.** ....चाल देखकर खड्ग सिंह के हृदय पर साँप **4.** .....गया। वह डाकू था और जो वस्तु उसे पसंद आ जाए उस पर **5.** .... अपना अधिकार समझता था।

16. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) नाम (b) प्रशंसा
(c) बुराई (d) निंदा

17. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) मनुष्य (b) घोड़ा
(c) बैल (d) बाबा

18. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) उसकी (b) किसकी
(c) मेरी (d) सबकी

19. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) छिप (b) भाग
(c) रुक (d) लोट

20. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) वह (b) हम
(c) मुझे (d) मैं

उत्तरमाला

1.	(d)	**2.**	(a)	**3.**	(d)	**4.**	(d)	**5.**	(a)	**6.**	(c)	**7.**	(a)	**8.**	(d)	**9.**	(b)	**10.**	(b)
11.	(b)	**12.**	(a)	**13.**	(a)	**14.**	(c)	**15.**	(c)	**16.**	(b)	**17.**	(b)	**18.**	(a)	**19.**	(d)	**20.**	(a)

प्रैक्टिस सेट-2

1. **नीचे दिए शब्द के लिए उचित वाक्यांश दिए गए विकल्पों में से चुनिए–**

   'निरंकुश'

   (a) जिस पर नियंत्रण किया गया हो

   (b) जिसे आशा न रह गई हो

   (c) जिसका कोई आकार न हो

   (d) जिस पर किसी प्रकार का नियंत्रण न हो

2. **''एक अच्छे निबंध में बुद्धि व हृदय का सामंजस्य होना चाहिए।''**

   उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'सामंजस्य' के स्थान पर उसके समानार्थी शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?

   (a) एक अच्छे निबंध में बुद्धि व हृदय का समुदाय होना चाहिए।

   (b) एक अच्छे निबंध में बुद्धि व हृदय का सौष्ठव होना चाहिए।

   (c) एक अच्छे निबंध में बुद्धि व हृदय का समन्वय होना चाहिए।

   (d) एक अच्छे निबंध में बुद्धि व हृदय का मिश्रण होना चाहिए।

3. **निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।**

   जब <u>आदि</u> से सब कुछ अच्छा हो तो.....भी भला ही होता है।'

   (a) परिणाम (b) अंत

   (c) भविष्य (d) आरम्भ

4. **निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा शब्द है?**

   (a) कोयला (b) साहस

   (c) सूरज (d) विद्यार्थी

5. **'वसंत ऋतु में वृक्षों में नव पल्लव आते हैं।' वाक्य में प्रयुक्त 'पल्लव' शब्द का अर्थ है–**

   (a) डाली (b) शाखा

   (c) पत्ता (d) फूल

6. **निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में क्रिया सम्बन्धी अशुद्धि है?**

   (a) दूसरों के चरित्र पर अकारण ही कीचड़ नहीं डालना चाहिए।

   (b) कृपया उत्तर शीघ्र दें।

   (c) चोरी करते हुए पकड़े जाने पर उस पर घड़ों पानी पड़ गया।

   (d) वह लड़का दौड़ता है।

7. **निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में विशेषण का उचित प्रयोग किया गया है?**

   (a) रोज स्कूल जाओ। (b) पानी से नहाओ।

   (c) खाना खाओ। (d) मीठा फल खाओ।

8. **निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा एक वाक्य क्रिया–विशेषण से सम्बन्ध रखता है**

   (a) शेर जंगल में रहता है।

   (b) महिमा सो रही है।

   (c) रमण रो रहा है।

   (d) रमेश अच्छा खेल रहा है।

9. **निम्नलिखित में से 'सर्वनाम' सम्बन्धी अशुद्धि वाले वाक्य की पहचान कीजिए।**

   (a) तुम तुम्हारा काम करो।

   (b) मैं सदैव समय पर कार्यालय जाता हूँ।

   (c) कृपया आप जल्दी आयें।

   (d) रमा तुम्हें विद्यालय पहुँचा देगी।

10. **वृक्ष पर ढेरों फल लगे हैं।**

    उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।

    (a) मृगेंद्र (b) तरु

    (c) अनार (d) वसन

11. **'वह द्वार पर खड़ा है।' अनिश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग कर इस वाक्य को लिखिए।**

    (a) मैं द्वार पर खड़ा हूँ।

    (b) कोई द्वार पर खड़ा है।

    (c) वह स्वयं द्वार पर खड़ा है।

    (d) वे द्वार पर खड़े हैं।

12. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–

(a) तुम किताब पढ़त हो ।
(b) तुम किताब पठते हो।
(c) तुम किताब पढ़ते हो।
(d) तुम कितब पढ़ते हो।

13. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए–

'उसकी आँखों से शोले टपक पड़े।'

(a) क्रोध (b) आँसू
(c) पसीना (d) अँगारे

14. रेखांकित शब्द– समूह के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनें।

मेरा घर पर्वत के ऊपर की समतल भूमि पर है।

(a) तराई (b) अधित्यका
(c) उपत्यका (d) घाटी

15. 'चक्षुश्रवा' के लिए उपयुक्त वाक्य खंड चुनकर लिखिए।

(a) चक्षु से जो देखने का कार्य करता है।
(b) चक्षु से जो श्रवण कार्य करता है।
(c) चक्षु को जो दूसरों के साथ मिलाता है।
(d) चक्षु को जो बंदकर सोचता है।

निम्नलिखित गद्यांश में कुछ शब्दों को हटा दिया गया है। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

वर्तमान युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक 1.....ने हमारे जीवन को सुखी बनाया है। वहीं दूसरी ओर समाज के सम्मुख अनेक समस्याएं भी 2..... की हैं। इनमें प्रदूषण की समस्या अत्यंत 3. .....है। इसका अर्थ है 4. ..... का दूषित होना। वस्तुतः हम सभी प्रकृति के संतुलन में 5. ..... व्यतीत करते हैं।

16. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) आविष्कारों (b) असंतुलन
(c) समस्या (d) तिरस्कारों

17. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) बढ़ते (b) त्रस्त
(c) परीक्षण (d) उत्पन्न

18. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) व्यवस्थित (b) प्रभावित
(c) तात्पर्य (d) गंभीर

19. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) वातावरण (b) जीवन
(c) कारखानों (d) नगरों

20. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) जीवन (b) सुख
(c) सुख–साधन (d) युग

उत्तरमाला

1.	(d)	**2.**	(c)	**3.**	(b)	**4.**	(a)	**5.**	(c)	**6.**	(a)	**7.**	(d)	**8.**	(d)	**9.**	(a)	**10.**	(b)
11.	(b)	**12.**	(c)	**13.**	(b)	**14.**	(b)	**15.**	(b)	**16.**	(a)	**17.**	(d)	**18.**	(d)	**19.**	(a)	**20.**	(a)

प्रैक्टिस सेट-3

1. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?

'नेता बनना हो तो मंत्री जी के साथ .....बन जाओ'

(a) अमरबेल (b) पेड़

(c) दुश्मन (d) दोस्त

2. सद् कार्यों को हमेशा समर्थन मिलता है और गलत का.....होता है।

समर्थन के विलोम शब्द से वाक्य पूर्ण करें।

(a) असमंजस (b) असहयोग

(c) विरोध (d) असमर्थ

3. "जयेश ने खाना खाया।"

उक्त वाक्य का अपूर्ण वर्तमानकाल में रूपांतरण क्या होगा?

(a) जयेश खाना खा रहा है।

(b) शायद जयेश खाना खा रहा हो।

(c) जयेश ने खाना खाया होगा।

(d) जयेश ने खाना खा रहा होगा।

4. निम्नलिखित शब्दों में से कौन–सा शब्द अनेकार्थी शब्द है?

(a) मेंढक (b) मुद्रा

(c) बोरा (d) मोती

5. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित एकार्थी शब्द युग्म का उपयुक्त अर्थ बताएं।

'हमारे गाँव में पीपल के 'शप्त–सप्त' पेड़ हैं।'

(a) शापित–सात (b) नापित–शापित

(c) शुभ–लाभ (d) दो बार सात–सात

6. "सुजय राघव को पुस्तक दिया।"

उक्त वाक्य में कारक सम्बन्धी त्रुटि पहचानकर निम्नलिखत में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(a) सुजय राघव की पुस्तक दी।

(b) सुजय राघव की पुस्तक दिया।

(c) सुजय ने राघव का पुस्तक दिया।

(d) सुजय ने राघव को पुस्तक दी।

7. 'द्विज' शब्द के लिए उपयुक्त वाक्य खंड चुनिए।

(a) बहुत बोलने वाला

(b) दो बार जन्म लेने वाला

(c) बहुत जानने वाला

(d) पहले जन्म लेने वाला

8. निम्नलिखित में से किस वाक्य में गुणवाचक विशेषण अशुद्ध है?

(a) तुम दोनों यहाँ कैसे आये!

(b) यह मेरा कुत्ता है।

(c) यह एक नया इमारत है।

(d) इस भवन में तीन द्वार हैं।

9. 'वायु' के एकार्थी शब्द से निम्न वाक्य की पूर्ति कीजिए।

सारे विशाल पेड़.....से गिर पड़े।

(a) प्रभंजन (b) धूप

(c) भूकंप (d) वर्षा

10. निम्न में से किस वाक्य में 'खल' के सही पर्यायवाची शब्द का प्रयोग हुआ है?

(a) नयन अत्यंत दुष्ट है।

(b) किसान बहुत परिश्रम करते हैं।

(c) समुद्र का तट अत्यंत विस्तृत है।

(d) उस पर खूनी हमला हुआ।

11. कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद हैं–

(a) अकर्मक, सकर्मक

(b) सजातीय, विजातीय

(c) एककर्मक, द्विकर्मक

(d) गुणवाचक, सार्वनामिक

12. "मनुष्य को किसी के प्रति द्वेष नहीं रखना चाहिए।"

उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'द्वेष' के स्थान पर उसके समानार्थी शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?

(a) मनुष्य को किसी के प्रति ममता नहीं रखनी चाहिए।

(b) मनुष्य को किसी के प्रति ईर्ष्या नहीं रखनी चाहिए।

(c) मनुष्य को किसी के प्रति क्रोध नहीं रखना चाहिए।
(d) मनुष्य को किसी के प्रति प्रतिशोध का भाव नहीं रखना चाहिए।

13. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन–सा एक वाक्य मूल क्रिया–विशेषण से सम्बन्ध नहीं रखता है?
(a) तुम ठीक कह रहे हो।
(b) सीता खेलती–कूदती रहती है।
(c) वह अचानक आ गया।
(d) नगर यहाँ से दूर पड़ता है।

14. रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प दिए गए विकल्पो में से कौन–सा है?
तलवार एक उपयोगी <u>अस्त्र</u> है।
(a) शस्त्र (b) निरस्त्र
(c) वस्त्र (d) द्रव्य

15. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
(a) गोपियां कृष्ण की रोह में आंखें बिछाए बैठी थीं।
(b) गोपियों किसन की राह में आंखें बिछाए बैठी थीं।
(c) गोपियां कृष्ण की राह में आंखें बिठाकर बैठी थीं।
(d) गोपियां कृष्ण की राह में आंखें बिछाए बैठी थीं।

निम्नलिखित गद्यांश में कुछ शब्दों को हटा दिया गया है। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

प्रत्येक संख्या के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें सच्चा मित्र एक **1.** .....की तरह होता है। सच्चा मित्र खोज पाना **2.** .....काम नहीं है। ऐसा मित्र **3.** .....नहीं होता। उसे आपकी **4.** ..... से कोई मोह नहीं होता। वह अपने मित्र की 5. .....को किसी के सामने उजागर नहीं करता।

16. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें
(a) सोना (b) मंडन
(c) रुपए (d) खजाने

17. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) विकट (b) सरल
(c) दुर्बोध (d) कठिन

18. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) स्वार्थी (b) परमार्थ
(c) सामान्य (d) प्रयोजन

19. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) उदारता (b) धन–दौलत
(c) नाकामयाबी (d) प्रसिद्धि

20. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।
(a) लोकप्रियता (b) कामयाबी
(c) कमजोरी (d) गुमनामी

उत्तरमाला

1.	(a)	**2.**	(c)	**3.**	(a)	**4.**	(b)	**5.**	(a)	**6.**	(d)	**7.**	(b)	**8.**	(c)	**9.**	(a)	**10.**	(a)
11.	(a)	**12.**	(b)	**13.**	(b)	**14.**	(a)	**15.**	(d)	**16.**	(d)	**17.**	(b)	**18.**	(a)	**19.**	(b)	**20.**	(c)

प्रैक्टिस सेट-4

1. निम्न वाक्य में द्रव्यवाचक संज्ञा का गलत प्रयोग हुआ है। त्रुटि पहचानिए।
घर में घी पीसा गया।
(a) पीसा (b) गया
(c) घी (d) घर में

2. निम्नलिखित विकल्पों में से किस एक वाक्य में क्रिया सम्बन्धी अशुद्धि है?
(a) आप वहाँ जाने सकेंगे।
(b) मैंने उस पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए।
(c) उसका कहना था कि आप उसे जानते हैं।
(d) वह भोजन कर चुका है।

3. मिश्र वाक्य–'इस गाँव का जो प्रधान है' वह अच्छा आदमी नहीं है।'
उक्त वाक्य के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से कौन–सा एक उचित सरल वाक्य होगा?
(a) प्रधान अच्छा आदमी इस गाँव का नहीं है।
(b) जो प्रधान है, वह बिलकुल अच्छा आदमी नहीं है।
(c) इस गाँव का प्रधान अच्छा आदमी नहीं है।
(d) गाँव का जो प्रधान वह अच्छा आदमी नहीं है।

4. निम्नलिखित में से क्रिया विशेषण शब्द नहीं है–
(a) पुस्तक (b) पहले
(c) मीठा (d) शायद

5. निम्न में से कौन से वाक्य में कर्मकारक का गलत प्रयोग हुआ है?
(a) लड़का कुत्ते को मारता है।
(b) सीता ने चिट्ठी लिखी।
(c) रमेश ने गोपाल को मारा।
(d) कविता पत्र को लिखती है।

6. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन–सा है?
(a) वह आरोग्य हो गया।
(b) चरखा चलाना चाहिए।
(c) एक–एक करके सभी के सभी मर गए।
(d) चरखा कातनी चाहिए।

7. 'दुर्योधन ने कुचक्र रचकर पांडवों को चौसर में हरा दिया।'
निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'कुचक्र' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) अभिसंधि (b) दुरभिसंधि
(d) टोल (d) साजिश

8. 'पगड़ी ओढ़कर आओ।' वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द क्या होगा?
(a) पहनकर (b) बिछाकर
(c) बांधकर (d) डालकर

9. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त एक शब्द क्या होगा?
'किसी को भय से बचाने के लिए वचन देना'
(a) अभयदान (b) सहयोग
(c) सलाह (d) निर्भय

10. "अभ्युदय पाठशाला जा रहा है।"
उपरोक्त वाक्य का सामान्य भविष्य काल में रूपांतरण क्या होगा?
(a) अभ्युदय शायद पाठशाला जाए।
(b) अभ्युदय पाठशाला जा रहा था।
(c) अभ्युदय पाठशाला चला गया होगा।
(d) अभ्युदय पाठशाला जाएगा।

11. विकल्पों में से 'केशरी' शब्द के पर्यायवाची से निम्न वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
जंगल में ..... दहाड़ता है।
(a) गदर्भ (b) अंडज
(c) व्याल (d) शार्दूल

12. संप्रदान कारक का बहुवचन रूप किस विकल्प में मौजूद है?
(a) हमारे लिए (b) हमारे द्वारा
(c) हमारे पर (d) हममें

13. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान के लिए सबसे उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?
'मेरे बच्चे प्रतिदिन.....टहलने जाते हैं।'
(a) औंधे मुँह (b) गिरे मुँह
(c) अंधेरे मुँह (d) फटे मुँह

14. वर्तनी की दृष्टि से दिए गए वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए–

उसे कई ऐसी घटनाए याद हैं जो उसकी जवानी में घटित हुई थीं।

(a) उसे कई ऐसी (b) घटनाए याद हैं
(c) जो उसकी जवानी (d) में घटित हुई थीं।

15. 'अविचल' का विलोम निम्न में से नहीं है–

(a) जड़ (b) विचल
(c) डाँवाडोल (d) ढुलमुल

निम्नलिखित गद्यांश में कुछ शब्दों को हटा दिया गया है। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

मेरा विचार है 1. ..... एक ही खुराक 2. .....के बाद तबियत ठीक 3. .....जाएगी। कभी–कभी हवा रुक 4. ..... है और फंदा डाल लेती है। बस 5. ..... की ऐंठन है।

16. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) की (b) के
(c) कि (d) का

17. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(a) पीया (b) पीना
(c) पीने (d) पीनी

18. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए

(a) होनी (b) हो
(c) ही (d) होगी

19. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए

(a) जाता (b) जाते
(c) जाती (d) जानी

20. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए

(a) उसी (b) उनके
(c) उसकी (d) उसके

उत्तरमाला

1.	(c)	**2.**	(a)	**3.**	(c)	**4.**	(a)	**5.**	(d)	**6.**	(b)	**7.**	(d)	**8.**	(c)	**9.**	(a)	**10.**	(d)
11.	(d)	**12.**	(a)	**13.**	(c)	**14.**	(b)	**15.**	(a)	**16.**	(c)	**17.**	(c)	**18.**	(b)	**19.**	(c)	**20.**	(a)

प्रैक्टिस सेट-5

1. निम्नलिखित वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?
'वे सब काल चक्र के पहिए के नीचे पिश गए।'
(a) वे सब कालचक्र में पिस गए
(b) वे कालचक्र के नीचे पीसता गया।
(c) वे कालचक्र के पहिए के नीचे पीस गए।
(d) वे सब कालचक्र के पहिए के नीचे पेसे गए।

2. 'महादेवी वर्मा महान कवियत्री थीं।' इस वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–
(a) महादेवी (b) कवियत्री
(c) वर्मा (d) महान

3. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन–सा वाक्य क्रिया–विशेषण से सम्बन्ध रखता है?
(a) वह खड़ा है (b) बच्चे दौड़ते हैं।
(c) सीता यहाँ आ रही है (d) गाय चरती है।

4. निम्न वाक्यांश के लिए विकल्पों में से उपयुक्त शब्द चुनें।
ऊँट पर रखकर चलायी जाने वाली तोप
(a) बंदूक (b) शरासन
(c) मुकुल (d) सुतुरनाल

5. निम्नलिखित वाक्य के रिक्तस्थानों की पूर्ति उपयुक्त एकार्थी शब्द–युग्म द्वारा कीजिए।
आदमी की.....उसे सफल बनाती है, वहीं सफलता उसका.....योग है
(a) शुभ मुहूर्त–नतीजा (b) दीपक–रोशनी
(c) लगन–लग्न (d) ताजा–समान

6. दिए गए वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त शब्द निम्न में से कौन–सा होगा?
लोग बड़ी <u>मात्रा</u> में जमा हो गए।
(a) भीड़ (b) संख्या
(d) परिमाण (d) मात्र

7. निम्न शब्दों में से उचित शब्द का प्रयोग करके दिए गए वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
'आपको क्या पता कि उसने मेरे साथ क्या..... की?'
(a) खूबी (b) कठिनाई
(c) भलाई (d) विशेषता

8. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन–सा एक निजवाचक सर्वनाम का वाक्य नहीं है?
(a) आप कुछ पूछना चाहते हैं?
(b) ये फाइलें मैं अपने आप देखूँगा
(c) वे अपने आपही यह जिम्मेदारी सँभालने को तैयार हो गए।
(d) यह सब वे अपने आप देख लेंगे।

9. निम्नलिखित में से कौन–सा एक कारक चिह्न नहीं है?
(a) द्वारा (b) पर
(c) के लिए (d) जाना

10. "सुयश अमेरिका गया होगा।"
उक्त वाक्य को पूर्ण भूतकाल का प्रयोग करते हुए पुनः लिखिए।
(a) सुयश अमेरिका जाएगा
(b) सुयश अमेरिका गया था
(c) सुयश अमेरिका गया है
(d) सुयश अमेरिका जा रहा है

11. मुहावरे और उनके अर्थ का निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म गलत है?
(a) हाथ पीले करना–असंभव को संभव करना
(b) लोहा मानना–श्रेष्ठता स्वीकार करना
(c) सुरखाब के पर–असाधारण विशेषता
(d) हथियार डालना–आत्मसमर्पण करना

12. "पानीपत की लड़ाई में मराठों की पराजय हुई।"
उक्त वाक्य में प्रयुक्त 'पराजय' के स्थान पर उसके विलोम शब्द का प्रयोग निम्न में से किस वाक्य में किया गया है?
(a) पानीपत की लड़ाई में मराठों की विजय हुई।
(b) पानीपत की लड़ाई में मराठों की शिकस्त हुई।
(c) पानीपत की लड़ाई में मराठों की हार हुई।
(d) पानीपत की लड़ाई में मराठों की अपकीर्ति हुई।

13. निम्नलिखित किस विकल्प में भाववाचक' समूहवाचक और जातिवाचक संज्ञा का शब्दक्रम सही है?
(a) चाँदी, पानी, दौड़
(b) कावेरी, दीवाली, वर्षा

(c) दासत्व, घौद, जुलाहा

(d) मकान, मैना, काला सागर

14. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–

(a) कौन आदमी आ रह है?

(b) कौन अदमी आ रहा है?

(c) कौन आदमी आ रहा है?

(d) कौन आदमी अ रहा है?

15. 'मैं तुम्हारे.....भविष्य की कामना करता हूँ।' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति शुद्ध शब्द द्वारा कीजिए।

(a) उज्वल (b) उज्वल्ल

(c) उज्ज्वल (d) उजवल

प्रश्न 1 से 5 तक के उत्तर निम्नांकित गद्यावतरण के आधार पर दीजिए।

संसार के समस्त जीवों में मनुष्य को श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि वह अन्य जीवों की अपेक्षा अधिक **1.** ..... और विवेकशील है। वह केवल वर्तमान की ही नहीं सोचता बल्कि भविष्य के बारे में विचार करता है। वह केवल अपनी ओर ध्यान नहीं देता वरन् दूसरो का भी खयाल रखता है। उसमें उचित और अनुचित का ज्ञान कराने वाली बुद्धि होती है। इसी आधार पर बुद्धि के दो पक्ष हैं : एक सुबुद्धि और दूसरी दुर्बुद्धि। सुबुद्धि की बड़ी महिमा है। इसी को सुमति अर्थात् अच्छी मति भी कहा जाता है। जब तक मनुष्य में सुमति रहती है तब तक उसमें अच्छे – बुरे का विवेक भी होता है। जब वह सुमति से हटकर कुमति या दुर्बुद्धि में आ जाता है तब वह बुरे एवं अनुचित कार्य में लग जाता है। सुमति के द्वारा **2.** ..... की भी प्राप्ति विवेक अथवा सुबुद्धि द्वारा संभव है। जो लोग मिल–जुलकर और **3.** .....से कार्य करते हैं उन पर लक्ष्मी की कृपा रहती है। उन्हें सभी की ओर से आदर मिलता है। इससे उनमें ऐसी शक्ति पैदा होती है जिससे वे देश, जाति और परिवार को गौरवमय बनाते हैं। सुमति ही सफलता की जननी है। जीवन में वहीं व्यक्ति सफल होता है जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में अपनी बुद्धि पर विश्वास रखता है तथा है परिश्रम, ईमानदारी और विवेक से काम करता है। सभी का आदर करना, बड़ों के प्रति अप्रिय न बोलना, सभी से नम्र और **4.** ..... बने रहना सुमति के अंतर्गत आते हैं। जहाँ सुमति नहीं रहती वहाँ दंभ, अंहकार, क्रोध और अधैर्य का साम्राज्य रहता है। सुमति – हीन लोगों से संपत्ति भी **5.** ..... दूर रहती है और वे विपत्तियों में घिरे रहते हैं।

16. 'बुद्धिमती' के पुल्लिंग शब्द से रिक्त स्थान 1 की पूर्ति कीजिए।

(a) बुद्धिजीवी (b) बुद्धिहीन

(c) बुद्धिमान (d) बुद्धिवादी

17. 'दौलत' के पर्यायवाची शब्द से रिक्त स्थान 2 की पूर्ति कीजिए।

(a) ऐश – आराम (b) विपत्ति

(c) संपत्ति (d) भोग – विलास

18. निम्न विकल्पों में से उपयुक्त प्रत्यय युक्त शब्द से रिक्त स्थान 3 की पूर्ति कीजिए।

(a) ईमानदारी (b) चौकीदारी

(c) अनुरागी (d) वैरागी

19. निम्न विकल्पों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान 4 की पूर्ति कीजिए।

(a) अहंकार (b) निष्ठुर

(c) उदार (d) अनुदार

20. उपयुक्त संधि शब्द से रिक्त स्थान 5 की पूर्ति कीजिए।

(a) सदा + एव = सदैव

(b) सम + योग = संयोग

(c) सम् + चय = संचय

(d) सम + तोष = संतोष

उत्तरमाला

1.	(a)	**2.**	(b)	**3.**	(c)	**4.**	(d)	**5.**	(c)	**6.**	(b)	**7.**	(c)	**8.**	(a)	**9.**	(d)	**10.**	(b)
11.	(a)	**12.**	(a)	**13.**	(c)	**14.**	(c)	**15.**	(c)	**16.**	(c)	**17.**	(c)	**18.**	(a)	**19.**	(c)	**20.**	(a)